RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 97
लखनऊ, मंगलवार, 26 जनवरी, 2021
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



न्यायालय से कंगना को मिली राहत
विविध-11

www.dailypioneer.com

# सेना ने नाकाम की चीन की घुसपैठ की कोशिश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**पूर्वी लद्दाख** के बाद चीन ने अब सिक्किम में घुसपैठ की कोशिश की, जिसे भारतीय सैनिकों ने नाकाम कर दिया। एलएसी पर जारी गतिरोध को सुलझाने के लिए जिस समय भारत और चीन पिछले सप्ताह एक और दौर की बातचीत की तैयारी कर रहे थे, उसी दौरान उत्तरी सिक्किम के ऊंचाई वाले नाकू ला इलाके में 20 जनवरी को पीपल्स लिब्रेशन आर्मी के सैनिकों ने एलएसी पार करने का प्रयास किया। चीनी सैनिकों को रोकने के लिए हल्की झड़प भी हुई है। इसमें दोनों ओर के सैनिक घायल हुए हैं। भारतीय सेना ने सोमवार को इस घटना को 'मामूली तनातनी' करार दिया और कहा कि विवाद को निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत स्थानीय कमांडरों ने सुलझा लिया है। हालांकि चीन ने ऐसी किसी भी घटना से इनकार किया है।

- दोनों पक्षों के जवानों के बीच मामूली झड़प, स्थानीय कमांडरों ने मामले को सुलझाया
- पिछले हफ्ते शांति वार्ता की तैयारियों के बीच नाकुला में एलएसी पर हुई घटना

भारतीय सेना ने संक्षिप्त बयान में कहा कि यह स्पष्ट किया जाता है कि उत्तरी सिक्किम के नाकू ला में 20 जनवरी को 'मामूली तनातनी' हुई थी, जिसे निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत स्थानीय कमांडरों ने सुलझा लिया। मीडिया से अनुरोध है कि इसे तूल देने या बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने से बचे जो तथ्यात्मक रूप से गलत हो। घटना की जानकारी रखने वालों ने बताया कि चीन के सैनिकों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पार कर भारतीय इलाके में घुसपैठ करने की कोशिश की, लेकिन भारतीय सेना के जवानों ने उन्हें रोक दिया। उन्होंने बताया कि नाकू ला में हुई झड़प के बाद दोनों पक्षों ने अतिरिक्त सैनिकों की तैनाती की है और अब तक स्थिति नियंत्रण में है। माना जा रहा है कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और शीर्ष सैन्य नेतृत्व को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी गई है। उल्लेखनीय है कि 13,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित नाकू ला वही स्थान है, जहां पिछले साल नौ मई को भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच झड़प हुई थी। इसके बाद पूर्वी लद्दाख के पेंगोंग लेक इलाके में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हिंसक झड़प हुई थी और तब से अब तक करीब नौ महीने से वहां सैन्य गतिरोध जारी है। पिछले साल नौ मई को नाकू ला में करीब 150 भारतीय और चीनी सैनिकों में झड़प हुई थी और दोनों पक्ष के कम से कम 10 जवान घायल हुए थे। नाकू ला की घटना के बारे में पूछे जाने पर चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने कहा कि जिस विशेष घटना का उल्लेख किया जा रहा है, उसके बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। झाओ ने बीजिंग में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि सीमा पर तैनात चीनी सैनिक भारत के साथ लगती सीमा पर शांति और धैर्य बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि हम भारतीय पक्ष से भी इसी दिशा में कार्य करने और ऐसी घटनाओं से बचने का आह्वान करते हैं, जिससे सीमा पर तनाव बढ़े या स्थिति जटिल हो। हम उम्मीद करते हैं कि मतभेदों को दूर करने के लिए उचित कदम उठाया जाएगा और सीमा पर शांति व स्थिरता के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। इस बीच, पूर्वी लद्दाख के सभी तनाव वाले इलाकों से सैनिकों की वापसी के उद्देश्य से रविवार को भारत और चीन की सेनाओं के बीच एक और दौर की कोर कमांडर स्तर की वार्ता हुई। बैठक रविवार सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर शुरू हुई और रविवार-सोमवार की दरमियानी रात दो बजकर 30 मिनट तक चली। लद्दाख में चीन के साथ जारी गतिरोध के बाद भारतीय सेना ने सिक्किम एवं अरुणाचल प्रदेश सहित 3,500 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैनिकों की तैनाती बढ़ा दी है। सूत्रों ने बताया कि अरुणाचल सेक्टर से लगे एलएसी के हवाई क्षेत्र की रक्षा ( शेष पेज 8 )

## सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाने पर भारत-चीन सहमत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत और** चीन पूर्वी लद्दाख में गतिरोध वाले स्थानों से सैनिकों को जल्द पीछे हटाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाने पर सहमत हो गए हैं और दोनों देशों ने स्थिति को स्थिर और नियंत्रित करने के लिए प्रभावी प्रयास करने का संकल्प जताया है। यह जानकारी सोमवार को जारी संयुक्त बयान में दी गई। रक्षा मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि बैठक सकारात्मक, व्यावहारिक और तर्कपूर्ण रही, जिससे परस्पर विश्वास और समझ बढ़ी है। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास चीन की तरफ मोल्दो में 16 घंटे तक चली वार्ता के बाद मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्ष अग्रिम मोर्चे पर तैनात सैनिकों के धैर्य बनाए रखने, भारत-चीन सीमा के पष्चिमी सेक्टर में एलएसी के पास स्थिति को नियंत्रित करने और संयुक्त रूप से शांति एवं धैर्य बनाए रखने पर सहमत हुए। बयान में बताया गया कि वे कोर कमांडर स्तर की दसवें दौर की वार्ता करने पर भी सहमति बनी है। सैन्य सूत्रों ने कहा कि कोर कमांडर स्तर की वार्ता रविवार सुबह करीब साढ़े दस बजे षुरू हुई और यह सोमवार तड़के करीब ढाई बजे तक चली। बातचीत ( शेष पेज 8 )

## गलवान झड़प के हीरो कर्नल बाबू को मरणोपरांत महावीर चक्र

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**पिछले साल** गालवान घाटी में चीनी सैनिकों के साथ झड़प के दौरान अपने 19 सैनिकों के साथ शहीद हुए कर्नल बी संतोष बाबू को इस साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर मरणोपरांत महावीर चक्र से सम्मानित किया गया। यह पदक दूसरा सबसे बड़ा युद्धकालीन वीरता पदक है। पांच अन्य सैनिकों को तीसरे सर्वोच्च युद्ध वीरता पदक वीर चक्र से सम्मानित किया गया है। ये सभी सैनिक भी पूर्वी लद्दाख में बीते साल 15 जून को हुए खूनी संघर्ष में 16 बिहार रेजिमेंट के कमांडिंग ऑफिसर बाबू के साथ षहीद हुए थे। चीनी सैनिकों ने भारतीय सेना की टीम पर नुकले हथियारों और लोहे की रॉड से हमला किया था। इस झड़प में 35 से अधिक चीनी सैनिक भी मारे गए थे। हालांकि, चीन ने अपने हताहत हुए सैनिकों की संख्या उजागर नहीं की है। वीर चक्र पुरस्कार प्राप्त करने वालों में नायब सूबेदार न्यूदुराम सोरेन, हवलदार के पलानी, हवलदार तेजिंदर सिंह, नाइक दीपक सिंह और नाइक ( शेष पेज 8 )

# किसी भी दुस्साहस को विफल करने के लिए भारत तैयार

- राष्ट्रपति ने किया राष्ट्र को संबोधित
- कहा, सरकार किसानों के हितों के लिए पूरी तरह समर्पित

भाषा। नई दिल्ली



**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने पिछले साल लद्दाख में चीनी सेना की कार्रवाई को उसकी विस्तारवादी गतिविधि करार दिया और कहा कि भारत शांति के लिए प्रतिबद्ध है लेकिन भारतीय सुरक्षा बल किसी भी दुस्साहस को विफल करने के लिए पूरी तैयारी के साथ तैनात हैं। उन्होंने 72वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा, प्रत्एक परिस्थिति में, अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने के लिए हम पूरी तरह सक्षम हैं। उन्होंने कहा, पिछले साल, कई मोर्चों पर, अनेक चुनौतियां हमारे सामने आईं। हमें, अपनी सीमाओं पर विस्तारवादी गतिविधियों का सामना करना पड़ा। लेकिन हमारे बहादुर सैनिकों ने उन्हें नाकाम कर दिया। इस घटना में बलिदान देने वाले भारतीय जवानों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि देशवासी उन अमर जवानों के प्रति कृतज्ञ हैं। उन्होंने कहा, हालांकि हम शांति के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर अटल हैं, फिर भी हमारी थल सेना, वायु सेना और नौसेना – हमारी सुरक्षा के विरुद्ध किसी भी दुस्साहस को विफल करने के लिए पूरी तैयारी के साथ तैनात हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के सुदृढ़ और सिद्धान्त-परक रवैए के विषय में अंतरराष्ट्रीय समुदाय भली-भांति अवगत है। ज्ञात हो कि पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच गत नौ महीने से गतिरोध जारी है। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर तीन कृषि कानूनों को लेकर किसानों की चिंताओं को दूर करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा, आरम्भ में, इन सुधारों के विषय में आशंकाएं उत्पन्न हो सकती हैं। परंतु, इसमें कोई संदेह नहीं है कि किसानों के हित के लिए सरकार पूरी तरह समर्पित है। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में किसानों को जिक्र करते हुए कहा कि इतनी विशाल आबादी वाले देश को खाद्यान्न एवं डेयरी उत्पादों में आत्म-निर्भर बनाने के लिए देश उनका कृतज्ञ है। कोविड-19 के खिलाफ भारत की लड़ाई का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बंधुता के संवैधानिक आदर्श के बल पर ही इस संकट का प्रभावी ( शेष पेज 8 )

# किसानों का एक और ऐलान बजट के दिन संसद तक कूच

- दिल्ली में आज गणतंत्र दिवस समारोह के बाद होगी ट्रैक्टर रैली, सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त
- पांच स्तरीय सिक्योरिटी कवर, पुलिस के छह हजार जवान तैनात, चप्पे चप्पे पर रहेगी नजर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**गणतंत्र** दिवस पर अपनी प्रस्तावित ट्रैक्टर परेड से पहले प्रदर्शकारी किसान संगठनों ने सोमवार को घोषणा की कि वे एक फरवरी को केंद्रीय वार्षिक बजट के दिन विभिन्न स्थानों से संसद की तरफ कूच करेंगे। क्रांतिकारी किसान यूनियन के नेता दर्शनपाल ने कहा कि प्रदर्शनकारी किसान तीनों नए कृषि कानूनों को रद्द करने की अपनी मांग पर अडिग हैं और मांगें पूरी होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा, 'हम एक फरवरी को बजट के दिन विभिन्न स्थानों से संसद की तरफ पैदल मार्च करेंगे। जहां तक कल की ट्रैक्टर रैली की बात है तो इससे सरकार को हमारी शक्ति के बारे में एक एहसास होगा और उसे पता चलेगा कि आंदोलन केवल हरियाणा या पंजाब तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे देश का आंदोलन है।' दर्शनपाल ने कहा कि प्रत्येक कूच या प्रदर्शन शांतिपूर्ण होगा, जैसा कि अब तक रहा है। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'ट्रैक्टर परेड के लिए आए किसान अब वापस नहीं जाएंगे तथा प्रदर्शन से जुड़ेंगे। हमारी मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।' राजपथ और ( शेष पेज 8 )

## कोरोना टीके को लेकर अफवाह फैलाने पर हो सकती है कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**कोविड**-19 टीकों की प्रभावशीलता पर अफवाहों का सामना कर रहे केंद्र ने राज्यों को इस तरह की भ्रामक सूचना के प्रसार पर अंकुश लगाने के लिए कहा है। केंद्र ने राज्यों को सलाह दी है कि वे गलत सूचना फैलाने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करें। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे एक पत्र में इसपर भी जोर दिया कि देश के राष्ट्रीय नियामक प्राधिकरण ने पाया है कि दोनों टीके – सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया का कोविशील्ड और भारत बायोटेक लिमिटेड द्वारा निर्मित कोवैक्सीन सुरक्षित हैं और रोग प्रतिरोधी क्षमता का निर्माण करते हैं। केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों और केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रशासन के साथ मिलकर 16 जनवरी से देश भर में दो टीकों की सहायता से कोविड-19 टीकाकरण अभियान शुरू किया है। केंद्रीय गृह सचिव ने कहा कि कोविड-19 टीकाकरण पर राष्ट्रीय विशेषज्ञ समूह द्वारा तय की गई प्राथमिकता के ( शेष पेज 8 )

# विकास पथ पर तेजी से बढ़ रहा है यूपी: मुख्यमंत्री

- उप्र दिवस समारोह के दूसरे दिन योगी ने नोएडा को दी 706 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि यूपी तेजी के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है और नोएडा-ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस वे तीनों प्राधिकरण क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की वजह से गौतमबुद्धनगर प्रदेश की आर्थिक राजधानी के रूप में उभर रहा है। मुख्यमंत्री सोमवार को उत्तर प्रदेश दिवस के मौके पर अपने सरकारी आवास से वर्चुअल माध्यम से नोएडा (गौतमबुद्धनगर) की 706 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने जिन योजनाओ का लोकार्पण और शिलान्यास किया उनमे मुख्य रुप से गोवंश आश्रय स्थल, सामुदायिक केंद्र का निर्माण, नोएडा एक्सप्रेस वे रिसर्फेसिंग, सेक्टर 78 में बनने वाले वेद वन पार्क, भूमिगत पार्किंग, बायोडायवर्सिटी पार्क आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पिछले तीन-साढ़े तीन साल में आपने बदलते हुए गौतमबुद्धनगर को देखा है और पुलिस आयुक्त प्रणाली ने आमजन के मन में एक विश्वास पैदा किया है, इससे जिले की कानून व्यवस्था और सुदृढ़ हुई है। पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए योगी ने कहा कि कोरोना काल में पुलिसकर्मियों ने पीआरवी 112 के जरिये घर घर जरूरी सामानों की आपूर्ति की और एक विश्वास पैदा किया। उन्होंने कहा कि हमारी प्रशासनिक मशीनरी ने कोविड.19 से लड़ते हुए जो बेहतरीन प्रदर्शन किया हैए उससे वे विश्वास के प्रतीक के रूप में उभरे हैं। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर जितने भी कार्यक्रम चल रहे हैं वह व्यापक निवेश और रोज़गार की संभावना को आगे बढ़ाने के साथ ही आमजन के विश्वास को और भी मजबूती देने का हिस्सा हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि जेवर हवाई अड्डा के बनने के बाद क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं बढ़ी हैं और इस क्षेत्र में विदेशी कंपनियां निवेश कर रही हैं।

## जय श्रीराम का नारा लगाने के लिए किसी को मजबूर नहीं कर रहे : योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि किसी को भी जय श्रीराम कहने को मजबूर नहीं किया जा रहा और इस तरह के नारों में बुरा मानने की कोई बात नहीं है क्योंकि यह तो अभिवादन है। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ऐसे नारे लगने के बाद कोलकाता में एक कार्यक्रम को संबोधित करने से इनकार कर दिया था। योगी ने यहां कुछ पत्रकारों से बातचीत में कहा, यदि कोई जय श्रीराम कहता है तो इसमें बुरा मानने की कोई बात नहीं है क्योंकि यह तो एक प्रकार का अभिवादन है। उन्होंने कहा, यदि कोई नमस्कार या जय श्रीराम कहता है तो यह उनके शिष्टाचार को दर्शाता है। जय श्रीराम के नारे लगने के बाद बनर्जी के सभा को संबोधित करने से इनकार के बारे में एक सवाल के जवाब में योगी ने कहा, हम किसी को भी बोलने के लिए मजबूर नहीं कर रहे। लेकिन यदि कोई जय श्रीराम कहता है तो इसमें बुरा लगने जैसा कुछ नहीं है। योगी ने दावा किया कि देश में जिन राज्यों में कानून-व्यवस्था सबसे अच्छी है, उसमें से एक उत्तर प्रदेश है। उन्होंने कहा, पूर्ववर्ती राज्य सरकारों के शासन में अनेक दंगे हुए जबकि हमारी सरकार के दौरान राज्य में ऐसी कोई घटना नहीं हुई। उन्होंने कहा कि राज्य के बंटवारे की उनकी कोई योजना नहीं है क्योंकि वह बंटवारे में नहीं एकजुटता में भरोसा रखते हैं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश में निवेशकों के अनुकूल महौल बनाया है और अब ( शेष पेज 8 )

### अवकाश सूचना

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में पायनियर प्रेस और कार्यालय में आज 26 जनवरी 2021 को अवकाश रहेगा। अतः 27 जनवरी का अंक प्रकाशित नहीं होगा।

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 48,348 | ↓ | 531 | |
| निफ्टी | 14,238 | ↓ | 133 | |
| सोना | 48,650 | ↓ | 141 | /10g |
| चांदी | 66,019 | ↑ | 43 | /kg |

### क्विक न्यूज

**उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड का प्रकोप अभी रहेगा जारी**

**नई दिल्ली।** भारत के उत्तरी भाग में ठंड का प्रकोप और बढ़ा गया तथा यह अभी कुछ दिन तक जारी रहेगा। देश के मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि दिल्ली सहित उत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों में शीतलहर का एक और दौर चल रहा है तथा अगले दो से तीन दिन में तापमान चार डिग्री सेल्सियस और नीचे गिरने की आशंका है।

# शिंजो आबे, बालासुब्रमण्यम, पासवान, कल्बे सादिक को पद्म सम्मान



शिंजो आबे | रामविलास पासवान | एसपी बालासुब्रमण्यम

भाषा। नई दिल्ली

**जापान** के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे और दिवंगत गायक एसपी बालासुब्रमण्यम को सोमवार को इस साल का पद्म विभूषण पुरस्कार देने की घोषणा की गई। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत तरुण गोगोई तथा पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत केशुभाई पटेल, पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत राम विलास पासवान और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन का नाम पद्म भूषण पुरस्कार पाने वालों में शामिल है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रपति ने 119 पद्म पुरस्कार दिए जाने को मंजूरी दी है जिनमें सात पद्म विभूषण, 10 पद्म भूषण और 102 पद्मश्री हैं। पद्म पुरस्कार विजेताओं में 29 महिलाएं हैं। इनमें 10 लोग विदेशी, प्रवासी भारतीय, पीआईओ और ओसीआई तथा एक व्यक्ति ट्रांसजेंडर श्रेणी से हैं। इनमें 16 लोगों को पद्म पुरस्कार मरणोपरांत दिए गए हैं। कलाकार सुदर्शन साहू को पद्म विभूषण, प्रधानमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव नृपेंद्र मिश्र, ( शेष पेज 8 )

## गणतंत्र दिवस पर यूपी के 87 पुलिसकर्मियों को मिलेगा राष्ट्रपति का पुलिस पदक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- वीरता के लिए 8, विशिष्ट सेवाओं के लिए 7 और दीर्घ व सराहनीय सेवाओं के लिए 72 पुलिसजन होंगे सम्मानित

**गणतंत्र** दिवस पर इस बार यूपी के 87 पुलिस कर्मियों को राष्ट्रपति के पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा। इनमें एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार सहित आठ पुलिस जनों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा विशिष्ट सेवाओं के लिए सात और दीर्घ एवं सराहनीय सेवाओं के लिए 72 पुलिस कर्मियों को राष्ट्रपति का पुलिस पदक मिलेगा। वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक पाने वालों में एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार के अलावा एसएसपी बागपत अभिषेक सिंह, डिप्टी एसपी बृजेश कुमार सिंह, इंस्पेक्टर संजीव वर्मा, सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार, सब इंस्पेक्टर विनय कुमार शर्मा, हेड कांस्टेबल रकम सिंह और कांस्टेबल अमित कुमार तेवतिया शामिल हैं। इसके अलावा विशिष्ट सेवाओं के लिए एडीजी 112 असीम अरुण, प्रतीक्षारत एडीजी राजकुमार, डीजीपी मुख्यालय में तैनात रवि जोसेफ लुक्क, आईजी पुलिस प्रोन्नति एवं भर्ती बोर्ड विजय भूषण, आईजी प्रयागराज रेंज कवींद्र प्रताप सिंह, आईजी रेलवे लखनऊ सत्येंद्र कुमार सिंह और आईजी मिर्जापुर रेंज पीयूष कुमार श्रीवास्तव को राष्ट्रपति के पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा। वहीं दीर्घ एवं सराहनीय सेवाओं के लिए ( शेष पेज 8 )

# प्रदूषण कम करने के लिए पुराने वाहनों पर ग्रीन टैक्स की तैयारी

- हाईब्रिड, इलेक्ट्रिक, वैकल्पिक ईंधन व कृषि में इस्तेमाल होने वाले वाहनों को मिलेगी छूट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**चरणबद्ध** तरीके से खराब और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को बाहर कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने की मंशा से केंद्र पुराने वाहनों पर ग्रीन टैक्स लगाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। आठ साल से पुराने कमर्शियल वाहनों से फिटनेस के नवीनीकरण के लिए ग्रीन टैक्स वसूला जाएगा और यह रोड टैक्स का 10 से 25 फीसदी तक होगा। इसके अलावा निजी वाहनों से 15 साल के बाद पंजीकरण प्रमाण पत्र के नवीनीकरण के दौरान ग्रीन टैक्स लिया जाएगा। इन प्रस्तावों को भूतल परिवहन तथा राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंजूरी दे दी है। इन प्रस्तावों को अधिसूचित करने से पहले राज्यों के पास सलाह मशविरा के लिए भेजा जाएगा। हाईब्रिड, इलेक्ट्रिक वाहन और जिनमें वैकल्पिक ईंधन जैसे सीएनजी, एथेनॉल, एलपीजी आदि का इस्तेमाल होता है उन्हें ग्रीन टैक्स से छूट मिलेगी। इसी तरह कृषि में इस्तेमाल होने वाले वाहन जैसे ट्रैक्टर, हार्वेस्टर और टिलर आदि को भी इसके दायरे से बाहर रखा जाएगा। सार्वजनिक परिवहन वाहन जैसे सिटी बस से कम ग्रीन टैक्स लिया जाएगा तथा ज्यादा प्रदूषित शहरों में पंजीकृत वाहनों से ज्यादा ग्रीन टैक्स (रोड टैक्स का 50 फीसदी) वसूला जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि संग्रह किए गए ग्रीन टैक्स को ( शेष पेज 8 )

# वैक्सीनेशन कोरोना से जंग पर अंतिम प्रहारः योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कोरोना से जंग में अंतिम प्रहार करने के लिए पूरे देश में कोविड वैक्सीनेशन अभियान चल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार कोरोना के खिलाफ जंग को सफलतापूर्वक लड़ रही हैए जिसके कारण राज्य में इस महामारी की स्थिति नियंत्रण में है। इसके साथ ही सीएम ने कहा कि जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। इसके तहत चिकित्सा सेवाओं में निरन्तर सुधार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री सोमवार को अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोरोना टीकाकरण अभियान के प्रथम चरण में हेल्थ वर्कर्स का वैक्सीनेशन किया जा रहा है। इसके तहत आगामी 28 व 29 जनवरी को सम्पन्न किये जाने वाले वैक्सीनेशन कार्य की सभी तैयारियां समय से सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि कोविड वैक्सीनेशन अभियान निरन्तर भारत सरकार की गाइडलाइन्स एवं क्रम के अनुसार संचालित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज हुई है, किन्तु कोविड-19 का खतरा अभी टला नहीं है। इसलिए प्रत्येक स्तर पर पूरी सतर्कता बरतना आवश्यक है। उन्होंने कोविड-19 से बचाव व नियंत्रण की प्रभावी व्यवस्था को बनाये रखने के निर्देश दिये हैं।

उन्होने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि समस्त कोविड चिकित्सालयों में आवश्यक औषधियों, बैकअप सहित ऑक्सीजन तथा मेडिकल उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता निरन्तर बनी रहे। कोरोना संक्रमण की चेन को तोड़ने में मेडिकल टेस्टिंग के महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख करते हुए उन्होंने टेस्टिंग कार्य को पूरी क्षमता से संचालित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग तथा सर्विलांस सिस्टम को प्रभावी बनाये रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपदों में इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर सुचारू ढंग से कार्यशील रहें। इनके माध्यम से कोरोना संक्रमण के नियंत्रण हेतु जिला स्तर पर संचालित गतिविधियों की नियमित समीक्षा की जाए।

# गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल व सीएम ने दी बधाई

**लखनऊ( पीएनएस )।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 72वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। राज्यपाल ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने बधाई सन्देश में समस्त अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान से प्राप्त आजादी तथा देश की एकता और अखण्डता को बनाये रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। वहीं मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। राष्ट्र धर्म के प्रति समर्पण से ही देश महान बनता है। नेशन फर्स्ट् को ध्यान में रखते हुए हमें अपने कर्तव्यों का पालन पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सभी ज्ञात-अज्ञात अमर स्वाधीनता सेनानियों का अत्यन्त कृतज्ञतापूर्वक स्मरण करते हुए उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की है।




दि सेकसरिया बिसवाँ शुगर फैक्ट्री लिमिटेड
बिसवाँ - सीतापुर
(आई0एस0ओ0 9001: 2015, 14001: 2015 एवं 22000: 2018 द्वारा प्रमाणित)
समस्त क्षेत्रवासियों, कर्मचारियों एवं किसान भाईयों को नव वर्ष एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें।
सफेद दानेदार उच्च कोटि की चीनी, एथनॉल,
32 मेगावाट विद्युत का सह-उत्पादन एवं जैव समृद्ध जैविक खाद के निर्माता
गन्ना आपूर्ति में पारदर्शिता लाने हेतु दी जाने वाली सुविधाएं
ई-गन्ना प्रणाली के अन्तर्गत ई-गन्ना ऐप के साथ-साथ टोल फ्री नम्बर से जानकारी प्राप्त करने की सुविधा :-
(क) कार्यालय, गन्ना एवं चीनी आयुक्त - 1800-121-3203
(ख) गन्ना पर्ची सम्बन्धी जानकारी - 1800-103-5823
(ग) खेती से सम्बन्धित जानकारी - 1800-180-1551
कोविड-19 के संक्रमण से बचाव हेतु हैण्ड सैनिटाइजर का प्रयोग करें। साबून से बार-बार हाथ धोयें, सोशल डिस्टैन्सिंग बनाये रखें। को/कोविशिल्ड वैक्सिंग का इंतजार करें।
कोरोना को हराना है, देश को बचाना है।
मृदा परीक्षण अवश्य करायें, संस्तुति के आधार पर उर्वरक लगायें
- ट्रेन्च विधि से गन्ने की बुवाई करावें, सह फसल के साथ दोहरा लाभ कमायें
- पराली एवं गन्ने की पत्ती न जलायें, ट्रैश मल्चर से जुताई कर जैविक खाद बनायें।
- गन्ना प्रजाति को.पी.के.-05191, की बुवाई कदापि न करें, उन्नतशील प्रजाति को.लाख.-94184, को.-98014, को.शा.-08272 एवं को.-0118 व को.-0238 को अपनायें।
(रमेश चन्द्र सिंघल)
मुख्य अधिशासी

# गणतंत्र दिवस पर चलाएं विशेष स्वच्छता अभियानः मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर संचालित इस अभियान के तहत प्रत्येक गांव व शहर में व्यापक स्तर पर साफ-सफाई के कार्य किये जाएं।

मुख्यमंत्री सोमवार को अपने सरकारी आवास पर विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने शीतलहर को ध्यान में रखते हुये रैन बसेरों के सुचारु संचालन तथा अलाव की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के सभी प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने जरूरतमंदों को कम्बल वितरित करने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ किये जाएं। कार्य की प्रभावी मानीटरिंग करते हुए निर्माण परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि पूर्वान्चल एक्सप्रेस वे परियोजना का निर्माण कार्य तेज गति से जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वरासत अभियान को निर्धारित समय सारणी के अनुरूप संचालित करते हुए निर्विवाद उत्तराधिकार को खतौनियों में दर्ज किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को अभियान की नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी दिये।


राजभवन में सोमवार को राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरी पुत्री का नाम Ashna K Dandona था जो अब बदलकर Ashna Dandona हो गया है। भविष्य में मेरी पुत्री को Ashna Dandona के नाम से जाना व पहचाना जाये। Manish Dandona S/o Swadesh Kumar Dandona 102, HIG, Pritam Nagar, Sulem Sarai, Allahabad.

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम Manish Kumar Dandona था जो अब बदलकर Manish Dandona हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। Manish Dandona S/o Swadesh Kumar Dandona 102, HIG, Pritam Nagar, Sulem Sarai, Allahabad.

**सूचना**

सूचना


मेरी सम्पत्ति आराजी संख्या 127/0.253 मौजा गजौली परगना उन्नाव के 1/2 भाग से 0.1265 है जिसे मैंने दि0 6/7/2015 को क्रय किया था जिसकी रजिस्ट्री बही संख्या खण्ड संख्या 10075 पृष्ठ से 143 से 168 क्रम संख्या 11900 दि0 6/7/15 रजिस्ट्रार उन्नाव में पंजीकृत हुआ था की डीड का पृष्ठ संख्या 13 कहीं खो गया है।
आशुतोष वर्मा
पुत्र हरगोविन्द वर्मा
ई-45 साइड नं0 1 इण्डिस्ट्रयल एरिया
उन्नाव मो0 9415414132

## बाइपासों का मास्टरप्लान आगामी 20 वर्षों को ध्यान में रखकर बनाएंः केशव

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बड़े शहरों व घनी आबादी के क्षेत्रों जहां जाम लगने की समस्या अक्सर बनी रहती है, वहां पर बाइपास बनाने की कार्ययोजना आगामी बीस वर्षों को ध्यान में रखकर बनायी जाय। इस सम्बन्ध में उन्होंने यह भी निर्देश दिये हैं कि सभी 75 जनपदों में इसका चिन्हाकंन करा लिया जाय कि कहां कहां पर बाइपास बनाये जाने की वास्तव में आवश्यकता है। श्री मौर्य सोमवार को लोक निर्माण विभाग मुख्यालय स्थित तथागत सभागार में लोक निर्माण , सेतु व उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे।

## गणतंत्र दिवस पर किसी नई परम्परा की न हो शुरुआतः मायावती

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने केंद्र सरकार से तीनों नए कृषि कानून वापस लेने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर किसी नई परम्परा की शुरुआत न हो। सोमवार को अपने ट्विटर अकाउंट पर ट्वीट करते हुए मायावती ने लिखा कि बसपा का केन्द्र सरकार से पुनः अनुरोध है कि आन्दोलित किसानों की मांगों में से खासकर तीन कृषि कानूनों को जरूर वापस ले लेना चाहिए।




सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# दबंग ठेकेदार ने युवक को मारी गोली, गंभीर

## पुलिस ने आरोपी को दबोचा, आपसी विवाद के बाद हुई सनसनीखेज घटना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के गोमतीनगर इलाके में स्थित जयपुरिया के पास उस समय हड़कंप मच गया जब एक दबंग ठेकेदार ने अपने परिचित को गोली मार दी। घटना के बाद हड़कम्प मचा तो पुलिस के आलाधिकारी व भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घायल को राममनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उसे ट्रॉमा सेंटर के लिए रिफर कर दिया। पुलिस ने वादी के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर फरार दबंग धनंजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार विपुलखण्ड गोमतीनगर निवासी धनंजय सिंह पीडब्ल्यूडी में ठेकेदारी करता है। बताया जा रहा है कि रविवार की देर रात उसने विनीत खंड विभूतिखंड निवासी 27 वर्षीय अंकुर तिवारी को जयपुरिया गेट के पास बुलाया। अंकुर जैसे ही वहां पहुंचा तभी आरोपी ने पूछा कि मेरे दोस्त के साथ मारपीट क्यों कि इसी बात को लेकर दोनों में विवाद होने लगा और बात इतनी बढ़ गई कि धनंजय ने अपनी अवैध पिस्टल से अंकुर को गोली मार दी। गोली उसके पेट के नीचे हिस्से में लगी और वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं आरोपी को सोमवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया गया । पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक करवाई शुरू कर दी गई है और आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# हाईकोर्ट ने राजा महमूदाबाद की सरप्लस जमीनों का कब्जा लेने पर लगाई रोक

विधि संवाददाता। लखनऊ

**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ ने मोहम्मद आमिर मोहम्मद खान उर्फ राजा महबूदाबाद को भारी राहत प्रदान की है। पीठ ने सीलिंग अधिनियम के तहत एडीएम प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुक्रम में सरप्लस जमीनों का कब्जा लेने से डीएम को रोक दिया है। पीठ ने कहा है कि जब तक एडीएम प्रशासन के आदेश के खिलाफदाखिल अपील पर कमिश्नर का अंतिम निर्णय नहीं आता तब तक उक्त जमीनों पर कब्जा नहीं लिया जाएगा।

## कहा, अपील का निस्तारण होने तक डीएम नहीं ले सकते जमीनों का कब्जा

26 दिसंबर 2020 को एडीएम प्रशासन ने राजा महमूदाबाद की करीब 422 हेक्टेयर जमीन का क्लेम खारिज कर दिया था। ये जमीन सीतापुर, बाराबंकी व लखीमपुर खीरी जिले में हैं। जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय एवं जस्टिस मनीष कुमार की पीठ ने यह आदेश राजा महमूदाबाद की याचिका पर दिया है। याचिका पर बहस करते हुए वरिष्ठ वकील जेएन माथुर व शोभित मोहन शुक्ला का तर्क था कि आठ जनवरी 2021 को एडीएम प्रशासन के आदेश के खिलाफ कमिश्नर के समक्ष सीलिंग अधिनियम की धारा 13 के तहत अपील दाखिल की गई थी। जिसका निस्तारण अभी नहीं हुआ है। बावजूद इसके डीएम सरप्लस जमीनों का कब्जा लेने की कार्यवाही कर रहे हैं। कहा गया कि सीलिंग अधिनियम की धारा 14 के मुताबिक दौरान अपील सरप्लस जमीनों पर कब्जा नहीं लिया जा सकता है। पीठ ने उक्त कानूनी प्रावधानों का संज्ञान लेते हुए कब्जे की कार्यवाही पर रोक लगा दी।

उक्त

# नगर आयुक्त के विरुद्ध दाखिल परिवाद पर एसडीएम से रिपोर्ट तलब



विधि संवाददाता। लखनऊ

**अमीनाबाद** इलाके में एक विवादित पुश्तैनी जमीन पर इंटरलाकिंग रास्ता बनाने के कथित मामले में जांच रिपोर्ट नहीं भेजने पर अदालत ने इसे आपत्तिजनक करार दिया है। सीजेएम शिवानंद ने इस संदर्भ में एसडीएम सदर को आदेशित किया है कि वो 20 फरवरी तक अपनी विस्तृत जांच रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित करें। ताकि इस मामले में दाखिल परिवाद का निस्तारण किया जा सके। इस परिवाद में नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी व नगर निगम जोन 1 के अवर अभियंता किशोरी लाल को विपक्षी पक्षकार बनाया गया है। परिवाद दाखिल करने वाले हसन बहादर व गनी बहादर ने इस मामले में विपक्षीगणों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है। इनके वकील आशीष जैन का कहना था कि विपक्षीगणों ने अपने पदीय शक्तियों का दुरुपयोग कर परिवादीगणों को क्षति व मानसिक संताप पहुंचाई है। बीते 19 दिसंबर को अदालत ने कोई आदेश पारित करने से पहले इस परिवाद पर एसडीएम से विस्तृत जांच रिपोर्ट तलब की थी।

# हाईकोर्ट ने आईपीएस अरविंद सेन की अग्रिम जमानत अर्जी की खारिज


विधि संवाददाता। लखनऊ

**पशुधन** घोटाला मामले में वांछित सीनियर आईपीएस अफसर अरविंद सेन की अग्रिम जमानत याचिका हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दी है। जस्टिस आलोक माथुर की एकल पीठ ने यह आदेश सेन की याचिका पर दिया है। दूसरी तरफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने अरविंद सेन की आत्मसमर्पण वाली अर्जी पर सुनवाई के लिए 27 जनवरी की तारीख मुकर्रर की है। सोमवार को विशेष अदालत में मुल्जिम अरविंद सेन की ओर से एक अर्जी दी गई। कहा गया कि वो आज बीमार हैं। लिहाजा अदालत में उपस्थित होने में असमर्थ है। ऐसे में गुजारिश है कि कोई दूसरी तारीख तय की जाए, उस रोज वो आत्मसमर्पण कर देंगे। विशेष जज संदीप गुप्ता ने उनकी अर्जी आदेश के साथ मंजूर कर ली। हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका में अरविंद सेन की ओर से कहा गया था कि उसे इस मामले में झूठा फंसाया जा रहा है। उसके विरुद्ध अब तक कोई भी साक्ष्य नहीं मिला है। जबकि राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता वीके शाही का कहना थाजबकि राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता वीके शाही का कहना था कि याचिकाकर्ता इस मामले के एक मुल्जिम आशीष राय के साथ सक्रिय रूप से सम्मिलित था। उसने खुद को सीबीसीआईडी का अधिकारी बताकर इस मामले की एफआईआर कराने वाले से मुलाकात की थी। उसे 35 लाख रुपए भी मिले थे। 10 लाख तो अपने बैंक खाते में ही मंगाए थे। यह भी तर्क था कि याचिकाकर्ता सीनियर आईपीएस अफसर है। पहले भी जांच को प्रभावित करने की कोशिश कर चुका है।







# गणतंत्र दिवस पर सम्मानित होंगे 658 पुलिसजन

## ● डीजीपी के प्लेटिनम गोल्ड व सिल्वर प्रशंसा चिन्ह से होगा सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गणतंत्र** दिवस 2021 के अवसर पर प्रदेश पुलिस के 658 अधिकारियों व कर्मचारियों को ऑपरेशनल कार्य, उत्कृष्ट सेवा और सराहनीय सेवा के लिए डीजीपी के प्लेटिनम, गोल्ड व सिल्वर प्रशंसा चिन्ह से सम्मानित किया जाएगा।

इनमें ऑपरेशनल कार्यों के लिए 18 पुलिस कर्मियों को डीजीपी का प्लेटिनम प्रशंसा चिन्ह, 72 को गोल्ड तथा 202 पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को सिल्वर प्रशंसा चिन्ह मिलेगा। सेवाभिलेख के आधार पर 18 पुलिसकर्मियों को डीजीपी का प्लेटिनम प्रशंसा चिन्ह, 37 को गोल्ड व 62 को सिल्वर चिन्ह प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा सेवा अभिलेख के आधार पर 50 पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह और 199 पुलिसकर्मियों को सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह प्रदान किया जाएगा। प्लेटिनम प्रशंसा चिन्ह से सम्मानित होने वालों में एडीजी पीएसी बीके सिंह, एडीजी अभियोजन आशुतोष पाण्डेय व एडीजी यूपी.112 असीम कुमार अरुण, एडीजी वाराणसी जोन वीएम मीना, पुलिस कमिश्नर नोएडा आलोक सिंह, आईजी बरेली रेंज राजेश कुमार पाण्डेय, आईजी मेरठ रेंज प्रवीण कुमार, आईजी कानपुर रेंज मोहित अग्रवाल, आईजी प्रयागराज रेंज केपी सिंह, डीआइजी कानपुर डॉ. प्रीतिंदर सिंह, एसपी आजमगढ़ सुधीर कुमार सिंह आदि शामिल है। इनके अलावा डीजीपी गोल्ड प्रशंसा चिन्ह से डीजी ट्रेनिंग सुजानवीर सिंह, एडीजी पुलिस भर्ती एवं प्रोनन्ति बोर्ड रेणुका मिश्रा, एडीजी मानवाधिकार एमके बशाल, एडीजी सीबीसीआइडी एसके माथुर, एडीजी पीटीसी मेरठ अंजू गुप्ता, एडीजी क्राइम डीजीपी हेडकवॉर्टर डा. केएस प्रताप कुमार, एडीजी पीटीसी सीतापुर राजा श्रीवास्तव, एडीजी कानपुर जोन जेएन सिंह, एडीजी यातायात अशोक कुमार सिंह, जेपीसी लखनऊ नवीन अरोड़ा, आईजी बस्ती रेंज अनिल कुमार राय, आइजी मिर्जापुर पीयूष श्रीवास्तव, आईजी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड पद्मजा चौहान, डीआइजी पीटीसी सीतापुर दिलीप कुमार आदि हैं। वहीं

बेहतर कार्य करने के लिए लखनऊ कमिश्नरेट के 13 पुलिस कर्मी सम्मानित होंगे। इनमें लखनऊ ज्वाइंट कमिश्नर नवीन अरोड़ा और एडीसीपी राजेश कुमार श्रीवास्तव को गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट सेवाए सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह एवं पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह गोल्ड से नवाजा जायेगा।

### आईजी विजय भूषण बने सर्वाधिक बार राष्ट्रपति का पुलिस पदक पाने वाले आईपीएस



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस के तेजतर्रार और जाबांज अधिकारी माने जाने वाले पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के आईजी विजय भूषण को सातवीं बार राष्ट्रपति का पुलिस पदक प्राप्त होने का गौरव हासिल हुआ है। यूपी पुलिस के अधिकारी हैं जिन्हें सर्वाधिक बार इस सम्मान से नवाजा गया। आईपीएस अधिकारी विजय भूषण ने अपने अब तक के कार्यकाल के दौरान कई ऐसे उत्कृष्ट कार्य किए हैं जिनकी वजह से वे अक्सर सम्मानित किए जाते रहे हैं। अपने अब तक के करियर में वह प्रदेश पुलिस के कई अवार्डों समेत सीएम गोल्ड मैडल से भी सम्मानित हो चुके हैं। वर्ष 1986 में प्रांतीय पुलिस सेवा में भर्ती हुए विजय भूषण मूल रूप से इलाहाबाद के रहने वाले हैं।

### यूपी 112 के 1187 कर्मी होंगे सम्मानित

**लखनऊ।** लॉकडाउन में प्रदेश के लोगों तक मदद पहुंचाने की बात हो चाहे कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने की यूपी.112 ने हर मौके पर उत्तर प्रदेश पुलिस का मान बढाने का काम किया है। एडीजी 112 असीम अरुण अपने कार्यों से विभाग का मान बढाने वाले प्रदेश भर यूपी.112 के 1187 कर्मियों को 26 जनवरी को सम्मानित करेंगे। बेहतर रिस्पांस टाइम के माध्यम से लोगों तक समय से मदद पहुंचाने वाले 979 पीआरवी कर्मियों को प्रशस्तिपत्र दे कर सम्मानित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जिलों में तैनात 112 के 39 प्रभारी निरीक्षकों को बेहतर सेवाओं के लिए एडीजी 112 द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जा रहा है। 112 के मुख्यालय की सुरक्षा में तैनात पीएसी के 45 जवानों को बेहतर सेवाओं के लिए एडीजी द्वारा प्रशस्तिपत्र प्रदान किया जाएगा।

# कानपुर में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क का होगा निर्माण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कैबिनेट के फैसले**

**कानपुर** में साफ्टवेयर टेक्नालॉजी पार्क के निर्माण के लिए योगी सरकार ने कैबिनेट बैठक में आईटी विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। सरकार ने इसके निर्माण के लिए अपट्रान एस्टेट पनकी कानपुर स्थित इलेक्ट्रानिक्स परीक्षण एवं विकास केंद्र के जीर्ण भवनों का ध्वस्तीकरण कराए जाने का निर्णय लिया गया है। इससे शिक्षित युवाओं को रोजगार मिलेगा। यहां स्टार्टअप के लिए भी स्थान उपलब्ध होंगे। इसके अतिरिक्त औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन योजना 2003 औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन योजना 2012 में लाभार्थी संस्था को सीधे आन लाइन भुगतान किए जाने के लिए उक्त योजना में संशोधन किया गया है। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास क्षेत्र भवन पंचम संशोधन विनियमावली 2021 को प्रख्यापित किए जाने का निर्णय लिया है। निजी औद्योगिक पार्कों की स्थापना के लिए प्रोत्साहन योजना के प्रस्तर 2.5 में संशोधन किया गया है। उत्तराखंड राज्य की भौगोलिक सीमा में स्थित उप्र सिंचाई विभाग के नियंत्रणधीन जिला उधमसिंह नगर के अंतर्गत 20 नहरों और हरिद्वार की 4 नहरों के अनुरक्षण के लिए उत्तराखंड सिंचाई विभाग को हस्तांतरित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसी प्रकार यूपी और उत्तराखंड के मध्य स्थित अनुप्रयुक्त भूमि और आवासीय भवनों को उत्तराखंड को हस्तांतरित किए जाने का निर्णय लिया गया है। सुल्तानपुर रोड स्थित सीजी सिटी में अटल बिहारी बाजपेयी चिकित्सा विवि उप्र के भवन निर्माण की परियोजना की पुरीक्षित लागत को मंजूरी प्रदान की गई है। केंद्रीय वित्त आयोग तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की संस्तुतियों के क्रम में उप्र सरकार द्वारा भारती रिजर्व बैंक की प्रतिदर्श योजना के अनुरूप गारंटी मोचन निधि का सृजन किए जाने का निर्णय लिया गया है। सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1860 की धारा 3-का, धारा 4, 4 ख, 5 क, 16 क तथा धारा 25 में संशोधन किए जाने का निर्णय लिया गया है। सशस्त्र सीमा बल की वाहिनियों, सीमा चौकियों की स्थापना के लिए भूमि अधिग्रहण प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। सीएम योगी आदित्यनाथ की घोषणा के तहत कैप्टन मनोज कुमार पांडे उप्र सैनिक स्कूल लखनऊ में निर्माणाधीन आडिटोरियम का कार्य पूर्ण किए जाने के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है। उप्र उप खनिज परिहार नियमावली 2021 को प्रख्यापित किए जाने का निर्णय किया गया है। सूक्ष्म सिंचाई पद्वति एवं गैर परंपरागत ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के लिए उथले, गहरे तथा मध्यम नलकूपों की योजनाओं को सम्मिलीन कर मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना का क्रियान्वयन किए जाने का निर्णय लिया गया है।

**PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED**
**(See Section 82CrPC)**

WHEREAS complaint has been made before me that Shivangi Singh S/o Sh Ghanshyam Singh R/o Gram - Nafarpur, PO-Khazari, Tehsil- Sasra, Block- Chilkahar, Police Station-Chitbadgaon, Distt- Balla Uttar Pradesh. has committed (or is suspected to have committed) the offence case no VI11/25/DZU/2019, u/s 8(c), 22(c), and 29 of NDPS Act, 1985 of Narcotics Control Bureau Delhi Zonal Unit and it has been returned to a Warrant of arrest thereupon issued that the said Shivangi Singh S/o Sh Ghanshyam Singh Rio Gram,-Nafarpur, POKhazari, Tehsil - Sasra. Block- Chilkahar, Police Station - Chitbadgaon, Distt- Balia Uttar Pradesh cannot be found and whereas it has been shown to my satisfaction that the said Shivangi Singh S/o Sh. Ghanshyam Singh has absconded (or is concealing himself to avoid the service of the said warrant).

Proclamation is hereby made that the said Shivangi Singh Sic) Sh. Ghanshyam Singh Rio Gram,- Nafarpur, PO - Khazari, Tehsil- Sasra, Block- Chilkahar, Police Station- Chitbadgaon, Distt - Balsa Uttar Pradesh, is required to appear before this court to answer the said complaint on the day of 09.03.2021

By order
Sh. Ajay Kumar Jain
Spl Judge NDPS Act
Patiala House Courts, New Delhi

Dated 25 01 2021
Seal

# विधान मंडल का बजट सत्र 16 फरवरी से

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● उप्र डाटा सेण्टर नीति 2021 को कैबिनेट की मंजूरी

**यूपी सरकार** ने सोमवार को उप्र डाटा सेंटर नीति 2021 को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही राज्य सरकार ने विधानमंडल के बजट सत्र के 16 फरवरी को आहूत किए जाने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। मंत्रिपरिषद द्वारा यह निर्णय भी लिया गया है कि समय की आवश्यकताओं के अनुरूप उप्र डाटा सेण्टर नीति-2021 में मुख्यमंत्री के अनुमोदनोपरान्त परिवर्तन किया जा सकेगा। यह नीति अधिसूचना की तिथि से 5 वर्ष तक अथवा प्रदेश सरकार द्वारा कोई नई नीति, संशोधन किए जाने तक लागू रहेगी। डाटा सेण्टर नीति के अन्तर्गत राज्य में 250 मेगावॉट डाटा सेण्टर उद्योग विकसित किया जाना, राज्य में 20000 करोड़ रुपए का निवेश आकृष्ट किया जाना तथा कम से कम 3 अत्याधुनिक निजी डाटा सेण्टर पार्क्स स्थापित कराए जाने का लक्ष्य है। नीति के अन्तर्गत डाटा सेण्टर पार्क्स और डाटा सेण्टर इकाइयों को पूंजी उपादान, ब्याज उपादान, भूमि के क्रय, पट्टे पर स्टाम्प ड्यूटी में छूट तथा ऊर्जा से सम्बन्धित वित्तीय प्रोत्साहनों के अतिरिक्त विभिन्न गैर वित्तीय प्रोत्साहन भी दिए जाएंगे। बुन्देलखण्ड तथा पूर्वांचल क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन की व्यवस्था की गई है।

**लखनऊ, कानपुर और गाजियाबाद में नक्शा पास कराना हुआ महंगा**

प्रदेश सरकार ने नक्शा पास कराने के लिए लिया जाने वाला विकास शुल्क छोटे शहरों में कम और बड़े शहरों में बढ़ा दिया है। प्रदेश के 12 शहरों में विकास शुल्क कम किया गया है तो लखनऊ, कानपुर व गाजियाबाद जैसे शहरों में लोगों को अब रकम खर्च करनी होगी। इसके लिए सरकार ने कैबिनेट बैठक में उप्र नगर योजना और विकास विकास शुल्क का निर्धारण उद्भहण एवं संग्रहण प्रथम संशोधन नियमावली 2021 को मंजूरी दी गई। विकास प्राधिकरणों को विकास शुल्क की दरों का संशोधन हर साल वित्तीय वर्ष में 15 फरवरी को गत वर्ष के आयकर विभाग के कॉस्ट इंफलेशन इंडेक्स के आधार पर संशोधित करते हुए 1 अप्रैल से लागू करना होगा। बस्ती व मिर्जापुर नई विकास प्राधिकरणों में विकास शुल्क लेने की व्यवस्था पहली बार लागू की गई है। विश्व बैंक सहायतित डैम रिहैबिलिटेशन इम्प्रूवमेण्ट प्रोजेक्ट फेज-2 एवं फेज-3 के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश राज्य के नियंत्रणाधीन बांधों के पुनर्वास एवं सुधार की परियोजना को अनुमोदित कर दिया है। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया, एटा, फतेहपुर, गाजीपुर, हरदोई, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, सिद्धार्थनगर तथा जौनपुर में फैकल्टी के चयन के लिए सोसायटी गठन सम्बन्धी बायलॉज के प्रस्तर-32-1 की तालिका के बिन्दु-1 में संशोधन करते हुए कुलपति अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विवि लखनऊ का नाम अंकित किए जाने का निर्णय लिया गया। प्रदेश में स्पोर्ट्स विवि की स्थापना के लिए दि उत्तर प्रदेश स्टेट स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बिल-2021 के आलेख को अनुमोदित कर दिया है। मंत्रिपरिषद ने अयोध्या स्थित हवाई पट्टी को एयरपोर्ट के रूप में विकसित किए जाने के लिए अतिरिक्त भूमि का क्रय किए जाने के लिए व्यय की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। मंत्रिपरिषद ने नोएडा इण्टरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट जेवर पर अतिरिक्त रनवे का निर्माण कराए जाने के लिए भूमि अधिग्रहण के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया है।

**रेलवे की जमीन पर निर्माण के लिए भू-उपयोग परिवर्तन की अनिवार्यता समाप्त**

यूपी सरकार ने रेलवे की जमीन पर निर्माण के लिए भू-उपयोग परिवर्तन कराने की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है। यह सुविधा कुछ शर्तों के साथ दी गई है। रेलवे की जमीन पर होने वाला निर्माण महायोजना के अनुरूप होना चाहिए और इसके एवज में उसे वाह्य विकास शुल्क देना होगा। वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन के पास रेलवे की जमीन पर भू-उपयोग के इतर दूसरा निर्माण कराया जाना है। इसको लेकर आवास विभाग को प्रस्ताव भेजा गया था। इसके आधार पर आवास विभाग के प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। इसके मुताबिक भविष्य में रेलवे की जमीन पर आवासीय, व्यवसायिक या फिर अन्य किसी निर्माण के लिए भू.उपयोग बदलवाने की जरूरत नहीं होगी।

**लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश**

कुप्रशासन | **प्रदेश को भ्रष्टाचार/कुप्रशासन मुक्त बनाने हेतु जनता से अपील** | भ्रष्टाचार

मंत्रियों, विधायकों व अन्य लोकसेवकों के विरूद्ध भ्रष्टाचार, पद के दुरुपयोग व कुप्रशासन के सम्बन्ध में प्राप्त होने वाले परिवादों (अभिकथन/शिकायत) को ग्रहण करके लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश के द्वारा उसका निराकरण कराते हुए उत्तरदायी मंत्रियों, विधायकों और लोकसेवकों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु संस्तुतियाँ सक्षम प्राधिकारी (मुख्यमंत्री/मुख्य सचिव) को प्रेषित की जाती है और वार्षिक प्रतिवेदन माननीय श्री राज्यपाल को प्रस्तुत किया जाता है।

**अधिकारिता**

उत्तर प्रदेश शासन के समस्त विभाग, सरकारी कम्पनियाँ, सहायक सरकारी कम्पनियाँ, निगम, सोसाइटीज व परिषदें (जो अधिसूचित की गई हों) से संबंधित परिवादों (अभिकथन/शिकायत) के मामले तथा सेवानिवृत्त देयकों के भुगतान, मृतक आश्रित सेवायोजन, विकास प्राधिकरण एवं आवास विकास परिषद, निराश्रित एवं वृद्ध महिलाओं के पेंशन, अनुसूचित जाति व जनजातियों के आरक्षण (सेवा) संबंधी मामलें।

उत्तर प्रदेश राज्य के समस्त अधिकारीगण (धारा-22 में वर्णित न्यायाधीश/न्यायिक अधिकारी, महालेखाकार आदि को छोड़कर) एवं कर्मचारियों के साथ-साथ मंत्रीगण (मुख्यमंत्री को छोड़कर), विधायक, विधान परिषद सदस्य, महापौर महापालिका, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायतों तथा अध्यक्ष, जिला पंचायत (ग्राम प्रधान को छोड़कर) भी सम्मिलित हैं के विरुद्ध परिवाद (अभिकथन/शिकायत)। शासकीय लोक सेवकों के सेवानिवृत्त/सेवाकाल में मृत्यु से संबंधित देयकों के प्रकरण से संबंधित परिवाद जो कि शिकायत की श्रेणी में आते हैं प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

**अभिकथन/शिकायत की प्रक्रिया**

प्रदेश के लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त को अभिकथन तथा शिकायत सम्बन्धी परिवाद निर्धारित प्रपत्र पर तीन प्रतियों में (यथासंभव राजभाषा हिन्दी में) टंकित कराकर धारा-9(2) के अनुसार नोटरी शपथ पत्र एवं धारा-9(3) के अनुसार परिवाद, शपथ पत्र, संलग्नक/अनुलग्नक का सत्यापन परिवादी स्वयं के द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार करके एवं अभिकथन रूपी परिवादों में रू 2,000/- प्रतिभूति निर्धारित लेखा शीर्षक "8443 सिविल निक्षेप-00-103 प्रतिभूति निक्षेप-00-00" के अन्तर्गत भारतीय स्टेट बैंक अथवा कोषागार में चालान के माध्यम से जमा करके मूलप्रति सहित प्रस्तुत किया जा सकता है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाता है कि यदि प्राप्त परिवाद मिथ्या/फर्जी पाया जाता हैं तो ऐसे परिवादियों पर माननीय लोक आयुक्त द्वारा रू 50,000/- तक की धनराशि का हर्जाना लगाया जा सकता है एवं प्रतिभूति की धनराशि जब्त की जा सकती है।

नोट- राज्य सरकार द्वारा ई-पेमेन्ट से भुगतान किये जाने के कारण, परिवादी अपना राष्ट्रीयकृत बैंक का बचत खाता संख्या, बैंक व शाखा का नाम, जिला एवं आई0एफ0एस0सी0 कोड के साथ-साथ पासबुक की स्वप्रमाणित छायाप्रति, परिवाद दाखिल करते समय प्रतिभूति की धनराशि के मूल चालान के साथ उपलब्ध करायेंगे तभी उनको प्रतिभूति की धनराशि वापस किया जाना सम्भव होगा। परिवादी को अपना पूरा नाम, पता, मोबाइल नम्बर/ई-मेल के साथ अंकित करना चाहिए।

वर्तामान पता-टी0सी0-46/वी-1 विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 अथवा
पोस्ट बाक्स नम्बर-172, जी0पी0ओ0, लखनऊ, फैक्स नं0 - (0522) 2306647
फोन नं0 - (0522) 2728660, 2306717, 2728865, 2306088, 2306160 (पी0बी0 एक्स), 2306412
Web site - www.lokayukta.up.nic.in, E-mail :- lokayukta@hotmail.com

**सचिव, लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, हमीरपुर।**

पत्रांक-मेमो/सी०सी०/स्व०भा०मि0/गण०दिवस/2020-21/दिनांक 25/01/2021

**26 जनवरी 2021 गणतन्त्र दिवस के पावन पर्व पर जिलाधिकारी हमीरपुर तथा नगर पालिका परिषद, हमीरपुर की ओर से समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभ कामनायें, तथा नगर पालिका परिषद, हमीरपुर स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में नगर को प्रथम स्थान दिलाने हेतु समस्त नगरवासियों से नगर को साफ एवं स्वच्छ बनाये रखने हेतु निम्नवत् अपील करती है।**

- ❖ आपका शहर 2021 में स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग ले रहा है। जिसमें अपना सहयोग प्रदान करें।
- ❖ शौच के लिए हमेशा शौचालय का प्रयोग करें। खुले में शौच के लिए कदापि न जाये।
- ❖ पालिका द्वारा डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन कराया जा रहा है। कृपया अपना कूड़ा एकत्र कर रखे और कूड़े को डोर-टू-डोर जाने वाले कर्मचारी के डेस्टबिन में ही डालें तथा यूजर चार्ज का भुगतान हर माह समय से करें।
- ❖ अपने-अपने घरों में डेस्टबिन का प्रयोग अवश्य करें तथा कूडे को अपने डेस्टबिन में डाले अन्यत्र नाली आदि में कूड़ा न डाले।
- ❖ प्रतिबन्धित प्लास्टिक/पॉलीथीन का प्रयोग न करें तथा दूसरों को भी प्रयोग करने से रोकने में सहयोग प्रदान करें।
- ❖ पालिका द्वारा स्ट्रीट लाइट में लगाये गये प्रकाश उपकरणों को क्षति न पहुँचायें।
- ❖ पालिका के करों का भुगतान समय से करें।

| (संजीव कुमार शाक्य) | (कुलदीप निषाद) | (ज्ञानेश्वर त्रिपाठी) |
|---|---|---|
| अधिशाषी अधिकारी/डिप्टी कलेक्टर | अध्यक्ष | जिलाधिकारी |
| नगर पालिका परिषद, हमीरपुर | नगर पालिका परिषद, हमीरपुर | हमीरपुर |

**कल्प हमीरों**

**समस्त जनपदवासियों को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें**

**स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं खुले में शौच से आजादी कार्यक्रम एवं कोरोना महामारी से बचाव हेतु समस्त जनपद वासियों से अपील की जाती है कि :-**

1. दो गज दूरी का रखे ध्यान, साथ ही करें मास्क का प्रयोग, समय-समय पर साबुन से 20 सेकण्ड तक हाथ धोते रहें अथवा सेनेटाइजर का प्रयोग करें।
2. खुले में शौच की आदत का त्याग करें तथा दो सोखता गड्ढ़े वाले शौचालय बनवाकर उसका प्रयोग करे।
3. शौच क्रिया के बाद व खाना खाने के पहले साबुन से हाथ अवश्य धोयें।
4. घर के आस-पास कूड़ा-करकट, गन्दगी एवं जल भराव न होने दें। इस स्थिति पर उसका निवारण कराये ताकि गंदगी एवं कोरोना जैसी महामारी व संचारी रोगों से बचा जा सके।
5. बच्चों को साफ-सफाई, शौचालय के प्रयोग से होने वाले लाभ एवं गन्दगी से होने वाली हानि से अवगत कराये।
6. खुले में शौच मुक्ति के लिए कार्यरत निगरानी समितियों का सहयोग करे, ग्राग पंचायतों को शौच मुक्त हो जाने के उपरान्त इसके स्थायित्व हेतु कार्य करे।
7. कूड़ा-करकट के निस्तारण हेतु कूड़ेदान अथवा ग्राग पंचायत द्वारा बनाये गये गड्ढ़ा का प्रयोग करें।
8. अपनी ग्राम पंचायतों को पॉलीथीन मुक्त ग्राम बनाने हेतु पॉलीथीन का प्रयोग न करे।
9. ग्राम पंचायत द्वारा बनाये गये सामुदायिक शौचालयों का प्रयोग करे, एवं साफ-सफाई का ध्यान रखे।

**सौजन्य से स्वच्छता प्रबन्धन सगिति जनपद हमीरपुर।**

| (राजेन्द्र प्रकाश) | (कमलेश कुमार वैश्य) | (ज्ञानेश्वर त्रिपाठी) |
|---|---|---|
| जिला पंचायत राज अधिकारी | मुख्य विकास अधिकारी | जिलाधिकारी |
| हमीरपुर | हमीरपुर | हमीरपुर |

## बॉब में मनाया गया राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**लखनऊ।** बैंक ऑफ़बड़ौदा में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन बड़े ही उत्साह के साथ किया गया। जिसमें बैंक के सभी स्टाफ सदस्यों ने मतदाता प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम की अध्यक्षता बलदेव राज धीमान उप अंचल प्रमुख बैंक ऑफ बड़ौदा लखनऊ द्वारा की गयी। उन्होंने वोट देने के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी कर्मचारी सदस्यों को वर्ग, जाति धर्म या लिंग के किसी भी भेदभाव के बिना मतदान करने के अधिकार के बारे में बताया। इस अवसर पर गिरीश कुमार अंचल मानव संसाधन प्रभाग प्रमुख द्वारा अंचल के सभी स्टाफ सदस्यों को शपथ दिलवाई गयी। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्यों के साथ उप महाप्रबंधक ललित बरडिया , टीपी सिंह, प्रतीक अग्निहोत्री, बीएस लुथरा एवं सहायक महाप्रबंधक गिरीश कुमार, महेंद्र कुमार वर्मा आदि उपस्थित रहे।


## 25,862 लीटर अवैध शराब बरामद, 214 गिरफ्तार

**लखनऊ।** अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की रोकथाम हेतु आबकारी विभाग द्वारा निरन्तर प्रवर्तन की कार्रवाई की जा रही है। अपर मुख्य सचिव संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि विगत सप्ताह प्रदेश में कुल 790 मुकदमे पकड़े गये, जिसमें 25,862 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी तथा मदिरा निर्माण में प्रयुक्त होने वाली 96,298 किग्रा लहन को मौके पर नष्ट किया गया। अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त 214 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा 11 वाहनों को जब्त किया गया। अपर मुख्य सचिव द्वारा यह भी बताया गया कि मुख्यालय प्रयागराज की ईआईबी टीम द्वारा जनपद प्रतापगढ़ में एक ट्रक में कोयले की बोरियों की आड़ में छिपा कर लाई जा रही हरियाणा राज्या निर्मित 296 पेटी विदेशी मदिरा बरामद की गयी। जनपद भदोही में दबिश देकर एक मकान से 10 ड्रमों में कुल 2000 ली अवैध रेक्टिफाइड स्प्रिट एवं 4 मोटर साइकिल बरामद की गयीं तथा 7 व्यक्तियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया गया।

## कौशल राज सहित तीन डीएम को मिला जिला निर्वाचन अधिकारी का सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार


**लखनऊ।** सोमवार को मुख्य अतिथि मण्डलायुक्त रंजन कुमार की उपस्थिति में 11वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एनुअल स्टेट अवार्ड फार बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसेस अवार्ड-2020 में मतदाता शिक्षा और निर्वाचन सहभागिता के लिये जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी मुजफ्फरनगर सेल्वा कुमारी जे, निर्वाचक नामावली प्रबन्धन के लिये लखनऊ के पूर्व डीएम व जिला निर्वाचन अधिकारी वाराणसी कौशल राज शर्मा व चुनाव प्रबन्धन के लिये जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरोहा उमेश मिश्रा को सर्वश्रेष्ठ जिला निर्वाचन अधिकारी का सामान्य श्रेणी का पुरस्कार दिया गया।

## सीएमएस छात्र व्योम को मिला प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) के बहुमुखी प्रतिभा के धनी कक्षा-7 के छात्र व्योम आहूजा को आज गणतन्त्र दिवस की पूर्व संध्या पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2021' से पुरस्कृत कर सम्मानित किया। सीएमएस छात्र व्योम को कला एवं संस्कृति श्रेणी के अन्तर्गत सम्मानित किया गया है तथापि पुरस्कार स्वरूप एक पदक, प्रमाण पत्र, प्रशस्ति पत्र एवं एक लाख रूपये नगद के पुरस्कार से नवाजा गया है। इस प्रकार, सीएमएस के इस प्रतिभाशाली छात्र ने लखनऊ का गौरव सारे देश में बढ़ाया है। सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने व्योम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह अपार हर्ष का विषय है कि सीएमएस के छात्र अपनी प्रतिभा व क्षमता के दम पर दिन-प्रतिदिन राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर लखनऊ का गौरव बढ़ा रहे हैं। ऑनलाइन सम्मान समारोह के उपरान्त व्योम ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का संबोधन बहुत ही प्रेरणादाया रहा।

## प्रेम और एकता का संदेश देने को तैयार सीएमएस की झांकी



**लखनऊ।** गणतन्त्र दिवस परेड में प्रेम व एकता संदेश देने के लिए सिटी मोन्टेसरी स्कूल की अनूठी झाँकी रवीन्द्रालय, चारबाग, पर तैयार खड़ी है, जो 26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस परेड में प्रेम व एकता का आलोक जन-जन तक पहुँचायेगी। सीएमएस की यह झाँकी 'चलो दुनिया को स्वर्ग बनाये हम, प्रेम से और प्यार से' विषय पर आधारित है। आज यहाँ 'झाँकी स्थल' रवीन्द्रालय पर आयोजित एक प्रेस वार्ता में झाँकी के विभिन्न पहलुओं से पत्रकारों को अवगत कराते हुए सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने बताया कि यह झाँकी सारे विश्व समाज को एकता, प्रेम एवं विश्व बन्धुत्व की भावना में पिरोकर इस दुनिया को स्वर्ग बनाने का आह्वान करती है। डा. गाँधी ने आगे कहा कि 26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस परेड में यह झाँकी प्रेम, एकता, शान्ति, सहयोग व सौहार्द का अलख जगाकर 'वसुधैव कुटुम्बकम' एवं 'जय जगत' की भावना का परचम लहरायेगी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर, जनपद-चन्दौली**



मा अशुतोष टण्डन जी
नगर विकास मंत्री



श्री सजीव सिंह
(जिलाधिकारी-चन्दौली)

**नगर पालिका परिषद, पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर जनपद, चन्दौली**
**26 जनवरी 2021 को 72वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर**
**आप सभी नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।**

**स्वच्छ पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर**
**सुन्दर पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर**

नगर पालिका परिषद, पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर जनपद, चन्दौली में घर-घर में अमृत योजना के तहत पानी का कनेक्शन दिया गया है।

**एक नया सवेरा लायेगें।**
**पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर को स्वच्छ और सुन्दर बनायेंगे।**

- कूड़ा-करकट निर्दिष्ट स्थानों पर ही समय से फेकें तथा सफाई कार्य में नगर पालिका का सहयोग करें।
- घर में जनित कूड़े को गीला व सूखा अलग अलग डस्टबीन में डाले।

**"बराबर का साथ निभाए,**
**महिलायें अब आगे आए"**

- कर का भुगतान समय से करें।
- नगर पालिका परिषद, पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर जनपद, चन्दौली में जल्द ही कर भुगतान की ऑनलाईन सुविधा कर दी जायेगी।
- जन्म-मृत्यु का पंजीकरण अवश्य करायें।
- वृक्षों की रक्षा करें।
- पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने हेतु वृक्ष लगायें व वृक्षों की देख-भाल करें।

**'महिलाओं को सशक्त करना है'**
**'मनावता में नया रंग भरना है।'**

- सेनिटाईजर का प्रयोग करें।
- पॉलिथीन का प्रयोग न करें।
- जन-जन तक संदेश पहुंचाना है, पर्यावरण को बचाना है।



(कृष्ण चन्द्र)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
पं0 दीनदयाल उपाध्याय
नगर चन्दौली

**'महिलाओं को दो सम्मान,**
**'तभी प्रगति करेगा हिन्दुस्तान।**

1.श्रीमती रीना देवी, 2. सुश्री शुभम् भारती, 3. श्री सिकन्दर पासवान, 4. श्री रवि सोनकर, 5. श्री भरत सिंह चौहान, 6. श्रीमती मनीषा यादव, 7. श्री विनय यादव (डब्बू). 8. श्रीमती माया देवी. 9 श्रीमती शीला देवी, 10. श्री वकार जाहिद, 11. श्रीमती सन्तरा देवी, 12, श्रीमती रेखा देवी, 13. श्री जितेन्द्र गुप्ता, 14. श्रीमती पिंकी शर्मा, 15. श्री नायाब अहमद रिकू श्रीमती मुर्शिदा वेग, 17. श्री अशोक कुमार जायसवाल, 18. श्रीमती निधि तिवारी, 19. श्रीमती सरिता पटेल. 20. श्री सुनील विश्वकर्मा 21. श्रीमती आरती यादव, 22. श्रीमती प्रियंका तिवारी, 23. मो० ईशा खॉ. 24. श्री बृजेश गुप्ता, 25. श्री राजेश जायसवाल 26 श्री अशोक सोनकर, 27 श्री आन्नद मोहन चौरसिया, 28 श्री विशाल तिवारी, 29 श्री विकास सिंह, 30 श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता।



(सन्तोष खरवार)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
पं0 दीनदयाल उपाध्याय
नगर चन्दौली

सभासद गण
नगर पालिका परिषद
पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर-चन्दौली।

पत्रांक : 460/अ0अ0/न0पा0प0पं0दी0उ0न0/2020-21 दिनांक : 23 जनवरी 2021

# कार्यालय नगर पालिका परिषद रायबरेली

पत्रांक–मेमो/न0पा0परि0रा0/सा0/विज्ञापन/2020–21 दिनांक–25.01.2021

नगर पालिका परिषद रायबरेली नगर के समस्त नागरिको को (26 जनवरी) गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनायें प्रेषित करते हुये उनके सुख समृद्धि की कामना करती है, साथ ही उनसे निम्न अपील करती है :-



अदिति सिंह
सदर विधायक

## अपील

1. यह नगर आपका है इसे स्वच्छ रखे, तथा गीला और सूखा कचरा अलग–अलग कूडेदान में ही डालें। गीला कचरा हरे डस्टबिन में सूखा कचरा नीले डस्टबिन में डाले।
2. घरो के कूलरों की नियमित सफाई करें, घर में कहीं भी जल एकत्र न होने दे, जिससे डेंगू/मच्छर जनित रोगो से बचाव किया जा सके।
3. स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में प्रतिभाग कर टोलफ्री नं0–1969 पर फोन कर पूछे गये आसान सवालो का सकारात्मक उत्तर देकर रायबरेली को न0–01 बनाने में सहयोग करें।
4. पॉलिथीन सरकार द्वारा पूर्णतय प्रतिबन्धित है इसका प्रयोग न करें।
5. सार्वजनिक सडको, नालो, नालियों, पार्कों आदि पर अतिक्रमण न करें, न किसी को करने दें।
6. खुले में शौच न करे, शौचालय का प्रयोग करें।
7. डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में सहयोग करें तथा यूजर चार्ज का भुगतान समय से करें।
8. कोविड–19 (कोरोना) के दृष्टिगत सामाजिक दूरी का पालन अवश्य करें।
9. कोविड–19 (कोरोना) के दृष्टिगत मास्क अवश्य लगायें।








बाल मुकुन्द मिश्रा
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद रायबरेली

पूर्णिमा श्रीवास्तवा
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
रायबरेली

# कार्यालय नगर पालिका परिषद मुबारकपुर, आजमगढ़।

**26 जनवरी 2021 गणतन्त्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त नगरवासियों का नगर पालिका परिषद मुबारकपुर हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत करती है तथा समस्त आम जनता से निम्न अपेक्षा करती है।**

01 नगर आपका का है इसे स्वच्छ रखने में नगर पालिका का सहयोग करे।
02 स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 मे नगर पालिका परिषद मुबारकपुर को प्रथम स्थान दिलाने के सहयोग करे।
03 नगर पूर्णरूप से ओ0डी0एफ0 घोषित हो गया है खुले में शौच एवं पेशाब न करे।
04 शासन द्वारा पूर्ण रूप से प्लाटिक, थर्माकोल आदि को प्रतिबन्धित कर दिया गया है इसका उपयोग न करें।
05 नगर का वातावरण शुद्ध बनाने में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करे ताकि मुबारकपुर स्वच्छ एवं स्वस्थ हो।
06 सार्वजनिक गली, रास्ते, मैदान, पोखरी, नाला/नाली आदि पर अवैध अतिकमण न करे।
07 जन्म एवं मृत्यु निर्धारित अवधि 21 दिवस के अन्दर अवश्य दर्ज कराये।
08 जल ही जीवन है इसे अनावश्यक न बहने दें।
09 सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे इससे नुकसान होने से बचाये।
10 गृहकर, जलमूल्य एवं अन्य कर का भुगतान समय से करें।
11 प्रकाश बिन्दुओ को न तोडे, दिन में एल0ई0डी0 जलती पायी, जाय तो पालिका प्रशासन को अवगत कराये।
12 सार्वजनिक गली, स्थान आदि में अपने भवन निर्माण की सामग्री, मलबा आदि को रखकर अतिक्रमण न करे।
13 बिना पालिका की स्वीकृति के भवन निर्माण न करे।
14 कूड़ा प्रतिदिन रात्रि में कूड़े वाले स्थान पर डाल दे तथा पालिका द्वारा कूड़ा उठवाने के बाद कूड़ा सड़क पर न फेंके।
15 मॉस, मछली, बकरा गोश्त, मुर्गा, को आदि खुला न बेचे।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद मुबारकपुर**
**आजमगढ़।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद मुबारकपुर**
**आजमगढ़।**

पत्रांक 15/न0पा0प0मु0 वर्ष 2020–21/दिनांक 22 जनवरी 2021

# कार्यालय नगर पंचायत जीयनपुर – आजमगढ़

पत्राक–मेमो/न0प0जी0/2020–21 दिनाक–25.01.2021

**26 जनवरी 2021 गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर सर्वांगिण विकास के पथ पर अग्रसर**

## नगर पंचायत जीयनपुर

**नगर वासियों का हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन करते हुए नागरिकों से निम्न अपेक्षाएं करती है।**

1. पॉलिथिन का प्रयोग न अपने करें न दूसरो को करने दें।
2. खुले में शौच न करें न ही दुसरों को करने दें खुले में शौच करना दण्डनीय अपराध है।
3. वातावरण शुद्ध रखने के लिये प्रत्येक व्यक्ति वृक्ष लगाने का संकल्प लें।
4. वृक्षारोपण किये गये वृक्षों की सुरक्षा करें।
5. सफाई में सहयोग करें, कूड़ा कचरा कूडेदान में ही रखें।
6. जल ही जीवन है खुली टोटी न रखें।
7. जन्म/मृत्यु का पंजीयन 21 दिनों के अन्दर अवस्य करायें।
8. नगर पचायत द्वारा लगाये गये बिन्दुओं को क्षति न पहुचायें एवं एल0ई0डी0 लाईट जलाने व बुझाने में नगर पंचायत का सहयोग करें।
9. यह नगर आपका है इसे स्वच्छ रखने में नगर पंचायत का सहयोग करें।
10. गृहकर एवं जलमूल्य का भुगतान समय से करें।




अखिलेश कुमार यादव
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत जीयनपुर
आजमगढ़

एखलाक अहमद
लिपिक
नगर पंचायत जीयनपुर
आजमगढ़

हरिशंकर यादव
अध्यक्ष
नगर पंचायत जीयनपुर
आजमगढ़

**26 जनवरी 2021 गणतन्त्र दिवस के पर्व पर नगर पंचायत बिलरियागंज आजमगढ़ नगरवासियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करती है तथा नगरवासियों से निम्न अपेक्षाऐं करती है।**

**वृक्ष धरा का भूषण है। करता दूर प्रदूषण है।।**
**मन में यह संकल्प जगाये। प्लास्टिक कभी प्रयोग में लायें।।**
**स्वच्छता अपनाये। बीमारी दूर भगाये।।**

**वैश्विक महामारी कोविड–19 कोरोना वायरस संक्रमण से नागरिकों को बचाव व जागरूक किये जाने हेतु नगर पंचायत बिलरियागंज आजमगढ़ के नगरवासियों से अपील है कि–**

1 घर में रहे, सुरक्षा के लिए मास्क पहने तथा सेनिटाईजर का इस्तेमाल करें, हाथों को बार–बार एवं साफ पानी से 20 सेकेंड तक अच्छी तरह से धोएं।
2 बेवजह अपनी आँखें, नाक या मुँह न छुए, दरवाजे के हेण्डल आदि को न छुए, खाँसी, बुखार के लक्षण व सांस लेने में तकलीफ हो तो नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र तुरन्त जाएं।
3 प्लास्टिक/थर्माकोल का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबन्धित है। इस का उपयोग करता हुआ पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही एवं अर्थदण्ड का प्राविधान है।
4 जन्म–मृत्यु का पंजीकरण 21 दिन के अन्दर अवश्य करायें।
5 गृहकर, व्यवसाय कर एवं जलमूल्य की अदायगी समय से करें।
6. पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने हेतु वृक्ष लगाये एवं नगर पंचायत का सहयोग करें।
7. नं0 पं0 बिलरियागंज आजमगढ़ को ओ0डी0एफ0 घोषित कर दिया गया है। खुले में शौच करना एवं गंदगी फैलाना एक सामाजिक अपराध है। खुले में शौच करने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही एवं अर्थदण्ड लगाया जायेगा।
8. जल ही जीवन है इसे अनावश्यक न बहाये।
9. सार्वजनिक पोखरी, तालाब, मैदान सड़क नाला/नाली के उपर अवैध अतिक्रमण न करें।
10. प्रकाश बिन्दु को न तोड़ें, दिन में बल्व आदि जलता पाया जाने पर नगर पंचायत को सूचित करें।
11 नगर पंचायत द्वारा कूड़ा उठाने के उपरान्त सड़क पर कूड़ा न डाले। नगर को स्वच्छ बनाय रखने में सहयोग करें।
12 सूखा कूड़ा एंव गीला कूड़ा अलग–अलग डस्टबीन में डाले।
13. कोई ऐसा कृत्य न करें, जिससे पर्यावरण प्रदूषित हो तथा जनमानस को हानि हो।

**(मु० रफीउल्लाह आजमी)**
**लिपिक/नोडल अधिकारी**
**नगर पंचायत बिलरियागंज**
**आजमगढ़।**

**(सुरेश कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत बिलरियागंज**
**आजमगढ़।**

**(विरेन्द्र प्रसाद विश्वकर्मी)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत बिलरियागंज**
**आजमगढ़।**

**सदस्यगण : 1. तारा देवी 2. प्रमोद कुमार 3. धनश्याम मोदनवाल 4. नासरीन बानों 5 मो० साद 6. रेहाना बानों 7. जयप्रकाश यादव 8. तबरेज अहमद 9. मो० तारिक 10. मो0 आसिफ 11. ज्ञानती देवी 12. सुशील गुप्ता 13. ममता गुप्ता 14. दयाशंकर यादव**

पत्रांक–मेमो/न0पं0बि0/2020–21 दिनांक 22 जनवरी 2021

# कांग्रेस का हाल

## समन्वय का अभाव

**कांग्रेस ने** हाल ही में मतभेद दूर करने के प्रयास किए हैं, लेकिन इनसे समाधान के बजाय समस्यायें ज्यादा पैदा हो गई हैं। आश्चर्य है कि आखिरकार भारत की 'सबसे पुरानी पार्टी' को क्या हुआ है? कांग्रेस द्वारा नए अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया शुरू करने के चार महीने बाद कांग्रेस कार्यसमिति ने शुक्रवार को सर्वसम्मति से इसे जून तक स्थगित कर दिया। क्या कांग्रेस यह नहीं समझती है कि वह देश में एक के बाद दूसरे राज्य में पराजय के बाद तेजी से अपनी प्रासंगिकता खोती जा रही है? मई या उससे पहले राज्यों में विधानसभा चुनावों के पहले क्या पार्टी को ऐसा नेता नहीं चुन लेना चाहिए जो अपनी पराजयों को उलटने की रणनीति बना सके? स्पष्ट है कि राहुल गांधी अपनी मां की बहुत इच्छा के बावजूद शिखर पर नहीं आना चाहते हैं। हालांकि, राहुल तेजी से ऐसे नेता के रूप में उभर रहे हैं जो अक्सर सरकार के लिए असहज करने वाले और प्रासंगिक सवाल खड़े कर प्रधानमंत्री को चुनौती देता है, लेकिन वे 'अनिच्छुक राजनेता' बने हुए हैं जो लड़ाई के बीच में सही कदम उठाने के बजाय पीछे हट जाता है। क्या कांग्रेस को स्थानीय लड़ाइयों के लिए 'वंश परिवार' से बाहर का नेता नहीं चुन लेना चाहिए? लेकिन पार्टी कार्यसमिति द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार यह सुनिश्चित होगा कि नए अध्यक्ष को पांच विधानसभा चुनाव परिणामों का जिम्मेदार न ठहराया जा सके। ऐसे में यह सोचना गलत न होगा कि एक बार फिर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी गांधी परिवार के वंशज को मिलेगी। क्या पार्टी को अपने अनेक वरिष्ठ नेताओं में विश्वास नहीं है के वे पार्टी को विजय के रास्ते पर ले जाने में सक्षम हैं और इस प्रकार उसकी राजनीतिक प्रासांगिकता का विस्तार कर सकते हैं? अथवा क्या नेता बदलने के बजाय स्वामिभक्त लोगों द्वारा जमीनी स्तर पर पार्टी का संचालन ज्यादा अच्छा है? क्या 'सबसे पुरानी पार्टी' में इतनी दुश्मनी है कि उसके सदस्य इससे ऊपर उठ कर कांग्रेस और इस प्रकार देश के भविष्य के लिए कुछ बेहतर कर सकें? सभी जानते हैं कि किसी देश में लोकतंत्र को प्रासांगिक व जीवन्त बने रहने के लिए एक मजबूत विपक्ष जरूरी है जो सरकार को लगातार सतर्क बनाए रखे। लेकिन विपक्षी एकता बनाने के सारे प्रयास विफल हो गए हैं क्योंकि वरिष्ठ नेता, जैसे चंद्रबाबू नायडू, ममता बनर्जी, शरद पवार, आदि एक युवा और अनुभवहीन नेता के सामने झुकने को तैयार नहीं हैं जो कभी मुख्यमंत्री भी न रहा हो। इसके साथ ही इनमें से प्रत्येक में प्रधानमंत्री बनने की इच्छा है। ऐसे में कोई कद्दावर विपक्षी नेता वंश-परिवार के समक्ष झुकने को तैयार क्यों होगा? इसका नतीजा यह है कि आज देश में एक कमजोर और बिखरा हुआ विपक्ष है तथा कोई नेता केन्द्र में वैकल्पिक सरकार बनाने व प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने में सक्षम नहीं है। शर्म की बात है कि जब कांग्रेस को भावी विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति बनानी चाहिए तब वह आंतरिक चुनावों को लेकर टकराव में फंसी है। कांग्रेस कार्यसमिति-सीडब्लूसी के चुनाव 1998 में उस समय हुए थे जब सोनिया गांधी कांग्रेस अध्यक्ष बनीं थी। कांग्रेस को स्पष्ट रूप से अपने तथा देश के लिए पार्टी की स्थिति सुधारनी चाहिए।



# नौकरी बनाम स्व-रोजगार

सभी लोगों को यह सीखने की जरूरत है कि एक बड़ी कंपनी कैसे चलाई जाए। वास्तव में छोटे उद्यमों की बहुत संभावनायें हैं, पर मुझे संदेह है कि स्कूल इसके बारे में कोई शिक्षा दे सकेंगे।



**प्रफुल्ल गोराडिया**
(लेखक, लोकप्रिय स्तंभकार हैं।)



**वर्तमान रोजगार बाजार में अनेक महिलाएं बड़ी संख्या में नौकरियों की तलाश में हैं जहां पहले केवल पुरुषों का एकाधिकार था। हमने पहले कभी वायुसेना में महिला फाइटरों के बारे में नहीं सुना है, पर अब वे यथार्थ बन गई हैं। दूसरी ओर कोविड-19 संक्रमण के कारण अनेक रोजगार नष्ट भी हुए हैं।**

**वर्तमान** समय में दुनिया में केवल आधे रोजगार योग्य लोगों के पास नौकरियां हैं, अत: नौजवानों द्वारा स्व-रोजगार के बारे में सोचने का समय आ गया है। आजीविका के लिए किसी उद्यम के स्वामित्व व उसके संचालन से अच्छा और कुछ नहीं हो सकता है। हालांकि, इधर हाल में भारत में कुछ कंपनियों ने वेतन-भत्तों में भारी वृद्धि की है जो छोटे या मझोले उद्यम या बिजनेस के मुनाफे से अधिक हैं। इसके बावजूद किसी उद्यम का स्वामित्व सर्वोच्च स्तर पर वेतन से अधिक संतोषजनक होता है। एक बड़े उद्यम के मुख्य कार्यकारी को केवल वेतन या भत्तों के अलावा अनेक अन्य लाभ होते हैं। बड़े पैमाने पर काम करने तथा और विस्तार करने की क्षमता प्राप्त करना अपने आप में बहुत बड़े संतोष का विषय है। कोई उद्यम जितना बड़ा होता है, उतना ही उसका बाजार और प्रभाव बड़ा होता है तथा सीईओ को रिपोर्ट करने वाले लोग भी उतने अधिक होते हैं। कुछ मुख्य कार्यकारियों का अनुभव है कि एक मझोले उद्यम से यह संतोष नहीं मिल सकता है। 1980 तक मैं एक कंपनी का प्रमुख था जिस पर कोई सवाल नहीं उठते थे और उसमें 25,000 लोग काम करते थे। मेरे अपने बिजनेस-उद्योग में वह संतोष नहीं मिल रहा है जो अपने आकार के अनुसार सफल है। एक संगीतज्ञ के लिए एक बड़े पियानो को बजाने का आनन्द एक हारमोनियम बजाने से बहुत अधिक है, भले ही पियानो किसी और का हो और हारमोनियम उसकी अपनी। ऐसे में पियानो छीन लेने से होने वाला कष्ट और अपमान पहले मिलने वाले आनन्द की तुलना में बहुत अधिक होगा। इसके बावजूद यदि मेरा पुनर्जन्म हो तो मैं अपना बिजनेस जल्दी शुरू करना चाहूंगा। लेकिन मुझे यह उल्लेख अवश्य करना चाहिए कि बड़े संगठन के लिए काम से एक खास अनुशासन और कार्य पद्धति मिलती है जो छोटे संगठन से विरले ही संभव है। ज्यादातर लोग जानते हैं कि प्रबंधन विज्ञान या बिजनेस प्रबंधन एक विषय है जिसकी शुरुआत प्रथम विश्व युद्ध में जर्मन सेना के एक अधिकारी ने की थी। उसने निर्धारित किया था कि कोई प्रभावी संगठन आर्थिक रूप से कैसे गठित होकर बेहतर काम कर सकता है। इसका एक उदाहरण लोकप्रिय 'टूथ टु टेल रेशियो' है। इसके अनुसार एक डिवीज़न सैनिक अपनी लड़ाकू क्षमता अधिकतम बनाते हैं तथा राइफलों और मशीनगनों के साथ मोर्चे पर न्यूनतम सैनिकों की तैनाती सक्षम बनाते हैं। बाद में पता चला कि ब्रिटिश सेना में इसका अनुपात 1:10 है, जबकि जर्मन सेना में यह 1:4 था। इस आधार पर जर्मन लड़ने तथा दुश्मन को मारने में ढाई गुना ज्यादा सक्षम थे। इससे यह छवि नहीं बननी चाहिए कि मैं एक बड़ी कंपनी बनाने के लिए सेना को आदर्श उदाहरण मानता हूं। मैंने तो केवल एक शताब्दी पहले का एक उदाहरण दिया है। वर्तमान संदर्भ में सेना में युद्धरत सैनिकों व अधिकारियों को अनेक स्तरों में विभाजित किया जाता है।

एक बेहतर प्रशिक्षण से निगरानी या नेतृत्व के कम स्तरों की आवश्यकता होती है। इसके उलट छोटे बिजनेसों को ज्यादा विविधतापूर्ण पुरुषों व महिलाओं की आवश्यकता होती है। उनको ऐसे लोगों की आवश्यकता होती है जो अनेक काम कर सकें क्योंकि कंपनी जितनी छोटी होती है, उतनी ही कम संख्या में वह लोगों को नौकरी दे सकती है। विश्व परिदृश्य पर गौर करने से स्पष्ट है कि केवल आधे रोजगार करने योग्य लोगों को नौकरियां मिल पाती हैं। आधे लोग स्व-रोजगार करते हैं जिनमें सबसे अमीर उद्यमी व छोटे फेरी लगाने वाले तक शामिल हैं। संदेश यह है कि रोजगार के लिए बाजार आने वाले दो नौजवानों में से एक को स्व-रोजगार तलाशना चाहिए। यदि किसी को विधि, चिकित्सा, एकाउंटेंसी या ऐसे ही पेशों की शिक्षा मिली हो तो वह जानता है कि क्या करना चाहिए। ऐसा न होने पर कोई बिजनेस में अपनी किस्मत आजमा सकता है। बिजनेस परिवारों से संबंध न रखने वाले नौजवानों को इस स्थिति में नुकसान उठाना पड़ सकता है। बिजनेस प्रबंधन अध्ययनों का संबंध अनेक सिद्धान्तों व वाणिज्य संबंधी विषयों से है। लेकिन वे विरले ही यह सलाह देते हैं कि यदि किसी को कोई अनुभव न हो तो वह बिजनेस की स्थापना कैसे करे। कुछ सफल उद्यमियों ने अपनी जीवन कथाएं लिखी हैं जिनसे शुरुआत में लोग सीख सकते हैं। हालांकि, शैक्षिक पुस्तकों के प्रकाशकों ने समुचित बिजनेसमैनों को इस बात के लिए प्रेरित नहीं किया है कि वे इस क्षेत्र में खाली स्थान भरें। इस संदर्भ में एक सतर्कता बरतने की जरूरत है। बिजनेस शुरू करने वाला या कोई अकादमीशियन सचमुच लाभदायक पुस्तक लिखने में सक्षम नहीं होगा। केवल बिल्कुल शुरुआत से अपना

बिजनेस शुरू करने वाला ऐसे लेखक के रूप में सफल हो सकता है। मेरा तर्क तात्कालिक महत्व का है क्योंकि वर्तमान रोजगार बाजार में अनेक महिलायें बड़ी संख्या में नौकरियों की तलाश में हैं जहां पहले केवल पुरुषों का एकाधिकार था। हमने पहले कभी वायुसेना में महिला फाइटरों के बारे में नहीं सुना है, पर अब वे यथार्थ बन गई हैं। दूसरी ओर कोविड-19 संक्रमण के कारण अनेक रोजगार नष्ट हुए हैं। क्या सभी दूकानें बनी रहेंगी या उनके स्थान पर होम डिलीवरी का वर्चस्व हो जाएगा? रोजगार पर घर से काम का क्या प्रभाव पड़ेगा? परिवार में बिजनेस की कोई परंपरा न होने के कारण मैंने एक बड़ी कंपनी में 23 साल तक कार्यकारी का काम किया। बहुराष्ट्रीय निगमों में पहचान बनाने के बाद मैंने ठेका निर्माण का काम शुरू किया। इससे मुझे ऐसी ही वस्तुओं के निर्माण व बिक्री के लिए छोटी फैक्ट्रियां स्थापित करने में सहायता मिली। यह एक उदाहरण है कि कोई नौसिखिया कैसे अपना उद्यम शुरू कर सकता है। लेकिन एक आयाम निश्चित है कि संबंधित व्यक्ति को असुरक्षा का अपना भाव छोड़ना पड़ेगा। कभी-कभी सुरक्षित नौकरी की सुरक्षा बीमारी की तरह खराब हो सकती है। भारत को अपने बिजनेस प्रबंधन स्कूलों पर गर्व है जिन्होंने प्रथम श्रेणी के कार्यकारी तैयार किए हैं। लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि

हमारे विशिष्ट लोगों में से कितने लोगों ने अपने उद्यम स्थापित किए हैं? मुझे लगता है कि छोटे उद्यमों के लिए ऐसे स्कूल होने चाहिए। एक लांड्री, एक रेस्टोरेंट, एक किराने की दूकान और एक पान वाला भी बिजनेस करता है जिसमें सीखने और उसके रास्ते पर चलने के लिए बहुत कुछ होता है। सभी लोगों को यह सीखने की जरूरत है कि एक बड़ी कंपनी कैसे चलाई जाए। वास्तव में छोटे उद्यमों की बहुत संभावनायें हैं, पर मुझे संदेह है कि स्कूल इसके बारे में कोई शिक्षा दे सकेंगे।

# विश्व इतिहास में अगला कदम

**"अमेरिका और चीन टकराव में उलझे रहेंगे और भारत विकसित देशों की कतार में शामिल हो जाएगा। मेरे विचार से विश्व इतिहास में अगला कदम दो घटनाओं से निर्धारित होगा, अमेरिका और चीन के बीच टकराव तथा भारत का विकसित देशों की कतार में शामिल होना।"**

**मार्कण्डेय काटजू**
(लेखक, सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश हैं।)



**अमेरिका** और चीन टकराव में उलझे रहेंगे और भारत विकसित देशों की कतार में शामिल हो जाएगा। मेरे विचार से विश्व इतिहास में अगला कदम दो घटनाओं से निर्धारित होगा, अमेरिका और चीन के बीच टकराव तथा भारत का विकसित देशों की कतार में शामिल होना। दुनिया में आज दो महाशक्तियां हैं, अमेरिका और चीन। दोनों के बीच अंतर यह है कि चीन आक्रामक एवं विस्तारवादी है, जबकि अमेरिका रक्षात्मक स्थिति में है। इसलिए चीन की तुलना 1930 के दशक व 1940 के दशकारंभ वाले नाजी साम्राज्यवादियों से की जा सकती है, जबकि अमेरिका की तुलना तत्कालीन ब्रिटेन व फ्रांस से हो सकती है जो रक्षात्मक स्थिति में थे। उस समय दुनिया को असली खतरा ब्रिटिश या फ्रेंच के बजाय नाजी जर्मनी से था। आज चीन अपने 3.2 टिंलियन डालर विदेशी मुद्रा भंडार के साथ आाक्रामक रूप से कच्चे माल, निवेश तथा नए बाजारों की खोज दुनिया भर में कर रहे हैं। हिटलर के साम्राज्यवाद की तरह वे विश्व शांति के लिए असली खतरा हैं। चीन पर मुख्यत: अमेरिका ही लगाम लगा सकता है। इसलिए उनके बीच टकराव होना अवश्यंभावी है। हालांकि, वर्तमान समय में दोनों के बीच यह टकराव खुले युद्ध का रूप नहीं लेगा क्योंकि दोनों के पास नाभिकीय हथियार हैं। लेकिन सीमित टकराव व्यापार युद्ध तथा दक्षिण चीन सागर में होने वाली घटनाओं के रूप में हो सकते हैं। जहां तक भारत के उभरने का सवाल है, वर्तमान युग में वास्तव में केवल दो दुनिया हैं। एक विकसित देशों की है जिसमें उत्तर अमेरिका, यूरोप, जापान, आस्ट्रेलिया और चीन जैसे देश शामिल हैं, जबकि दूसरी दुनिया अल्पविकसित देशों की है जिसमें भारत तथा एशिया, अफ्रीका व लैटिन अमेरिका के अन्य देश शामिल हैं। भारत विकसित देशों की कतार में शामिल होने के रास्ते पर बढ़ रहा है। 18वीं शताब्दी में इंग्लैंड में शुरू हुई औद्योगिक क्रान्ति के पहले इसका विस्तार सभी जगह हुआ। यह मुख्यत: सामंती कृषि समाजों में हुआ। उत्पादन का सामंती तरीका इतना पिछड़ा था कि इससे बहुत कम संपदा सृजित होती थी। इसके परिणामस्वरूप केवल मुट्ठी भर राजा और सामंत अमीर होते थे, जबकि बाकी लगभग 95 प्रतिशत जनता गरीब बनी रहती थी। औद्योगिक क्रान्ति के बाद इस स्थिति में तेजी से बदलाव हुआ। अब आधुनिक उद्योग इतना शक्तिशाली और विशाल है कि उससे सबको अच्छा जीवन बिताने के लिए काफी संपदा का सृजन होता है। इसके बावजूद दुनिया की 75 प्रतिशत जनता, खासकर अल्पविकसित देशों में गरीब है। इन अल्पविकसित देशों का लक्ष्य विकसित देश बनना होना चाहिए।



इस प्रकार 21वीं शताब्दी तथा इतिहास का अगला चरण अल्पविकसित देशों की जनता के लिए संघर्ष होगा जो ऐतिहासिक परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ेगी। ऐसा न होने पर वह कभी गरीबी, बेरोजगारी, भूख, स्वास्थ्यरक्षा की कमी व अन्य बुराइयों से बाहर नहीं निकल सकेगी। मुख्यत: ये शक्तियां निहित स्वार्थी तत्वों के खिलाफ हैं जो ऐतिहासिक परिवर्तनों का विरोध करते हैं। यह काम आसान नहीं है, लेकिन देशभक्तों को इसी दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। इस प्रक्रिया में भारत को अल्पविकसित देशों का नेतृत्व करना चाहिए क्योंकि वह इनमें सर्वाधिक विकसित है तथा विकसित देशों की कतार में शामिल होने जा रहा है। भारत में तकनीकी प्रतिभा का बहुत बड़ा भंडार है, उसके पास हजारों इंजीनियर व तकनीकविद तथा वैज्ञानिक हैं। भारतीयों ने कैलीफोर्निया की सिलिकान वैली के विकास में असाधारण योगदान दिया है तथा अनेक अमेरिकी विश्वविद्यालयों में विज्ञान, इंजीनियरिंग व गणित विभागों में भारतीय प्रोफेसर हैं। इसके साथ ही भारत के पास विशाल प्राकृतिक संसाधन हैं। लेकिन अनेक भारतीयों में वास्तविक देशभक्ति की भावना की कमी है तथा राजनीतिक नेतृत्व उनको अब तक जाति व धर्म के सामंती आधारों पर विभाजित करता रहा है। इससे भारत की प्रगति बाधित होती है। हालांकि, अब भारतीय विभाजनकारी राजनीति को छोड़ रहे हैं तथा राजनेता पहले के किसी अन्य समय की तुलना में ज्यादा एकजुट हो रहे हैं। वर्तमान समय में जारी किसान आंदोलन एक परिवर्तनकारी कदम सिद्ध हो सकता है। इससे भारत को विकसित देश बनने के लिए समुचित ऊर्जा मिल सकती है।

## आप की बात

### सहयोग की पहल

**अभी हाल** ही में भारत ने विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू किया था और यह लगातार प्रगति कर रहा है।भारत में बहुत सारे हैल्थवर्कर्स को टिका लग चुका है अब धीरे धीरे जन मानस को टीका पहुंचाने की तैयारी है। इसी बीच भारत ने अपने पड़ोसी देशों को भी कोविड 19 का टीका उपलब्ध कराया है। हाल ही में भारत ने भूटान मालदीव, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार और सेशेल्श को कोविड 19 टीके की खेप दी है। इसके साथ साथ भारत श्री लंका अफ़ग़ानिस्तान, मॉरीशस से टिके की आपूर्ति के लिये जरूरी नियामक मंजूरी की प्रतीक्षा कर रहा है। भारत की यह एक बहुत अच्छी और सराहनीय मदद है। इससे भारत को अनेक फायदे होंगें। साथ ही साथ भारत का दक्षिण एशिया में वर्चस्व बढ़ेगा। इससे भारत के अपने पड़ोसी देशों के साथ रिश्ते और मजबूत होंगे। दक्षिण एशियाई अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के साथ साथ निर्यात से भारत को अर्थव्यवस्था में भी मजबूती मिलेगी। बतातें चले कि भारत दुनिया के बड़े टीका निर्माताओं में एक है। इसलिए कोरोना का टीका खरीदने के लिए भारत से कंबोडिया और ब्राज़ील समेत कई देशों ने टीका हासिल करने के लिए संपर्क किया है।

**सुदर्शन सोराड़ी,** नैनीताल

### कूड़ा खाने को मजबूर जानवर

**पूरी दुनिया में** हर रात लाखों लोग खाने का दुरुपयोग करते है और दूसरी तरफ करीब 69 करोड़ लोग भूखे पेट भी सोते हैं लेकिन करोड़ों जंगली जानवरों की भी यही कहानी है। लोग अपना सुख-दु:ख एक दूसरे के साथ बांट तो लेते हैं परन्तु जानवर तो वह भी नहीं कर सकतें। बहरहाल दुनिया में इस समय बड़े आकार के क़रीब 130 करोड़ जंगली जानवर हैं परन्तु इंसानों के लालच ने इन जानवरों को भूखा मरने पर मजबूर कर दिया है। श्रीलंका में हाथियों का एक बड़ा दल मजबूर है, कूड़े के ढेर में रोज़ अपने लिए खाना ढूंढने के लिए। श्रीलंका में एक बडा लैंडफिल है, जिसका नाम अमपारा हैं व उस लैंडफिल के आस पास जंगल है जहां 200 से 300 हाथी रहते हैं लेकिन भूख से परेशान यह हाथी अक्सर इस कूड़े के ढेर में खाना ढूंढने आ जाते हैं एंव कई हाथी तो कूड़ा और प्लास्टिक खाकर मर भी जाते हैं। हाल ही में एक तस्वीर ने पूरी दुनिया को यह सोचने पर मजबूर कर दिया था कि जो हाथी इंसानों से भी पहले से इस पृथ्वी का हिस्सा रहे हैं व जिन्हें कभी प्रकृति ने भूखा नहीं रहने दिया, आज वो हाथी इतने मजबूर कैसे हो गए कि उन्हें इंसानों द्वारा फेंके गए कूड़े में अपना खाना ढूंढना पड़ रहा है।

**निधि जैन,** लोनी, गाजियाबाद

### चीन से टकराव

**भारत द्वारा** अपने पास मौजूद सभी विकल्पों पर आगे बढ़ने के कारण चीन एलएसी पर दबाव के नए बिंदु बना रहा है। वह इनका विस्तार कर सैन्यीकरण कर सकता है जो उसकी हिंद-प्रशांत रणनीति, खासकर हिंद महासागर क्षेत्र में रणनीति का हिस्सा है। उत्तरी सीमा और एलएसी पर चुनौती का सामना कर रहे भारतवर्ष ने मलक्का क्षेत्र में चीन की नौसेना पर दबाव डालना शुरू किया है। हिंद महासागर के इस क्षेत्र से रोज 6 से 7 विशाल चीनी टैंक 10 मिलियन बैरल तेल लेकर गुजरते हैं। भारत चीन पर मलक्का क्षेत्र में अपनी उपस्थिति से दबाव डालना चाहता है। भारत को एक समुचित जवाबी रणनीति बनानी होगी ताकि किसी प्रकार के सैनिक उकसावे से निपटा जा सके। सरकार को पीएलए की आक्रामकता से कुछ सबक सीखने चाहिए। डोकलाम में भारतीय सीमा चौकी को स्थिति पर सतर्क नजर रखनी चाहिए क्योंकि पीएलए के सीमा पार करने पर उसे सबसे पहले जवाबी प्रतिक्रिया करनी होगी। सदैव सतर्कता बनाए रखनी चाहिए तथा लगातार सैनिक क्षमता बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

– **विमल चंद्र,** प्रयागराज

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**मतदाता** दिवस निर्वाचन आयोग द्वारा हमारे लोकतांत्रिक ताने-बाने को मजबूत करने और चुनावों के सुचारू रूप से आयोजन में उल्लेखनीय योगदान की सराहना करने का अवसर है।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**किसी को** भी जय श्री राम कहने को मजबूर नहीं किया जा रहा और इस तरह के नारों में बुरा मानने की कोई बात नहीं है।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



**भाजपा लगातार** बंगाल की महान शख्सियतों का अपमान कर रही है और नेताजी भी इस फहरिस्त में शामिल हो गए हैं।

– **ममता बनर्जी**
मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल

# कई स्थानों पर हजारों लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

● जिलाध्यक्ष समेत अवधेश द्विवेदी के नेतृत्व में भाजपा के हमराही हुए लोग

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**भारतीय जनता** पार्टी द्वारा देश और समाज हित में किए जाने वाले कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले लोगों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है।श्रवण क्षेत्र मण्डल के बहुजन समाज पार्टी नेता चंदन पटेल के नेतृत्व में कई गावों के हजारों बसपा कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा की कार्यशैली और भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा से भव्य समारोह में ग्रहण किया।


भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने सैकड़ों लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराने के उपरान्त आयोजित सदस्यता ग्रहण समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवा और गरीब जनता प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ के देश हित और जनहित में लगातार किए जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में जनपद में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। भाजपा सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के नारे को आत्म सात कर सभी के सम्मान और कल्याण के लिए कार्य कर रही है।


भाजपा में शामिल होने पर पार्टी का झण्डा पकड़ाते जिलाध्यक्ष

कटेहरी विधान सभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी ने सदस्यता ग्रहण समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि यशस्वी भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा एवम् संगठन के प्रति बढ़ रहे विश्वास और भरोसा का प्रतिफल है कि लगातार भाजपा में शामिल होने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता की पार्टी के प्रति बढ़ रहे विश्वास से आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में सभी पदों पर भाजपा कार्यकर्ता चुनाव जीत कर इतिहास रचते हुए गावों का विकास करेंगे। बहुजन समाज पार्टी नेता चंदन पटेल के नेतृत्व में पूर्व भाजपा प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी के प्रयास से भाजपा जिलाध्यक्ष की कार्य शैली से प्रभावित होकर चंदन पटेल सहित सैकड़ों लोगों को भाजपा जिलाध्यक्ष ने भाजपा का झंडा थमाकर और पटका पहना कर सदस्यता ग्रहण कराते हुए स्वागत किया।सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य दीप राज वर्मा, हरीलाल, विश्वप्रतापमिश्र, प्रमोदवर्मा, सुनीता वर्मा, माया लाल गुप्ता, सौरभ वर्मा, दीनदयाल, शिव पूजन, अविनाश वर्मा, विमल वर्मा, प्रेम कुमारी, खुशबू, किरन, प्रकृति राज, शीला देवी, गुड्डू वर्मा, अंकित मण्डल, वृज भूषण वर्मा,विकास वर्मा, प्रमोद वर्मा, शिव कुमार, मनीष वर्मा, पंकज वर्मा, आलोक वर्मा, हौसिला यादव शामिल रहे।

सोमवार को ही भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा जी और भाजपा सरकार की जनहितकारी कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा का जनाधार आगे बढ़ाते हुए विधान सभा क्षेत्र आलापुर की जहांगीर मण्डल के करौंदी मिश्र में भाजपा मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप वर्मा के नेतृत्व में पंकज मिश्र के प्रयास से सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर भाजपा की नीतियों और कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने भाजपा में शामिल होने वाले लोगों को सदस्यता ग्रहण करने पर बधाई देते हुए कहा कि आप सभी के पराक्रम और सहयोग से भाजपा जनपद की सभी प्रकार के चुनावों में सफलता प्राप्त करेगी।जहांगीरगंज मण्डल में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से राहुल पांडेय, अजीत वर्मा, सतीश कुमार, दीपक वर्मा, इंद्रमणि पाण्डेय, राम अचल मौर्य,राम दरश पाण्डेय, विपिन पाण्डेय, श्री कांत वर्मा, विकास यादव शामिल रहे तथा सदस्यता ग्रहण समारोह में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष सुमन पाण्डेय, जिला मंत्री चंद्रिका प्रसाद, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, अनूसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष अभिषेक कन्नौजिया, आर्थिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक कमलेश मौर्य, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक उपमा पाण्डेय, राम विनय वर्मा आदि शामिल रहे।

# योगी से मिले सोनू निगम, बताया दूरदर्शी नेता



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**दुनिया** के करोड़ों लोगों को अपना चहेता बनाने वाले सीएम योगी आदित्यनाथ की फैन लिस्ट में नया नाम जुड़ गया है। प्रख्यात गायक सोनू निगम ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर भेंट की और नोएडा में प्रस्तावित फिल्म सिटी समेत कई विषयों पर वार्ता की। सोनू निगम ने अपनी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच आज की मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया है। उन्होंने इस दौरान मुख्यमंत्री की काफी तारीफ की और खुद को उनका प्रशंसक बताया। मुख्यमंत्री ने इस मुलाकात के दौरान सोनू निगम को अयोध्या के श्रीराम मंदिर शिलान्यास का सिक्का और कुंभ की एक पुस्तक भेंट की। सोनू निगम ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बहुत ही डायनामिक और दूरदर्शी नेता हैं। अगर ऐसे लोगों का नेतृत्व किसी प्रदेश या देश को मिलता है तो उसकी प्रशंसा की जानी चाहिए। यही वजह थी कि लखनऊ में था तो उनसे मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मैंने उनसे सिर्फ यही कहा है कि उनकी सोच इतनी अच्छी है कि उससे सभी को जुड़ना चाहिए। अगर हमारे लिए कोई भी सेवा हो तो हम उसमें सहयोग देने के लिए तैयार हैं।

# बालिकाओं के जीवन में मां की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है: डॉ. शिप्रा कटियार

● मिशन शक्ति अभियान के तहत अभिभावकों एवं छात्राओं को सुरक्षा की शपथ दिलाई गई

**अयोध्या।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के तहत डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के वीमेन ग्रीवेंस एंड वेलफेयर सेल द्वारा 25 जनवरी, 2021 को इंपॉर्टेंस ऑफ एडोलिसेंट गर्ल्स विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबीनार की मुख्य वक्ता डॉ0 शिप्रा कटियार, एसोसिएट प्रोफेसर, आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज फतेहगढ़ यूपी रही।

वेबिनार को संबोधित करती हुई डॉ0 शिप्रा कटियार ने कहा कि बालिकाओं को किशोरावस्था में मासिक चक्र का आना उनके जीवन का अभिन्न अंग है। इसका आना उनके स्वस्थ होने की निशानी है। उन्होंने कहा कि रज: स्त्राव के दौरान घी, चावल, खीर एवं जौव का सेवन करने से इस दौरान होने वाली परेशानियों से निजात मिल सकती है। उन्होंने कहा कि बालिकाएं अपने जीवन में कई भूमिका निर्वहन करती हैं जिसमें जननी अर्थात मां की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। इसलिए बालिकाओं का स्वस्थ होना बहुत जरूरी है। इसलिए उन्हें अपने जीवन में संतुलित आहार एवं योग पर विशेष ध्यान देना चाहिए। सेल की सह समन्वयक डॉ0 सिंधु सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत श्रृंखलाबद्ध वेबीनार का आयोजन विश्वविद्यालय में किया जा रहा है। इसमें विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा एवं आत्मसम्मान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। यह वेबिनार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के दिशा निर्देशन में हो रहा है। वेबिनार की अध्यक्षता कर रही सेल के समन्वयक प्रो0 तुहिना वर्मा ने अभिभावकों और छात्रों को महिला और बालिका सुरक्षा शपथ दिलाई। वेबिनार का संचालन सेल के सदस्य डॉ0 सरिता द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव उमानाथ, डॉ0 प्रतिभा त्रिपाठी, डॉ0 महिमा चौरसिया, इंजीनियर मनीषा यादव, इंजीनियर निधि अस्थाना, श्रीमती नीलम मिश्रा, वल्लभी तिवारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और प्रतिभागी ऑनलाइन जुड़े रहे।

# मंदिर निर्माण के लिए कनक बिहारी दास ने एक करोड़ ग्यारह लाख का सौंपा चेक

**अयोध्या।** भगवान श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण में जहां पूरा देश अपने योगदान को देने के लिए आतुर है और समर्पण अभियान के कुछ दिन में ही करोड़ों रुपए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में आ गए हैं वहीं संत भी भगवान श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण में अपनी भूमिका निभा रहे है। नगरी अयोध्या के श्री तेरह भाई त्यागी खाक चौक अयोध्या में महंत परशुराम दास जी के संयोजन में मध्य प्रदेश विदिशा छिंदवाड़ा के त्यागी संत महंत कनक बिहारी दास जी महाराज ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को 11100000 चेक समर्पित किया। इस अवसर पर चंपत राय ने बताया कि मध्य प्रदेश विदिशा छिंदवाड़ा क्षेत्र के त्यागी संत महंत कनक बिहारी दास जी महाराज ने रघुवंशी समाज के भक्तों से एकत्र करके 1करोड़ 11लाख भगवान के मंदिर निर्माण में समर्पित किया है।



श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष मणिराम दास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास जी महाराज के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास जी महाराज ने कहा कि पूरे देश से मंदिर निर्माण के लिए भक्तों से समर्पण निधि आ रही है जिसमें पूरे देश से ही नहीं विश्व के संतो काफी महत्वपूर्ण योगदान हो रहा है और वह भी अपनी भूमिका मंदिर निर्माण में अदा कर रहे है। महंत कनक बिहारी दास जी महाराज ने बताया कि अभी एक करोड़ ग्यारह लाख रुपया मंदिर निर्माण में मध्य प्रदेश से समर्पित हुआ है यह राशि अभी और बढ़ेगी और जैसे.जैसे हमारे पास मंदिर निर्माण के लिए पैसा आता रहेगा हम मंदिर निर्माण ट्रस्ट को समर्पित करते रहेंगे। इस अवसर पर रामकथा के मर्मज्ञ चंद्रांशु जी महाराज महंत धर्मदास महंत विजय रामदास एवं रघुवंशी समाज के सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

# अयोध्या के संतों महंतों ने बर्फानी दादा को अर्पित की श्रद्धांजलि

**अयोध्या।** प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या से अटूट रिश्ता रखने वाले चर्तु:संप्रदाय के श्रीमहंत योगीराज महर्षि बर्फानी दादा को पुण्य स्मृति पर याद किया गया। इस मौके पर वासुदेवघाट स्थित खाक चौक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआए जिसमें अयोध्या व सुदूर क्षेत्रों से आए हुए संत.धर्माचार्यों ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। साथ ही उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। बर्फानी दादा के शिष्य व अमरकंटक आश्रम श्रीमहंत लक्ष्मण दास मौनी बाबा ने कहाकि उनके गुरू अप्रतिम प्रतिभा के धनी संत रहे। विद्वता में उन्हें महारथ हासिल था। जिन्हें लोग लालबिहारी दास के उपनाम से भी जानते थे। विगत 23 दिसंबर को वह साकेतधाम सिधार गए। उनकी पुण्य स्मृति में सभी तीर्थ स्थलों पर साधु.संतों का विशाल भंडारा आयोजित किया गया। इसी क्रम में श्रीधाम अयोध्या के खाक चौक में भी संत.धर्माचार्यों का वृहद भंडारा हुआ। उन्होंने कहा कि बर्फानी दादा का ताल्लुक तेरा भाई त्यागी खाक चौक से रहा है। यहां के संस्थापक महंत अर्जुन दास महाराज उनके गुरु थे। वहीं खाक चौक के श्रीमहंत बृजमोहन दास ने कहा कि बर्फानी दादा का रामनगरी से बहुत ही लगाव था। यही कारण रहा कि वह प्रतिवर्ष अयोध्यानगरी आते थे। उनकी यश.कीर्ति हमेशा हम लोगों के बीच में रहेगी। अंत में श्रीमहंत लक्ष्मण दास मौनी बाबा ने आए हुए संत.महंतों का स्वागत.सत्कार किया। इस अवसर पर दशरथ महल के विंदुगाद्याचार्य महंत देवेंद्र प्रसादाचार्य, मणिरामदास छावनी उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास, दिगंबर के श्रीमहंत किशन दास नागरिया, दिगम्बर अखाड़ा महंत सुरेश दास, रसिकपीठाधीश्वर महंत जन्मेजय शरण, निर्वाणी अनी के श्रीमहंत धर्मदास, महंत गौरीशंकर दास, महंत वैष्णव दास, महंत अर्जुन दास, महंत रामकुमार दास, दशरथगद्दी महंत बृजमोहन दास, पार्षद पुजारी रमेश दास आदि उपस्थित रहे।

# यूथ आइकॉन प्रवीण गुप्ता को मिला युवाओं का राज्यस्तरीय सर्वोच्च सम्मान

● अम्बेडकर नगर के खाते में पहली बार व्यक्तिगत श्रेणी का राज्यस्तरीय विवेकानंद यूथ अवार्ड हुआ अंकित

**अम्बेडकरनगर।** बीते दिनों राज्य सरकार द्वारा घोषित परिणाम के क्रम में 24 से 26 जनवरी तक आयोजित होने वाले यूपी दिवस पर अवध शिल्प ग्राम-लखनऊ के भव्य प्रांगण में राज्यस्तरीय पुरस्कारों को मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान किया गया। बताते चलें कि पूर्व में युवाओं के इस राज्यस्तरीय सर्वोच्च सम्मान का आयोजन राष्ट्रीय युवा दिवस पर होना था किन्तु अवार्ड के महत्व को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा सभी शासन स्तरीय अवार्ड के साथ ही विवेकानंद यूथ अवार्ड देने का निर्णय लिया गया।

उक्त के क्रम में अयोध्या मण्डल से चयनित अकेले युवा प्रवीण कुमार गुप्ता को उत्तरप्रदेश शासन ने युवाओं के राज्यस्तरीय सर्वोच्च सम्मान देकर अम्बेडकर नगर का नाम पूरे प्रदेश में गौरवान्वित किया। इस गौरवशाली क्षण की खबर पाकर जिलाधिकारी ने स्वयं लोहिया भवन आमंत्रित कर जनपद के यूथ आइकॉन प्रवीण गुप्ता को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा, जिला विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह, टाण्डा विधायक संजू देवी, विधायक प्रतिनिधि श्याम बाबू, पूर्व विधायक त्रिवेणी राम, जमुना प्रसाद चतुर्वेदी जी उपस्थित रहे। बताते चलें कि इससे पूर्व युवा प्रवीण गुप्ता ने वर्ष 2017 में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय-भारत सरकार की ओर से युवा प्रतिनिधि के रूप में अम्बेडकर नगर का नाम श्रीलंका में रोशन किया था। इनके सामाजिक उन्नयन की दिशा में अनवरत प्रयासों के लिए वर्ष 2020 में इन्हें जनपद का यूथ आइकॉन (युवा आदर्श) भी नामित किया गया है। युवा प्रवीण ने बताया कि इस राज्यस्तरीय यूथ अवार्ड के अंतर्गत 50 हजार रुपये की धनराशि, एक विवेकानंद जी की प्रतिमा, एक प्रमाणपत्र एवं अंगवस्त्र प्राप्त हुआ है। उन्होंने आगे बताया कि पुरस्कार में मिली धनराशि वह अपने गांव ब्राहिमपुर कुशमा में निर्माणाधीन भव्य पुस्तकालय को सौपेंगे। प्रवीण ने बताया कि इस ग्रामीण पुस्तकालय को आगे वह अपने शिक्षा सम्बन्धी सामाजिक कार्यों से जोड़ेंगे जिसका लाभ जनपद के सभी गरीब मेधावी छात्रों को मिलेगा।



# कलेक्ट्रेट में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का हुआ आयोजन

● जिलाधिकारी ने कहा, युवा ही हैं देश का भविष्य

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**जिलाधिकारी** राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गोष्ठी के माध्यम से राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। जनपद के समस्त तहसीलों ब्लाकों पर भी इसका आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि युवा हमारे देश के भविष्य हैं अपने देश की लोकतंत्र के प्रति पूर्ण आस्था रखते हुए बिना किसी प्रलोभन के मतदान करने और अपने आसपास के लोगों को मतदान करने के प्रति जागरूक करें।जिलाधिकारी ने निर्वाचन की महत्ता को बताते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ मतदान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मर्यादा को बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। हमारे समाज से ही देश का निर्माण होता है। हर व्यक्ति को देश के प्रति पूरी ईमानदारी से कार्य करना होगा। तभी हम अपने लोकतंत्र की मर्यादा को बनाए रखने में सफल होंगे।नारी सशक्तिकरण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि निर्वाचन में महिलाओं को अपने मौलिक अधिकार के प्रति जागरूक होकर मतदान में अपने जेंडर रेशियो को बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि जन सामान्य में मतदाता बनाए जाने एवं मतदाताओ को अधिक से अधिक मतदान में प्रतिभाग करने हेतु प्रत्येक महिला वर्ग को अपना भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मताधिकार प्रत्येक भारतीय का अधिकार है इन्हीं अधिकारों से न्यायपालिका बनाई गई है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को लोकतंत्र के प्रति अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं में मर्यादा को बनाए रखने एवं निष्पक्ष शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को निर्भीक होकर धर्म ,वर्ग ,जाति, समुदाय,भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निर्वाचन में अपनी मताधिकार का प्रयोग करना होगा।



राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर नए मतदाताओं का सम्मान किया गया और 5 मतदाता को जिलाधिकारी द्वारा निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिए गए। साथ ही साथ निर्वाचनो के संचालन में उत्कृष्ट कार्य के लिए 5 बीएलओ को जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जिलाधिकारी अपने संबोधन में कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना दिवस के अवसर पर वर्ष 2011 से ही पूरे देश में प्रत्येक वर्ष लगभग 10 लाख से ज्यादा स्थानों पर 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता रहा है ।राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का मुख्य उद्देश्य विशेषकर नए मतदाताओं के नामांकन को प्रोत्साहित करना, सुविधाजनक बनाना तथा इसमें वृद्धि करना है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा ,अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा ,परियोजना निदेशक प्रदीप पांडे, वरिष्ठ कोषाधिकारी जगरोपन राम तथा संबंधित विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश दिवस के दूसरे दिन भी हुए विविध आयोजन

● आत्म निर्भर उत्तर प्रदेश, महिला, युवा, किसान थीम विषय पर हुई गोष्ठी

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**उत्तर प्रदेश** दिवस के दूसरे दिन लोहिया भवन में विधायक टांडा संजू देवी पहुंची।उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश महिला युवा किसान, सबका विकास सबका सम्मान थीम विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में संपृक्ति विभागों की गतिविधियों पर फोकस किया गया जिसमें प्रथम सत्र में कृषि बागवानी ,पशुपालन, दुग्ध व्यवसाय एवं मत्स्य आदि विषयों को समेकित करते हुए किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया एवं द्वितीय सत्र में जनपद में विशिष्ट कार्य करने वाले कृषकों, पशुपालकों आदि को सम्मानित किया गया ।इस गोष्ठी में किसानों के हितों के मद्देनजर आधारित समस्त योजनाओं का विस्तृत जानकारी किसानों को दी गई।


कार्यक्रम में विधायक का स्वागत करते जिलाधिकारी

पीएम मानधन योजना, प्रधानमंत्री श्रम मानधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना इत्यादि योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल द्वारा राज्य स्तरीय विवेकानंद यूथ अवार्ड से सम्मानित प्रवीण कुमार गुप्ता को विधायक द्वारा सम्मानित किया गया। एवं पांच युवा मंगल दल को खेल सामग्री देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया ।समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत दो जोड़ों को 35000 रुपए की धनराशि का चेक विधायक द्वारा दिया गया। वही पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना अंतर्गत 5 लाभार्थियों का सी सी सी का प्रमाण पत्र दिया गया ।वहीं समाज कल्याण विभाग द्वारा 5 लाभार्थियों को वृद्धा पेंशन प्रशस्ति पत्र माननीय विधायक द्वारा दिया गया।दुग्ध विभाग द्वारा प्रथम पुरस्कार विजय बहादुर वर्मा को गोकुल पुरस्कार एवं 51000 नगद धनराशि चेक देकर पुरस्कृत किया गया ।वही श्रीमती आशा देवी को नंदबाबा पुरस्कार एवं 21000 की धन राशि चेक के माध्यम से प्रदान की गई। इस अवसर पर कृषक रामकेश को मधुमक्खी पालन, कृषक अमित को मशरूम उत्पादन, संतोष कुमार सिंह को बागवानी हेतु, सुभाष को केला, बैगन की खेती हेतु एवं राम मूरत को जैविक खाद उत्पादन हेतु पुरस्कृत किया गया। विधायक टांडा संजू देवी ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि सरकार निरंतर जनहितकारी योजनाओं से लोगों को जोड़ने का कार्य कर रही है शासन की मंशा है कि योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचने में कोई लापरवाही न हो। इस दौरान मौके पर जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा, समाज कल्याण अधिकारी आरके चौरसिया ,जिला कृषि अधिकारी धर्मराज सिंह तथा संबंधित विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे ।

# सांसद की अध्यक्षता में आयोजित हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**सांसद रितेश** पांडे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित गई। इस दौरान सांसद अपने संबोधन के दौरान कहा कि सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है । इसमें सुरक्षा के दृष्टिगत टैम्पो,जीप,टैक्सी व अन्य वाहन चालक को सुरक्षा से संबंधित जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित किया कि सुरक्षा के दृष्टिगत वाहनों की फिटनेस का परीक्षण निरंतर कराते रहें।उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट के गाड़ी चलाने वालों का चालान करें साथ ही साथ जो वाहन चालक बिना लाइसेंस वाहन चलाते पकड़ा जाए उनके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति नशे की हालत में या मोबाइल से बात करते हुए पाया जाए तो उसके साथ सख्ती से निपटा जाए।यातायात नियमों का पालन करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है ।उन्होंने कहा कि विद्यालयों में सड़क सुरक्षा के बारे में बच्चों को जानकारी दी जाए। जिससे छात्रों को जागरूक किया जा सके। उन्होंने कहा कि हमारी छोटी-छोटी लापरवाही से निरंतर दुर्घटना होती है ।इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि ट्रैफिक नियमों का पालन कर वाहन चलाएं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा संबंधी समस्त बिंदुओं पर मंथन करना होगा। चालक को इस बात का विशेष ध्यान देना होगा कि वह ओवर स्पीड से गाड़ी ना चलाएं। मोड़ पर मुड़ते समय इंडिकेटर का प्रयोग अवश्य करें। हम सभी को स्वयं की जिम्मेदारी से सड़क के नियमों का पालन करना होगा एवं आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करना होगा।



बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने एआरटीओ को निर्देश देते हुए कहा कि वाहन चालकों की ड्राइविंग लाइसेंस चेक करने के साथ-साथ आंख की जांच भी कराना सुनिश्चित करें ।उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि वाहनों की फिटनेस की जांच भी कराना सुनिश्चित किया जाए। सड़क पर बिल्डिंग मटेरियल डंपिंग से भी आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। यदि सड़क पर कहीं बिल्डिंग मटेरियल डंपिंग हो तो संबंधित के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही भी की जाए। साथ ही साथ उन्होंने रोड से अतिक्रमण हटाने का भी निर्देश दिए। इस दौरान मौके पर जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, नगर पालिका अध्यक्ष सरिता गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा,अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा, एआरटीओ तथा संबंधित विभाग के अधिकारी /कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# श्रीराम ने संपूर्ण समाज को जोड़ने व लोगों को जीने की एक जीवनपद्धति दी: सिद्धार्थ नाथ

● कहा, हर हिंदुस्तानी का श्रीराम मंदिर पूरी दुनिया का सर्वश्रेष्ठ, दिव्य और भव्य होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



**श्रीराम के** जीवन की प्रेरणा ही आम जनमानस में विद्यमान है। यह बातें उत्तर प्रदेश सरकार के प्रवक्ता एवं कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने बैठक में व्यक्त किया। श्री सिंह ने कहा कि श्रीराम मानव जगत के आदर्श है। उन्होंने हिंदू समाज को जीवन के एक पद्धति से मार्गदर्शन किया है। हिंदू समाज भगवान श्रीराम के मंदिर के लिए लंबे समय तक संघर्ष किया है। भारतीय संस्कृति पूरी दुनिया के दिलों में प्रवेश कर रहा है। भारत के दर्शन को पूरी दुनिया ने लोहा माना है। गत वर्षों में प्रयागराज में कुंभ के दौरान 72 देशों के राजदूत आकर भारतीय संस्कृति से रूबरू हुए थे। श्रीराम ने संपूर्ण समाज को जोड़ने का और जीने का एक जीवनपद्धति दिया है। जब उत्तर प्रदेश से बाहर के धार्मिक स्थलों को उनके दिव्यता को देखकर प्रेरणा मिलती है। उसी तरह अयोध्या में अत्यधिक भव्यता को देखकर श्रीराम का विशाल मंदिर के दर्शन में संस्कृति से प्रेरणा लेकर विकास के पथ बढ़ेगा। श्री सिंह ने कहा कि भगवान श्री राम मंदिर निर्माण के लिए पूरे भारतीय समाज समाज के प्रत्येक परिवार से प्रत्येक व्यक्ति भागीदारी कर रहा है। उन्होंने बताया कि श्रीराम भक्त मंदिर के निर्माण में हर व्यक्ति अपनी क्षमता के अनुसार श्रीराम के कार्य हेतु समर्पण भाव से अवश्य सहयोग करें। हर हिंदुस्तानी का श्रीराम मंदिर पूरी दुनिया का सर्वश्रेष्ठ और दिव्य व भव्य मंदिर होगा। क्षेत्र शारीरिक प्रमुख आरएसएस गजेंद्र ने कहा कि पांच सौ सालों से हिंदू समाज मंदिर के दिव्य निर्माण के लिए साढ़े चार लाख लोगों ने बलिदान देकर समर्पण किया है। हर हिंदुस्तानी का समर्पण होना चाहिए। श्रीराम मंदिर हिंदुस्तानी की आशा है। इस मौके पर विभाग प्रचारक कृष्ण चंद्र सतपाल गुलाटी संजीव अग्रवाल दीपक भार्गव राकेश राय रविंद्र गुप्ता रवि जायसवाल राजीव सिंह विजय गौतम आनंद वैश्य नरेश राय सुनील जायसवाल संजय शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरुण जायसवाल संजीव अग्रवाल ने किया।

## समाज के वंचित वर्गों, बुर्जुगों तथा असहाय महिलाओं की सहायता के लिए प्रतिबद्धता जाहिर किया: सिविल जज

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**लोकबंधु** राजनारायण विधि महाविद्यालय के नवसत्रारंभ के अवसर पर विधि साक्षरता मिशन के रूप में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती सुधा सिंह(सिविल जज सीनियर डिविजन, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण)वाराणसी ने किया। उन्होंने उक्त अवसर विधि शिक्षा की महत्ता को बताते हुए विधियों एवं उससे सम्बंधित प्रक्रियाओं का सविस्तार उल्लेख किया। उन्होंने उपस्थित लोगों के प्रश्नों का उत्तर बड़ी सहजता एवं निर्भिकता से देते हुए समाज के वंचित वर्गो, बुर्जुगों तथा असहाय महिलाओं की सहायता हेतु अपनी प्रतिबद्धता जाहिर किया तथा प्राधिकरण एवं नि:शुल्क विधिक सहायता तथा उससे सम्बंधित विभिन्न कार्यो एवं संस्थाओं जैसी सखी संस्था आदि की जानकारी दिया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के संस्थापक निदेशक अभिषेक सिंह ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए नव प्रवेशी विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम, धैर्य, लगन तथा अनुशासन से आगे बढ़ने की नसीहत दी। महाविद्यालय के निदेशक ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्रम, माल्यार्पण व प्रतीक चिन्ह् आदि भेंट किया। मुख्य अतिथि सुधा सिंह द्वारा विवि की परीक्षाफल में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र सुरेन्द्र प्रसाद(69 वर्ष)की आयु में अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति का परचिय देकर आने वाली पीढ़ी के लिए मिशाल प्रस्तुत किया है। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता डा0 अरविन्द कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापित डॉ0 नीरज पाठक ने किया। इस अवसर पर डॉ0 आलोक कुमार राय, योगेश कुमार सिंह, शिव प्रकाश पाण्डेय, सुनीता आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

## क्विक न्यूज

### साइबर ठग ने बैंक ग्राहक के खाते से उड़ाए 1 लाख 57 हजार

**बांगरमऊ उन्नाव।** अज्ञात साइबर ठग ने एक खाताधारक से फास्ट टैग लगाने के नाम पर खाते का ओटीपी पूछ लिया। बाद में जालसाज ने उसके खाते से डेबिट कार्ड के जरिए 1 लाख 53 हजार रुपया आहरित कर लिया। भुक्तभोगी ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम साईपुर सगौड़ा निवासी राजू कनौजिया पुत्र नत्थू राम न्यू जनता पार्क घोड़ा कॉलोनी गाजियाबाद में रहकर लॉन्ड्री का काम करता है। उसका बचत खाता कोटक महिंद्रा बैंक नोएडा में संचालित है। वह दो दिन पूर्व यहां अपने गांव साईपुर सगौड़ा आया था। बीते रविवार को अज्ञात साइबर लुटेरे ने राजू कनौजिया को फोन कर खाते में फास्ट टैग लगाने को कहा और इसी बहाने उससे खाते का ओटीपी पूछ लिया। बाद में शाम को ठग ने उसके खाते से 1 लाख 57 हजार रुपए आहरित कर लिए। मोबाइल पर मैसेज आने के बाद उसे ठगे जाने का एहसास हुआ। तहरीर के आधार पर पुलिस घटना की जांच करने में जुट गई है।

### दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।** बीते शनिवार की शाम को क्षेत्र स्थित काली मिट्टी दबौली मार्ग पर घर लौटते समय मजदूर भगवानदीन 40 वर्ष पुत्र कालिका निवासी गांव अवस्थीनखेड़ा को अंबेडकर मूर्ति के सामने विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी थी. जिसे घायलावस्था में फतेहपुर चौरासी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से जिला अस्पताल भेज दिया गया था। किन्तु हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल से कानपुर हैलट रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान रविवार को उसने दम तोड़ दिया म्रतक का शव गाँव पहुंचते ही गाँव मे कोहराम मच गया। मृतक की दो बेटियों में मालती 22 वर्ष की शादी हो चुकी है। जबकि छोटी 17 वर्ष व एक बेटा अरुण 15 वर्ष है।

### दीर्घकालिक गुणवत्ता के रूप में बढ़ने की होगी पहल

**प्रयागराज।** विकास प्रोसेस कैमिस्ट्रीज़ उत्पादों की गुणवत्ता के सुधार डाउन स्ट्रीम उत्पादों के लिए आगे एकीकरण करने आदि जैसी चीज़ों पर ध्यान दिया जा रहा है। बाजार के विश्लेषकों की मानें तो विस्तार के कारण कम्पनी के टर्नओवर तथा लाभप्रदता के दीर्घकालिक रूप में बढ़ने की पूरी संभावना है। कैमिकल्स तथा डाई मेन्युफेक्करिंग ट्रेडिंग तथा डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी बीएसई में सूचीबद्ध सीएचडी कैमिकल्स लिमिटेड ने अन ऑडिटेड तीसरी तिमाही के परिणामों की घोषणा की है। कम्पनी का सकल लाभ पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में दो सौ बासठ प्रतिशत बढ़ गया है। पिछले वर्ष की तिमाही की तुलना में देखें तो लाभ दो सौ अस्सी प्रतिशत बढ़ा। कम्पनी टैक्सटाइल इंडस्ट्री लेदर तथा पेपर इंडस्ट्रीज़ के लिए इंडस्ट्रियल कैमिकल्स एवं डाई तथा इसके साथ ही कंस्ट्रक्शन कैमिकल्स भी बनाती है। कम्पनी उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करती है। कम्पनी व्यवसाय का विस्तार सम्पूर्ण साऊथ ईस्ट एशिया में कर रही है।

### डॉ. आम्बेडकर में भावनाओं का था सैलाब

**प्रयागराज।** महानायक डा. बी. आर. आम्बेडकर में भीमराव आयुध भानुशाली और उसके परिवार को एक बहुत बड़े नुकसान का सामना करते हुए दिखाया जायेगा। भीमा बाई नेहा जोशी को वैद्य बताता है कि अब वह और लंबा नहीं जी पायेगी। वह इस बात को अपने परिवार से छुपाती है लेकिन आखिरकार यह सच सबके सामने आ ही जाता है। भीमराव रामजी जगन्नाथ निवानुगने और पूरा परिवार दुख के सागर में डूब जाता है। भावनाओं का सैलाब उमड़ता है लेकिन इस सच को स्वीकार करने के अलावा वे कुछ और नहीं कर सकते। इस बीच भीमाबाई अपने परिवार को यह समझाने की कोशिश करती है कि एक दूसरे का साथ देना कितना महत्वपूर्ण होता है। वह बताती है कि उसके जाने के बाद भी उन्हें एक होकर रहना है। भीमा बाई के जाने के बाद आखिर क्या भविष्य क्या होने वाला है। किस्मत क्या मोड़ लेगी। इस भावुक ट्रैक के बारे में बताते हुए नेहा जोशी कहती हैं पूरे परिवार के लिये यह बहुत दुखद पल है। अधिक जानने के लिये एण्ड टीवी का एक महानायक डा बी आर आम्बेडकर हर सोमवार से शुक्रवार रात साढ़े आठ बजे दिखाया जाएगा।

## गणतंत्र दिवस की 71वीं वर्षगांठ आज

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**गणतंत्र दिवस** के अवसर पर बीएचयू के एम्पीथियेटर मैदान में व केन्द्रीय कार्यालय पर सुबह नौ बजे विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. नीरज त्रिपाठी ध्वजारोहण करेगें। गणतंत्र दिवस की 71वीं वर्षगांठ के अवसर पर मंगलवार, 26 जनवरी को पूर्वाह्न नौ बजे काशी पत्रकार संघ के अध्यक्ष राजनाथ तिवारी झण्डोत्तोलन करेगें। कारमाइकेल लाइब्रेरी एसोसिएशन, चौकाघाट के कार्यालय पर पूर्वाह्न साढ़े दस बजे संस्था के अध्यक्ष राजेश कुमार राय झण्डोत्तोलन करेगें।यह जानकारी संस्था के मंत्री सुशील कुमार मिश्र ने दी। कमलाकर चौबे आदर्श सेवा विद्यालय इंटर कालेज के मैदान में पूर्वाह्न साढ़े नौ बजे विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 रमाकांत मिश्र झंडारोहण करेगें। हरिश्चन्द्र स्नातकोत्तर महाद्यिालय के प्रांगण में पूर्वाह्न साढ़े दस बजे महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 ज्योत्सना चतुर्वेदी ध्वजारोहण करेगीं। यह जानकारी कालेज के मेजर एवं वाणिज्य विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार पाण्डेय ने दी। बनारस रेल इंजन कारखाना, वाराणसी के स्टेडियम पर कल दिनांक 26 जनवरी, 2021 को 72वाँ गणतन्त्र दिवस समारोह प्रात: 9:00 बजे से विविध रंगारंग कार्यक्रम के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाप्रबंधक अंजली गोयल द्वारा झंडारोहण एवं राष्ट्रगान तथा परेड के निरीक्षण के साथ होगा। तदुपरांत रेलवे सुरक्षा बलए नागरिक सुरक्षा दलए सेंट जॉन्स एम्बुलेंस ब्रिगेड, भारत स्काउट एवं गाइड जिला इकाई द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट के साथ सलामी दी जाएगी। इस अवसर पर महाप्रबंधक अंजली गोयल द्वारा दिव्यांग बरेका कर्मियों एवं उनके दिव्यांग आश्रितों को उपयोगी उपकरण का वितरण किया जाएगा। इसके अलावा रंगारंग एवं आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन बरेका केंद्रीय चिकित्सालय के अंतरंग रोगियों के लिए फलों का पैकेट का वितरण के साथ होगा।

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2021 कार्यक्रम का एनआईसी में किया गया सजीव प्रसारण

● प्रयागराज के आर्टिस्टिक जिम्नास्ट मोहम्मद राफे ने राष्ट्रीय बाल पुरस्कार हेतु नामित होकर जिले का नाम किया रोशन

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को दिल्ली में आयोजित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2021 के विजेताओं से वर्चुअल रूप से संवाद किया। जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में किया गया। इस वर्ष कला एवं संस्कृति खेल वीरता नवाचार ज्ञानार्जन समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 32 बच्चों को पुरस्कार हेतु चुना गया है। पुरस्कार के तहत पदक एक लाख रूपये नकद एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। पुरस्कार हेतु नामित बच्चे न केवल महानगरों से सम्बंध रखते हैं। बल्कि देश के सुदूर अंचल के भी बच्चे इसमें शामिल हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पीएम ने कहा कि आज वर्चुअली बात कर बहुत अच्छा लग रहा है। साथ ही साथ हैरानी भी है कि इतनी कम उम्र में इन बच्चों ने अद्भुत कार्य करते हुए विश्व स्तर पर भारत का नाम रोशन किया है। सर्वप्रथम उन्होंने महाराष्ट्र की पर्वतारोही काम्या कार्तिकेयन से बात की और उनको उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। प्रधानमंत्री ने साथ ही साथ अभिभावकों को भी बधाई दी एवं सराहना की है कि उन्होंने न केवल अपने बच्चों को अवसर दिया है बल्कि उनका मनोबल भी बढ़ाया है प्रयागराज के आर्टिस्टिक जिम्नास्ट मो राफे ने राष्ट्रीय बाल पुरस्कार हेतु नामित होकर जिले के साथ साथ प्रदेश का भी नाम रोशन किया है। मोहम्मद राफे खेल गांव पब्लिक स्कूल प्रयागराज में 12वीं के छात्र है। इन्होंने 2019 जूनियर एशियन काम्पिटीशन मंगोलिया में कांस्य पदक प्राप्त किया है। इन्होंने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में तीन गोल्ड और एक सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। आर्टिस्टिक जिम्नास्ट गेम्स में खेली इंडिया यूथ गेम्स में गोल्ड मेडल जितने वाले ये पहले जिम्नास्ट है। राफे ने बताया कि पेरिस में आयोजित होने वाले ओलम्पिक खेलों में भारत के लिए गोल्ड लाना उनका सपना है। जिससे जिम्नास्ट के क्षेत्र में आने वाले बच्चों को प्रेरणा मिल सके। मोहम्मद राफे ने बताया कि मेरी कामयाबी में मेरे पिता नफीसुद्दीन खान एवं माता शाहीन बेगम का बड़ा योगदान है। उन्होंने बताया कि इस समय वह आर्फी ट्रेनिंग सेंटर पुणे में प्रैक्टिस कर रहे हैं। उन्होंने कोच अंकित त्रिपाठी का भी धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी भानुचन्द्र गोस्वामी जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज मिश्र उपस्थित रहे।

## व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर शिशुओं को नए वस्त्र बांटे



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**जालपा देवी** व्यापार मंडल, वाराणसी ने गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या पर सोमवार राजकीय महिला अस्पताल के मातृत्व (जच्चा-बच्चा) केन्द्र पर नवजात शिशुओं को नए वस्त्र वितरण किया गया। उपरोक्त अवसर पर संस्था के अध्यक्ष अनिल कुमार केसरी ने कहा कि हमारे देश के नए कर्णधार का स्वागत हम सभी को अपने-अपने ढंग से जरूर करना चाहिए ताकि आजादी का शान प्रदर्शित हो सके। इस अवसर पर अध्यक्ष द्वारा अपनी तरफसे सभी बच्चों को बेबी वाइप्स का आठ पीस पैक दिया गया ताकि स्वच्छता का भी संदेश जा सके ।गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या पर शिशुओं को नए वस्त्र बांटने में अंजनी सिंह, आशुतोष सिंह, अंकित अग्रवाल, दत्ता, सुधीर गुप्ता, कन्हैया प्रजापति, धर्मेन्द्र जायसवाल, विश्वनाथ झुनझुनवाला, विजय जायसवाल, प्रशांत अवस्थी आदि लोग उपस्थित रहे।

# डीएम ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**उन्नाव।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में 21 जनवरी से 26 जनवरी तक मनाए जा रहे राष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह के अन्तर्गत निराला प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम, जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के प्रचार-प्रसार हेतु वैन को जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जनपद के विकास खण्ड सिकन्दरपुर सरोसी के 16 आंगनबाड़ी केन्द्रों ग्राम भतांवा, पूरानिस्फ पंसारी, अब्बासपुर, भदेवना, ऐरा भदियार, सिकन्दरपुर, खटई, सथरा, पिंडोखा, बेहटा, देवारा, सरैंया, नेतुआ, चौरा, सरोसी, खैरहा एहतमाली में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के गुड्डा-गुड्डी बोर्ड लगाये गये।

● नायिका मेगा इवेन्ट के अन्तर्गत बालिकाओं को एक दिन हेतु प्रशासनिक पदों पर सांकेतिक अधिकारी नायिका नियुक्त किया गया

नायिका मेगा इवेन्ट के अन्तर्गत बालिकाओं को एक दिन हेतु प्रशासनिक पदों पर सांकेतिक अधिकारी नायिका नियुक्त किया गया। जिसके तहत जनपद की हाईस्कूल की सर्वाधिक अंक पाने वाली 10 बालिकाओं में से द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिका मुस्कान शर्मा को जिलाधिकारी तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिका अंकिता यादव को मुख्य विकास अधिकारी तथा अन्य मेधावी बालिकाओं में से अंजली गौतम को जिला विकास अधिकारी, बालिका सम्भावी श्रीवास्तव को जिला पंचायत राज अधिकारी, बालिका स्नेहा को उपायुक्त (मनरेगा), बालिका हर्षा फुलवानी को अर्थ एवं संख्याधिकारी, बालिका वैभवी पाण्डेय को जिला कृषि अधिकारी, बालिका दीक्षा शर्मा को परियोजनाधिकारी डूडा, बालिका हिमांशी को जिला समाज कल्याण अधिकारी, बालिका मुनजा खान को जिला प्रोबेशन अधिकारी बनाया गया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी, सीडीओ, अपर जिलाधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, परियोजनाधिकारी डूडा, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, रेनू यादव, प्रीती महिला कल्याण अधिकारी, संजय कुमार मिश्र संरक्षण अधिकारी, कल्पना श्रीवास्तव परामर्शदात, राजकुमारी एवं हरिवेन्द्र सिंह सामाजिक कार्यकर्ता, जिला प्रोबेशन कार्यालय महिला शक्ति केन्द्र जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी व कर्मचारी तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



### छात्रा लव रस्तोगी बनी एक दिन की उप पुलिस अधीक्षक

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर की विज्ञान स्नातक छात्रा आज एक दिन की उप पुलिस अधीक्षक बनी। क्षेत्राधिकारी की कुर्सी संभालते ही कोतवाली में तैनात एक महिला आरक्षी ने शिकायत दर्ज कराई कि उसे कोतवाल अवकाश नहीं दे रहे हैं। सुश्री रस्तोगी ने महिला आरक्षी की अर्जी पर तुरन्त अवकाश स्वीकृत कर दिया।

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आज उप पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार राय ने नगर के मोहल्ला खत्रियाना निवासी रमाकांत रस्तोगी की पुत्री लव रस्तोगी को एक दिन के लिए पुलिस सर्किल अफसर का जिम्मा सौंपा।सुश्री रस्तोगी स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से विज्ञान से स्नातक कर चुकी है और सिविल सर्विस की तैयारी कर रही है। इनके के पिता व्यापारी हैं।

आज सीओ की कुर्सी संभालते ही कोतवाली में तैनात महिला आरक्षी दीपिका ने उनसे शिकायत की कि उनके पति फौज में हैं। घरेलू एवं पारिवारिक कार्य के लिए उसे अवकाश अति आवश्यक है। लेकिन प्रभारी निरीक्षक उसका अवकाश स्वीकृत नहीं कर रहे हैं। इस पर सुश्री रस्तोगी ने महिला आरक्षी की अर्जी पर तुरंत अवकाश स्वीकृत कर दिया। उन्होंने कई फाइलें खोलकर जांच आदि की कार्यप्रणाली भी समझी। उन्होंने बताया कि वह प्रशासनिक अथवा पुलिस अफसर बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं।

### एसडीएम ने निष्पक्ष मतदान की दिलायी शपथ

पाटन। क्षेत्र के एम जी कालेज ऑफ साइंस आर्ट एंड कल्चर महाविद्यालय में सोमवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम बीघापुर दयाशंकर पाठक ने छात्र छात्राओं को मतदान की शपथ दिलायी।इस दौरान उन्होंने मौजूद लोगों से धर्म, वंश, जाति को भुलाकर निष्पक्षता के साथ राष्ट्रहित में ही मतदान करने की अपील की। इस दौरान बिहार थाना प्रभारी संतोष सिंह, कालेज संरक्षक लक्ष्मीचंद पाण्डेय,संतोष पांडेय, गुड्डू तिवारी, अश्वनी बाजपेयी, अंजनी बाजपेयी, अमित शुक्ला, संजीव चतुर्वेदी समेत महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं व तहसील कर्मी मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष

### सिक्किम में चीन...

के लिए भारतीय वायुसेना ने अहम हवाई ठिकानों पर अतिरिक्त लड़ाकू विमान एवं हेलीकॉप्टर तैनात किए हैं। भारत का साफ तौर पर कहना है कि यह चीन की जिम्मेदारी है कि सैनिकों को पीछे ले जाने की प्रक्रिया शुरू करे और पूर्वी लद्दाख के गतिरोध वाले इलाके में तनाव कम करे। पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के करीब एक लाख सैनिक तैनात हैं। क्षेत्र में दोनों पक्षों की लंबे समय तक डटे रहने की तैयारी है। इस बीच, कूटनीतिक और सैन्य स्तर पर भी सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए वार्ता चल रही है।

### सैनिकों को पीछे ...

के बारे में जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा कि सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया के तौर-तरीकों पर विस्तार से चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक, भारत ने जोर दिया कि क्षेत्र में गतिरोध वाले स्थानों से सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया को आगे ले जाने और तनाव कम करने की जिम्मेदारी चीन पर है। पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के करीब एक लाख सैनिक तैनात हैं। क्षेत्र में दोनों पक्षों की लंबे समय तक डटे रहने की तैयारी है। इस बीच, कूटनीतिक और सैन्य स्तर पर भी सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए वार्ता चल रही है।

### गलवान के हीरो ...

गुरतेज सिंह षामिल हैं। भारतीय सेना ने सिफारिश की थी कि गलावन घाटी में संघर्ष के दौरान चीनी सैनिकों से लोहा लेने वाले सैनिकों को इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर युद्धकालीन वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया जाना चाहिए।

### किसी भी दुस्साहस...

ढंग से सामना करना संभव हो सका। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि अनेक देशों के लोगों की पीड़ा को कम करने और महामारी पर काबू पाने के लिए दवाएं तथा स्वास्थ्य-सेवा के अन्य उपकरण विश्व के कोने-कोने में उपलब्ध कराने के लिए भारत को आज फार्मेसी ऑफ द वर्ल्ड कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना की लगभग एक वर्ष की अप्रत्याशित अग्नि-परीक्षा के बावजूद भारत हताश नहीं हुआ बल्कि आत्म-विश्वास से भरपूर होकर उभरा है। राष्ट्रपति कोविंद ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों से कोई न कोई सीख मिलती है और उनका सामना करने से शक्ति व आत्म-विश्वास में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा, आर्थिक समता का आदर्श, सभी के लिए अवसर की समानता और पीछे रह गए लोगों की सहायता सुनिश्चित करने के हमारे संवैधानिक दायित्व को स्पष्ट करता है। सहानुभूति की भावना परोपकार के कार्यों से ही और अधिक मजबूत होती है। आपसी भाईचारे का नैतिक आदर्श ही, हमारे पथ प्रदर्शक के रूप में, हमारी भावी सामूहिक यात्रा का मार्ग प्रशस्त करेगा।

### किसानों का एक ...

दिल्ली के अन्य सीमा बिन्दुओं पर हजारों सशस्त्र कर्मी तैनात किए गए हैं तथा गणतंत्र दिवस की परेड और किसानों की प्रस्तावित ट्रैक्टर परेड के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है।किसान यूनियनों ने दावा किया है कि सिंघू, टिकरी और गाजीपुर (यूपी गेट) से दिल्ली में लगभग दो लाख ट्रैक्टरों के प्रवेश करने की उम्मीद है। वहीं एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर निगरानी रखने के लिए करीब छह हजार सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है। संदिग्ध लोगों की पहचान करने के लिए दिल्ली पुलिस की चेहरे से पहचान करने वाली प्रणाली भी उचित स्थानों पर स्थापित की गई है। उन्होंने बताया कि राजपथ पर लोगों की जांच करने वाले कर्मी पीपीई किट पहने होंगे तथा मास्क एवं फेस शील्ड (चेहरे के आगे शीशा) लगाए हुए होंगे। मंगलवार को परेड के आठ किलोमीटर लंबे मार्ग पर नजर रखने के लिए ऊंची इमारतों पर शार्प शूटरों और स्नाइपरों को तैनात किया जाएगा। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह और प्रस्तावित ट्रैक्टर परेड के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर में और नगर के आसपास पांच स्तरीय सुरक्षा कवर तैनात किया गया है। नई दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) ईश सिंघला ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह के लिए राजपथ पर छह हजार से ज्यादा पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि कोविड-19 प्रोटोकॉल की वजह से राजपथ पर समारोह देखने के लिए सिर्फ 25,000 लोगों को आने की इजाजत होगी। हालांकि हर साल एक लाख से अधिक लोग परेड देखने पहुंचते थे। सिंघला ने यह भी कहा कि इस साल परेड को छोटा किया गया है। परेड लाल किले तक जाने के बजाय नेशनल स्टेडियम पर ही खत्म हो जाएगी और झांकियां ही लाल किले तक जाएंगी।

### कोरोना टीके का...

अनुसार स्वास्थ्य कर्मियों और अग्रिम मोर्चे में लगे कर्मियों को टीके लगाए जा रहे हैं और बाद में प्राथमिकता समूह 2 और 3 को टीका लगाया जाएगा। पत्र में कहा गया है, मैं इस बात पर ज़ोर देना चाहूंगा कि देश में राष्ट्रीय नियामक प्राधिकरण ने दोनों टीकों को सुरक्षित और प्रतिरक्षात्मक क्षमता निर्माण करने वाला पाया है। यह रिपोर्ट सामने आई है कि निराधार और भ्रामक अफवाहें सोशल और अन्य मीडिया पर प्रसारित हो रही हैं, जिनमें इन टीकों की सुरक्षा और प्रभावशीलता के बारे में संदेह पैदा किया जा रहा है। पत्र में कहा गया है, विशेष रूप से निहित स्वार्थों से इस तरह की अफवाह फैलाने से आम लोगों के बीच अवांछित संदेह उत्पन्न हो सकता है। इसलिए, टीके की सुरक्षा और रोग प्रतिरक्षा क्षमता से संबंधित सभी प्रकार के निराधार अफवाहों पर रोक लगाने की आवश्यकता है। भल्ला ने राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों से आग्रह किया कि वे इस तरह की अफवाहों के प्रसार पर रोक लगाने की कोई उपयुक्त व्यवस्था करें। भल्ला ने मुख्य सचिवों को राज्य सरकार के तहत संबंधित सभी प्राधिकारियों को निर्देश देने के लिए कहा कि वे कोविड-19 टीकों के बारे में गलत सूचना को रोकने के साथ ही तथ्यात्मक संदेशों को तुरंत प्रसारित करने के लिए आवश्यक उपाय करें। उन्होंने कहा, इसके अलावा ऐसी गतिविधियों में लिप्त पाए गए व्यक्ति या संस्था के खिलाफ आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 और भारतीय दंड संहिता, 1860 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

### जय श्रीराम का ...

इसके सकारात्मक परिणाम दिखने लगे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के समावेशी विकास के लिए राज्य सरकार ने एक जिला-एक उत्पाद योजना आरंभ की है जो गरीबों और पिछड़ों के जीवन में व्यापक बदलाव ला रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य के पूर्वी हिस्से और बुंदेलखंड के विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है।

### शिंजो आबे...

धार्मिक नेता दिवंगत कल्बे सादिक और सामाजिक कार्यकर्ता तरलोचन सिंह को पद्म भूषण दिया गया है। पूर्व राज्यपाल दिवंगत मृदुला सिन्हा और पूर्व केंद्रीय मंत्री बिजोय चक्रवर्ती को पद्मश्री पुरस्कार मिला है।

### गणतंत्र दिवस पर...

41 वीं बटालियन पीएसी गाजियाबाद के कमांडेंट भारत सिंह, एसपी जीआरपी लखनऊ, सुमित्रा यादव एसपी ट्रेनिंग लखनऊ महेंद्र यादव और एडिशनल एसपी इंटेलिजेंस हेड क्वार्टर लखनऊ राजेश द्विवेदी सहित 72 पुलिस जनों को राष्ट्रपति के पुलिस पदक से नवाजा जाएगा।

### प्रदूषण कम करने ...

एक अलग खाते में रखा जाएगा और इसका इस्तेमाल प्रदूषण से निपटने तथा राज्यों में उत्सर्जन की निगरानी के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं को तैयार करने के लिए किया जाएगा। ग्रीन टैक्स का लाभ बताते हुए मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि इससे लोग उन वाहनों का इस्तेमाल करने से बचेंगे जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं तथा कम प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की ओर रुझान बढ़ेगा।

# जांच से नहीं डरते, सीबीआई का फैसला एलडीएफ के लिए उलटा पड़ेगा: चांडी

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम

**केरल** के पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी ने सोमवार को कहा कि राज्य की मौजूदा वाम लोकतांत्रिक मोर्चा सरकार द्वारा उनके और चार अन्य कांग्रेसी नेताओं के खिलाफ दर्ज यौन उत्पीड़न के मामले की जांच सीबीआई को सौंपने का फैसला उसी के लिए उल्टा पड़ेगा। चांडी ने दावा किया कि वह किसी भी जांच से नहीं डरते। विस चुनाव से कुछ महीने पहले पिनरई विजयन की सरकार ने शनिवार को स्तब्ध करने वाला कदम उठाते हुए वर्ष 2013 के सौर घोटाले की मुख्य आरोपी महिला द्वारा चांडी, केसी वेणुगोपाल, हिबी इडेन, अदूर प्रकाश (सभी सांसद) और पूर्व मंत्री एवं मौजूदा विधायक एपी अनिल कुमार के खिलाफ दर्ज यौन उत्पीड़न के मामले की जांच केंद्रीय एजेंसी से कराने का फैसला किया।

इसके अलावा, भाजपा नेता एपी अब्दुल्ला कुट्टी के खिलाफ दर्ज इसी तरह के मामले की जांच भी सीबीआई को सौंपी गई, कुट्टी पहले कांग्रेस में थे। चांडी (77 वर्षीय) ने कहा, मैंने गलत नहीं किया है...मैं सीबीआई जांच या किसी और जांच से नहीं डरता...किसी भी जांच में सहयोग करूंगा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) ने हाल में उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव के लिए गठित 10 सदस्ईय चुनाव समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

यह फैसला सत्तारूढ़ मोर्चे के लिए ही उल्टा पड़ेगा जो पांच साल के दौरान मामले में थोड़ी भी प्रगति नहीं कर सकी और यह उसकी नाकामी को रेखांकित करता है। उल्लेखनीय है कि चांडी सहित छह लोगों के खिलाफ दर्ज मामले की जांच राज्य पुलिस की अपराध शाखा ने की थी और हाल में विजयन ने मामले की जांच सीबीआई से कराने की अनुशंसा यह कहते हुए की कि पुलिस जांच की अपनी सीमा है।

चांडी ने कहा, प्राथमिकी दर्ज होने के बाद हम में से कोई अदालत भी नहीं गया। पांच साल बीत गए। उन्होंने कुछ नहीं किया। तीन पुलिस महानिदेशकों ने मामले की जांच की और उन्हें कुछ नहीं मिला। क्या हमने अदालत जाकर स्थगन लिया था, उन्हें बताना चाहिए, क्या यह वजह है जिससे मामले में कार्वाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि एलडीएफ सरकार ने गैर जमानती धाराओं में मामला दर्ज किया था और उन्हें गिरफ्तार कर सकती थी। चांडी ने कहा, हमारी ताकत हमारी बेगुनाही है। यह हमारी बेहतरीन प्रतिरक्षा और आत्मविश्वास है। ये आरोप पिछले आठ साल से लगाए जा रहे हैं लेकिन सरकार हमारे खिलाफ कोई कार्वाई नहीं कर सकी।

## पुडुचेरी के मंत्री ने मंत्री पद और विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा दिया

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी के लोनिवि मंत्री ए नम:शिवायम को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित किए जाने के बाद उन्होंने सोमवार को मंत्री पद और विधान सभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। नम:शिवायम के अलावा कांग्रेस के एक अन्य विधायक ई थीप्पैनाथन ने भी विधायक पद से इस्तीफा दे दिया और दोनों ने विस अध्यक्ष वी पी शिवकोलुंदु के कार्यालय जाकर उन्हें अपना त्यागपत्र सौंपा। 30 सदस्ईय सदन में कांग्रेस के अब 12 सदस्य रह गए हैं। अप्रैल या मई में पुडुचेरी में विस चुनाव हो सकते हैं। मंत्रिमंडल में नंबर दो की हैसियत रखने वाले नम:शिवायम के बारे में अटकलें लगाई जा रही हैं कि वह भाजपा में शामिल हो सकते हैं। पुडुचेरी कांग्रेस समिति के अध्यक्ष ए वी सुब्रमण्यन ने घोषणा की थी कि पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के लिए नम:शिवायम को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया गया है।

# ईडी ने मुंबई में बिल्डर समूह के परिसरों पर छापेमारी की

**भाषा।** नई दिल्ली, मुंबई

**प्रवर्तन निदेशालय** ने सोमवार को मुंबई के रियल एस्टेट से जुड़े एक समूह के कम से कम 10 परिसरों में छापेमारी की। एजेंसी ने यह छापेमारी यस बैंक में कथित धोखाधड़ी के मामले में अपनी धन शोधन संबंधी जांच के सिलसिले में की। अधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। ओमकार रियल्टर्स एंड डेवलपर्स ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तलाशी को नियमित कार्वाई करार देते हुए कहा कि यह मामला बंबई उच्च न्यायालय में उसके खिलाफ दायर रिट याचिका से जुड़ा है। कंपनी ने दावा किया कि उसने कोई धनशोधन नहीं किया और कानून एवं नियमों के तहत काम किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने ओमकार रियल्टर्स एंड डेवलपर्स के मुंबई स्थित सात आवासीय और तीन कार्यालय परिसरों में छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों बताया कि यह कार्वाई धन शोधन निरोधक अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही है और छापेमारी का लक्ष्य इस मामले में और सबूत जमा करना है।उन्होंने बताया कि ओमकार ग्रुप के अध्यक्ष कमल किशोर गुप्ता और प्रबंध निदेशक बाबूलाल वर्मा इस समूह के प्रवर्तक हैं। ईडी सूत्रों ने बताया कि समूह पर आरोप है कि इसने झुग्गी पुनर्वास प्राधिकरण (एसआरए) के तहत हासिल की गई कई अनुमतियों का गलत इस्तेमाल किया। वहीं समूह पर यह भी आरोप है कि इसने यस बैंक से ऋण के तौर पर लिए करीब 450 करोड़ रुपए की राशि को किसी और मद में खर्च किया। कारोबारी समूह ने कहा कि याचिकाकर्ता द्वारा अदालत में यस बैंक से प्राप्त कोष को दूसरे मद में खर्च करने का आरोप गलत है। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, ओमकार समूह यह स्पष्ट करना चाहता है कि ऐसे आधारहीन आरोप लगाना भ्रम की स्थिति पैदा करने की कोशिश है ... योजना से जुड़े सभी कार्य राज्य (महाराष्ट्र) सरकार द्वारा तय नियमों के तहत किए गए हैं। प्रवक्ता ने कहा, याचिकाकर्ता द्वारा यस बैंक से मिले 450 करोड़ ऋण का जहां तक मुद्दा उठाने का मामला है तो यह बैंक के दिशानिर्देश के तहत परियोजना ऋण है जिसे साख को बेच कर प्राप्त किया गया और निर्धारित उद्देश्य के लिए ही खर्च किया गया। यस बैंक के सह-प्रवर्तक राणा कपूर और डीएचएफएल के प्रवर्तक कपिल वधावन और धीरज वधावन को पिछले साल प्रवर्तन निदेशालय इस मामले में गिरफ्तार कर चुका है और वे फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

# तमिलनाडु में ईडी ने 3,800 एकड़ से अधिक जमीन कुर्क की

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन निदेशालय** (ईडी) ने भूमि आवंटन की आड़ में निवेशकों को कथित रूप से धोखा देने वाली कंपनियों के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच के तहत तमिलनाडु के विभिन्न शहरों में 207 करोड़ रुपए कीमत की 3,850 एकड़ जमीन कुर्क की है। केंद्रीय एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। मदुरै, रामनाथपुरम और चेन्नई में स्थित और डिस्क एसेट्स लीड इंडिया लिमिटेड, ईगल्स आई रियल एस्टेट्स, मीडो रियल्टर्स और इन कंपनियों के प्रमुख अधिकारियों के नाम पर पंजीकृत कुल 1,081 भूखंडों को धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कुर्क किया गया है। 3,850 एकड़ में फैली इन अचल संपत्तियों का कुल मूल्य 207 करोड़ रुपए है। समूह और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ ईडी ने यह मामला तमिलनाडु पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की प्राथमिकी के बाद दर्ज किया है जिसमें आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने तमिलनाडु और केरल के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से भूखंड देने के नाम पर किस्तों में पैसे वसूले।


## कार्यालय – उप कृषि निदेशक, श्रावस्ती।

पत्रांक– 1358/पी0एम0 किसान/2020–21/ दिनांक– 22/01/2021

**प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना समस्या निराकरण**

1– प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत समस्या समाधान हेतु विकासखण्ड स्तर पर स्थित राजकीय कृषि बीज भण्डार पर दिनांक 01 फरवरी 2021 से 03 फरवरी 2021 तक पी0एम0 किसान समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आधार के अनुसार नाम मिसमैच एवं आधार नम्बर गलत व अन्य पी0एम0 किसान योजना से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

2– जो कृषक पात्रता की श्रेणी में नहीं आते है वह त्रुटिपूर्ण प्राप्त धनराशि भारत कोष में ऑन लाइन या चालान के माध्यम से जमा करा दें।

**(कमल कटियार)**
**उप कृषि निदेशक,**
**श्रावस्ती।**


# यौन हमले पर बंबई उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ महाराष्ट्र सरकार अपील दायर करे: एनसीपीसीआर

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**देश में बाल** अधिकारों की शीर्ष संस्था एनसीपीसीआर ने सोमवार को महाराष्ट्र सरकार से कहा कि वह बंबई उच्च न्यायालय के उस फैसले के खिलाफ तत्काल अपील दायर करे जिसमें कहा गया है कि किसी नाबालिग को निर्वस्त्र किए बिना, उसके वक्षस्थल को छूना, यौन हमला नहीं कहा जा सकता। महाराष्ट्र के मुख्य सचिव को लिखे पत्र में राष्ट्रीय बल संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की प्रमुख प्रियंका कानूनगो ने कहा कि फैसले के 'शारीरिक संसर्ग के बिना, यौन मंशा से त्वचा के त्वचा से संपर्क' जैसे शब्दों की समीक्षा की जाने की भी जरूरत है और राज्य को इसका संज्ञान लेना चाहिए क्योंकि यह मामले में नाबालिग पीड़िता के प्रति अपमानजनक लगता है। बंबई उच्च न्यायालय ने 19 जनवरी के अपने फैसले में कहा था कि किसी नाबालिग को निर्वस्त्र किए बिना, उसके वक्षस्थल को छूना, यौन हमला नहीं कहा जा सकता। इस तरह का कृत्य पोक्सो अधिनियम के तहत यौन हमले के रूप में परिभाषित नहीं किया जा सकता।बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ की न्यायमूर्ति पुष्पा गनेडीवाला ने कहा कि यौन हमले का कृत्य माने जाने के लिए यौन मंशा से त्वचा से त्वचा का संपर्क होना जरूरी है।इस फैसले पर देशभर के बाल अधिकार संस्थाओं और कार्यकर्ताओं ने नाखुशी जताई है। एनसीपीआर प्रमुख ने कहा कि ऐसा लगता है पीड़िता की पहचान जाहिर की गई है और आयोग का मानना है कि राज्य को इसका संज्ञान लेना चाहिए।


**RICH UNIVERSE NETWORK LIMITED**
(Formerly Known as Rich Capital & Financial Services Limited)
Regd. Office: 7/125, (C-2), 2nd FLOOR, SWAROOP NAGAR, KANPUR- 208002
PHONE No.: 0512-3391881, Tele Fax: 0512-2540293
CIN: L51100UP1990PLC012089E-mail: rcfsl@rediffmail.com
investors@richuninet.com website: richuninet.com

**Notice**

Notice is hereby given pursuant to Regulation 29 readwith Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 as amended from time to time, that a Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Thursday, 11th February, 2021 at 11:00 A.M. at the Registered Office of the Company at IInd Floor, 7/125, C-2, Swaroop Nagar, Kanpur - 208002 to, inter-alia, consider and approve the un-audited financial results of the Company for the quarter ended 31st December, 2020 & any other business with the permission of chair.

In compliance of the provisions of SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015 and the Company's "Code of Internal Procedures and Conduct for Regulating, Monitoring and Reporting of Trading in Securities by Designated Persons", the Trading Window for dealing in the securities of the Company for all the Designated Persons including Insiders, had already been closed w.e.f. 1st January, 2021, and the same shall re-open 48 hours after results are made public on 11th February, 2021.

The information contained in this notice is available on the Company's website www.richuninet.com and also on the website of BSE Ltd.-www.bseindia.com.

For Rich Universe Network Limited
Sd/-
(Shashwat Agarwal)
Chairman & Managing Director
DIN: 00122799

Date: 25.01.2021
Place: Kanpur



## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मथुरा

जन्म–मृत्यु पंजीकरण

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं**

❖जीवन और पहचान दो, मेरा ये अधिकार दो
❖शिक्षा नौकरी और अधिकार, जन्म प्रमाण–पत्र सब का आधार
❖शिशु के जन्म पर मंगल गाओ, जन्म पंजीकरण तुरन्त करायें।

- जन्म–मृत्यु पंजीकरण कानूनन अनिवार्य है।
- जन्म/मृत्यु का पंजीकरण 21 दिन के अन्दर कराकर निःशुल्क प्रमाण–पत्र प्राप्त करें।
- जन्म–मृत्यु का पंजीकरण उसके घटित होने के स्थान पर स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) से करायें।
- जन्म का पंजीकरण बच्चों का अधिकार है।

**21 दिन के अन्दर ऑनलाइन करें (Crsorgi.gov.in) पर**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (डा. देवेन्द्र अग्रवाल) नोडल अधिकारी (जन्म–मृत्यु) मथुरा | (डा. रचना गुप्ता) मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मथुरा | (नितिन गौड़) आई.ए.एस मुख्य विकास अधिकारी, मथुरा | (नवनीत सिंह चहल) आई.ए.एस जिलाधिकारी मथुरा |



## भारतीय गणतन्त्र दिवस के पावन पर्व पर नगर पालिका परिषद, मोहम्मदी (खीरी)

अपने नागरिकों का हार्दिक अभिनन्दन करती है। एवं अपेक्षा करती है कि–

1. बकाया करों का भुगतान समय से करें।
2. बिना नामान्तरण एवं मानचित्र की स्वीकृति के भवन निर्माण न करें।
3. कूड़े को निर्धारित स्थल पर ही डालें।
4. जल बहुमूल्य है इसका दुरुपयोग न करें।
5. सड़कों/नालियों पर अतिक्रमण/प्रक्षेपण न करें।





'यह नगर आपका है इसको स्वच्छ रखने में पूरा सहयोग दें'

**दिनेश कुमार मिश्र**
अधिशासी अधिकारी

समस्त सभासद एवं कर्मचारी गण

**संदीप मेहरोत्रा 'कन्हैया'**
अध्यक्ष


## कर्नाटक में एदियुरप्पा ने फिर किया मंत्रिमंडल में बदलाव

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा ने एक सप्ताह से भी कम समय मे सोमवार को तीसरी बार मंत्रिमंडल मे फेरबदल करते हुए तीन मंत्रियो को पुनः विभाग आवंटित किए। जे सी मधुस्वामी को पर्यटन, पारिस्थितिकी और पर्यावरण विभाग दिए गए है। उन्हे 21 जनवरी को किए गए मंत्रिमंडल मे फेरबदल के दौरान चिकित्सा शिक्षा, कन्नड़ और संस्कृति विभाग दिए गए थे। इससे पहले वह कानून, संसदीय कार्य, विधाई एवं सिंचाई विभागो के मंत्री थे। मधुस्वामी को 22 जनवरी को हज और वक्फ विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्रालय आवंटित किए गए थे। अब आनंद सिंह को अवसंरचना विकास और हज तथा वक्फ मंत्रालय की जिम्मेदारी सौपी गई है। उन्हे 21 जनवरी को पर्यटन, पर्यावरण और पारिस्थितिकी विभाग दिए गए थे और वन विभाग की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया था। स्वास्थ्य मंत्री के. सुधाकर से पिछले सप्ताह चिकित्सा शिक्षा मंत्रालय का प्रभार ले लिया गया था और अब उन्हे इसकी जिम्मेदारी पुनः सौपी गई है।

## चुनाव आयोग ने डिजिटल मतदाता पहचान पत्र शुरू किया

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने सोमवार को मतदाता फोटो पहचान पत्र का इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप शुरू किया जिसे मोबाइल फोन में सुरक्षित रखा जा सकता है और कंप्यूटर पर डाउनलोड किया जा सकता है ई-वोटर कार्ड पीडीएफ फॉर्मेट में उपलब्ध होगा जिसे संपादित नहीं किया जा सकेगा और जरूरत पड़ने पर मतदाता इसका प्रिंट लेकर इसे लैमिनेट भी करवा सकता है।सोमवार को इसकी औपचारिक शुरुआत होने के बाद पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल और पुडुचेरी के मतदाता चुनाव के दिन ई-वोटर कार्ड का इस्तेमाल कर सकते हैं। इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में इस वर्ष अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। परंपरागत पीवी वोटर कार्ड भी इस्तेमाल में रहेगा।कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने ई-इपिक कार्यक्रम की शुरुआत की। और राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर यहां पांच नए मतदाताओं को ई-इपिक और मतदाता फोटो पहचान पत्र वितरित किए।

## नई पीढ़ी की आकाश मिसाइल का सफल परीक्षण

**बालासोर (ओडिशा)।** भारत ने सोमवार को ओडिशा के तट के पास परीक्षण स्थल से नई पीढ़ी की आकाश मिसाइल का सफल परीक्षण किया। एक आधिकारिक वक्तव्य में यह जानकारी दी गई। वक्तव्य के अनुसार सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल का चांदीपुर स्थित स्थल से दोपहर में परीक्षण किया गया। इस मिसाइल का उपयोग भारतीय वायु सेना द्वारा हवाई हमले से निपटने में किया जाएगा। वक्तव्य में कहा गया कि इस प्रकार की अन्य मिसाइल प्रणाली की तुलना में आकाश-एनजी को अधिक स्थानों पर तैनात किया जा सकता है।


## कार्यालय-जिला उद्यान अधिकारी, श्रावस्ती।

पत्रांक– 855/प्रेस विज्ञप्ति/2020–21/ दिनांक 25/01/2021

**प्रेस विज्ञप्ति**

उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग जनपद श्रावस्ती की तरफ से गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी जनपद वासियों को ढेरों शुभकामनाऐं सब्जी, मसाले, फल एवं फूलों की खेती तथा सूक्ष्म सिंचाई पद्धति की स्थापना हेतु विभाग से सम्पर्क करें।

**जिला उद्यान अधिकारी**
**श्रावस्ती।**



## कार्यालय नगर पालिका परिषद गोला गोकर्ण नाथ-खीरी

26 जनवरी 2021, गणतन्त्र दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद गोला गोकर्ण नाथ – खीरी अपने नगरवासियों का हार्दिक अभिनन्दन करती है तथा शुभ–कामनायें प्रेषित करती है, साथ ही नागरिकों से अपील करती है कि उत्तर प्रदेश में पालीथिन कैरी बैग, डिस्पोजल/थर्माकोल ग्लास कटोरी थाली आदि को पूर्णतया प्रतिबन्धित कर दिया गया है, अतः पालीथिन बैग/थैली डिस्पोजल/थर्माकोल ग्लास कटोरी थाली आदि का प्रयोग न करें। स्वच्छ भारत मिशन अभियान को सफल बनाते हुये नगर पालिका परिषद गोला को "क्लीन गोला–ग्रीन गोला" बनाने में सहयोग करें।

**अच्छी सेवा तथा सुविधा के लिये नागरिकों से अपील है कि :**

1. पालिका के करों यथा गृहकर, जलकर, जलमूल्य तथा किराया दुकान का समय से भुगतान कर छूट का लाभ उठायें तथा अधिकार से बचें।
2. स्वच्छ मंच पोर्टल पर रजिस्टर करें एवं स्वच्छता गतिविधियाँ अपलोड करें।
3. गीला कूडा हरे एवं सूखा कूड नीले डस्टबिन में ही डालें।
4. अपने किचन गार्डेन, लॉन में कम्पोस्ट पिट बनवाकर जैविक खाद उत्पन्न करें।
5. सफाई के उपरान्त कूड़ा कचरा सड़क पर न फेंके और न ही जालायें पर्यावरण की स्वच्छता में सहयोग करें। नगर पालिका द्वारा घर–घर कूडा कलेक्शन का कार्य कराया जा रहा है। अतः नगरपालिका के सफाई कर्मचारी को ही कूडा दें इधर–उधर न फेंके।
6. किसी भी प्रकार की निर्माण सामग्री/घरों से निकलने वाले मलवे आदि को सार्वजनिक स्थान सड़क/नाला/नाली आदि पर न लगायें एन0जी0टी के निर्देशों का पालन करें तथा अर्थदण्ड से बचें।
7. जल ही जीवन है, जल की बचत करें। आवश्यकतानुसार ही कम से कम पानी का प्रयोग करें तथा प्रयोग के उपरान्त पानी की टोटियों को खुला न छोड़े।
8. जन्म–मृत्यु का पंजीकरण (21 दिन के अन्दर) अवश्य करायें।

**इस वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में हम सब मिल कर अपने शहर को नं0 1 बना सकते है इसके लिये आपको सर्वेक्षण के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्नों का सकारात्मक उत्तर देना है।**

| | | |
|---|---|---|
| **प्रदीप नारायण दीक्षित** अधिशासी अधिकारी समस्त कर्मचारीगण | **नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ-खीरी** | **मीनाक्षी अग्रवाल** अध्यक्ष समस्त सभासदगण |



## कार्यालय नगर पंचायत रूरा जनपद–कानपुर देहात

संख्या–1383/एन0पी0आर0/बधाई संदेश/2021, दिनाक–25.01.2021



मा0 आशुतोष टण्डन जी
नगर विकास मंत्री जी
उ0प्र0 शासन लखनऊ

**26 जनवरी 2021 (गणतन्त्र दिवस)**
के राष्ट्रीय पर्व पर अपने नगरवासियों का हार्दिक अभिनन्दन एवं नगर का सम्पूर्ण विकास के लिए आपेक्षित सहयोग की अपील करती है



डा0 दिनेश चन्द्र
जिलाधिकारी
कानपुर देहात


1. स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के अन्तर्गत अपने नगर को साफ सुथरा रखे।
2. कोविड–19 महामारी की रोकथाम एवं बचाव के निरंतर हाथों को साबुन से धुलना एवं मॉस्क तथा सेनेटाइजर का उपयोग करना।
3. भवन निर्माण निकाय से नक्शा स्वीकृत कराने के उपरान्त ही प्रारम्भ करायें एवं करों की अदायगी समय से करें।
4. घरों से निकलने वाले कूड़ें को इधर–उधर न फेंके बल्कि निर्धारित स्थान पर रखे कूड़ेदानो में ही डाले।
5. स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शौच किया हेतु व्यक्तिगत / सार्वजनिक / सामुदायिक शौचालय का नियमित प्रयोग करें। खुले में शौच कदापि न जाये। अन्यथा नियमानुसार दण्ड वसूले जाने की कार्यवाही की जायेग।
6. प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग एंव जल का अपव्यय न करें।
7. जन्म–मृत्यु का पंजीकरण कार्यालय में समयान्तर्गत करायें।
8. मार्ग प्रकाश हेतु लगी लाईटों को किसी भी प्रकार से क्षति न पहुँचायें।
9. नगर में समुचित वृक्षारोपड़ कर सहयोग प्रदान करें।
10. निकाय की रोड़ों पर किसी भी प्रकार की भैस, बकरी, भेड़ न बाँधे और न ही किसी प्रकार का अवैध अतिक्रमण करें।



**वी.एन.सिंह**
वरिष्ठ लिपिक
नगर पंचायत रूरा



**पवन किशोर**
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत रूरा



**श्रीमती रमा देवी**
अध्यक्ष
नगर पंचायत रूरा

समस्त सभासदगण नगर पंचायत रूरा

# सिडनी में हमें कड़े प्रतिबधों में रखा : अश्विन

**भाषा।** नई दिल्ली

अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने खुलासा किया कि सिडनी टेस्ट के दौरान भारतीय खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के साथ लिफ्ट साझा करने की अनुमति नहीं थी और टीम के लिए इसे पचा पाना काफी मुश्किल था। हाल ही में संपन्न हुई चार मैचों की श्रृंखला का तीसरा टेस्ट सिडनी क्रिकेट मैदान पर खेला गया था। पूरे दौरे के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ी और सहयोगी सदस्य कोविड-19 महामारी से उत्पन्न खतरे के कारण एक ही जैव सुरक्षित माहौल (बायो-बबल) में थे। अश्विन ने क्षेत्ररक्षण कोच आर श्रीधर के साथ बातचीत में अपने यू-ट्यूब चैनल पर कहा, हम सिडनी पहुंचे तो उन्होंने हमें कड़े प्रतिबंधों के साथ रखा। सिडनी में एक अनोखी घटना घटी हुई। ईमानदारी से कहूं तो यह अजीब था। भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों एक ही बायो-बबल में थे। लेकिन जब ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी लिफ्ट में थे, तो वे भारतीय खिलाड़ियों को इसके अंदर जाने की अनुमति नहीं देते थे।



**'ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के साथ लिफ्ट साझा करने की अनुमति नहीं थी'**

हमें उस समय बहुत बुरा लगा। हम एक ही बबल में थे। लेकिन आप लिफ्ट में जाते हैं और उसी बबल में रहने वालों के साथ उस जगह को साझा नहीं कर सकते। हमारे लिए इसे पचाना बहुत मुश्किल था। इस टेस्ट मैच के दौरान भारतीय तेज गेंदबाजों मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह को दर्शकों से नस्लीय टिप्पणी का सामना भी करना पड़ा था। अश्विन ने हनुमा विहारी के साथ पांच घंटे से अधिक देर तक बल्लेबाजी कर मैच ड्रा कराने में अहम भूमिका निभाई थी। इसके बाद ब्रिसबेन के गाबा मैदान पर खेले गए आखिरी टेस्ट में टीम ने चौथी पारी में 328 रन के लक्ष्य को हासिल कर रिकार्ड जीत दर्ज की। इस मैदान पर 32 साल के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम को हार का सामना करना पड़ा था। भारत ने इस जीत के साथ श्रृंखला 2-। से अपने नाम की थी।

## खुद को बाहरी दुनिया से अलग करने के बाद भी हर दिन दबाव महसूस कर रहा था: पंत

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया मे शानदार बल्लेबाजी कर आलोचकों का मुंह बंद करने वाले भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत ने इस दौरे से पहले खुद को बाहरी दुनिया से अलग कर लिया था लेकिन वह हर दिन दबाव महसूस कर रहे थे। पंत ने इंडिया टुडे से कहा, मै हर दिन दबाव महसूस कर रहा था, यह मेरे खेल का हिस्सा है। एक व्यक्ति के तौर पर आपको खुद पर भरोसा होना चाहिए। अगर आप आगे बढ़ रहे है तो इसका मतलब यह है कि आप सुधार कर रहे है। इस मुश्किल समय मे मैने यही सीखा है। अपने खेल पर इतना ध्यान केंद्रित करे कि आपको कुछ और नजर न आए। सोशल मीडिया की वजह से कई बार ऐसा करना मुश्किल होता है लेकिन मैने खुद को इससे अलग कर लिया है। जब आप अच्छा कर रहे है तो लोग अच्छा लिखेंगे लेकिन जब ऐसा नही होगा तब वे आपकी आलोचना करेंगे। यह आजकल के क्रिकेटर के जीवन का एक हिस्सा है। ऐसे मे अगर आप आलोचना को नजरअंदाज कर अपने क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करते है तो मुझे लगता है कि यह बेहतर है। उन्होंने कहा ब्रिसबेन में ड्रा उनके लिए कोई विकल्प नही था। हमारी मानसिकता हमेशा सामान्य क्रिकेट खेलने की थी, यहां तक कि टीम प्रबंधन ने भी पहली पारी में इस बारे में बात की थी। हम रन बनाना चाहते थे, कमजोर गेंदो का फायदा उठाना चाहते थे और वहां क्रीज पर खड़े रह कर जो संभव हो वह करना चाहते थे। टीम प्रबंधन की योजना जीतने की थी। मै भी जीतने की सोच के साथ खेल रहा था। मै हर मैच जीतना चाहता हूं, मेरे लिए ड्रा हमेशा दूसरा विकल्प होगा। उन्हे इंग्लैड मे 2019 विश्व कप मे उम्मीदो पर खरा नही उतरने की निराशा है।



## इंग्लैंड ने किया क्लीन स्वीप

**भाषा।** गॉल



डॉम सिबले (नाबाद 56) और जोस बटलर (46) की पांचवें विकेट के लिए 75 रन की अटूट साझेदारी की मदद से इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन सोमवार को श्रीलंका को छह विकेट से हराकर दो मैचों की श्रृंखला को 2-0 से अपने नाम कर ली। चौथी पारी में जीत के लिए 164 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 89 रन पर चौथा विकेट गंवाने के बाद संकट में थी लेकिन स्पिनरों की मददगार पिच पर सिबले और अनुभवी बटलर की जोड़ी ने कोई और क्षति नहीं होने दी।सिबले इससे पहले तीन पारियों में सिर्फ छह रन बना सके थे लेकिन उन्होंने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेल फार्म में वापसी की। पहली पारी में सात विकेट लेने वाले लेसिथ एम्बुलडेनिया ने दूसरी पारी में तीन विकेट लेकर श्रीलंका की उम्मीदे कायम की लेकिन उन्हें दूसरे गेंदबाजों का बेहतर साथ नहीं मिला। इंग्लैंड ने जॉक क्राउली (13) का विकेट जल्दी गंवा दिया। चाय के विश्राम के बाद जॉनी बेयरस्टॉ (29), कप्तान जो रूट (11) और डैन लौरेंस (02) जल्दी-जल्दी पवेलियन लौट गए।

## महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना बी टीम से हारी


**ब्यूनस आयर्स।** भारतीय महिला हॉकी टीम को अर्जेंटीना बी के हाथों एक रोचक मुकाबले में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम की अर्जेंटीना के दौरे पर यह लगातार दूसरी हार है। भारत की तरफ से सलीमा टेटे (छठे मिनट) और गुरजीत कौर (42वें मिनट) ने गोल किए जबकि अर्जेंटीना के लिए सोल पागेला (25वें मिनट), कॉन्सटैंजा सेरुनडोलो (38वें मिनट) और ऑगस्टिना गोर्जलेनी (39वें मिनट) ने गोल दागे। भारत ने पहले क्वार्टर में शानदार शुरुआत की। उसे पहले मिनट में ही पेनल्टी कार्नर मिला। अर्जेंटीना के एक और फॉउल से यह पेनल्टी स्ट्रोक में बदल गया लेकिन भारत इसका फायदा नहीं उठा पाया।भारतीय टीम ने मौके बनाने जारी रखे और उसे छठे मिनट में इसका फायदा मिला जब टेटे ने गोल किया। मुख्य कोच सोर्ड मारिन ने कहा, हमने मैच में बहुत अच्छी शुरुआत की थी लेकिन हम पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल नहीं कर पाए। पहले क्वार्टर में हमने अर्जेंटीना को बांधे रखा लेकिन दूसरे क्वार्टर में उन्होंने बेहतर खेल दिखाया। पागेला ने दूसरे क्वार्टर में बराबरी का गोल दागा लेकिन भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर में लगातार दो गोल गंवाए जिससे वह बैकफुट पर चली गई।

## भारतीय महिला जूनियर हॉकी टीम की चिली की सीनियर टीम पर एक और जीत

**सैंटियागो (चिली)।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने अपने छठे और आखिरी मैच में भी शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चिली की सीनियर टीम को 2-। से हराया और इस तरह से अजेय रहते हुए अपने दौरे का अंत किया। फारवर्ड ब्यूटी डुंगडुंग ने छठे और 26वें मिनट में गोल करके भारत को यह महत्वपूर्ण जीत दिलाई। चिली की तरफ से एकमात्र गोल 40वें मिनट में फ्रांसिस्का ताला ने किया। अपने छठे और अंतिम मैच में इस करीबी जीत से भारत की जूनियर टीम अजेय रहकर चिली से वापस लौटेगी।

# सरकार कई वस्तुओं पर घटा सकती है सीमा शुल्क

**भाषा।** नई दिल्ली



सरकार अगले सप्ताह पेश किए जाने वाले आम बजट में कई वस्तुओं पर सीमा शुल्क में कटौती कर सकती है, जिसमें फर्नीचर के कच्चा माल, तांबा भंगार, कुछ रसायन, दूरसंचार उपकरण और रबड़ उत्पाद शामिल हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पॉलिश किए गए हीरे, रबड़ के सामान, चमड़े के कपड़े, दूरसंचार उपकरण और कालीन जैसे 20 से अधिक उत्पादों पर आयात शुल्क में कटौती की जा सकती है। इसके अलावा फर्नीचर बनाने में इस्तेमाल होने वाली कुछ बिना रंदी लकड़ियों और हार्डबोर्ड आदि पर सीमा शुल्क पूरी तरह खत्म किया जा सकता है। महंगा कच्चा माल अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत की कीमत प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करता है। देश से फर्नीचर का निर्यात बहुत कम (लगभग एक प्रतिशत) है, जबकि चीन और वियतनाम जैसे देश इस क्षेत्र के प्रमुख निर्यातक हैं।

## 6,000 करोड़ रुपए की साप्ताहिक किस्त जारी की

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि उसने राज्यों को जीएसटी की भरपाई के लिए 13वी किस्त के रूप में 6,000 करोड़ रुपए जारी किए है, जिसके साथ इस मद में कुल 78,000 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके है।राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अब तक अनुमानित जीएसटी क्षतिपूर्ति का 70 प्रतिशत हिस्सा जारी किया जा चुका है। जीएसटी लागू किए जाने के चलते राजस्व में 1.10 लाख करोड़ रुपए की अनुमानित कमी को पूरा करने के लिए केंद्र ने अक्टूबर 2020 में एक विशेष उधारी व्यवस्था की शुरुआत की थी।

## रुपए में लगातार पांचवे दिन तेजी , डॉलर के मुकाबले तीन पैसे की मजबूती

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार मे भारी बिकवाली के बावजूद अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में लगातार पांचवें सत्र के दौरान रुपए में तेजी रही। सोमवार को रुपया अमेरिकी डालर के मुकाबले तीन पैसे की तेजी के साथ 72.94 पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 72.95 रुपए प्रति डॉलर पर खुला तथा कारोबार के दौरान रुपया 72.89 के उच्च स्तर और 72.96 के निम्न स्तर तक गया। अंत में रुपया तीन पैसे मजबूत होकर 72.94 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। शुक्रवार को रुपया 72.97 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक 530.95 अंक घटकर 48,347.59 अंक रह गया।

## लॉकडाउन में अरबपतियों की संपत्ति 35 प्रतिशत बढ़ी

**भाषा।** नई दिल्ली

गरीबी उन्मूलन के लिए काम करने वाली संस्था ऑक्सफैम ने कहा है कि कोरोना वायरस महामारी के चलते लगाए गए लॉकडाउन के दौरान भारतीय अरबपतियों की संपत्ति 35 प्रतिशत बढ़ गई, जबकि इस दौरान करोड़ों लोगों के लिए आजीविका का संकट पैदा हो गया। ऑक्सफैम की रिपोर्ट इनइक्वालिटी वायरस में कहा गया, मार्च 2020 के बाद की अवधि में भारत में 100 अरबपतियों की संपत्ति में 12,97,822 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई है। इतनी राशि का वितरण यदि देश के 13.8 करोड़ सबसे गरीब लोगों में किया जाए, तो इनमें से प्रत्एक को 94,045 रुपए दिए जा सकते हैं। बताया गया कि महामारी के दौरान मुकेश अंबानी को एक घंटे में जितनी आमदनी हुई, उतनी कमाई करने में एक अकुशल मजदूर को दस हजार साल लग जाएंगे, या मुकेश अंबानी ने जितनी आय एक सेकेंड में हासिल की, उसे पाने में एक अकुशल मजदूर को तीन साल लगेंगे।

## रिजर्व बैंक ने 100, 10, 5 रुपए के पुराने नोट वापस लेने की चर्चा को खारिज किया

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 100 रुपए, 10 रुपए और 5 रुपए के पुराने नोटों को वापस लेने की खबरों का सोमवार को खंडन किया।

आरबीआई ने एक ट्वीट में कहा, निकट भविष्य में 100 रुपए, 10 रुपए और 5 रुपए के नोटों की पुरानी श्रृंखला के प्रचलन को बंद करने की मीडिया के कुछ वर्ग में खबरें चल रही हैं। यह स्पष्ट किया जाता है कि ए खबरें गलत हैं। रिजर्व बैंक ने जुलाई 2018 में लैवेंडर रंग के 100 रुपए के नए नोट जारी करते हुए कहा था कि पहले जारी किए गए 100 रुपए के नोट भी प्रचलन में बने रहेंगे।

जनपदवासियों व क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Girjesh Agarwal
Proprietor
Mob.No. 9161905880
9415037503
Agarwal Copy House
Library Book NBT, NCERT, CBT, Sports Goods Science & Maths Kit Printing, Stationary & General Order Supplier
Add: Dariya Khan, Near-Darul-uloom Gandhi Nagar - Basti - 272 001 (U.P.)

जनपदवासियों व क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामप्रकाश सिंह 'नन्हे'
पूर्व सदस्य जिला पंचायत गौर प्रथम, बस्ती

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दीनदयाल अन्त्योदय शहरी आजीविका मिशन
शहरी आजीविका केन्द्र बस्ती
बस्ती जनपद के कुशल एवं अर्द्धकुशल बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु सतत् प्रयास जिला नगरीय विकास अभिकरण बस्ती
अरुण त्रिपाठी प्रबन्धक शहरी आजीविका केन्द्र बस्ती
चन्द्रभान वर्मा परियोजना अधिकारी डूडा बस्ती
सरनजीतकौर ब्रोका मुख्य विकास अधिकारी परियोजना निदेशक डूडा, बस्ती
आशुतोष निरंजन जिलाधिकारी – अध्यक्ष डूडा, बस्ती

जनपदवासियों व क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ओम सेन्टर पर उपलब्ध नवीनतम सुविधाएं
ऑर्थोस्कोपी :- लिंगामेंट सर्जरी – घुटना, कंधा, आदि की फटी हुई मांसपेशियों की सर्जरी (बिना चीर फाड़ के छेद की मदद से)।
TKR घुटना प्रत्यारोपण (नया घुटना लगाना)
THR कूल्हा प्रत्यारोपण (कूल्हा बदलना)
जबड़े की सर्जरी
हड्डी की गंभीर चोटों की सर्जरी अत्याधुनिक मशीनों की सहायता से
प्लास्टिक सर्जरी जले हुए घाव और कई दिनों के पुराने घाव की
: अन्य सुविधाएं :
एक्स-रे, प्लास्टर, ई0सी0जी0, पैथालॉजी, एम्बुलेंस आदि की सुविधाएं 24 घण्टे उपलब्ध
नोट – उपरोक्त सभी प्रकार की सर्जरी (ऑपरेशन) उचित दरों पर की जाती है।
पता – निकट प्रकाश होटल, स्टेशन रोड, बस्ती
सम्पर्क सूत्र : 7379818195, 9415487371

जनपदवासियों व क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
AWADH MEDICAL AND LAPAROSCOPIC CENTRE
Rautapar, Gandhi Nagar, BASTI - 272 001 (U.P.) ☎ : 283037
(This is not valid for any meico-legal purpose)
डा0 कल्पना श्रीवास्तवा
डी.जी.ओ. (आब्स एवं गाइनी)
जी.एस.बी.एम. मेडिकल कालेज, कानपुर
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
Dr. Kalpana Srivastava
D.G.O. (Obs. & Gyane)
G.S.V.M. Medical Collge, Kanpur
Gynecologist & Obstretician

जनपदवासियों व क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
☎: 283054
Mobile : 9453083067
ओम पैथालोजी
मालवीय रोड तिराहा, रोडवेज – बस्ती
(घोड़े पर सवार पं0 नेहरू की मूर्ति के पास)
FULLY COMPUTERISED LAB
Equiped with : • Mini VIDAS Fully Automatic Hormone Analyser
• Automated Heam atology Analyser- SYSMEX KX-21
• Hi tech. Autoanalyer TRANSASIA E.C.-5 Plus
• Digital Computorised Microacope-MOTIC
• ELECTROLYTE ANALYSER EASYLYTE Na+/K*
सुविधायें – • सामान्य पैथालॉजी • कम्पलीट ब्लड काउन्ट
• थायरायड हारमोन – $T_3$, $T_4$ & TSH
• टी0बी0 एलाइजा – IgG, igM& IgA
• फीमेल हारमोन –LH, FSh & Proláctin
• विडास ट्रोपोनिन आई कार्डियक मार्कर
• विडास बी0पी0एस0ए0 कैंसर मार्कर
• ग्लाइको+सिलेटेड हीमोग्लोबिन (Hb A1c)
• टार्च टेस्ट • सीरम एमाइलेज • सीरम लाइपेज
• सीरम इलेक्ट्रोलाइट इत्यादि–
Timing : 8A.M. to 8 PM. Sunday - Open



# 'टीवी पर ऐसी कहानियां कम देखने को मिलती हैं'

**अभिनेत्री ग्रेसी बितिन गोस्वामी एवं कनिका माहेश्वरी ने पायनियर संवाददाता मुस्बा हाशमी के साथ एक विशेष बातचीत में बताया कि एसईटी चैनल के शो 'क्यों उत्थे दिल छोड़ आया' का सोमवार से प्रारंभ होने की पूरी तैयारी हो गई है। उन्होंने बताया कि उनके लिए इस शो में भूमिका क्यों महत्वपूर्ण है और ये कि इस पीरियड ड्रामा में काम करना उनके लिए चुनौतीपूर्ण क्यों रहा?**

ऐसा कम ही होता है कि आपको टीवी पर ऐसी कहानियां देखने को मिलें जिनके गहन अर्थ हों और जो तुरंत ही दर्शकों के दिलों में उतर जाएं। ऐसा ही एक शो आपको सेट चैनल पर प्रारंभ हो रहे शो 'मैं उत्थे दिल छोड़ आया' में देखने को मिलेगी। इसकी कहानी 1947 के विभाजन पूर्व भारत की है जिसमें तीन लड़कियों-अमृत, वाश्मा और राधा नाम की कहानी प्रस्तुत की गई है। उनकी कहानी में उनके सपने, आशाएं और नये नये प्यार जैसी अवधारणाएं हैं और वो भी जब देश की स्वतंत्रता की बात की जा रही थी। उन्हें पता था कि कल कुछ अलग सा होने वाला था लेकिन वे सीमा के पार अपने प्यार को पाने के लिए चल देती हैं।



ग्रेसी बितिन गोस्वामी ने इसमें अमृत का चरित्र निभाया है उनके अनुसार चरित्र की सरलता के कारण ही उन्हें इस शो में आकर्षण लगा।

उनके अनुसार, 'ये विभाजन से पूर्व की एक लड़की की कहानी है जो अपने परिवार को बहुत प्यार करती है। उसके कई सपने हैं लेकिन परिवार के लिए वो सर्वस्व न्योछावर करने के लिए तत्पर रहती है। यही कारण है कि वो अपनी पहचान छिपाकर दूसरे नाम से अपनी कविताएं प्रकाशित करने के लिए भेजती है ताकि उसके पिता, जिन्हें ये सब अच्छा नहीं लगता, उसके इस कार्य से क्षुब्ध न हों।

उसके जीवन की कई कहानियां हैं और उसमें कई प्रकार की भावनाएं जोर मारती हैं लेकिन वो अपने व्यवहार से सभी के चेहरे पर मुस्कान बिखेरने का पूरा प्रयास करती रहती है। वो अपने मुखड़े और व्यक्तित्व के चलते लाहौर की सबसे सुंदर लड़कियों में गिनी जाती है।'

उन्होंने आगे बताया, 'यही कारण था कि मैंने अमृत का चरित्र निभाने के लिए सहमति प्रदान की। इसके अलावा अमृत का एक गुण ये भी है कि वो किसी भी प्रकार की परिस्थितियों से बिना घबराए निबटने के लिए तत्पर रहती है। मैं ऐसे किसी चरित्र को निभाने के लिए लंबे समय से सोच रही थी। इसमें पहली बार होगा कि मैं किशोरी की भूमिका नहीं करूंगी जबकि अपने वास्तविक जीवन में मैं ऐसी ही हूं। यही कारण है कि मैं इसमें रोमांस भी कर रही हूं। मेरे लिए ये बड़ी परियोजना और ब्रेक है। ऐसे में इस परियोजना में काम न करने का तो प्रश्न ही नहीं उठता।'

# नवाबों की नगरी से माया नगरी तक का सफर




जब बात गीत और संगीत की हो और शहर लखनऊ का नाम ना आए ऐसे कैसे हो सकता है। हाल ही में रिलीज हुआ म्यूजिक एल्बम बर्दाश्त जिसको आवाज दी है प्रख्यात गायक हरिहरन जी ने और जिसका वीडियो जी म्यूजिक से गत दिवस रिलीज हो चुका है। गाने में बिग बॉस फेम एक्टर पारस छाबरा और एक्ट्रेस वैभवी जोशी हैं। उस एल्बम का संगीत हमारे अपने शहर के नितेश श्रीवास्तव ने दिया है। नितेश वैसे तो छोटे से शहर फतेहपुर से हैं पर उन्होंने पढ़ाई और शुरुआती दौर की नौकरी लखनऊ में की है। नितेश बॉलीवुड में काफी समय से सक्रिय हैं और अब उन्होंने अपने दोस्त अभिनव के साथ मिलकर मायानगरी बंबई में पैर जमाना शुरू कर दिया है। यूज़िक डुओ नितेश-अभिनव का यह गीत फेसबुक पर 50 लाख से ज़्यादा लोग देख चुके हैं और काफी पसंद कर रहे हैं। नितेश ने बताया की उन्होंने फिल्म में भी संगीत दिया है जिसका नाम एक अंक है जो प्रकृति और पशु संरक्षण की जागरूकता पर बनाई गई है। कुछ दिनों में रिलीज़ होने वाली है, हाल ही में इस फिल्म का प्रीमियर साहू पीवीआर में हुआ है और जिसके गानों को आवाज़ सोनू निगम, पलक मुच्चल, पापोन और देव नेगी जैसे मशहूर गायकों ने दी है।

# दुबई में अगले साल दीपावली पर खुलेगा नया हिन्दू मंदिर

**दुबई( भाषा )।** दुबई में अगले साल दीपावली के अवसर पर एक नए हिंदू मंदिर के द्वार श्रद्धालुओं के लिए खोले जाने की उम्मीद है। मीडिया में प्रकाशित खबरों में यह जानकारी दी गई।इस मंदिर का निर्माण जेबेल अली में स्थित गुरु नानक दरबार के पास किया जा रहा है। यह मंदिर बुर दुबई के सउक बनियास में सिंधी गुरु दरबार मंदिर का विस्तार है। सिंधी गुरु दरबार मंदिर संयुक्त अरब अमीरात में सबसे पुराने हिंदू मंदिरों में से एक है। पिछले साल फरवरी में खलीज टाइ स में प्रकाशित खबर के अनुसार 25,000 वर्ग फुट क्षेत्र में बनने वाले मंदिर की लागत लगभग साढ़े सात करोड़ दिरहम या।,48,86,24,396 रुपए है। सिंधी गुरु दरबार मंदिर के न्यासियों में से एक भारतीय उद्योगपति राजू श्रॉफ ने रविवार को कहा कि मंदिर का निर्माण चल रहा है और ढांचे के नीचे का हिस्सा बन चुका है। खलीज टाइ स के अनुसार श्रॉफ ने कहा, अभी तक ढांचे के नीचे भूमिगत तल प्रथम और द्वितीय का काम पूरा हो चुका है। हम 2022 में दिवाली पर इसे खोलने की तैयारी कर रहे हैं।




समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

| | | |
|---|---|---|
| विद्यालय प्रबंध समिति व समस्त स्टाफ उ.प्रा.वि. रूकनापुर | | बृजेश राठौर प्रधानाध्यापक पू.मा.वि. दहेली |
| अरूणोदय सिंह प्रधानाध्यापक प्रा.वि. हजारीपुरवा आंबा | गजेन्द्र पाल अध्यापक प्रा.वि. पट्टी दहेली | दयाशंकर वर्मा प्रधानाध्यापक कम्पोजिट विद्यालय बहिया बहरापुर |
| करन प्रकाश प्रधानाध्यापक प्रा.वि. कुसेपा | सुनील कुमार दिनकर प्रधानाध्यापक प्रा.वि. गहबड़ा | राकेश प्रधान चंदेसुआ |
| जय प्रकाश रावत प्रधानाध्यापक प्रा.वि. निबिया सेखनापुर | रामसहाय शुक्ला प्रधानाध्यापक कम्पोजिट विद्यालय चनिया | प्रीति पांडेय प्रधानाध्यापिका उ.प्रा.वि. सेखनापुर |

प्रधानाध्यापक एवं समस्त सहायक स्टाफ
कम्पोजिट विद्यालय – मिदनियां
विकास खण्ड – बेहटा, जनपद सीतापुर

# अदालत ने कंगना व उनकी बहन को राजद्रोह मामले में गिरफ्तारी से संरक्षण की अवधि बढ़ाई



**मुंबई( भाषा )।** बम्बई उच्च न्यायालय ने सोमवार को अभिनेत्री कंगना रनौत और उनकी बहन रंगोली चंदेल को राजद्रोह और अन्य आरोपों के तहत मुंबई पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के संबंध में गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण की अवधि 15 फरवरी तक बढ़ा दी। न्यायमूर्ति एस एस शिंदे और मनीष पिटाले की एक पीठ ने रनौत और उनकी बहन द्वारा दायर याचिका पर आगे की सुनवाई स्थगित कर दी, जिसमें मुंबई पुलिस द्वारा बार-बार भेजे गए समन और उपरोक्त प्राथमिकी के आधार पर उनके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही शुरू करने के बांद्रा मजिस्ट्रेट के आदेश को चुनौती दी गई है। पीठ ने कहा, चूंकि सुनवाई स्थगित कर दी गई है, इसलिए दोनों को दिए गए अंतरिम संरक्षण को अगली तारीख तक स्वाभाविक रूप से बढ़ा दिया जाएगा। कास्टिंग निर्देशक और फिटनेस ट्रेनर मुनव्वर अली सैय्यद ने रनौत और उनकी बहन के खिलाफ उनके द्वारा कथित तौर पर किए गए कुछ ट्वीट और बयानों का हवाला देते हुए शिकायत दर्ज कराई थी जिसके बाद मु बई में मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश पर पिछले साल अक्टूबर में बांद्रा में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अपने वकील रिजवान मर्चेंट के माध्यम से सोमवार को उच्च न्यायालय में दायर एक हलफनामे में, सैय्यद ने कहा कि रनौत और उनकी बहन रंगोली ने अपने ट्वीट से घृणा फैलाई है और महाराष्ट्र सरकार के प्रति असंतोष को बढ़ावा दिया है। सैय्यद ने कहा कि दोनों बहनों ने अपनी टिप्पणियों से समुदायों के बीच नफरत को बढ़ावा दिया है।

## हास्य कलाकार मुनव्वर फारुकी की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

**इंदौर।** हिंदू देवी-देवताओं को लेकर कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के मामले में गुजरात के हास्य कलाकार मुनव्वर फारुकी की जमानत याचिका पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने सोमवार को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।




कार्यालय नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा, लखीमपुर-खीरी

की ओर से समस्त नगर वासियों को राष्ट्रीय पर्व
72वें गणतन्त्र दिवस 2021
की हार्दिक शुभकामनायें।

विगत तीन वर्षो में कराए गए प्रमुख विकास कार्य एवं उपलब्धियां

1. नगर वासियों की सुविधा के लिए ऐम्बुलेंस सेवा।
2. नगर को साफ-सुथरा रखने के लिए स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत आठ सुलभ शौचालय एवं महिलाओं के लिए एक पिंक शौचालय।
3. नगर को कूड़े से निदान हेतु ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन अन्तर्गत एम0आर0एफ0 सेन्टर का निर्माण।
4. पं0 दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना अन्तर्गत अटल पार्क का निर्माण प्रगति पर है।
5. पं0दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना अन्तर्गत सभी चौराहों का सौंदर्यीकरण।

इस अवसर पर हम नगर वासियों से निम्न अपेक्षायें करते है

1. कोरोना के संक्रमण का खतरा अभी टला नहीं है, अतः कोरोना के संक्रमण से सावधानी बरतें।
2. स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में नगर को प्रथम स्थान दिलाने के लिए सफाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करें।
3. नगर को साफ सुथरा बनाने के लिए प्लास्टिक का प्रयोग न करें।
4. कूड़े को कूड़ेदान में ही डाले, खुले में न फेकें।
5. सड़कों पर जानवर बांधकर गन्दगी न फैलायें।




अवधेश मिश्र
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा
लखीमपुर - खीरी

समस्त सभासद
नगर पंचायत
सिंगाही भेड़ौरा
लखीमपुर-खीरी



उत्तम कुमार मिश्र
अध्यक्ष
नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा
लखीमपुर - खीरी



# कार्यालय नगर पंचायत अजमतगढ़–आजमगढ़

पत्रांक–मेमो0 / न0प0अज0 / 2020–21 दिनाक–25.01.2021




**26 जनवरी 2021 गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर सर्वांगिण विकास के पथ पर अग्रसर नगर पंचायत जीयनपुर नगर वासिया का हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन करते हुए नागरिकों से निम्न अपेक्षाए करती है।**

1. पॉलिथिन का प्रयोग न अपने करें न दूसरो को करने दें।
2. खुले में शौच न करें न ही दुसरों को करने दें खुले में शौच करना दण्डनीय अपराध है।
3. वातावरण शुद्ध रखने के लिये प्रत्येक व्यक्ति वृक्ष लगाने का संकल्प लें।
4. वृक्षारोपण किये गये वृक्षों की सुरक्षा करें।
5. सफाई में सहयोग करें, कूडा कचरा कूडेदान में ही रखें।
6. जल ही जीवन है खुली टोटी न रखें।
7. जन्म / मृत्यु का पंजीयन 21 दिनों के अन्दर अवस्य करायें।
8. नगर पचायत द्वारा लगाये गये बिन्दुओं को क्षति न पहुचायें एवं एल0ई0डी0 लाईट जलाने व बुझाने में नगर पंचायत का सहयोग करें।
9. यह नगर आपका है इसे स्वच्छ रखने में नगर पंचायत का सहयोग करें।
10. गृहकर एवं जलमूल्य का भुगतान समय से करें।




**अखिलेश कुमार यादव**
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत अजमतगढ
आजमगढ़

**एखलाक अहमद**
लिपिक
नगर पंचायत अजमतगढ
आजमगढ़

**पारस नाथ सोनकर**
अध्यक्ष
नगर पंचायत अजमतगढ
आजमगढ़















मतदाताओं ने ली शपथ

# प्रतियोगिताओं से मतदान के प्रति जागरूकता का दिया संदेश


सीतापुर-मतदान की शपथ लेते लोग



सीतापुर-छात्रा को सम्मानित करते डीएम विशाल भारद्वाज



सीतापुर-कार्यक्रम में मौजूद शिक्षकगण

## ● बीएलओ व अधिकारियों को डीएम ने किया सम्मानित

संवाददाता। सीतापुर

**राष्ट्रीय मतदाता** दिवस पर सोमवार को राजकीय इंटर कॉलेज मैदान पर हु, समारोह में विविध कार्यक्रमों के जरि, अपनी प्रतिभा दिखाई। साथ ही मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। समारोह में जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने मतदाताओं को ऽशपथ दिलाई, साथ ही उत्कष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और बीएलओ को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने कहा भारत में सभी को एक समान रूप से मताधिकार मिला है। कोई भी व्यक्ति अपनी क्षमता एवं प्रयासों के आधार पर उच्चतम पद तक पहुँच सकता है। सरकार चुनने मे सभी की भागीदारी समान है। मतदान की महत्ता को प्रर्दशित करने के लिए ही 25 जनवरी को प्रति वर्ष मतदाता दिवस मनाया जाता है। उन्होनें कहा कि गुण व अवगुण के आधार पर मतदान करके ऐसी सरकार चुन सकते है जो जनउपयोगी, लोक कल्याणकारी एवं राष्ट्रीय विकास को बल देने वाली हो। उन्होनें प्रतिभाग करने वाले समस्त विद्यालय, महाविद्यालयों के छात्र व छात्राओं एवं उनके शिक्षकों को जिला प्रशासन की ओर से धन्यवाद भी ज्ञापित किया तथा सभी को आने वाले सभी चुनावों में मतदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को अपर जिलाधिकारी विनय कुमार पाठक, उपजिलाधिकारी सदर अमित भट्ट सहित अनेक अधिकारियों ने सम्बोधित किया। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने सभी को मतदाता दिवस की शपथ दिलायी ''हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुये यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुये, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुये बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कार्यक्रम के दौरान मतदाता पंजीकरण एवं उससे जुडे अनेक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियोंध् बीएलओ को सम्मानित किया गया तथा नये वोटरों को वोटर आईडी कार्ड वितरित किये गये। इसके उपरान्त गौरी बाल विद्या मन्दिर इण्टर कालेज, राजकीय इण्टर कालेज, आरएमपी इण्टर कालेज, राजकीय कन्या इण्टर कालेज, आर्य कन्या इण्टर कालेज आदि विद्यालय के छात्रों ने आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को मतदान के लिये प्रेरित किया। इसके साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, मतदाता जारूकता दौड आदि प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र भी वितरित किये गये। जिलाधिकारी ने दिव्यांगजनों को स्मार्ट केन, व्हील चेयर, ट्राई साइकिल आदि का वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन सेक्रेट हार्ट डिग्री कालेज की डा0 शशी कला मिश्रा ने किया। इस अवसर पर तहसीलदार सदर संजय यादव सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, अध्यापक एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर स्वास्थ्य व पुलिस विभाग ने ली शपथ

**मछरेहटा सीतापुर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ कमलेश कुमार मछरेहटा तथा थाना इंस्पेक्टर राजकुमार मछरेहटा ने भारत के नागरिक लोक तंत्र मे अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह संवैधानिक शपथ अपने अपने पूरे विभाग को मतदाता शपथ दिलाई हैं।



मछरेहटा-शपथ दिलाते थानाध्यक्ष राजकुमार

राजाराम हत्याकांड का चौबीस घंटे में पुलिस ने किया खुलासा

# मां-बेटे ने ही मूंगरी से की थी बुजुर्ग की हत्या

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में** एक बुजुर्ग की हत्या का सनसनीखेज खुलासा पुलिस ने किया है। घटना का वादी बेटा ही पिता का हत्यारा निकला। हत्या करने के बाद शव को दो दिन तक घर में ही पड़े रहने दिया। और फ्रि वापस आकर पुलिस को गुमराह करते हुए दूसरे के विरूद्ध एफ्आईआर लिखवा दी। बेटे को हत्या करने का जरा सा भी अफ्सोस नहीं है। सबसे हैरत की बात यह है कि हत्या में हत्यारे बेटे का साथ उसकी मां ने ही दिया। बिसवां पुलिस ने चौबीस घंटे के अंदर ही हत्या का खुलासा करते हुए मां-बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। आला कत्ल के रूप में उस मूंगरी को भी बरामद कर लिया है। पुलिस के मुताबिक संपत्ति विवाद और मृतक का चाल-चलन ठीक न होना हत्या का बना कारण। पुलिस गिरफ्त में यह अधेड़ महिला अपने पति की हत्या में अपने बेटे का साथ दी है। पहले हम आपको पिता की हत्या के आरोप में पुलिस गिरफ्त में आरोपी बेटे नरेश को सुनवाते हैं। उसे पिता की हत्या का जरा सा भी अफ्सोस नहीं है, तभी तो वह कहता है, गलती हो, चाहे जो कुछ हो। अब आपको घटना के बारे में बताते हैं 24 जनवरी को कोतवाली बिसवां इलाके के गोपालापुर मजरा कुतुबपुर में 60 वर्षीय राजाराम घर के अंदर मृत पाए जाते हैं, जिनके चेहरे पर चोट के निशान होते हैं। मृतक के बड़े बेटे नरेश की ओर से गोपालापुर के श्यामलाल पर हत्या की आशंका में मुकदमा दर्ज करा


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

दिया जाता है। पुलिस की शुरूआती तफ्तीश में ही शक की सुई वादी नरेश पर घूमती है और जब पुलिस मृतक के बड़े बेटे नरेश और उसकी मां राजरानी को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करती है, तो सनसनीखेज खुलासा सामने आ जाता है। पुलिस के मुताबिक मृतक राजा राम के दो बेटे नरेश और राजेश हैं। मृतक छोटे बेटे राजेश के साथ रहता था, जबकि बड़ा बेटा नरेश अपनी मां के साथ कमलापुर थाना इलाके के मास्टरबाग में रहने लगा था। पुलिस का कहना है कि राजा राम ने दो और

**क्षेत्राधिकारी** बिसवां सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में खुलासा करने वाली पुलिस टीम में बिसवां कोतवाली निरीक्षक इंद्रजीत सिंह, एसआई रामेश्वर सिंह, कांस्टेबल दानवीर सिंह, मयंक और प्रमिला मौर्य शामिल रहीं।

शादियां की थी, कुल पांच बीघा जमीन में डेढ़-डेढ़ बीघा पति-पत्नी व एक-एक बीघा बेटों में बांट घ्दी। मास्टरबाग में एक हजार स्क्वायर फ्टि का एक प्लाट था। राजाराम अपनी पत्नी को भी कोई खर्चा नहीं देता था। बड़े बेटे को शक था कि वो प्लाट छोटे बेटे को लिख देगा। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मां और बेटे ने मिलकर छह माह पहले हत्या की योजना बनाई, और फ्रि बाइस जनवरी की शाम शौचालय निर्माण के लिए धनराशि प्राप्त करने का बहाना बनाकर राजाराम को गोपालापुर में लेकर आ गए। चारपाई पर लेटे राजाराम की दोनों ने मिलकर लकड़ी की मूंगरी से प्रहार कर हत्या कर दी और वापस दोनों मास्टरबाग लौट गए। चौबीस जनवरी को पुनः वापस आकर पुलिस को तहरीर देकर श्यामलाल के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया। जबकि श्याम लाल दो दिन पूर्व दुर्घटना में घायल हो गया था। बहरहाल, पुलिस की तत्पर तफ्तीश से जहां बेगुनाह श्याम लाल हत्या जैसे संगीन मामले में जेल जाने से बच गया, वहीं असली हत्यारे जेल के पीछे पहुंच गए।

## क्विक न्यूज

### महिला से 40 हजार की लूट

#### ● पीएम आवास का पैसा निकालकर आ रही थी

**सिधौली सीतापुर।** सिधौली कस्बे में इलाहाबाद बैंक से पीएम आवास का 40 हजार रूपया निकालकर घर लौट रही सहजिदपुर की शांति से दिन दहाड़े लूट हो गई। बेटे के साथ साइकिल से जा रही शांति से बाइक सवार लुटेरों ने थैला छीन लिया। कोतवाली पुलिस ने छान बीन षुरू कर दी है।

### होमागार्ड की इलाज के दौरान मौत

**सीतापुर।** मार्ग दुर्घटना में घायल हुए रामकोट थाना क्षेत्र के जिहुरी निवासी 48 वर्षीय होमगार्ड रमाकान्त मिश्रा की मौत हो गई है। एक सप्ताह पहले रमाकान्त सड़क हादसे में घायल हो गए थे। उनका इलाज केजीएमयू लखनऊ में चल रहा था।

### बजेहरा गांव में हुआ मुशायरा

**जहांगीराबाद सीतापुर।** जहांगीराबाद के बजेहरा गांव में रविवार रात वाह-वाह गूंजता रहा। यहा आयोजित आल इंडिया मुशायरा एवं कवि सम्मेलन में काशिफ् जावेद अहमद, मौलाना सलीम, कमलेश मिश्रा, जिया अख्तर तंबौरी, जीनत हया, लक्ष्मी शुक्ला, राशिद जलाल, आबिद हुसैन, सराफ्त बिस्वानी, समसेर, असद आजमी, मुदफ्र हुसेन, डॉ समीम रामपुरी, विकास बौखल, इस्पेक्टर धर्मराज उपाध्याय, अदब हुसेन तंबौरी, फुसैल गौहर आदि ने महफ्लि सजाई। मौलाना जियाउद्दीन शिवपुरी सपा लोहिया वाहनी जिलाध्यक्ष रिजवान अहमद, अब्दुल्ला खान और पूर्व प्रधान महराज सिंह यादव ने कवियों का माल्यापर्ण करके स्वागत किया।

### जंगली जानवर की दहशत

**पिसावां सीतापुर।** पिसावां क्षेत्र एक बार फ्रि जंगली जानवर की दहषत में है। रुस्तम नगर कोल्हौरा में जंगली जानवर देखे जाने से हड़कंप मचा है। वन विभाग की टीम ने कांबिंग करने में लगी है। वन रेंज अधिकारी राममूर्ति ने बताया पदचिन्ह किसी किसी जंगली जानवर के हैं, ऐसे में सतर्क रहने की आवश्यकता है।

### बन्द छात्रावास से छात्रों को हो रही बेहद परेशानियांः पुष्पेन्द्र बाजपेई

#### ● अभाविप कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी सीतापुर के कार्यकर्ताओं ने लालबाग से कलेक्ट्रेट परिसर तक प्रदर्शन करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह मंत्री पुष्पेंद्र बाजपेई ने कहा कि हम निरंतर छात्र हित के मुद्दों को लेकर संघर्षरत रहे हैं हमारा मानना है कि छात्र कल का नहीं अपितु आज का नागरिक है , विद्यार्थियों को पठन-पाठन संबंधी समस्त सरकारी सुविधाएं उपलब्ध हो। कोरोना महामारी के दौरान बंद हुए छात्रावासों को कोविड-19 के प्रोटोकॉल के तहत शीघ्र अति शीघ्र खोला जाए जिससे अनुसूचित जनजाति के छात्रों को असुविधाओं का सामना न करना पड़े। जिला संयोजक आकाश अवस्थी ने बताया जनपद में विभिन्न स्थानों पर छात्रावासों की जर्जर स्थिति है जिन्हें तत्काल ठीक कराया जाए तथा छात्रावास में नियमित स्वच्छता व शुद्ध पेयजल की उचित व्यवस्था की जाए। विद्यार्थी परिषद ने उक्त मांगों को रखते हुए उन्हें अविलंब निस्तारित करने हेतु जिला समाज कल्याण अधिकारी को आगाह किया जिस पर उन्होंने शीघ्र कार्रवाई का आश्वाशन दिया। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुमित मिश्रा, जिला संगठन मंत्री श्यामली सिंह , नगर सह मंत्री, आकाश मिश्रा ललित यादव, क्षमा, जितेंद्र दीक्षित,दीपेंद्र सिंह, सौरभ मिश्रा नीलांश तिवारी ,दीपक सिंह ,आयुष शुक्ला ,आकांक्षा शिवम वर्मा, शशिकांत आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

छह आरोपी पुलिस रडार पर

# मोबाइल के रूप में संचालित होती थी शराब फैक्ट्री

संवाददाता। सीतापुर

**अवैध शराब** की फैक्ट्री बतौर मोबाइल संचालित कर सीतापुर समेत सीमावर्ती जिलों बहराइच, बाराबंकी और लखीमपुर खीरी में बड़े पैमाने पर ब्रांडेड नकली शराब बेंचने का भंडाफोड करने पर जितनी पुलिस की तारीफ होनी चाहिए, उतनी ही अवैध शराब का कारोबार करने वालों की बेखौफी और दुस्साहस की दाद देनी चाहिए, क्योंकि पिछले कई माह से सीतापुर पुलिस अभियान चलाकर बड़े पैमाने पर शराब बरामदगी व कारोबार में लिप्त लोगों को पकड़ने का दावा करती आ रही है। फ्रि भी पंचायत चुनाव में होने वाली शराब की खपत को लेकर सीतापुर में अवैध शराब की फैक्ट्री संचालित होती रहती है, वो भी इस कारोबार को उन शातिरों द्वारा संचालित किया जाता रहा, जो इस जानलेवा जहरीले कारोबार में बरसों से लिप्त है, फ्लिहाल

## ● सीतापुर, लखीमपुर, बहराइच और बाराबंकी में शराब की होती थी खपत

सीओ बिसवां सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में रेउसा प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार राय और उनकी टीम एसआई राज बहादुर, अमित कुमार, एकलाख अहमद, हेड कांस्टेबल कृपा शंकर, लाल सिंह, शिवेंद्र पांडेय, कांस्टेबल राहुल कुमार, सुरेंद्र यादव, सुमित कुमार ने गोधनी सरैंया में अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, इनमें सदरपुर थाना के नरेंद्रपुर निवासी नरेंद्र वर्मा और महमूदाबाद के नूरपुर के शमी अहमद शामिल हैं। पुलिस टीम ने इनके पास से 350 लीटर ईथाइल अल्कोहल, जिससे तीन गुना शराब तैयार की जाती थी। इसके अलावा 39 पैकेट में कुल 11 हजार 700 शीशी, फाइटर ब्रॉड के 17 पौव्वे, ब्रैंडिज ब्रांड के 26 पौव्वे और इसी ब्रांड के नकली 330 रैपर, कुल 71 नकली क्यूआर कोड और पैकिंग गत्ते बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपी मोबाइल रूप में अवैध शराब की फैक्ट्री चलाते थे। यह किराये का मकान लेकर पंद्रह दिनों तक नकली शराब बनाने के बाद फ्रि दूसरी जगह चले जाते थे। पुलिस को मिली इस बड़ी सफ्लता में अभी इस धंधे में लिप्त छह अन्य मुख्य सरगना का पकड़ा जाना बाकी है। पुलिस उनके नाम और पते पर दबिशों का दौर चल रही है। नकली शराब के यह कारोबारी थाना महमूदाबाद और बिसवां के होना बताए जा रहे हैं। बतातें चलें कि पंचायत चुनाव को लेकर अभी से ही गांवों में शराब की मांग बढ़ गई है। पिछले साल सीतापुर के रामपुर मथुरा इलाके के एक नकली शराब कारोबारी ने बाराबंकी में जो शराब सप्लाई की थी, उसके पीने के बाद कईयों की मौत हो गई थी।

## छात्रों को दिलाई यातायात पालन की शपथ


सीतापुर-शपथ दिलाती पीटीओ शैहपर किदवई

**सीतापुर।** सोमवार को परिवहन विभाग एवं निगम द्वारा पुलिस विभाग के समन्वय से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के पांचवे दिवस आईटीआई सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में यात्रीकर अधिकारी शैहफ्र किदवई द्वारा छात्र-छात्राओं को सुरक्षित यातायात के टिप्स दिए गए। उन्होने कहा कि यातयात नियमों के अनदेखी हादसे के वक्त जीवन पर भारी पड़ती है। यातयात के छोटे छोटे उपाय बड़े सड़क हादसे को टालने में सहायक है। सीट बेल्ट हैलमेट न लगाने से सड़क हादसे में मौतों की संख्या तेजी से बढ़ी है। उन्होने ने छात्रों को सड़क पर स्टंट न करने हेलमेट लगाकर मध्यम गति में बाइक चलाने की अपील की। एआरएम विमल राजन ने कहा कि यातायात जागरूतका का उद्देश्य सड़क हादसों में कमी लाना है। हम सभी को यातयात नियमों के प्रति गंभीर होकर चिंतन करने की आवश्यकता है। उन्होनें नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने की नसीहत दी। कार्यशाला में सीतापुर प्रगति संस्थान द्वारा पम्पलेट वितरित किए गए। कार्यशाला में टीआई करूणेष सिंह, टीएसआई रामजतन, टीएन मिश्रा, शैलेन्द्र दीक्षित, संतोश कुमार आदि मौजूद रहें।

गणतंत्र दिवस से पूर्व हुआ आयोजन

# दौड़ से खिलाड़ियों ने दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

## ● साइकिल रेस में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

संवाददाता। सीतापुर

**गणतंत्र दिवस** की पूर्व संध्या और राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सोमवार को जिला खेल विभाग की ओर से आयोजित मतदाता जागरूकता दौड़ में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और मतदाताओं को जागरूक भी किया। इसके अलावा महिला और पुरूष की साइकिल रेस में भी खिलाड़ियों ने अपने जौहर दिखाए। सभी विजेताओं को बतौर मुख्य अतिथि, प्रभारी सिटी मजिस्ट्रेट, एसडीएम सदर अमित भट्ट ने पुरस्.त भी किया। शहर के तरणताल के मुख्य गेट से आयोजित मतदाता जागरूकता दौड़ का शुभारंभ जिला क्रीड़ा अधिकारी नरेश चंद्र यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस


सीतापुर-कार्यक्रम में बाद मौजूद विजयी छात्र व एसडीएम सदर अमित भट्ट

मौके पर सभी प्रतिभागियों ने मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। साथ ही प्रतिभागियों और उपस्थित लोगों को मतदाताओं को शपथ भी दिलाई। दस किमी की महिला और पुरूष वर्ग की साइकिल रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। पुरूष वर्ग की साइकिल रेस को भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्रा और महिला वर्ग की साइकिल रेस को सभासद प्रदीप गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महिला और पुरूष वर्ग की साइकिल रेस प्रतियोगिता में 104 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। निर्णायकों ने मतदाता जागरूकता दौड़ में सुनील कुमार प्रथम स्थान पर रहे। सूरज कुमार द्वितीय एवं अंकित राठौर तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार पुरूष साइकिल रेस में गुफ्रान प्रथम, सचिन पाल द्वितीय एवं विकास कनौजिया तृतीय स्थान पर रहे। महिला ओपेन वर्ग में वंदना देवी प्रथम, पूनम मौर्य द्वितीय एवं रीनू देवी तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता में सुरेंद्र कुमार, लौंगश्री, धीरेंद्र कुमार, देशदीपक ने निर्णायक भूमिका निभाई। समापन पर मुख्य अतिथि, प्रभारी सिटी मजिस्ट्रेट, एसडीएम सदर अमित भट्ट, समाजसेवी शोभित टंडन, गोपाल टंडन, ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर व्यायाम शिक्षक राज शर्मा, अंकिता भार्गव, साक्षी जायसवाल, मनु शर्मा, प्रशांत पांडेय, देवेंद्र कुमार पाल, राहुल गुप्ता, सुरेंद्र कुमार लाल आदि उपस्थित थे।

## लाभार्थियों को वितरित हुई टूल किट



**सीतापुर।** जिला नगरीय विकास अभिकरण की ओर से पंडित ददयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना के तहत काकोरी तकनीकी शिक्षण संस्थान आई हॉस्पिटल में सौ लाभार्थियों को यूनिफार्म व टूलकिट दिए गए। सामग्री पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल गए। इस मौके पर प्रोजेक्ट मैनेजर शवीना जमाल, मो. अनीस, सेण्टर मैनेजर सुशील तिवारी, पुष्कर श्रीवास्तव, यश टंडन, फ्लक निदा, संध्या बाजपेयी, सोनिया राजपूत, नैन्सी शर्मा आदि मौजूद थीं।

# मतदाता दिवस पर दिलाई गई शपथ

● उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ हुए सम्मानित

● डायट के प्रशिक्षुओं ने प्रस्तुत किये कार्यक्रम

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**सोमवार को** कलेक्ट्रेट में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर 'सभी मतदाता बने सशक्त, सतर्क, सुरक्षित एवं जागरूक' थीम पर कलेक्ट्रेट परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। शुभारम्भ डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह ने एसपी विजय ढुल, सीडीओ अरविंद सिंह व एडीएम अरुण कुमार सिंह के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व मतदाताओं को शपथ दिलाई। उन्होंने सभी से जागरूक बनने की अपील की। अपने आस-पड़ोस रहने वाले 18 वर्ष से ऊपर के प्रत्येक नागरिक को मतदाता बनने तथा निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक नागरिक को अपने मत का प्रयोग करने का अधिकार मिला हुआ है लेकिन पहले उनको मतदाता बनना होगा। उन्होंने कहा कि मत एवं मताधिकार के महत्व के प्रति के न केवल खुद जागरूक हो बल्कि दूसरों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि 25 जनवरी का दिन मतदाता दिवस के रूप में इसलिए चुना गया है क्योंकि इसी दिन 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग का गठन किया गया था। पुलिस अधीक्षक विजय ढुल ने मौजूद लोगों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस व नए मतदाता बनने वालों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व पर लोगों को जागरूक करें अपने जिम्मेदार नागरिक की भूमिका अदा करें। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरुण कुमार सिंह ने कहा कि सभी 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवक. युवतियों को मतदाता सूची में शामिल कराएं। उन्होंने मत के महत्व को समझाते हुए मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को वरिष्ठ पत्रकार एनके मिश्र, भगवानदीन आर्यकन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्या डा. सुरचना त्रिवेदी, वाईडी कालेज के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डा.एससी मिश्र ने कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय मतदाता दिवस की औचित्य, आवश्यकता एवं प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के सभी विभागाध्यक्षों ने अपने अधीन कार्यलयों में मतदाता शपथ दिलाई।

इस मौके पर सीडीओ अरविंद सिंह, सीएमओ डा. मनोज अग्रवाल, एडीएम अरुण कुमार सिंह, एसडीएम सदर अरूण कुमार सिंह, सीओ सदर अरविंद वर्मा, डायट प्राचार्य डा. ओपी गुप्ता, डीआईओएस ओपी त्रिपाठी, तहसीलदार सदर उमाशंकर, आर्यकन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डा. सुरचना त्रिवेदी, वाईडी कालेज के से निवृत्त प्रोफेसर डा.एससी मिश्र, एडीआईओ विपिन कुमारए, निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी इंदु सक्सेना, गिरिवर प्रसाद, राजेश वर्मा, आलोक भारती, विकास व अख्तर हुसैन उपस्थित रहे।

**मैगलगंज संवाददाता के अनुसार,** संविलियन विद्यालय खुंटी बुजुर्ग में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर शिक्षक संघ के अध्यक्ष पवन मिश्रा, राधा कृष्ण गुप्ता, प्रधानाचार्य रामतीर्थ कनौजिया, मनीराम वर्मा, अंकित दीक्षित, अंजू गुप्ता नीलेश शुक्ला विवेक शर्मा व विद्यालय के स्टाफ सहित ग्राम वासी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय बालिका दिवस एवं उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर गुरु नानक विधिक सभा कन्या इंटर कॉलेज में विभिन्न कार्यक्रम कराए गए। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। छात्रा सुचित्रा राणा एवं प्रियंका पांडे ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सरदार निर्मल सिंह एवं प्रियांशी श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक, विशिष्ट अतिथि सरदार ईश्वींदर सिंह, प्रधानाचार्य गुरु नानक विधिक सभा कन्या इंटर कॉलेज डा. मीनाक्षी तिवारी के द्वारा छात्राओं को मतदाता जागरूकता दिवस की शपथ दिलाई गई। पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से छात्राओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। विद्यालय में रंगोली, भाषण, चित्रकला, गायन व स्लोगन प्रतियोगिता के साथ-साथ मतदाता जागरूकता अभियान से संबंधित प्रश्नोत्तरी कराई गई। इसमें छात्र-छात्राओं को जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा पुरस्कार देकर भविष्य में स्वावलंबी एवं उच्च शिक्षा प्राप्त करके सशक्त बनने की प्रेरणा दी गई। सरदार सुंदर सिंह द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक को अंग वस्त्र प्रदान किया गया। डा. मीनाक्षी तिवारी एवं करमजीत कौर द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वाईडी कालेज में प्राचार्य डा. डीएन मालपानी ने विद्यार्थियों, शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर एसो. प्रोफेसर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डा. सुभाष चंद्रा ने स्वयंसेवकों व विद्यार्थियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2021 की थीम के अनुरूप अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं को सशक्त, सतर्क, सुरक्षित और सूचित करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने बताया कि मतदाता जानकारी के अभाव में भ्रमित हो जाता है और जाति, धर्म व नस्लवाद भाषा आदि के आधार पर प्रत्याशी मतदाताओं को आपस में बांटकर उनका अनावश्यक फायदा उठाने का प्रयास करते रहते हैं। मतदाता शपथ कार्यक्रम में डा. डीके सिंह, नूतन सिंह, ज्योति पंत, डा. मनोज मित्रा, डा. सत्यनाम, डा. इशविभु, मनोज कुमार, मोहम्मद आमिर, दीपक कुमार बाजपेई, देशराज, डा.ओम प्रकाश सिंह सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।







## सांसद ने उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित



**लखीमपुर-खीरी।** सोमवार को यूपी दिवस पर दूसरे दिन भी कलेक्ट्रेट में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी ने डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह के साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

यूपी दिवस की थीम पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सौगातें दीं। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में जीजीआईसी लखीमपुर की छात्राओं ने सरस्वती वंदना स्वागत गीत एवं आर्य कन्या इंटर कालेज की बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सांसद अजय मिश्र टेनी ने कहा कि यूपी दिवस सभी के लिए गर्व और गौरव का विषय है। आत्मनिर्भर भारत का सपना उत्तर प्रदेश के आत्मनिर्भर होने के साथ ही साकार होगा। केंद्र व प्रदेश सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में निवेश के साथ-साथ रोजगार बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूपी ने धर्म, राजनीति व संस्कृति के क्षेत्र में देश को एक नई दिशा दी है। आज यूपी दिवस के मौके पर जिले को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने एवं आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लें। डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस वर्ष यूपी दिवस की थीम आत्मनिर्भर प्रदेश महिला युवा किसान है। महिलाओं के सशक्त, सुशिक्षित हुए बिना एक सभ्य समाज की परिकल्पना नहीं की जा सकती। एनआरएलएम समूह के गठन से महिलाओं को एक और स्वावलंबी बनाया जा रहा। वहीं आगे बढ़ने के लिए प्रशिक्षण प्रदान कर रहा। सरकार शिक्षा के प्रति बेहद सजग है। कार्यक्रम का संचालन जिला सेवायोजन अधिकारी रमेश चंद्र ने किया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि सुमित तिवारी, अरविंद सिंह संजय, वाईडी कॉलेज के प्राचार्य डा. डीएन मालपानी, आर्य कन्या डिग्री कालेज की प्राचार्या डा. सुलोचना त्रिवेदी, उप कृषि निदेशक डा. योगेश प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी, जीआईसी के प्रधानाचार्य डा. ओपी आर्य व जीजीआईसी की प्रधानाचार्य शालिनी दुबे मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर ट्राली पलटने से मजदूर की मौत दो लोग हुए घायल

**ढखेरवा-खीरी।** ढखेरवा-लखीमपुर मार्ग पर मल्लबेहड़ साइफन के पास अभी कुछ ही देर पहले ट्रैक्टर ट्राली पलटने से एक मजदूर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि चालक समेत दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को उपचार हेतु भेज दिया गया है।

बताया जाता है कि निघासन कोतवाली क्षेत्र के गांव घनश्याम पुरवा निवासी आदर्श वर्मा धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के गांव कंचनपुर में लगे अपने गन्ने की फसल छिलाई के लिए अपने ट्रैक्टर ट्राली से गांव के ही आठ मजदूरों को लेकर जा रहे थे। तभी ढखेरवा-लखीमपुर मार्ग पर साइफन के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप को क्रास करते समय ट्रैक्टर ट्राली असंतुलित होकर गहरे नाले में पलट गया। ट्रैक्टर पर सवार पंकज गौतम 26 वर्ष पुत्र ब्रजकिशोर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ट्रैक्टर चालक आदर्श कुमार वर्मा व मजदूर रामकिशोर गंभीर रूप से घायल हो गए।

## क्विक न्यूज

### किसानों के समर्थन में सपा निकालेगी ट्रैक्टर रैली

**निघासन-खीरी।** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा कार्यकर्ता किसानों के समर्थन में आज ट्रेक्टर पर तिरंगा झण्डा लगाकर रैली निकालेगें। विधानसभा क्षेत्र के महामंत्री भंडारी यादव ने बताया कि किसान देश का अन्नदाता है। वह अपनी न्याय संगत मांगों को लेकर करीब दो महीनों से सड़क पर दिन.रात काटने पर विवश है। इसी को लेकर क्षेत्र में पूर्व लोकसभा प्रभारी चौधरी हिमांशु पटेल के नेतृत्व में किसान रैली का आयोजन होगा। रेली में किसान ढखेरवा चौराहे से निघासन तक ट्रैक्टर रैली निकालेगें।

### नकली पेंट के दो विक्रेताओं पर रिपोर्ट हुई दर्ज

**संडीला(हरदोई)।** नामी कंपनियों के नाम पर नकली पेंट बेच रहे दो दुकानदारों के विरुद्ध एफआइआर दर्ज कराई गई है। जेके वाल पुट्टी कंपनी के अधिकारी लाल सिंह चौधरी ने पुलिस को जानकारी दी कि नगर के दो दुकानदारों विनोद गुप्ता तथा विपिन गुप्ता की दुकानों पर नकली वॉल पुट्टी बेची जा रही है। इसपर पुलिस ने दोनों फर्मों पर छापेमारी की। विनोद पेंट स्टोर तथा पंकज ट्रेडर्स की दुकानों से 14 बैग जिनपर जे0के0 वॉल पुट्टी एवं वाइट सीमेंट लिखा था, बरामद हुई। इसके बाद पुलिस बरामद वॉल पुट्टी को अपने साथ ले गयी और दोनों दुकानदारों के विरुद्ध कॉपीराइट ऐक्ट के अंतर्गत एफआईआर दर्ज करा दी गयी।

### एसडीएम के स्टेनो पर अधिवक्ताओं ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप



**संडीला(हरदोई)।** एसडीएम के स्टेनो पर अधिवक्ताओं ने घूसखोरी के कई आरोप लगाकर प्रदर्शन करते हुए मार्ग जाम किया। अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष मुसाहिब अली एवं मंत्री ने बताया कि एसडीएम का पेशकार लगातार अधिवक्ताओं के प्रति अमर्यादित व्यवहार करने के साथ साथ उनसे रिश्वत की मांग करता है और रिश्वत ना मिलने पर वह मुकदमों का निर्णय उसके विरुद्ध कराने की धमकी देता है। अधिवक्ताओं ने बताया कि जब तक उक्त पेशकार का पटल नहीं बदला जाता तब तक अधिवक्ता समिति एसडीएम न्यायलय का बहिष्कार करेगी तथा अन्य न्यायलयों में कार्य यथावत जारी रहेगा। इसके बाद अधिवक्ताओं ने एक विरोध मार्च भी निकाला और काफी देर सड़क पर जाम लगाए रखा। बाद में एसडीएम ने अधिवक्ताओं से आकर ज्ञापन लिया तथा सारे मामले की जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शत् प्रतिशत मतदान की शपथ




**संडीला(हरदोई)।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम ने शत् प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। दिव्यानन्द विद्यामंदिर पी0जी0 कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव ने किया तथा उन्होंनें छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा लोकतंत्र का भविष्य हैं। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अधिकाधिक मतदान अनिवार्य है। उन्होंनें कहा कि जाति, धर्म, वर्ग, संप्रदाय इन सभी से ऊपर उठकर हमें मतदान करना चाहिए। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ0 उत्कर्ष गुप्ता, तहसीलदार अंम्बिका चौधरी, डॉ0 विभा सिंह, आशीष सिंह आदि मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता में आईआर इंटर कॉलेज के अविनाश प्रजापति ने पोस्टर, प्रतियोगिता में प्रथम तथा आलिया बानो ने द्वितीय, गीत प्रतियोगिता ने निष्ठ श्रीवास्तव ने प्रथम, स्लोगन प्रतियोगिता में स्नेहा राठौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### प्राइमरी स्कूल में ग्रामीणों ने कैद किये अन्ना जानवर

**फतेहपुर।** भिटौरा विकास खण्ड क्षेत्र के टांडा गांव में अन्ना जानवरों से त्रस्त हो चुके ग्रामीणों ने गांव के प्राथमिक विद्यालय में जानवरों को घेर कर कैद कर दिया। टांडा गांव के ग्रामीणों के अनुसार अन्ना जानवर फसलों को चट कर रहे हैं। भीषण सर्दी में किसानों को रात में खेतों की रखवाली करने में कठिनाई होती है। अन्ना जानवरों को लेकर कई बार उच्चाधिकारियों से शिकायतें की गई, लेकिन किसी अधिकारी ने इस दिशा में कोई कार्य नहीं किया जिससे किसान परेशान हैं। उनका कहना है कि करीब ढाई सौ गोवंश के झुण्ड को घेर कर गांव के स्कूल में बंद कर दिया गया है। उनके अनुसार इसकी सूचना भी जिम्मेदार अधिकारियों को दे दी गई है, लेकिन फिलहाल कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंच सका। ग्रामीणों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया, जो लोगों में चर्चा का विषय बन गया है। मामले पर उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद झा से सीयूजी नंबर पर संपर्क कर पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन कई बार डायल करने के बाद भी फोन रिसीव नहीं किया गया। जिससे कोई जानकारी नहीं हो सकी।

### नहर से मिला अज्ञात युवक का शव

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के तेंदुली गांव के पास नहर से सोमवार की सुबह एक अज्ञात युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। इससे पहले भी बीते दस दिनों में कई अज्ञात शव जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से पुलिस को मिल चुके हैं, लेकिन खुलासा किसी का नहीं हो सका। बिंदकी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि तेंदली गांव पास नहर से निकलने वाली माइनर में करीब सौ मीटर दूरी पर एक 30 वर्षीय युवक का शव ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने बरामद किया है। एसएचओ ने बताया कि युवक नीले रंग का लोवर और टोपी लगी नीले रंग की फुल जैकेट पहने हुए है। शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन के लिए भेज दिया गया है। गौरतलब है कि 15 जनवरी से अब तक असोथर, औंग, बिन्दकी आदि थाना क्षेत्रों में आधा दर्जन अज्ञात शव मिल चुके हैं, लेकिन किसी भी शव का अब तक खुलासा नहीं हो सका है।

### ससुराल से लौट रहे युवक की दुर्घटना में मौत

**बरेली।** ससुराल से लौट रहे मोटरसाइकिल सवार एक युवक की रास्ते में ही सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। एक अन्य युवक घायल हो गया। पुलिस ने मृतक की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।हाफिज गंज थाने के गांव कुंवरपुर बंजरिया निवासी 25 वर्षीय डिंपी पुत्र वकील अहमद की कल शाम फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में झुमका चौराहा के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जबकि उसके साथ बाइक पर सवार हसीन घायल हो गया। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि डिंपी की ससुराल सीबीगंज के गांव रोटिरिया में है। वो कल दिन में हसीन के साथ मोटरसाइकिल से अपनी ससुराल गया था। जहां से शाम को दोनों गांव वापस लौट रहे थे। लेकिन रास्ते में ही झुमका चौराहा के पास पीछे से आए एक ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर गए और डिंपी ट्रक की चपेट में आ गया।उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हसीन को मामूली चोटें आई। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने टक्कर मारने वाले ट्रक का पीछा किया। तब उसका चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घायल हसीन ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने डिंपी को जिला अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर जिला अस्पताल पहुंचे घर वालो ने लाश की शिनाख्त कर ली। जिसे पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पत्नी का नाम सीमा है। वह दो बेटियों का पिता था।

## समरसता खिचड़ी भोज का लोगों ने उठाया आनंद

**फतेहपुर।** केंद्रीय राज्यमंत्री व सांसद साध्वी निरंजन ज्योति द्वारा सामाजिक समरसता खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा आमजन ने भाग लेते हुए खिचड़ी भोज का आनंद लिया। साध्वी ने सभी को नववर्ष की बधाई भी दी। सोमवार को शहर के एक मैरिज लान में केंद्रीय राज्यमंत्री व सांसद साध्वी निरंजन ज्योति द्वारा आयोजित नववर्ष मिलन व समाजिक समरसता खिचड़ी भोज में लोगो ने एक साथ खिचड़ी खाकर पर्व का आनंद उठाया। केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने बताया कि पर्व लोगों को आपसी मेल-जोल व सदभाव को बढ़ावा देने में अहम साबित होते है। एक साथ खान पान देश की संस्कृति का बोध कराती है। उन्होंने लोगो से इसी तरह मिलजुल कर सभी पर्वों को मनाने व आपसी एकता सदभाव को बनाये रखने का आह्वान किया। साथ ही आये हुए लोगों को नववर्ष की बधाई दी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, खागा विधायक कृष्णा पासवान, बिंदकी विधायक करन सिंह पटेल, जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार झा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अभय प्रताप सिंह, भाजपा कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्रीय अध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, कविता रस्तोगी, कुलदीप भदौरिया, अर्चना द्विवेदी, राम प्रताप गौतम, अपर्णा गौतम, अन्नू सविता, मोबीना वारसी, सुनिधि तिवारी, मधुराज विश्वकर्मा समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व आमजन मौजूद रहे।

## होम्योपैथी से जानलेवा बिमारी क्रोनिक पनक्रीटिटाइज का इलाज अब संभव

**बरेली।** होम्योपैथी मे एक नए अविष्कार ने एक बार फिर असंभव को संभव कर दिखाया है। बरेली शहर के युवा होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ आशुतोष शर्मा ने एक नए अविष्कार करके एक बेइलाज जान लेवा बिमारी क्रोनिक पनक्रीटिटाइज, जो असाध्य रोग भी माना जाती है, के रोगि को पूरी तरह स्वस्थ करके उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया है। डॉ आशुतोष शर्मा ने श्रीकण्ठ होम्योपैथिक क्लीनिक में 45 दिन के अंतराल में होम्योपैथिक दवाओं के माध्यम से इस असंभव को संभव कर दिखाया। अपने क्लिनिक पर अयोजित एक प्रेस वार्ता मे उन्होने बताया कि ऐसी जानलेवा बिमारी से डरने की कोई आवश्यकता नही है। मरीज को केवल कुछ सावधानीया बरतनी होती है । उनके अनुसार असंभव हर रोगों का इलाज होम्योपैथी में मौजूद है। बता दे कोरोना काल में भी जब ज्यादातर चिकित्सक ने जब मरीज देखने बंद कर दिये थे तब डॉ आशुतोष शर्मा रोगियों की सेवा मे वयस्त थे । डॉ आशुतोष शर्मा गरीबों की निशुल्क चिकित्सा करते हैं व आज भी रोगी बिना किसी परामर्श शुल्क के डॉ साहब को किसी भी समय परामर्श कर सकते है।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिलाधिकारी ने दिलायी वोटरों को शपथ

**फतेहपुर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस परम्परागत तरीके से जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में मनाया गया। कलेक्ट्रेट स्थित गांधी मैदान में जागरूकता गीत, नाटक का भी आयोजन किया गया। तत्पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी को मतदान की शपथ ग्रहण करायी। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने संकल्प दिलाने के बाद कहा कि मतदान प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। इसे अवश्य करें, जिससे समाज व देश समृद्ध होगा। निर्वाचन अधिकारी ने अपने सम्बोधन में मौजूद छात्रों से आहवान किया कि मतदान के दिन अपने परिजनों को अवश्य मतदान बूथ भेजने के लिए प्रेरित करें और आस पड़ोस के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करें। कहा कि निर्वाचन आयोग के पोर्टल 1950 पर कोई भी मतदाता अपना सुझाव और शिकायत भी दर्ज करा सकता है। शपथ ग्रहण में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ एनसीसी कैडेट्स, अभिभावकों, शिक्षकों सहित सैकड़ों की संख्या में युवक/युवतियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश, अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद झा, जिला विद्यालय निरीक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह, बेसिक शिक्षाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के अलावा सभी विभागो के अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## कटीले तारों से पेड़ से बंधी मिली जली लाश

**बरेली।** शाम के समय घर के बरामदे में सोए एक ग्रामीण की लाश कल दोपहर घर से लगभग 1 किलोमीटर दूर सेमल के पेड़ से कटीले तारों के द्वारा जली हुई हालत में बंधी पाई गई। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक के घर वालों ने गांव के ही 2 लोगों को घटना के लिए जिम्मेदार बतायाशीशगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बरगामा निवासी 45 वर्षीय धर्मपाल पुत्र झुडे लाल कि लाश शनिवार दोपहर गांव से लगभग 1 किलोमीटर दूर सेमल के पेडसे कटीले तार के द्वारा बंधी हुई जली हुई अवस्था में पाई गई। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी।पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के साले मंगल देव ने बताया कि धरमपाल कल शाम को रोजाना की तरह घर के बरामदे में बिस्तर लगा कर सोया था। सुबह जब बिस्तर पर नहीं मिला तो घर के लोगों ने उसे तलाशने की कोशिश शुरू कर दी। दोपहर लगभग 2रू30 बजे उसकी लाश घर से दूर सेमल के पेड़ से कटीले तार के सहारे जली हुई अवस्था में बंधी हुई पाई गई। लाश पूरी तरह से दोहरी हो गई थी। सिर जमीन से टकरा रहा था। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर एसपी देहात राजकुमार अग्रवाल भी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। घर वालों ने बताया कि मृतक के पास एक डायरी मिली। जिस पर उसने गांव के रहने वाले तोताराम और पूर्व प्रधान ओमकार से अपनी जान का खतरा बताया था। लेकिन एसएसपी ने कहा कि मृतक ने एमएससी एग्रीकल्चर से किया था। उसने सरकारी नौकरी प्राप्त करने की कोशिश की थी।

# ऐतिहासिकता का पर्याय बना राष्ट्रीय ध्वज का लोकार्पण कार्यक्रम

● आसमान में 100 फीट की ऊंचाई पर तिरंगा जैसे ही फहराया गया भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद आदि के नारे व आतिशबाजी से आकाश मंडल गूंज उठा

● ... और जब भावुक हुईं साध्वी, जैकी और रजा...!

संवाददाता। फतेहपुर



बटन दबाकर राष्ट्रीय ध्वज का लोकार्पण करते अतिथि एवं आसमान में लहलहाता तिरंगा

**शहर के** लिए गौरव के क्षण आज उस समय आए जब राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक 100 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का गौरवमई लोकार्पण नगर पालिका परिषद (फतेहपुर) द्वारा आयोजित भव्य समारोह में केंद्रीय मंत्री निरंजन ज्योति, कारागार राज्य मंत्री जय कुमार सिंह जैकी, एमएलसी मान सिंह यादव, पालिका की चेयरमैन नजाकत खातून, चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी रजा मोहम्मद आदि ने बटन दबाकर किया। करेंगी। इसके पूर्व मुख्य अतिथि समेत समस्त अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। तत्पश्चात स्वागत के ऐतिहासिक मंजर से गुजरे अतिथि। सबसे पहले मुख्य अतिथि निरंजन ज्योति मंच पर पहुंची उसके बाद प्रदेश सरकार के कारागार राज्य मंत्री जय कुमार सिंह जैकी पहुंचे। सभी धर्म गुरु मंच की शोभा बढ़ा रहे थे। इस दौरान नगर पालिका परिषद की चेयरमैन नजाकत खातून, ईओ मीरा सिंह भी मंच पर मौजूद रहीं। मुख्य अतिथि निरंजन ज्योति ने इस भव्य आयोजन के लिए चेयरमैन को बधाई दी। एसडीएम सदर प्रमोद झा समेत तामाम जनप्रतिनिधि व अधिकारी कार्यक्रम में पहुंचे।

मुख्य अतिथि निरंजन ज्योति के साथ साथ मंच पर कारागार राज्य मंत्री, भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष मिश्रा, एमएलसी मान सिंह यादव, डीएम व एसपी आदि भी पहुंचे। सर्व प्रथम मंच पर पालिका चेयरमैन नजाकत खातून ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ एवम् वरिष्ठ अधिवक्ता देवेश त्रिपाठी व मनीष त्रिपाठी ने प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। पालिका बोर्ड के सदस्यो ने मंच पर अतिथियों का स्वागत किया। चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी रजा मोहम्मद ने मुख्य एवम् अन्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मंच पर मौजूद फतेहपुर प्रेस क्लब उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष नागेन्द्र प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। दुल्हन की तरह सजाये गये ध्वज स्थल के दीदार कों जनसैलाब उमड़ पड़ा। स्वागत कार्यक्रम सम्पन्न होने के तुरंत मुख्य अतिथि निरंजन ज्योति ने अन्य अतिथियों के साथ मंच से बटन दबाकर ध्वज का जैसे ही लोकार्पण किया भारत माता की जय, हिन्दुस्तान जिन्दाबाद के जय घोष और आतिशबाजी का दौर काफी देर तक चला। तकरीबन 25 मिनट में मशीनी पद्धति से राष्ट्रीय ध्वज अपने निहित स्थान पर पहुंचा और जैसे ही वह फहराया राष्ट्रगानगाकर तिरंगे को सलामी दी गई। मुख्य अतिथि निरंजन ज्योति ने अपने संबोधन मेंमुख्य अतिथि निरंजन ज्योति का संबोधन, हुईं भावुक, चेयरमैन नजाकत खातून, प्रतिनिधि हाजी रजा मोहम्मद को शुभ कामनाएं एवं बधाई दी। कहा कि इस ध्वज से बढ़ेगा जनपद का गौरव, मिलेगी विशेष पहचान, सभी अतिथियों, अधिकारियो, पालिका बोर्ड और जनमानस का किया अभिनंदन, कहा प्रदेश में यह पहला ऐसा तिरंगा ध्वज है, जो इतनी ऊंचाई पर फहरा रहा है, उन्होंने कहा कि मै पूरे जिले की सांसद हूं, किसी व्यक्ति की नहीं, इस कार्यक्रम के आयोजक बधाई के पात्र हैं। केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने नगर पालिका परिषद की इस पहल को अत्यंत सराहनीय बताया। उन्होने कहा कि नगर पालिका परिषद द्वारा कराये जा रहे विकास कार्य अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होने कहा कि यह स्थल लोगों के आकर्षण का केन्द्र बिन्दु बनेगा। क्योंकि महानगरों की तर्ज पर पालिका द्वारा 100 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का निर्माण कराया गया है। उन्होने पालिका से अपेक्षा जाहिर किया कि आने वाले समय में भी इसी तरह शहर में विकास कार्य करायें जायें। जिससे लोगों को समस्याओं से जूझना न पड़े। जनता के अनुरोध पर अपना चर्चित गीत कोई रिश्ता तो जरूर रहा होगा.. गाकर सभी को भाव विभोर किया। वहीं अपने संबोधन में कारागार राज्य मंत्री जय कुमार सिंह जैकी भी भावुक हो गए और जनपद का इतिहास बताया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर राष्ट्र प्रेम का माहौल देखते ही बन रहा था। राष्ट्रीय ध्वज लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न, सभी का आभार जताते हुए पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी रजा मोहम्मद भावुक हो गए। इसी बीच पालिका परिषद की चेयरमैन नजाकत खातून की अचानक तबीयत बिगड़ने से उन्हें बीच मे ही मंच छोड़ना पड़ा।

100 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज एवं उक्त ऐतिहासिक स्थल को सजाने एवं संवारने में जनपद के जाने माने इंजीनियर एवं आर्किटेक संजय श्रीवास्तव (इंजीनियर्स एसोसियेट) का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पालिका परिषद की तकनीकि टीम के साथ कई महीने तक अथक प्रयास कर इसे मूर्त रुप देने में इंजी. संजय श्रीवास्तव पूर्व में माटी से माटी का अभिनंदन, भारत माता का मंदिर आदि की सौगात दे चुके हैं। बताते चलें कि नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार पालिका गेट के बगल में 100 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का निर्माण कराया गया है। समारोह के दौरान पालिका सभासदों ने सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह व शाल भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, शहरकाजी शहीदुल इस्लाम अब्दुल्ला, सिक्ख समुदाय के ज्ञानी गुरूवचन, ईसाई धर्मगुरू पास्टर विजय, प्रदीप गर्ग, मुन्नीलाला आदि बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# भाजपा कर रही नफरत की राजनीतिः अखिलेश



**संवाददाता।** फर्रूखाबाद

**पूर्व** मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 26 जनवरी (गणतन्त्र दिवस) के अच्छे शुभ अवसर पर आन्दोलनरत किसानों की मांगे मानकर तीनों कृषि कानून वापस ले लेना चाहिए और नए लाभाकारी ऐसे किसान कानूनों को लाए कि किसानों को फसल की दुगनी कीमत मिल सके।

श्री यादव फर्रूखाबाद जिले के शहर में मसेनी चौराहा स्थित एक गेस्ट हाउस में कन्नौज-फर्रूखाबाद सपा कार्यकर्ताओं के आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के बाद सोमवार को सायंकाल करीब 04 बजे यहां फतेहगढ़ के निरीक्षण भवन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होने आरोप लगाया कि भाजपा केवल नारों की दिखावटी, श्लोग्न, प्रचार, झूठ और नफरत की राजनीति कर रही है। जो हम सबके सामने चुनौती हैं।

श्री यादव ने बताया कि भाजपा सरकार जब से सत्ता में आयी झूठ, नफरत और डर की राजनीति बढ़ गई। जिसके फलस्वरूप हमने प्रदेश के 23 जिलों की विधानसभाओं में सपा किसान शिविरों के आयोजन शुरू किये ताकि हमारे कार्यकर्ता जागरूक हो सकें। उन्होने दावा किया कि संविधान को बचाना और स्वस्थ्य राजनीति करना सपा की सबसे बड़ी नीति और बड़ी पार्टी होने के नाते है। सपा के आयोजित प्रशिक्षण शिविरों में सपाईयों का उत्साह और मनोबल कम न होने का दावा करते हुये श्री यादव ने कहा कि हमारे सपा के कार्यकर्ता हर प्रकार की चुनौतियों से निपटने के लिये एकजुट हैं।

फर्रूखाबाद में छपाई उद्योग के पीड़ित परिवारों का प्रश्न उठाते हुये सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आगामी चुनाव में सपा के सत्ता में आने पर यहां के छपाई उद्योग से जुड़े परिवारों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी यदि सरकार को ट्रीटमेंट प्लाण्ट लगाने की जरूरत पड़ेगी तो भी छपाई उद्योग को विकसित करने के लिये लगाया जायेगा। भाजपा सरकार के तमाम नारों को खोखला बताते हुये पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है ऐसे में भाजपा सरकार प्रदेश से हटे और सपा सरकार बने। तभी विकास के रास्ते खुल सकेंगे। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री यादव ने बताया कि छोटे दलों में महान दल, लोकदल आदि छोटे दलों के साथ गठबंधन हो सकता है। सपा नेता आजम खां के प्रश्न पर उन्होने कहा कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार बनेगी। तो आजम खां पर झूठे मुकदमें जो लगाये जा रहे हैं। उन्हे वापस लिया जायेगा। उन्होने तर्क करते हुये बताया कि मुख्यमंत्री योगी और उपमुख्यमंत्री दोनों पर दर्ज मुकदमों को वापस ले लिये गए, ऐसे मुख्यमंत्री से जनता क्या उम्मीद रखे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारूकी, पूर्व सांसद चंद्र भूषण सिंह उर्फ मुन्नू बाबू, पूर्व विधायक अजीत कठेरिया, दर्जा प्राप्त पूर्व मंत्री सतीश दीक्षित, नवल किशोर शाक्य, चंद्रपाल सिंह यादव, डॉ0 सुबोध यादव, विजय यादव, राशिद जमाल सिद्दीकी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी, ताहिर सिद्दीकी, सचिन सिंह यादव, राघव दत्त मिश्रा, विवेक यादव, शशांक सक्सेना, तोषित प्रीत सिंह, इलियास मंसूरी आदि मौजूद रहे।

### बदायूं कांड पर घेरा

**बदायूं** में महिला से दुष्कर्म और हत्या के मामले में सपा मुखिया ने प्रदेश सरकार की खिंचाई की। कहा कि इतना बड़ा कांड होने के बाद भी सरकार चुप है। यह घटना बेहद ही निंदनीय है। सरकार को जनता का दर्द समझ में नहीं आ रहा है।

### क्यों नहीं छात्रों को लैपटॉप देते

**पूर्व** मुख्यमंत्री ने बताया सपा सरकार में छात्रों को जो लैपटॉप दिए गए थे वह उनके पढ़ने के काम आए। आखिरकार प्रदेश के मुख्यमंत्री छात्रों को अब लैपटॉप क्यों नहीं देना चाहते जबकि उन्होंने घोषणापत्र में लैपटॉप देने का वायदा किया था।

### भाजपा की नाकाबंदी कर देंगे किसान

**कृषि** विधेयक को लेकर किसानों के उत्पीड़न और उनकी आवाजाही पर नाकाबंदी को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री ने सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि समय आ रहा है अब किसान भाजपा की नाकाबंदी कर देंगे।

# रईस अहमद की याद में शाम-ए-रईस मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन आज

**फर्रूखाबाद।** सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में आगामी 26 जनवरी (गणतन्त्र दिवस) रात्रि आठ बजे एक शाम मरहूम रईस अहमद के नाम से मुशायरा व कवि सम्मेलन आयोजित होगा।

हाजी अहमद अंसारी ने बताया कि फर्रूखाबाद के जनप्रिय पत्रकार मरहूम रईस अहमद की याद में शाम-ए-रईस के तहत आगामी 26 जनवरी (गणतन्त्र दिवस) के पावन पर्व पर किंग पैलेस मैरिज लॉन निकट रहमानी स्कूल नखास में मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन रात्रि 08 बजे होगा। जिसके मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी होंगे। उन्होने बताया कि सोशल डिस्टेंसिंग व सेनेटाइजर तथा मास्क आदि का पालन होगा।

# सभी लोग हर हाल में करें मताधिकार का प्रयोगः डीएम

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**राष्ट्रीय** मतदाता दिवस के अवसर पर माती ईको पार्क सामुदायिक भवन में जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने ई मतदाता पहचान पत्र का शुभारम्भ किया गया तथा मतदाता हस्ताक्षर किये गये तथा शांति के प्रतीक हेतु कबूतर भी उड़ाये गये। 11वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर निर्वाचन आयोग के स्टीकरए टोपी तथा राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस कार्यक्रम व रंगोली का आयोजन हुआ। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने ईको पार्क में उपस्थित अधिकारियोंए कर्मचारियों आदि को मतदाता शपथ दिलाते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेगें तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शान्ति पूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुएए निर्भीक होकरए धर्मए वर्गए जातिए समुदायए भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने ई.ईपिक के बारे में बताया कि आधार कार्ड की तर्ज पर मतदाता पहचान कार्ड मोबाइल में डाउनलोड कर मोबाइल या डिजीलाकर में स्टोर कर सकते है। उन्होने कहा कि कोई भी मतदाता भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट दअेच.पद' - अवजमतेचवतजंस.मबप.हवअ.पद तथा अवजमत ीमसच ंचच में से किसी भी वेबसाइट पर जाकर पहले अपना मो0नं0 रजिस्टर्ड करे या लागिन करें उसके बाद इपिक नं0 या आवेदन नं0 भरे तथा आवेदन करते समय भरे गये मो0नं0 या रजिस्टर्ड किये गये मो0नं0 पर ओटीपी आयेगाए ओटीपी सत्यापन के उपरान्त मतदाता फोटो पहचान कार्ड डाउनलोड कर सकते हैए जिसे प्रिन्ट कराकर लेमिनेट करा सकते है या डिजीलाकर में डाउनलोड कर सुरक्षित रख सकते है और यह कार्य 25 जनवरी से 31 जनवरी 2021 तक उन्ही मतदाताओं के लिए है जिन्होने माह नवम्बर 2020 से दिसम्बर 2020 में अपना नाम बढ़ाने हेतु आवेदन किया है तथा 01 फरवरी 2021 से यह सुविधा सभी ईपिक धारकों के लिए शुरू हो जायेगी।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि जो युवकएयुवतियों ने 01 जनवरी 2021 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है वह अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज करायें तथा मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में आनलाइन प्रतियोगिता वाद विवादए प्रेरणात्मक गीतए निबन्धए स्लोगन में प्रथम अंशिका वैश्यए ज्योति यादवए डोलीए शिव मोहन द्विवेदीए प्रशांत कटियारए द्वितीय फराजियाए संजना मिश्राए तृतीय शिवानी गुप्ताए कीर्ति कमलए अवधेश कुमारए प्रियांशू यादवए श्रृद्धा मिश्रा को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने पहली बार मतदाता बने युवाओं को मतदाता पहचान पत्र वितरित किया एवं मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालय के छात्र.छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चैधरी ने कहा कि भारत सरकार ने वर्ष 2011 से हर चुनाव में लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस 25 जनवरी को ही राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत की थी और 2011 से ही हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। इस दिन देश में सरकारों और अनेक सामजिक संथाओं द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जिससे कि देश की राजनीतिक प्रक्रियाओं में लोगों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

# फर्रुखबाद पंचायत चुनाव : अंतिम मतदाता सूची जारी, इस बार 45 हजार नये मतदाता

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**त्रिस्तरीय** पंचायत चुनाव के लिए अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई है। इसमें 45 हजार मतदाता बढ़े हैं। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या 11 लाख 70 हजार 445 हो गई है। मतदाता बढने के बावजूद छह मतदान केंद्र और 40 बूथ कम हो गए हैं।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए 594 ग्राम पंचायतों में मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाया गया। दावा.आपत्तियों के निस्तारण के बाद अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई है। इसमें मतदाताओं की संख्या 45658 बढ़ गई है।

अब ग्राम पंचायतों में 11 लाख 70 हजार 445 मतदाता हो गए हैं। वर्ष 2015 के पंचायत चुनाव में 11 लाख 24 हजार 787 मतदाता थे। पिछले चुनाव में 891 मतदान केंद्र और 2011 बूथ बनाए गए थे। इस बार छह मतदान केंद्र और 40 बूथ कम कर दिए गए हैं। 885 मतदान केंद्र और 1961 बूथों पर मतदान होगा।

ब्लॉक बढ़पुर में मतदाता 129169, कमालगंज में मतदाता 223685, मोहम्मदाबाद में मतदाता 219943, नवाबगंज में मतदाता 112763,शमसाबाद में मतदाता ,151722,कायमगंज में मतदाता 180433, राजेपुर में मतदाता 152730 है।

### नौ प्रधान, 18 बीडीसी सदस्य घटेंगे

अगले पंचायत चुनाव में जिले में नौ प्रधान और 18 बीडीसी सदस्य कम हो जाएंगे। नवाबगंज को नगर पंचायत बनाने से छह ग्राम पंचायतें उसमें शामिल हो गई हैं। इसी तरह तीन ग्राम पंचायतों का शमसाबाद नगर पंचायत में विलय कर दिया गया है। दो ग्राम पंचायतें आंशिक रूप से शमशाबाद में मिलाई गई हैं। इससे ग्राम पंचायतों की संख्या 594 और क्षेत्र पंचायत सदस्यों की संख्या 722 रह गई है। ग्राम पंचायतों में भी 117 वार्ड कम हुए हैं। इनकी संख्या 7316 रह गई है। जिला पंचायत के सभी 30 पद बरकरार हैं।

# हम अपने कार्यकर्ताओं के साथ हमेशाः कटियार



**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**जनपद** मे संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत मोहम्मदाबाद की न्याय पंचायत मदनपुर की ग्राम पंचायत नगला स्वामी ब्लॉक कमालगंज की न्याय पंचायत लऊआ नगला मान पट्टी की ग्राम पंचायत सितौली में बैठक का आयोजन किया गया । कांग्रेस पार्टी के संगठन को न्याय पंचायत स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया गया ।इस अवसर पर बोलते हुए जनपद प्रभारी विजय मिश्रा ने कहा जिस तरह से उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार मैं अपराध और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं । अगर भविष्य में यही सरकार आई तो आम जनमानस का जीना दूभर हो जाएगा। इसलिए उत्तर प्रदेश की इस अहंकारी सरकार को हटाना ही पड़ेगा।

विजय कटियार ने कहा कि किसानों की समस्याओं को देखते हुए केंद्र की भाजपा सरकार बैकफुट पर दिख रही है और कुछ दिनों के बाद इन्होंने जो किसानों के लिए तीन काले कानून पास किए हैं। उनको हर हाल में वापस लेना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि किसानों का हर संभव सहयोग किया जाएगा । हम किसानों के साथ हैं मजदूरों के साथ हैं हम न्याय पंचायत वार न्याय पंचायत अध्यक्षों की नियुक्ति कर रहे हैं । यह नियुक्ति इसलिए की जा रही है हमारा जो संगठन कमजोर था उस को मजबूती प्रदान करेंगे और हमारे कार्यकर्ताओं का किसी भी तरीके का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर किसी कार्यकर्ता का उत्पीड़न होता है तो ग्राम पंचायत और न्याय पंचायत अध्यक्ष के माध्यम से हम तक यह बात पहुंचेगी । हम तत्काल प्रभाव से वहां पहुंचेंगे चाहे दिन हो या रात हम अपने कार्यकर्ता के साथ हैं। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा ने भी संबोधित किया ।इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा ,मोहम्मदाबाद ब्लाक अध्यक्ष संजू अग्निहोत्री, आशीष दीक्षित, रामनरेश दुबे, राजेंद्र सिंह चौहान, मुकेश दीक्षित ,जीतू बाथम अवधेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे ।

# इच्छुक साइकिल रेस में करें प्रतिभाग

**कानपुर देहात।** विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिला प्रशासन के समन्वय जिला खेल कार्यालय स्पोंर्ट्स स्टेडियम माती कानपुर देहात में 26 जनवरी 2021 को गणतन्त्र दिवस के पावन पर्व पर जिला खेल कार्यालय स्पोंर्ट्स स्टेडियम माती कानपुर देहात में जिला स्तरीय बालक एवं बालिका ओपिन 5 किलोमीटर साईकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन स्पोट्स स्टेडियम माती से जिला मुख्यालय ओवर ब्रिज तक किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए जिला क्रीडा अधिकारी प्रदीप कुमार चैहान ने बताया कि यह प्रतियोगिता दो वर्गो में ओपिन बालक व बालिका वर्ग में आयोजित की जायेगी। इच्छुक खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अपनी साइकिल स्वयं लेकर प्रातः 10:30 बजे स्पोंटस स्टेडियम माती में उपस्थित हो। इन्ट्री निःशुल्क है विस्तृत जानकारी के लिए सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

# संस्कार भारती की एक भारत श्रेष्ठ यात्रा में दिखे राष्ट्रीय एकता के रंग

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**सडकों** पर दिखा सम्पूर्ण भारत कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का प्रारम्भ रेलवे रोड स्थित पाण्डवेश्वर नाथ शिवालय से हुआ। मुख्य विकास अधिकारी डॉ राजेन्द्र पैसिया व ने झण्डी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। यात्रा रेलवे रोड, चौक, नेहरु रोड, घुमना होते हुये स्वराज्य कुटीर पर समाप्त हुई। यात्रा संयोजक अखिलेश पाण्डेय ने बताया कि यात्रा के माध्यम से देश की एकता व अखंडता दिखाने का प्रयास किया गया है। यात्रा में घोडे पर झाँसी की रानी लक्ष्मी बाई, छत्रपति शिवाजी महाराज एवं साईं पालकी शोभायमान रही। यात्रा में मुख्यरुप से राजस्थान, गुजरात, गावा, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, विहार, दिल्ली, केरल, पंजाब, उड़ीसा, महाराष्ट्र, नागालैंड आदि राज्यों की पारम्परिक वेश-भूषा में



विद्यालयों के छात्र-छात्राएं व संस्कार भारती के कला साधक कदम ताल करते हुए चल रहे थे। वहीं ईसाई समाज, सिक्ख समाज, मुस्लिम समाज, ने भी यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लिया। पंजाब प्रांत के साथ लोग ढोल-नगाड़े पर भांगड़ा करते हुय यात्रा में सम्मलित हुये। बुंदेल खण्ड के दिवारी नृत्य के माध्यम से कलाकारों ने हैरतअंगेज कर्तव दिखा कर लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्शित किया। भारतीय किसान बैलगाड़ी पर मेरे देश की धरती सोना उगले...... गीत गाते हुये यात्रा में सम्मलित हुये। वहीं सपेरों ने बीन की धुन पर देश भक्ति की सुमधुर तान छेड़ी तो माहौल देश भक्ति पूर्ण हो गया। भारत माता के स्वरुप के साथ नगर के आमजन चल रहे थे। यात्रा के माध्यम से संस्कार भारती ने लघु भारत को नगर में दिखाने का प्रयास किया। उत्तर प्रदेश की झांकी में अयोध्या में बनने वाले प्रभु श्री राम के मन्दिर को दिखाया गया। इस झाँकी मे लव कुश ने हम कथा सुनाते राम सकल गुण धाम की यह रामायण है पुण्य कथा श्री राम की......' गीत पर भावपूर्ण मंचन किया तो हनुमान ने छम छम नाचे मेरा वीर हनुमाना.....गीत पर पूरे रास्ते नृत्त किया। नवीन मिश्र 'नब्बू' ने राम दरबार है जग सारा गीत गाकर माहौल को राममय कर दिया।

यात्रा में सरस्वती बालिका विद्या मंदिर एन.ए.के.पी. इंटर कालेज, भारतीय पाठशाला इंटर कालेज, डी एस. बी.डी. पब्लिक स्कूल, एशियन कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, साहस इण्डिया ग्रुप, ब्रहमाकुमारी आश्रम जटवारा, सहज योग केन्द्र, समर्थ सामाजिक संस्था, कर्तव्य सामाजिक संस्था, गंगा मैया स्वच्छता एवं दीपदान आयोजन समिति आदि संस्थाओं ने प्रतिभाग किया। यात्रा के संचालक की व्यवस्था मनोज मिश्रा, सुबोध शुक्ला व प्रांतीय महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय ने देखी। समापन अवसर पर जिला संघ चालक डा0 सुबोध वर्मा ने भारत एकता एवं अखण्डता के विषय में अपने विचार रखे। अध्यक्ष संजय गर्ग ने सभी को धन्यवाद दिया। यात्रा में सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, सचिव आकांक्षा सक्सेना, कोषाध्यक्ष आदेश अवस्थी, प्रांतीय महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय, विधायक पत्नी श्रीमती अनीता द्विवेदी, पंकज पाण्डेय, नवीन मिन 'नब्बू', सहसंयोजिका श्रीमती साधना श्रीवास्तव, अजय दीक्षित, रजनी लौंगानी, हेमलता श्रीवास्तव, रवीन्द्र भदौरिया, अनुराग पाण्डेय, डा0 सर्वेश श्रीवास्तव, अनुराग अग्रवाल, आकाश बाजपेई, कपिल गुप्ता, प्रिन्स शुक्ला, अरविन्द दीक्षित, शिल्पी सक्सेना धीरेन्द्र वर्मा, दिलीप भारद्वाज, , ज्ञानी गुरुवचन सिंह आदि मौजूद रहे।

# उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता।** औरैया

**सोमवार** को मुख्यालय ककोर में उ0 प्र0 के महामहिम राज्यपाल एवं माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त उप जिलाधिकारी औरैया श्रीमती विजेता को सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि जिला प्रशासन निष्पक्ष भाव से अपने कर्तव्य व दायित्व का सही निर्वहन नहीं कर रहा है फरियादियों की शिकायतों का फर्जी निस्तारण किया जा रहा है शिकायतों की क्रास चेकिंग भी नहीं होती है जिले के आम किसान का धान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर नहीं खरीदा जा रहा है आवारा जानवरों से किसानों की फसलें व जान को नुकसान हो रहा है विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं का शोषण किया जा रहा है आरटीआई आवेदनों पर सही जानकारी नहीं दी जा रही है तथा प्रथम अपील पर सुनवाई भी नहीं हो रही है अधिकारी अपने दफ्तरों में समय से नहीं पहुंच रहे तथा आम नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार भी कर रहे हैंए जिले के आला अफसर आम जनता को नजरअंदाज कर सत्तारूढ़ दल के



नेताओं के साथ गुफ्तगू में व्यस्त हैं अधिकारी नेता फर्स्टए आम जनता जाए भाड़ में की नीति पर काम कर रहे हैं जिला प्रशासन सरकार की मंशा के प्रतिकूल कार्य करके सरकार की छवि को धूमिल कर रहा है जिला प्रशासन की जनविरोधी कार्यशैली के विरोध में भाकियू मंडल उपाध्यक्ष संत कुमार तिवारी व जन जागरण समिति के अध्यक्ष महेश पांडेएव जिले के पीड़ित नागरिकों ने सोमवार को जिला मुख्यालय ककोर पर धरना ए देकर उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल एवं माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त उप जिलाधिकारी औरैया श्रीमती विजेता को सौंपा ज्ञापन में महामहिम व मुख्यमंत्री से निवेदन किया गया है कि वह इस ज्ञापन को संज्ञान में लेकर जिला के अधिकारियों को हिदायत दें वह आम जनता की शिकायतों का निष्पक्ष भाव से गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करें निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाए और उन्हें सेवा मुक्त भी किया जाए है महेश पांडे ने जिलाधिकारी सुनील कुमार वर्मा व पुलिस अधीक्षक अपर्णा गौतम से शिकायतों के निष्पक्ष निस्तारण की अपील करते हुए सुझाव दिया।

# भाकियू ने की तीन कृषि बिल वापस लेने की मांग

**संवाददाता।** कायमगंज/फर्रुखाबाद

**एक** दिन के लिए उप जिलाधिकारी बनी खुशबू मिश्रा को भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट )के जिला मीडिया प्रभारी मुन्ना लाल सक्सेना वरिष्ठ किसान नेता रागिव हुसैन खां जिला अध्यक्ष दुर्गा नारायण मिश्रा एवं विनीत कुमार ,प्रताप सिंह गंगवार, विजय सिंह ,रामवीर ,शिवराज सिंह आदि ने राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम संबोधित अलग-अलग दो ज्ञापन सौंपे ।राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन में कहा गया है कि दिल्ली सिंधु बॉर्डर सहित दूसरे स्थानों पर किसान अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। जिसमें भाग लेने के लिए जनपद फर्रुखाबाद सहित प्रदेश के अन्य भागों से किसान संगठन तथा किसान वहां जाना चाह रहे हैं। उत्तर प्रदेश तथा केंद्र सरकार की शह पर अधिकारी तथा पुलिस किसानों की गाड़ियों पर लगे झंडे तथा पट्टियां उतरवाकर उन्हें अपमानित कर रही है। किसानों के साथ जो व्यवहार किया जा रहा है। वह अव्यवहारिक होने के साथ ही सरकार की तानाशाही को भी दर्शाता है। इसलिए इसको तत्काल रोका जाए। वहीं भाकियू ने प्रधानमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में कहां है कि कृषि उपज व्यापार और वाणिज्य विधेयक 2020, किसान सशक्तिकरण एवं संरक्षण अध्यादेश 2020, आवश्यक वस्तु संशोधन अध्यादेश 2020, जिन्हें लोकसभा से पारित किया गया है। तत्काल वापस लेने की कार्यवाही सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसी के साथ भाकियू ने स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें किसान हित में अभिलंब लागू करने की मांग भी की है। भाकियू की मांग है कि केंद्र सरकार किसान आयोग गठित करें। आयोग ने अध्यक्ष व सदस्य किसान ही होने चाहिए। किसी भी अफसर या राजनीतिज्ञ व्यक्ति को आयोग में शामिल कतई न किया जाए। इसी के साथ उनकी मांग है कि केंद्र सरकार एमएसपी निर्धारित करें।

# निकेता डीएम तो खूशबू बनीं एसडीएम



**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**मिशन** शक्ति अभियान के अन्तर्गत एक दिन की जिलाधिकारी फर्रूखाबाद बनी निकेता दुबे। निकेता दुबे एक दिन की जिलाधिकारी ने जिलाधिकारी कार्यालय में आये फरियादियों की शिकायतो को सुना और संबंधित अधिकारियों को प्रर्थना पत्रों पर जांच कर गुणवत्ता पूर्ण कार्यवाही करने के दिए निर्देश। बताते चले कि निकेता दुबे राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज की छात्रा है। निकेता दुबे को मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा स्टेट गोल्ड मेडल ताईक्वांडो से किया गया है सम्मानित।

देश में महिलाओं को बराबरी का दर्जा देने की सोच की झलक आज उस समय दिखाई दी। जब कायमगंज नगर के मोहल्ला बगिया निवासी गिरिराज मिश्रा की बेटी खुशबू मिश्रा को एक दिन के लिए उप जिलाधिकारी बनाया गया। खुशबू मिश्रा ने विधिवत एसडीएम की कुर्सी संभाल कर आने वाले फरियादियों की समस्याएं सुनी तथा कुछ संगठनों द्वारा दिए गए ज्ञापन भी लिए , साथ ही उन्होंने ज्ञापन दाताओं को आश्वासन दिया कि उनकी बात ज्ञापन में संबोधित अथॉरिटी के पास तक पहुंचा दी जाएगी । जिस समय युवती खुशबू मिश्रा ने एसडीएम कार्यालय में बैठकर अपने पदभार का दायित्व निर्वाह किया । उस समय उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया।

# मतदान पर निर्भर है भविष्य

**कन्नौज।** मताधिकार सभी का अधिकार है। मतदाता बन लोकतंत्र को और मजबूत बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दें। देश का भविष्य आपके शत प्रतिशत मतदान पर निर्भर है। एक-एक वोट बहुमूल्य है एवं निर्णायक भूमिका निभाता है। उक्त उद्गार सोमवार को जिलाधिकारी/मुख्य निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने 11 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2021 के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर एवं गुब्बारे उड़ा कर उद्घाटन करते हुए उपस्थित व्यक्तियों व छात्र छात्राओं को दिए। उन्होंने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर बाइक सवारों की जनजागरूक रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए उपस्थित सभी को शपथ ग्रहण कराई। जिलाधिकारी ने कहा कि इस लोकतंत्र में हम सभी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करते ही मताधिकार एवं मतदाता बनने का अधिकार प्राप्त हो जाता है जिसका प्रयोग करना हमारा परम कर्तव्य होना चाहिए। हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने साथ-


हरी झण्डी दिखाकर छात्राओं की रैली को रवाना करते डीएम व अन्य।

साथ अपने समाज ग्राम एवं अन्य स्थानों पर जहां हम रहते हैं उस क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति मतदाता बनने से ना वंचित रहे। इसी क्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी गजेंद्र कुमार नें कहा की एक-एक मतदान निर्णायक होता है और अपनी महती भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम सभी कठिनाई उठाते हुए सारे कार्य करते हैं उसी प्रकार प्रण लेकर मतदान भी अवश्य करना चाहिए। सीडीओ एवं उपजिलाधिकारी सदर द्वारा भी मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने व संशोधन कराने हेतु सभी को प्रेरित किया गया। नयें मतदाता बने 05 युवा मतदाताओं को पहचान पत्र का भी वितरण किया गया एवं प्रशस्ति पत्र अन्य विधाओं में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को दिए गए। कार्यक्रम के उपरांत आज कलेक्ट्रेट परिसर में नव निर्मित वीवीपैट वेयर हाउस का भी उद्घाटन जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा शिलापट्ट का अनावरण कर एवं फीट काटते हुए किया गया।

# मतदाता सूची में पहली बार शामिल युवाओं ने भी रैली मे लिया भाग

**हमीरपुर।** आज जनपद में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का भव्य आयोजन जिला स्तर, तहसील स्तर, बीआरसी स्तर पर किया गया। जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी द्वारा राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। रैली में इंटर कॉलेज के छात्र- छात्राएं ,स्काउट गाइड के छात्र-छात्रा, डिग्री कॉलेज विद्यालयों के बड़े छात्रों ,एनसीसी व एनएसएस के छात्र -छात्राओं तथा मतदाता सूची में पहली बार शामिल हुए युवा मतदाता , संभ्रांत एवं गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे। यह रैली कलेक्ट्रेट प्रांगण से आरंभ होकर अमन शहीद चौराहा ,अस्पताल रोड की ओर जाकर अस्पताल के निकट से किंग रोड की ओर मुड़कर पुनः वापस कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ने मतदाता जागरूकता रैली में शामिल होने वाले समस्त छात्र -छात्राओं, नवीन युवा मतदाताओं सहित प्रबुद्धध्गणमान्य नागरिकों एवं मौजूद अधिकारियों ध् कर्मचारियों को लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखने ,अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने स्वतंत्र , निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य रखते हुए निर्भीक होकर धर्म ,वर्ग ,जाति, समुदाय ,भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपना मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई । जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में मतदाता जागरूकता संबंधी हस्ताक्षर अभियान का हस्ताक्षर कर शुभारंभ किया। इस मौके पर पहली बार मतदाता सूची में शामिल होने वाले लोगों को जिलाधिकारी ने वोटर कार्ड प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति जी के संबोधन का कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी महोदय की मौजूदगी में सजीव प्रसारण देखा गया ।

## गैंगेस्टर एक्ट में पुलिस एक वारंटी को दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर मारकुण्डी थानाध्यक्ष रमेशचन्द्र की टीम ने गैंगेस्टर एक्ट के वारंटी विष्णु कोल पुत्र मोतीलाल निवासी टिकरिया को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। राजापुर थाने के दरोगा कन्हैयालाल पाण्डेय की टीम ने बीरु पुत्र मुन्नीलाल निवासी कुसेली के कब्जे से 12 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार कर चालान किया है। रैपुरा थाने की गढवारा गांव की श्रीमती बिटोला ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि पति विलेश कुमार पाण्डेय उसके साथ मारपीटकर घर से निकाल दिया है। एसपी ने परिवार परामर्श केन्द्र के प्रभारी बैजनाथ यादव व दीवान अरुण कुमार को मामला सुलझाने के निर्देश दिये। परिवार परामर्श केन्द्र के प्रभारी ने दोनों पक्षों को बुलाकर समस्यायें सुनकर समझाते हुए कहा कि भविष्य में विवाद न कर आपस में तालमेल से रहें। दोनों पक्षों ने आपस में सुलह कर पति-पत्नी के कर्तव्यों को सही ढंग से निर्वहन करने का भरोसा दिया है।

## विवक न्यूज

### अचानक कार जल उठी, सवार लोगो ने कूदकर जान बचायी

**मौदहा(हमीरपुर)।** इचौली रेलवे क्रासिंग के पास एक कार अचानक धू धू कर जलने लगी,प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक कार बाँदा की तरफसे आ रही थी। जिसमे रेलवे क्रासिंग इचौली मढ़ी माता मंदिर के सामने दो लड़के गाड़ी से कूदे और देखते ही देखते वह कार धू धू कर जलने लगी।जब गाड़ी से कूदे युवकों से गाड़ी के बारे में जानकारी ली गई तो उन्होंने अपना नाम मोहित द्विवेदी व चालक फहीम निवासी केडीए कालोनी कानपुर बताया उन्होंने बताया कि हम बाँदा से मौदहा रिश्तेदारी के यहां जा रहे थे कि हमारी गाड़ी की ब्रेक व क्लच काम नहीं कर रहे थे जब तक हम कुछ समझ पाते कि गाड़ी में आग लग गई हमने कूदकर जान बचाई। सरीला(हमीरपुर)- जरिया थाना पुलिस ने क्षेत्र के मनकहरी गांव से दहेज हत्या के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष जरिया राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि संदिग्ध परिस्थितियों में आग से झुलसी महिमा (22) पत्नी संदीप कुमार की इलाज के दौरान मौत के बाद मृतका की माँ ने पति ससुर सास सहित पांच के विरुद्ध दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया था। सोमवार को ससुर रामकुमार व सास रैना कुमारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### आग लगने से गृहस्थी जलकर खाक

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बा कुरारा के बालिका विद्यालय के समीप कोटेदार के घर में आज दोपहर में अज्ञात कारण के चलते मकान में आग लग जाने से नकदी सहित गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। कस्बा कुरारा के बालिका विद्यालय के पास कोटेदार हशमत खान के मकान में दोपहर आगलग जाने से नकदी सहित गृहस्थी का सामान जल कर राख हो गया। पीड़ित ने बताया कि आग लगने की जानकारी होने पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन आग ने विकराल रूप धारण कर लिया ।जब तक लोगो ने एकत्र हो कर आग पर काबू पाया। उसने बताया कि घर म 50 हजार रुपये नकद तथा गैंहू आदि समान जल गया है। आगजनी की सूचना कस्बा लेखपाल को दी है।

### मुश्किलों के दौर में काम आई स्वदेश की हमदर्दी

**बांदा।** कोरोना काल में लॉकडाउन के समय लोगों ने अपने.अपने ढंग से जरूरतमंदों को मदद पहुंचाने का काम किया। इसी में एक नाम शहर के स्वदेश गौरव शिवहरे का। जिनके मदद करने का तरीका एकदम अलग रहा। लॉकडाउन में जब बाहर निकलने पर पाबंदी थी उस समय गंभीर बीमारियों के मरीज दवा के लिए तरसने लगे। ऐसे में स्वदेश ने एक टीम बनाकर खुद के वाहन से कानपुर से दवाएं मंगाकर उनके घरों तक पहुंचाईं। वहीं प्रवासियों को भोजन से लेकर जूते.चप्पल तक बांटे हैं।स्वदेश गौरव बांदा शहर के निवासी है। टोली के साथ इनके द्वारा कोरोना काल में जरूरतमंदों तक पहुंचाई गई मदद की लोग आज भी तारीफकरते हैं। लॉक डाउन के सन्नाटे के दौरान लोगों की जिदगी की रफ्तार थम सी गई थी। तब मदद के लिए कारवां बढ़ने लगा इसी में स्वदेश की टोली भी शामिल थी। शहर के करीब दो सौ ऐसे लोग जो किसी न किसी बीमारी का इलाज ले रहे थे आवागमन में पाबंदी लगने से इनकी दवाएं मिलना बंद हो गईं। ऐसे में इन लोगों के सामने बिना दवाओं के एक बड़ी समस्या खड़ी होने लगी। बात निकलकर बाहर आई तो स्वदेश ने इसे अपने मिशन मदद में शामिल कर लिया। दवाएं जिले में सुलभ नहीं थीं। इसके लिए कानपुर तक आने.जाने को खुद की कार की अनुमित प्रशासन से ली और वहां से दवाएं मंगाकर इन लोगों के घरों तक पहुंचाई। इनकी टीम में करीब दस युवा शामिल रहे। इतना ही नहीं प्रवासियों के जत्थे जब पैदल निकल रहे थे तो उन्हें भोजन के साथ जूते.चप्पल वितरित किए। स्वदेश का कहना है कि लॉक डाउन के समय संकल्प यही था कि ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाई जाए ताकि जिदगी की गाड़ी चलती रहे।

### युवती ने फांसी लगाकर जान दी

**कुरारा।** क्षेत्र के पतारा ग्राम पंचायत के मजरा हरेठा गाँव मे बीती शाम अज्ञात कारण के चलते युवती ने घर में फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली । क्षेत्र के हरेठा गाँव निवासी गजोधर प्रजापति की 18 वर्षीय पुत्री शैल कुमारी ने बीती शाम अज्ञात कारण के चलते घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । वही घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। इसकी जानकारी पिता ने थाना पुलिस को दिया । तब पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## रैली निकाल मतदान के प्रति किया जागरूक

**चित्रकूट।** गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनएसएस इकाई ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर जन-जागरूकता अभियान चलाया। रैली में मौजूद छात्र/छात्राओं का उत्साहवर्द्धन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार पाल ने किया। प्राचार्य डॉ राजेश कुमार पाल ने कहा कि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाइयां संचालित हैं। जिसके छात्र/छात्राओं ने जन-जागरूकता अभियान के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकाली है। रैली का संचालन महाविद्यालय से बेडीपुलिया चौराहा होते हुए रानीपुर भट्ट तक हुआ। नागरिकों व ग्रामीणों को मतदान को जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ सीमा कुमारी, डॉ वंशगोपाल समेत महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ रामनरेश यादव, डॉ अमित कुमार सिंह, डॉ मुकेश कुमार, डॉ धर्मेन्द्र सिंह, डॉ राकेश कुमार शर्म, डॉ नीरज गुप्ता, बलवंत सिंह राजोदिया तथा छात्र/छात्राएं मौजूद रहे।

# भाई के शव को नदी से खोजा

**राठ( हमीरपुर )।** मझगवां गांव में युवती के आत्महत्या करने के बाद परिजनों ने शव का जलप्रवाह कर दिया था। मृतका के भाई की तहरीर पर एक युवक के विरूद्ध मामला भी दर्ज किया गया। चार दिन बाद मृतका के भाई ने उसकी बहन के साथ दुष्कर्म कर हत्या का आरोप लगाते हुये उसका शव नदी से निकाला। शव को पोस्टमार्टम कराया है।

मझगवां गांव निवासी जयसिंह पुत्र रामनारायण अहिरवार ने बताया कि वह अपने दो अन्य भाई हरीसिंह और प्रमोद के साथ दिल्ली में रहकर मजदूरी करते है। गांव में उसके मां रामश्री, पिता व 20 वर्षीय बहन लक्ष्मी रहती थी। बताया कि उसकी मां बीते 6 माह से बीमार है। आरोप लगाया कि बीते 21 जनवरी रात्रि गांव के कोटेदार का लड़का घर में घुस आया और उसकी मां को जहरीला पदार्थ सुंघा दिया। जिससे वह बेहोश हो गई। अकेले का फायदा उठाकर युवक ने दुष्कर्म के बाद उसकी बहन की हत्या कर दी। सुबह जब उसकी मां जागी तो पुत्री को पंखे से लटका देखा उसके होश उड़ गये। बहन द्वारा आत्महत्या करने का अंदेशा लगाकर गांव वालों के कहने पर परिजनों ने शव का धसान नदी में जल प्रवाह करा दिया। आज मृतका के भाई ने ग्रामीणों के साथ शव को धसान नदी से बाहर निकाला और थाने ले गये। जहां सुरेश ने उसकी बहन के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या की बात कही। जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

थानाध्यक्ष मझगवां रामजीत सिंह गौड़ ने बताया कि 21 जनवरी को युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के बाद परिजनों ने उसका धसान नदी में जल प्रवाह कर दिया था। 24 जनवरी को मृतका के भाई की तहरीर पर गांव के सुरेश के विरूद्ध धारा 306 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मृतका के भाई द्वारा दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप लगाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

## इन्दिरा गांधी की याद में होता बालिका दिवस

**चित्रकूट।** परिवार परामर्श केन्द्र सामाजिक विकास संस्थान ने केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड के सहयोग से राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिका सप्ताह का आयोजन आदर्श रामसैया बालिका इंटर कालेज बालापुरमाफी में किया। सोमवार को परामर्श केन्द्र के परामर्शदाता योगेश कुमार सिंह ने कहा कि 24 जनवरी को पूरे देश में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। बालिका दिवस का आयोजन इन्दिरा गांधी को प्रथम भरतीय महिला प्रधानमंत्री के रुप में बनाये जाने के उपलक्ष्य में किया जाता है। बालिकायें स्वत: भीडभाड वाले स्थानों में, स्कूलों में, पास-पड़ोस में कैसे खुद को सुरक्षित रख सकें। सरकार ने टोल फ्री नम्बर 112, महिला हेल्प डेस्क 181 के बारे में बताया। महिलाओं व बालिकाओं को घरेलू हिंसा, बाल विवाह, दहेज के साथ होने वाली कुरीतियों, शिक्षा, पोषण, कानूनी अधिकारी, चिकित्सा, देखभाल, संरक्षण, स्वतंत्रता आदि के बारे में बताया गया।

# डीएम ने मतदाता दिवस पर वोटरों को दिलाई शपथ



राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ दिलाते डीएम।

**चित्रकूट।** डीएम शेषमणि पाण्डेय की अध्यक्षता में 11वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी में सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचित सहभागिता के तहत शपथ ग्रहण में जिलाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए संकल्प लेते हैं कि जो भी मतदान होगा उसमें भाग लेकर उपयुक्त लोगों का चयन करेंगे और अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। सोमवार को जिलाधिकारी ने कहा कि आगे आने वाले मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग करें। पहले मतदान फिर जलपान की नीति अपनाकर शत-प्रतिशत मतदान करें। कालेज में हुई गोष्ठी में अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता के सम्बन्ध में जानकारी देकर ज्यादा से ज्यादा मतदान करने और 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले छात्र-छात्राओं को मतदाता बनने को प्रेरित किया। एडीएम जीपी सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम, कालेज प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चौहान, सुरेश प्रसाद समेत तमाम शिक्षक व अधिकारीगण मौजूद रहे।

# जल्द मिलेगी 346 करोड़ की योजनाओं की स्वीकृति

**बांदा।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बुंदेलखंड पर जमकर मेहरबान हुए। जहां 323 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया वहीं जल्द ही 346 करोड़ रुपये के दस कार्यों के लिए जल्द स्वीकृति देने की घोषणा की। कहा कि आमजन की सेवा ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**गरीबी के खिलाफचल रही जंग:** बुंदेलखंड की बदहाली उकेरते हुए कहा कि यहां की गरीबी के खिलाफ जंग चल रही है। पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने छह वर्ष में जो कार्य किए उतने पिछले साठ सालों में नहीं हुए। नौ करोड़ किसानों को सम्मान निधि आठ करोड़ गरीब परिवारों को गैस कनेक्शन और आयुष्मान योजना के तहत देश के 60 करोड़ गरीब लोगों को पांच लाख तक मुफ्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का काम किया जा रहा है।

**पैसे या बिचौलिया नहीं मेरिट से मिल रही नौकरी:** उन्होंने कहा कि अब बिचौलिया या पैसे देकर नौकरी नहीं मिल रही है बल्कि मेरिट के आधार पर चयन हो रहा है। हेरफेर करने वालों की जगह जेल है।

**मेधावियों के घर तक बनवा रहे सड़क:** कहा कि हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाओं में टॉपर के घर तक डॉण् एपीजे अब्दुल कलाम गौरव पथ के तहत सड़क बनवाई जा रही है। यहां भी दो छात्रों के घर तक सड़क निर्माण हो रहा है। सीमाओं की रक्षा या देश के अंदर नागरिकों की रक्षा करने वाले पुलिस वाले के शहीद होने पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल पाने वाले खिलाड़ी के घर तक सड़क बनवाई जा रही है।

## मेधावी बच्चों को बांटी छात्रवृत्ति

**चित्रकूट।** सद्गुरु शिक्षा समिति के तत्वाधान में संचालित विद्याधाम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं सदगुरु पब्लिक हॉयर सेकेण्ड्री स्कूल के 65 छात्रों को सत्र 2019-20 के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिये अरविन्द भाई मफतलाल फाउण्डेशन मुम्बई द्वारा छात्रवृत्ति प्रदान की गयी। संस्था के भूतपर्व अध्यक्ष स्व0 अरविन्द भाई मफतलाल के पुण्य स्मृति में उनके पौत्र एवं वर्तमान अध्यक्ष विषद भाई मफतलाल एवं उनके परिवार द्वारा विगत आठ वर्षो से यह छात्रवत्ति दी जा रही है।

# कुपोषण मिटाने को आंगनबाडी केन्द्रों में दिया जाए देशी घी: डीएम


डीएम शेषमणि पांडेय।

संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय** की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार को निर्देश दिये कि सूखा राशन आंगनबाडी केन्द्रों पर सही ढंग से दिया जाये। लाभार्थियों को देशी घी व दूध की आपूर्ति भी समय से करायें। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में डीएम शेषमणि पाण्डेय ने बाल विकास परियोजना अधिकारी से कहा कि शत-प्रतिशत वितरण प्रमाण पत्र दें। नोडल अधिकारियों से क्राश चेकिंग रिपोर्ट देने को कहा। डीसी मनरेगा को निर्देश दिये कि पोषण वाटिका विकसित करें। मनरेगा कनर्वजन से जो कार्य होने हैं उसमें आईडी समय से जनरेट करायें। क्षेत्र जाकर निरीक्षण करें। ग्राम पंचायतों में मनरेगा के जो बडे कार्य हुए हैं उनकी जांच रिपोर्ट उपलब्ध करायें।

डीएम ने कहा कि आंगनबाडी केन्द्रों पर चिन्हित कुपोषित बच्चों को दुधारु गौवंश दिये जायें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से कहा कि जिन परिवारों को गौवंश दिये गये हैं उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर अच्छी नस्ल का बच्चा देने के काबिल बनायें। इस मौके पर संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# पालिका बोर्ड मीटिंग में 60 लाख के विकास कार्य के प्रस्ताव हुए पास

**● सभासदों ने पालिका के वाहनों में डीजल चोरी करने का लगाया आरोप**

**कोंच( जालौन )।** नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक सोमवार को पालिका सभागार में पालिकाध्यक्ष डॉ. सरिता वर्मा की अध्यक्षता व ईओ का चार्ज संभाल रहे एसडीएम अशोक कुमार की उपस्थिति में आयोजित की गयी।बोर्ड बैठक में उपस्थित सभासदों की सर्वसम्मति से सभी वार्डों में 60 लाख रुपये की लागत से खड़ंजा, इंटरलॉकिंग, नाली निर्माण कार्य व मरम्मती कार्य कराये जाने का प्रस्ताव पारित हुआ।वहीं पालिका द्वारा जारी 2015-20 मकानों के नामांतरण सर्वे कार्य को आगामी 28 फरबरी तक पूर्ण कर 1 अप्रैल से नये सीमा विस्तार के क्षेत्र को इसमें जोड़े जाने का प्रस्ताव बैठक में सामने आया।बैठक में


पालिका बोर्ड मीटिंग में उपस्थित जनप्रतिनिधि।

सभासद मुबारिक कुरैशी, विशाल अग्रवाल, अरविंद खटीक, दंगल यादव, नसीम निहारिया, विमला यादव, अर्चना रजक, सकीला बेगम,सितारा बेगम, वंदना यादव ने पालिका के 3 ट्रैक्टर सहित जेसीबी मशीन में खर्च होने वाले डीजल में धांधली, चोरी किये जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा। उक्त सभासदों ने एसडीएम से उक्त मामले की जाँच कराकर कार्यवाही करने की मांग की जिसको लेकर एसडीएम ने कार्यवाही करने को भरोसा दिलाया है। बैठक में सभासद पुष्पेंद्र सरौनिया, अर्चना रजक, विमला यादव, मनोज मोर, अनिल पटैरिया, अरविंद, रविकांत कुशवाहा, सितारा बेगम, नसीम निहारिया, शकील अहमद, नंदनी कुशवाहा, विशाल अग्रवाल, मुबारिक कुरैशी, दंगल यादव, महावीर यादव, अमित यादव, पूजा सर्राफ मुहम्मद जाहिद, प्रियंका, वंदना, शमसुद्दीन, रुबीना बेगम, नामित सभासद सुनील शर्मा, प्रदीप गुप्ता, नरेश वर्मा, शम्भूदयाल सोनी, कृष्णा झां सहित लिपिक विजय अवस्थी, जीवनलाल आदि उपस्थित रहे।

## युवक ने अज्ञात कारणों से लगाई फांसी, हुई मौत

**कुसमिलिया ( उरई )।** रविवार देर रात अज्ञात कारण के चलते युवक ने फांसी लगाकर जान दी। सूचना पर मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। डकोर निवासी कुलदीप पुत्र भारत सिंह यादव 30 वर्ष ने रविवार देर रात करीब 12 बजे के आसपास अज्ञात कारणों के चलते बंद कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने बताया कि मृतक कुलदीप डकोर नहर के पास अंडे की दुकान किये था वह दुकान बंद करके रात को घर आया और खाना खाकर अपने कमरे में चला गया। वहीं पास में दूसरे कमरे में पत्नी अपने दोनों बच्चों के साथ सो रही थी। देर रात माता पिता ने कुलदीप को आबाज दी तो कोई जबाब नही आया तो कमरे का दरवाजा खोलकर देखा तो कुलदीप का शव फंदे पर लटका मिला। जिससे घर में कोहराम मच गया। परिजनों ने डायल 112 को सूचना दी। पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

# इलेक्ट्रानिक इलेक्टर्स फोटो आईडेन्टिटी कार्ड का शुभारंभ

**बांदा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 25 जनवरी को जिला निर्वाचन अधिकारी आनन्द कुमार सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी आनन्द कुमार सिंह ने बताया कि यह सामान्य का पोर्टेबल डाक्यूमेन्ट फर्मेट (पीडीएफ) संस्करण है जिसे प्रमाणिक और सुरक्षित क्यू आर कोड रीडर एप्लीकेशन का उपयोग करके सत्यापित किया जा सकता है। इसे मोबाइल पर अथवा कम्प्यूटर पर स्व.मुद्रण योग्य रूम में डाउनलोड किया जा सकता है। इसे मतदाता अपने मोबाइल पर स्टोर कर सकता है। डिजीलॉकर पर अपलोड कर सकता है या इसे प्रिन्ट करते हुए लैमिनेट भी कर सकता है। यह नये पंजीकृत हुए मतदाताओं को जारी किये गये पीवीसी के अतिरिक्त है। आयोग द्वारा इस शुभारम्भ पर देश व्यापी जागरूकता अभियान प्रारम्भ किया जा रहा है। इस अभियान को आईटी डिवीजन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए दो चरणों में विभाजित किया गया है। 25 जनवरी से 31 जनवरीए 2021 एवं 01 फरवरी से सभी मतदाताओं द्वारा डाउनलोड किये जा सकेंगे।मतदाता दिवस 25 जनवरीए 2021 के अवसर पर उपस्थित



अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेंते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्रए निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्मए वर्गए जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। शपथ दिलाया जिसको सभी के द्वारा दोहराया गया।

डीएम आनन्द कुमार सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 1950 में भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना हुई लेकिन यह संवैधानिक निकाय का उल्लेख भी किया कि जिनका भारत निर्वाचन आयोग के पद पर आना और उनका कार्य करना टर्निंग प्वाइंट हो गया । इस देश के लोकतांत्रिक इतिहास थे टीएन शेषन जी जो अब इस दुनिया में नही रहे। टीएनशेषन जी 10वें मुख्य चुनाव आयुक्त थे। चुनाव में सुधार का श्रेय श्री शेषन जी को ही जाता है। उन्होंने निष्पक्ष चुनाव के लिए नियमों का सख्ती से पालन कराये जाने की शुरूआत की। श्री शेषन जी के कार्यकाल में ही चुनावों में पहचान पत्र का प्रयोग किया जाने लगा था।

# पिंडारी के पास चलती गाड़ी से युवती को फेंका

**कोंच( जालौन )।** कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला जवाहर नगर व हाल निवासी काशीराम कॉलनी की एक 22 वर्षीय युवती को अज्ञात युवक सोमवार को पुलिस के डर के चलते चलती गाड़ी से फेंक कर मौके से भाग गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंच कोतवाली प्रभारी निरीक्षक इमरान खान को सूचना मिली कि झांसी की ओर से आ रही मारूति ईको नं यूपी 92 एडी 3208 को पूँछ के समीप पूँछ पुलिस ने चौकिंग के लिए रोका तो उक्त कार नहीं रुकी जिसके बाद पूँछ थाना पुलिस ने कोंच कोतवाली को मामले की सूचना दी।वहीं सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक इमरान खान,मंडी चौकी प्रभारी अशोक कुमार पुलिस बल के साथ कोतवाली क्षेत्र के पिन्डारी रोड पर उक्त कार की तलाश में पहुंच गए।कुछ देर बाद पुलिस को दूर से उक्त कार आती दिखी लेकिन कार चला रहे शातिर चालक ने पुलिस देख नहर पट्टी की तरफ कार मोड़ दी और जब तक पुलिस कुछ समझ पाती तब तक कार में सवार युवकों ने चलती कार से युवती को सड़क पर बाहर फेंक दिया तथा ग्राम चमरसेना के समीप गुरावती पुल पर कार लॉक कर मौके से भाग गए।प्रभारी निरीक्षक इमरान खान ने महिला सिपाही की मदद से सड़क पर घायल पड़ी युवती को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर गये जहाँ डाक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया।पुलिस को दिये अपने बयान में उक्त युवती ने बताया कि वह रास्ते से जा रही थी तभी उक्त अज्ञात युवक जबरन उसे उठा कर ले गये और फिर उसे कुछ नशीला पदार्थ खिला दिया था।फिलहाल पुलिस ने कार अपने कब्जे में ले ली है और कार में सवार युवकों की तलाश की जा रही है।पुलिस का कहना है कि पूरा मामला संदिग्ध नजर आ रहा है और उक्त युवक पकड़ में आने के बाद ही मामला स्पष्ट हो सकेगा।वहीं समाचार लिखे जाने तक उक्त युवती द्वारा कोई तहरीर पुलिस को नहीं दी गयी है।

# यूपी दिवस पर विभागों ने स्टाल लगा दी योजनाओं की जानकारी

संवाददाता। उरई (जालौन)

**उत्तर प्रदेश** दिवस के अवसर पर सोमवार को राजकीय इण्टर कालेज मैदान में जनपद के समस्त विभागों द्वारा अपनी-अपनी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाकर योजनाओं के बारे में आमजन को जागरूक किया गया। विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा, विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र निरंजन एवं जिलाधिकारी डा. मन्नान अख्तर द्वारा सर्वप्रथम प्रत्येक स्टॉल पर जाकर संबंधित विभागों की योजनाओं के बारे में उपस्थित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जानकारी की।

इसके उपरान्त विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा, विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र निरंजन एवं जिलाधिकारी डा. मन्नान अख्तर द्वारा उत्तर प्रदेश दिवस कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया। इसके उपरान्त प्रत्येक विभागों द्वारा अपनी-अपनी


प्रदेश दिवस पर दीप प्रज्जवलित करते विधायक द्वय।

योजनाओं के बारे में उपस्थित आमजनमानस को अवगत कराया तथा लोगों को शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से अधिक से अधिक लाभ उठाये। कार्यक्रम में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा पंजीकृत आल्हा पार्टी द्वारा आल्हा गीत का मंचन किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डा. अभय कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी प्रमिल कुमार सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए शशिकान्त द्विवेदी, उप कृषि निदेशक आरके तिवारी, परियोजना अधिकारी डूडा अखिलेश चन्द्र तिवारी, उपायुक्त मनरेगा अवधेश दीक्षित, उपायुक्त एनआरएलएम अशोक कुमार गुप्ता सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# मतदान ही देश के भविष्य की नींव: आयुक्त

संवाददाता। गोंडा



**राष्ट्रीय** मतदाता दिवस के अवसर पर जिले में शपथ ग्रहण व जागरूकता कार्यक्रमों की धूम रही। आयुक्त कार्यालय तथा कलेक्ट्रेट सहित विभिन्न कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थाओं में विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन नगर के जीजीआईसी कालेज में आयोजित हुआ। जिसमे देवीपाटन मण्डल के आयुक्त एस0वी0एस0 रंगाराव व डीएम मार्कण्डेय शाही ने कार्यक्रम का शुभारम्भ कर छात्र-छात्राओं तथा अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। वहीं जिला निर्वाचन अधिकारी मार्कण्डेय शाही ने गुरूनानक चौक से मतदाता जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जीजीआईसी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में आयुक्त व डीएम ने मतदाता पुनरीक्षण में बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा आयुक्त व डीएम ने हस्ताक्षर बोर्ड पर हस्ताक्षर कर मतदान करने का संदेश दिया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि आयुक्त देवीपाटन एसवीएस रंगाराव ने मतदाता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह दिवस भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए अहम है। इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है। इसलिए हर व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनता है। भारत में जितने भी चुनाव होते है, उनको निष्पक्षता से संपन्न कराने की जिम्मेदारी भारत निर्वाचन आयोग की होती है। इस अवसर आयुक्त ने कोविड-19 से बचाव को लेकर भी लोगों को जागरूक किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी मार्कण्डेय शाही ने कहा कि निर्वाचन ही लोकतंत्र की आधारशिला है तथा भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है। उन्होंने कहा कि दिनोंदिन भारत निर्वाचन आयेग द्वारा निर्वाचन कार्य में पारदर्शिता लाने के लिए सी-विजिल एप, पोस्टल बैलेट,हैलो वोटर्स नाम से रेडियो प्रोग्राम संचालित करने के साथ ही डिजिटल ई-इपिक का शुभारम्भ भी किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का गठन भारतीय संविधान के लागू होने से एक दिन पहले 25 जनवरी 1950 को हुआ था। इसलिए हर साल 25 जनवरी को ही राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। इस दिन देश में सरकारों और अनेक सामाजिक संस्थाओं द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए अनेक काय्रक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिससे कि देश की राजनैतिक प्रक्रियाओं में लोगों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का हर वर्ष आयोजन सभी भारत के नागरिकों को अपने राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की याद दिलाता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस यह भी बताता है हर व्यक्ति के लिए मतदान करना जरूरी है। प्रत्येक चुनाव में युवाओं को ज्यादा से ज्यादा भागीदारी करनी चाहिए। प्रत्येक नागरिक को 25 जनवरी को लोकतंत्र में विश्वास रखते हुए शपथ लेनी चाहिए कि वे देश की स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने की लोकतांत्रिक परम्परा को बरकरार रखेंगे और प्रत्येक चुनाव में धर्म, नस्ल, जाति, समुदाय, भाषा आधार पर प्रभावित हुए बिना निर्भिक होकर मतदान करेंगे। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दिन देश के प्रत्येक मतदाता को अपनी सक्रिय भागीदारी के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्कूली बच्चों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा रंगोली, वाद-विवाद, पोस्टर व प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। आयुक्त व डीएम ने पोस्टर व रंगोली का अवलोकन कर छात्राओं का उत्साहवर्धन भी किया। इस अवसर पर दीप सामाजिक संस्था, अनाम नाट्य संस्था द्वारा मतदाता जागरूकता से सम्बन्धित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। लोक कलाकार व गायक शिवपूजन शुक्ला ने अवधी गीत तथा पेन्टर नफीस द्वारा मतदाता जागरूकता की पेन्टिंग के माध्यम से जागरूक करने का काम किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शशांक त्रिपाठी, उपजिला निर्वाचन अधिकारी राकेश सिंह, सीआरओ आर0आर0 प्रजापति, नगर मजिस्ट्रेट वन्दना त्रिवेदी, एसडीएम सदर कुलदीप सिंह, एसडीएम करनैलगंज ज्ञानचन्द्र गुप्ता, तहसीलदार पुष्कर मिश्रा, सहायक निर्वाचन अधिकारी जंगजीत वर्मा, प्रभारी नायब तहसीलदार इवेन्द्र कुमार, जिला विद्यायल निरीक्षक एके त्रिपाठी, स्वीप प्रभारी प्रदीप मिश्र, आरबी सिंह आदि मौजूद रहे।

# ब्लैकलिस्ट होगी यूपीआरएनएन शासन को भेजी जाएगी संस्तुति: डीएम

संवाददाता। गोंडा

**डीएम** मार्कण्डेय शाही ने कार्यदायी संस्था उप्र राजकीय निर्माण निगम द्वारा नगर क्षेत्र में कराए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति व गुणवत्ता का औचक निरीक्षण किया। डीएम के निरीक्षण में कार्यदायी संस्था द्वारा कराए गए कार्यों की गुणवत्ता बेहद घटिया मिली जिस पर डीएम ने मौके पर उपस्थित कार्यदायी संस्था के एक्सईएन को कड़ी फटकार लगाई तथा कार्यदायी संस्था द्वारा पुलिस लाइन में बनाए जा रहे विधि विज्ञान प्रयोगशाला, जिला अस्पताल में 300 शैया युक्त अस्पताल तथा आवासीय भवन व जिला महिला अस्पताल में बनाए गए 100 बेड के एमसीएच विंग की टेक्निकल टीम तथा थर्ड पार्टी से इवैल्यूएशन कराकर रिकबरी कराने तथा एक्सईएन एसपी खण्डूरी, जेई रत्नेश श्रीवास्तव व जेई इरशाद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल में आवासीय भवनों की स्थिति तथा क्वालिटी बेहद दयनीय दिखी तथा परिसर व नवनिर्मित व निर्माणाधीन भवनों में गन्दगी भी बड़े पैमाने पर मिली, जिस पर नाराज डीएम ने कार्यदायी संस्था द्वारा अब तक कराए गए कार्यों व गुणवत्ता का मूल्यांकन टेक्निकल टीम तथा थर्ड पार्टी से कराने व एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए हैं। डीएम ने महिला अस्पताल में बनाए गए एमसीएच विंग में ओटी, लैब तथा कमरों में पानी भराव तथा छत से पानी टपकने की स्थिति को स्वयं देखा तथा पूरे अस्तपाल की वीडियोग्राफी कराकर कार्यदायी संस्था को ब्लैकलिस्ट करने व शासन स्तर पर बड़ी कार्यवाही के संदर्भित कराने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डा0 अजय सिंह गौतम, सीएमएस डा0 एपी मिश्रा, एक्सईएन पीडब्लूडी, एक्सईएन जल निगम, कार्यदायी संस्था के एक्सईएन, जेई उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस पर परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रम रहेंगे आकर्षण का केन्द्र

संवाददाता। सुलतानपुर

**जिलाधिकारी** रवीश गुप्ता ने बताया कि 26 जनवरी को जनपद में गणतंत्र दिवस समारोह गरिमापूर्ण ढंग से सादगी के साथ से मनाया जायेगा, जिसमें सभी कार्यालयों में प्रात: 08:30 ध्वजारोहण, राष्ट्रगान एवं संविधान में उल्लिखित संकल्प का स्मरण होगा। जनपद में सभी शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण प्रात: 10 बजे होगा तथा विविध कार्यक्रमों का आयोजन शिक्षण संस्थाओं द्वारा किया जायेगा। जनपद में गणतंत्र दिवस पर पुलिस परेड मुख्य आकर्षक केन्द्र होगा।

जिलाधिकारी श्री गुप्ता ने बताया कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपद की सभी शिक्षण संस्थाओं में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रात: 08 बजे प्रभात फेरी मुख्य मार्गों पर निकाली जायेगी। प्रात: 8:15 बजे जनपद में स्थापित सभी शहीद स्तम्भों की सफाई एवं माल्यार्पण नगरध्सभी विकास खण्ड स्तर पर सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रात: 8:30 बजे सभी सरकारी कार्यालयों में सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्षों द्वारा ध्वजारोहण, राष्ट्रगान एवं संविधान में उल्लिखित संकल्प दिलाये जायेंगे। प्रात: 09 बजे से खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन पंत स्पोर्टस स्टेडियम में होगा। प्रात: 9:30 बजे पुलिस लाइन परिसर में आकर्षक पुलिस परेड का आयोजन होगा, जिसके मुख्य अतिथि मंत्री चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, परिवार कल्याण उ0प्र0 शासन जय प्रताप सिंह होंगे। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रात: 10 शिक्षण संस्थाओं में ध्वजा रोहण, राष्ट्रगान, खेल-कूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय एकता, भारत स्वच्छ मिशन विषयों पर भाषण प्रतियोगिता समस्त विद्यालयों में आयोजित होगी।

# एआरटीओ ने सड़क सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

**सुल्तानपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत 25 जनवरी को उप संभागीय परिवहन कार्यालय परिसर में कार्यालय में आने वाले वाहन चालकों रांग साइड चलने पर हुई हानियों के संबंध में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी माला बाजपेई द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी एवं उनको सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने एवं अपने ही लेन में चलने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में माला बाजपेयी ए0आर0टी0ओ0 (प्रशासन), लक्ष्मी कान्त, आर0 आई0 (प्राविधिक), दिनेश कुमार मिश्र प्रधान सहायक, अयोध्या प्रसाद मौर्य प्रधान सहायक, राज कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ सहायक, पारसनाथ वरिष्ठ सहायक, निशात फातमा उर्दू श्रीवास्तव सुपरवाइजर, चालक राकेश कुमार, राजीव तिवारी, अनमोल, राम नयन, सौरभ, संदीप, रंजीत, परतोष आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर वोटरों को दिलाई गई शपथ

संवाददाता। सुलतानपुर



**भारत** निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी रवीश गुप्ता के कुशल निर्देशन में 25 जनवरी (सोमवार) को कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में ''11वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस'' के अवसर पर जिलाधिकारी रवीश गुप्ता द्वारा अधिकारियों, कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलायी गयी। जिले में स्कूली बच्चों की प्रभात फेरी, रंगोली, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कर सशक्त लोकतंत्र के लिये मतदाता साक्षरता कार्यक्रम जिला मुख्यालय सहित तहसील व ब्लाकों में आयोजित किया गया तथा जिलाधिकारी ने केश कुमारी राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाने के पश्चात रैली को केश कुमारी बालिका इण्टर में मतदाता कार्यक्रम हेतु रवाना किया।

कलेक्ट्रेट परिसर से छात्राओं, अधिकारियों-कर्मचारियों रैली के रूप में केश कुमारी राजकीय बालिका इण्टर कालेज परिसर तक जाकर समाप्त हुई और जिला निर्वाचन कार्यालय के संयोजन में आयोजित ''सशक्त लोकतंत्र के लिये मतदाता साक्षरता'' कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय एवं छात्राओं को मतदाता शपथ अपर जिलाधिकारी (प्रशा.) हर्षदेव पाण्डेय ने दिलायी। कार्यक्रम का शुभारम्भ अपर जिलाधिकारी (प्रशा.) ने सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, मतदान के लिये प्रेरित करने सम्बन्धी गीत, भाषण एवं रंगोली की अच्छी प्रस्तुति के साथ-साथ केश कुमारी राजकीय बालिका इण्टर कालेज के छात्राओं द्वारा मतदान दिवस के अवसर पर लघु नाट्य प्रस्तुत कर आये हुए सम्मानित नागरिकोंध्मतदाताओं को वोटर की महत्ता एवं अधिकार के विषय में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (प्रशा.) ने अपने सम्बोधन में कहा कि 25 जनवरी को मतदाता दिवस मनाकर युवा मतदाताओं एवं भावी मतदाताओं को मतदान के लिये जागरूक करना हम सभी का दायित्व है। इसलिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को मतदाता दिवस का आयोजन पूरे भारत में किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें। उन्होंने इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं एवं बधाई भी दी तथा निर्वाचन कार्य में उत्कृष्ट सेवा करने वाले 05 बीएलओ, 05 सुपरवाइजर को प्रशस्ति पत्र देकर अपर जिलाधिकारी (प्रशा.) ने सम्मानित किया। उप जिलाधिकारी सदर रामजी लाल ने भी सम्बोधित करते हुए कहा कि मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने हेतु वर्ष 2011 से 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने मतदान के प्रति सभी से अपेक्षा की है कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तथा बिना किसी प्रलोभन के निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य किये जायें। केशकुमारी राजकीय बालिका इण्टर कालेज की प्रचार्या डॉ0 संगीता द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम उनके विद्यालय में आयोजित होने पर प्रसन्नता व्यक्त किया और सभी के प्रति धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र चतुर्वेदी प्रवक्ता केश कुमारी राजकीय बालिका इण्टर कालेज ने किया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जनपद के सभी कार्यालयों में सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्षों द्वारा पूर्वान्ह 11 बजे मतदाता शपथ अपने अधीनस्थ अधिकारियोंध्कर्मचारियों को दिलायी गयी। इसी प्रकार सभी तहसीलों ब्लाकों एवं शिक्षण संस्थाओं में भी मतदाता शपथ सम्बन्धित अधिकारियों प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक द्वारा दिलायी गयी।

# सभासदों ने किया धरना-प्रदर्शन

संवाददाता। महराजगंज रायबरेली




**महराजगंज** नगर पंचायत में किए गए विकास कार्यो की पोल उस समय खुल गई जब महराजगंज नगर पंचायत के दसो वार्डो के सभासदों ने नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर नगर पंचायत अध्यक्ष की खाऊ कमाऊ नीति व मनमानी पूर्ण रवैए के खिलाफधरना प्रदर्शन पर बैठ गए और जमकर नारेबाजी की आपको बता दें कि, सभासदगण रामकुमार यादव, अरविंद त्रिपाठी, अंकुर गुप्ता, शिव लली, शिव कांति, जुलेखा बानो, नुरुल हसन, फिरोज अहमद कुरेशी समेत दसो वार्डो के सदस्यों ने अधिशासी अधिकारी को संबोधित ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि, पिछले 3 वर्षों से सभासदों ने जिन कार्यो को कराने के लिए नगर पंचायत की बैठकों में प्रस्ताव दिए हैं। जिसमें एक भी काम नहीं कराया गया है। मासिक बैठक के नाम पर चेयरमैन द्वारा केवल खानापूर्ति की जा रही है, और जब सभासदों के दिए गए प्रश्नों की बात उठाई जाती है, तो अध्यक्ष द्वारा उसे दरकिनार कर दिया जाता है। जिससे सभासदों को अपने-अपने वार्डों में जनता को फेस करने में परेशानी हो रही है।वहीं एक वार्ड सभासद फिरोज अहमद कुरैशी का आरोप है कि, चेयरमैन और ईओ द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की सूचना भी सभासदों को नहीं दी जाती है। इसका प्रमाण आज मतदाता दिवस के मौके पर महराजगंज कस्बे का 1 दिन के चेयरमैन नियुक्त किए जाने की सूचना सभासदों को नहीं दी गई। वहीं मतदाता जागरण रैली के लिए भी किसी भी सभा को आमंत्रित नहीं किया गया। इससे सभी सभासद अपने आप को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। सभासदों ने यह भी चेतावनी दी है कि, शीघ्र ही उनके द्वारा दिए गए विकास प्रस्तावों को अमलीजामा न पहनाया गया, तो वह सभी मिलकर सक्षम अधिकारी को लिखित रूप से अवगत कराएंगे, और समय पर कार्य ना शुरू हुआ तो समस्त सभासद अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने को बाध्य होंगे।

# कप्तान साहब जरा मित्र पुलिस के कारनामे देखिए!

संवाददाता। बछरावां रायबरेली

**बछरावां** थाना क्षेत्र के अंतर्गत सस्ते के बस स्टॉप चौराहे पर पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान वाहन सवार को पीछे से घटित लेने के दौरान वाहन सवार के गिर जाने पर ट्रक ने कुचला पर वाहन सवार ने दरोगा पर गाड़ी से घटित कर गिराने व ट्रक चलवा देने का लगाया आरोप घटना को लेकर लोगों में आक्रोश लगभग आधा घंटे बछरावां लालगंज मार्ग पर लोगों ने लगाया जाम।विदित हो उन्नाव जनपद के सीताराम खेड़ा थाना मौरावा निवासी बीनू सविता पुत्र श्री अवध बिहारी उम्र 30 वर्ष अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल से बछरावां वापस गांव जा रहा था शाम लगभग 8रू00 बजे बछरावां बस स्टॉप चौराहे पर तैनात दरोगा राजीव सिंह चौहान वाहन चेकिंग कर रहे थे। बीनू सविता का आरोप है कि दरोगा ने उन्हें गाड़ी में पीछे से घसीट लिया जिससे वह नीचे गिर गया पीछे आ रहे ट्रक मे वह फस गया उसने कहा कि उसका पैर ट्रक में फंसा है लेकिन दरोगा ने ट्रक वाले से कहा ट्रक आगे बढ़ाओ और उसका पैर बुरी तरह कुचल गया है। घटना होते ही बड़ी संख्या में लोग बस स्टॉप चौराहे पर एकत्रित हो गए और पुलिस के इस कृत्य की निंदा करते हुए सड़क पर हंगामा करने लगे जिससे लगभग आधा घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही।क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य में बछरावां पहुंचा कर प्राथमिक इलाज कराया गया है जिसे जिला अस्पताल रिफर किया जा रहा है मामले में अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है ट्रक को ही कब्जे में ले लिया गया है।

# गौरवपूर्ण अतीत का प्रतीक है काकोरबाबा मंदिर: अभिलाष

संवाददाता। ऊंचाहार,रायबरेली

**गदागंज** क्षेत्र में स्थित काकोरबाबा मंदिर पिछड़े वर्ग के गौरवशाली अतीत का प्रतीक है । सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए यह स्थल हमेशा कार्य करता रहा है । यह विचार भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष अभिलाष चन्द्र कौशल ने प्रति वर्ष होने वाले समरसता सहभोज में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए । ज्ञात हो कि मुख्य रूप से प्रजापति समाज को समर्पित काकोर बाबा मंदिर पर सोमवार को प्रति वर्ष की भांति समरसता सहभोज का आयोजन था । इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने अपने स्तर से सैकड़ों गरीबों को कम्बल का वितरण किया । उसके बाद सहभोज में आए लोगों से मुखातिब भाजपा नेता ने मंदिर के महत्व और मंदिर के प्रति आस्था की चर्चा करते हुए कहा कि पिछड़े वर्ग के गौरवशाली अतीत का प्रतीक यह मंदिर धार्मिक रूप से खासा महत्व रखता है । उन्होंने कहा कि सभी को संगठित रहने के लिए एवं गरीबों की सेवा करने से भारतीय जनता पार्टी का मूल मंत्र है हम लोग सेवा के माध्यम से के आयोजक व संयोजक अनुज अवस्थी जी जगतपुर ब्लाक महामंत्री व श्याम त्रिपाठी जी, ककोरबाबा मन्दिर पुजारी श्री जमुनादास बाबा जी सुशान्त सिंह जी सत्रोहन लोधी जी राममिलन मौर्य जिला प्रतिनिधि ,अमित सिंह जी विधानसभा प्रभारी,अजय गौतम पिछड़ा वर्ग ब्लाक अध्यक्ष जगतपुर,अनिल यादवव्ठब् ब्लाक अध्यक्ष जगतपुर,भूपेन्द्र सिंह बूथ अध्यक्ष, सुरेश लोधी,अमरेश सिंह,त्रिभुवन प्रसाद तिवारी,प्रेम शंकर,बिन्दादिन यादव,मोनू सिंह श्यामू मिश्र रामराज लालता प्रसाद त्रिवेदी जी राजन गौतम जी साहब शरण गुप्ता जी,जगत बहादुर सिंह जी,बाबा भगवान दास जी अजय श्रीवास्तव धूता,अनिल बाबू धूता, सुशील अवस्थी ,जमुना प्रसाद तिवारी आदि मौजूद थे

## चोरी की बाइक समेत गिरफ्तार

**ऊंचाहार,रायबरेली।** चोरी की बाइक समेत पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है । स्थानीय पुलिस ने नगर के रेलवे क्रासिंग के पास से वाहन चेकिंग के दौरान क्षेत्र के सांवापुर निवासी कमलेश कुमार को गिरफ्तार किया है । उसके पास से बरामद बाइक चोरी की बताई जा रही है । जिससे संबंधित मुकदमा ऊंचाहार कोतवाली में पंजीकृत है । कोतवाल विनोद सिंह ने बताया कि बाइक चोर को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है ।

# प्रज्ञा त्रिपाठी बनीं सांकेतिक डीएम



संवाददाता। सुलतानपुर

**शासन** के निर्देशानुसार मिशन शक्ति के अन्तर्गत नायिका मेगा इवेन्ट के अवसर पर सोमवार को जिलाधिकारी रवीश गुप्ता द्वारा केश कुमारी राजकीय बालिका इण्टर कालेज की कक्षा-12 की छात्रा प्रज्ञा त्रिपाठी को एक दिन का जनपद का सांकेतिक जिलाधिकारी बनाया गया।

जिलाधिकारी श्री गुप्ता ने कहा कि मिशन शक्ति के अन्तर्गत चलाये जा रहे कार्यक्रम के क्रम में महिलाओं को सशक्ति एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिये सोमवार को एक दिन का सांकेतिक जिलाधिकारी प्रज्ञा त्रिपाठी को बनाकर जनपद के बच्चियों को एक शुभ संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के इवेन्ट से जनपद की और बच्चियों को प्रेरणा मिलेगी। केश कुमारी राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छात्रा प्रज्ञा त्रिपाठी ने आज जनपद के सांकेतिक जिलाधिकारी बनकर जनता दर्शन में आए हुए फरियादियों के प्रार्थना पत्रों का अवलोकन कर सम्बन्धित अधिकारियों से निस्तारित कराने की कार्यवाही की। प्रज्ञा त्रिपाठी अपने जिम्मेदारी का निर्वहन कर विभागीय योजनाओं को परखा तथा देश और समाज हित में कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिये मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज सांकेतिक जिलाधिकारी बनकर मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। यह अवसर डीएम सर के आर्शीवाद से प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास होगा कि मैं भी डीएम सर के आर्शीवाद से भविष्य में आईएएस बनकर अपने परिवार, जनपद, प्रदेश व देश का नाम रोशन करूं और इस प्रकार के इवेन्ट से जनपद की छात्राओं को प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर प्रवक्ता केश कुमारी राजकीय बालिका इण्टर कालेज डॉ0 दीपा द्विवेदी, महिला कल्याण अधिकारी रेखा गुप्ता आदि उपस्थित र

# बीजेपी जिलाध्यक्ष ने की अहम बैठक

**सुलतानपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर रविवार को मंथन बैठक की। पयागीपुर स्थित बीजेपी कार्यालय पर पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ आरए. वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश सह संगठन महामंत्री भवानी सिंह ने जिम्मेदार कार्यकर्त्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रनीति की राजनीति करती है। भारत को परम वैभव पर पहुँचाने की राजनीति करती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगे कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मिशन 2022 का सेमीफाइनल मैच है, इसलिए कार्यकर्ता को पूरी ताकत और जोश के साथ एकतरफा जीत हासिल करनी होगी। मण्डल को सक्षम, बूथ को सक्रिय, सेक्टर को मजबूत और पन्ना प्रमुख की संरचना को खड़ा करना है। संगठन में गति व दिशा देने के लिए मण्डल प्रभारी को सतत क्षेत्र में प्रवास ,बैठक व संवाद स्थापित कर व्यूहरचना को मजबूत करना है।

# जन्म न ले पाने वाली बेटियों को दी गई श्रद्धांजलि





संवाददाता। श्रावस्ती

**यूपी** दिवस बालिका दिवस की संध्या पर विकास भवन के कैम्पस में 10511 दिए जलाकर जिले की 115623 बेटियां जो जन्म न ले सकी उनको 2 मिनट का मौन धारण करके अश्रुपूरित श्रृद्धांजलि दी गई। जिलाधिकारी टी0के0 शिबु ने कहा नारी के सम्मान से ही देश का गौरव बढेगा उन्होने कहा कि लोगो में जो बेटा और बेटी में असमानता की भावना है उस भावना को समाप्त करने के लिए लोगों को जागरूक करना होगा और यह बताना होगा कि बेटिया भी बेटो से किसी भी क्षेत्र में पीछे नही है सिर्फ उन्हें बिना भेदभाव के उन्हें शिक्षित कर आगे बढ़ाने की जारूरत है उन्होने कहा कि जिले में बाल विवाह का प्रचलन है जों चिंता का विषय है इसलिए जनपद वासियों को यह भी सकल्प लेना होगा कि हम अपने बेटियों का बाल विवाह नही करेगे और बिना भेदभाव के शिक्षित करके उन्हे आगे बढ़ायेगे और बेटियों और महिलाओ का सम्मान करेगे। जनपद के सभी ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में स्थानीय निकाय मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों श्रमिकों किसानों आदि सभी वर्गों के लोगों को महिलाओ का सम्मान और उनकी सुरक्षा के प्रति लोगो को सजग रहने के लिए जागरूक किया जायेंगा।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने बालिकाओं को बिना भेदभाव के पढ़ा.लिखाकर आगे बढ़ाने एवं बाल विवाह न करने के लिए उपस्थित अपार जन समूह को शपथ दिलाई गई। बेटी एवं बेटे में कोई भेदभाव नही करेंगें।

# मनरेगा में खेल पर माननीयों का हल्लाबोल

**सांसद और तीन अन्य माननीयों ने कहा पूरे जिले में मची है लूट, माननीयों ने बीडीओ पर लगाया खुलेआम कमीशन मांगने का आरोप, नाराज सासंद हरीश द्विवेदी ने भारत सरकार की टीम से जांच कराने की बात कही विधायक संजय जायसवाल ने कहा- पूरे जिले में विकास के नाम पर हो रहा है लूटमार--एमएलसी प्रतिनिधि हरीश सिंह ने किया मनरेगा में लूट-खसोट का खुलासा, दिशा की बैठक में छाया रहा 'मनरेगा' में भ्रष्टाचार का मुद्दा**

संवाददाता। बस्ती



**सांसद** हरीश द्विवेदी की अध्यक्षता में पुलिस लाइन स्थित सभागार में जिला विकास समन्वय समिति यानि 'दिशा' की बैठक हुई। बैठक में मनरेगा में व्याप्त भ्रष्टाचार का मुद्दा लगभग एक घंटा तक गरमाया रहा। एक तरह से माननीयों और उनके जनप्रतिनिधियों ने 'पायनियर' की रिपोर्टिगं पर मोहर भी लगा दी। सांसद सहित तीन अन्य विधायकों ने कहा कि बीडीओ पर किसी का नियंत्रण नहीं रह गया, बीडीओ मनमानी कर रहे हैं, कमीशन लेकर योजनाओं को बेच रहे हैं। बिना कार्यस्थल पर गए कमीशन लेकर भुगतान कर दे रहे हैं। सांसद ने कहा कि प्रधानों के कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी उनसे भारी कमीशन लेकर कार्यो की मंजूरी दी जा रही है। विधायक दयाराम चौधरी, रविसोनकर और संजय प्रताप जायसवाल ने तो यहां तक कह डाला कि पूरे जिले में मनरेगा और अन्य विकास कार्यो में लूट मची हुई है। सभी ने डीएम और सीडीओ से इस पर अंकुश लगाने की बात कही। मनरेगा में 60-40 का अनुपात का पालन किए बिना कार्यो की स्वीकृति मनमाने तरीके से देने के आरोप बीडीओ पर लगाए गए।

मनरेगा में भ्रष्टाचार की शुरुआत एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह के प्रतिनिधि हरीश सिंह ने यह कहकर सबको चौका दिया कि मात्र 19 माह में जिले में सिर्फ मनरेगा मद से चार अरब 75 करोड़ खर्च हुए फिर भी मनरेगा श्रमिकों को रोजगार नहीं मिला, एक-एक ग्राम पंचायतों ने मात्र नौ माह में दो-दो करोड़ खर्च कर डाले फिर भी गांव अव्वल नहीं हुआ, और वहीं पर सदर ब्लॉक का 'ओठघनपुर कला' दस लाख खर्च कर जिले का अव्वल ग्राम पंचायत हो गया। कहा कि बनकटी और कुदरहा ने 57 से 58 करोड़ खर्च कर दिया, सिर्फ अगर इन दोनों ब्लाकों के ग्राम पंचायत की जांच हो जाए तो पूरे जिले के मनरेगा का सच सामने आ जाएगा। कहा कि प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के 15 दिन पहले 28 करोड़ का आनन-फानन में बीडीओ ने भुगतान कर दिया। बताया कि 'बाघापार' सहित बनकटी ब्लॉक के अन्य ग्राम पंचायतें है, जिन्होंने दो-करोड़ खर्च किया। बताया कि पशुचरन के नाम पर बड़ा खेल बीडीओ और प्रधानों ने खेला। 20-20 हजार लेकर 40 से 50 पशुचरन निर्माण की स्वीकृति दे दी।

**भ्रष्टाचार पर पहली बार मुखर हुए 'माननीयगण':** दिशा की बैठक में पहली बार सांसद सहित तीन विधायक मनरेगा में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर किसी मंच पर एक साथ मुखर हुए। माननीयों के कड़े तेवर को देख अन्य अधिकारी सहमे नजर आए। सांसद ने कहा कि उन्होंने मनरेगा में सबसे अधिक धन खर्च करने वाली ग्राम पंचायतों की जांच को कहा था, उसका क्या? इसपर डीसी मनरेगा काफी असहज नजर आए। कहा कि वह इसकी जांच बीडीओ सहित अन्य अधिकारियों ने करवा रहे हैं, इ पर सांसद सहित अन्य विधायकों ने कहा कि जिस बीडीओ पर मनरेगा का प्रोजेक्ट बेचने का आरोप लग रहा है, उसी से आप जांच करवा रहे है। सांसद ने कहा कि प्रधानों के कार्यकाल 25 दिसंबर तक होने के बाद कितने कार्यो की स्वीकृति दी गई उसकी सूची माननीयों को उपलब्ध कराई जाए। सांसद ने गैरहाजिर रहने वाले एक दर्जन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए भारत सरकार को उनके और डीएम के हस्ताक्षर से पत्र भेजने को कहा। कहा कि डीएफओ और क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी बैठकों में नहीं आते, जिससे भारत सरकार के गाइड लाइन की अवहेलना होती है।

**डीएम ने दिया आरईडी के ठेकेदारों के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश:** एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह के प्रतिनिधि हरीश सिंह ने आरईडी के एक्सईएन पर यह कहकर आरोप लगाया कि इन्होंने गडढ़ामुक्त के नाम धन का दुरुपयोग किया, गडढ़ामुक्त कराया नहीं और लाखों का बंदरबांट कर दिया, इसके लिए उन्होंने भानपुर-तेनुआ असनहरा सड़क का उदाहरण देते हुए कहा इस प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क का उदघाटन सांसद ने किया था, और हालत यह है कि सड़कों पर कई गडढ़े हैं, जिसके चलते दुर्घटनाएं हो रही है। इसपर डीएम आशुतोष निरंजन ने आरईडी के एक्सइएन को उन ठेकेदारों कें खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कराने का आदेष दिया, जिन्होंने गडढ़ामुक्त के नाम पर धन का बंदरबांट किया।

# मतदान के लिए लोगों को जागरूक करें: डीएम



## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिलाधिकारी ने दिलाई शपथ

संवाददाता। संतकबीरनगर

**जिलाधिकारी** दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिलाधिकारी ने कायक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारी, छात्र-छात्राओं एवं अन्य व्यक्तियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी। इस अवसर आयोजित समारोह के दौरान मतदाताओं को जागरूक करने की दिशा में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रेरणास्पद प्रस्तुति पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बाल विद्यालय प्रसादपुर की छात्राओं तन्नू यादव, रागिनी यादव, प्रीति, खूशबू, स्मृता, अंकिता, कबिता, अर्चना को 10 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया। डीएम ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाये जाने का उद्देश्य भारत की निर्वाचन प्रक्रिया में निष्पक्ष भागीदारी और इसके लिए आम आदमी को जागरूक करना है, जिससे मताधिकार के प्रति लोगो में जिम्मेदारी और कर्तव्य का बोध हो और मतदाता मतदान के प्रति उत्साहित रहें। राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम 'निर्वाचन जागरूकता, सशक्त लोकतंत्र' को सफल और मजबूत बनाने की दिशा में हम सबको मिल कर व्यापक स्तर पर इसका प्रचार-प्रसार करना तथा गत एक जनवरी 2021 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके प्रत्येक युवक व युवतियों को मतदाता सूची में शामिल करने हेतु जागरूक करना है। उल्लेखनीय है कि आज के ही दिन गत 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग का गठन हुआ था और 25 जनवरी 2011 से राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाये जाने का शुभारम्भ किया गया था। इस अवसर पर जनपद के मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र द्वारा विकास भवन के अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी गयी। जनपद के अन्य सभी कार्यालयों में भी कार्यालयाध्यक्षों ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी तथा विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र छात्राओं को मतदान के महत्व और मताधिकार के प्रति जागरूक किया गया।

## आज शाम शहर में बहेगी भक्ति की रसधारा

**संवाददाता।** सोनभद्र। श्री श्याम भक्त मंडल राबर्ट्सगंज में 26 जनवरी को तृतीय एक शाम लाज बचाने वाले के नाम श्री श्याम महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इस महोत्सव को सम्पन्न कराने के लिए श्याम प्रेमी पूरे मनोयोग से जुट गए है। खाटू श्याम से पधारे महराज पुरषोत्तम शर्मा के सानिध्य में आयोजन होगा। यह आयोजन 26 जनवरी को शाम छह बजे से शुरू होगा। राजस्थानी पारंपरिक शैली में खाटू वाले श्री श्याम बाबा के दरबार को बेहतरीन साज सज्जा से सजाया जायेगा। आयोजक मंडल के पुनीत जैन ने बताया कि श्याम महोत्सव में बाहर से आये कलाकारों द्वारा भजन प्रस्तुत किया जाएगा। महोत्सव स्थल पर संध्या बेला में अपने मधुर सुरीली आवाज से चार चाँद लगाने के लिए कोलकत्ता से प्रसिद्ध भजन गायक संजय मित्तल विकास रुईया समस्तीपुर से रेशमी शर्मा, कानपुर से राम पाण्डेय, मुंबई से अमित दधीच राबर्ट्सगंज से संजीव शर्मा, प्रतीक मिश्रा व जयपुर से अभिषेक नामा श्याम भजन प्रस्तुत करेंगे। इसमें विशेष रूप से आमंत्रित भजन रचियता कोलकत्ता के अभिषेक शर्मा व मुंबई से आलोक गुप्ता मोहित रहेंगे। महोत्सव को सफ्ल बनाने की युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही है।

# वोटरों को दिलाई शपथ

संवाददाता। सोनभद्र

**मुख्य** चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नेम सिंह की अगुवाई में स्वास्थ्य कर्मियों को मतदाता दिवस पर शपथ दिलाई गई। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रजातांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान सीएमओ डॉक्टर नेम सिंह ने वोटरों को उनके अधिकारों तथा मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मतदान करने से ही एक अच्छे लोकतंत्र को स्थापित किया जा सकता है इसलिए प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए अच्छे छवि वाले लोगों का चुनाव करना चाहिए। इस अवसर पर सीएमओ डॉक्टर नेम सिंह एसीएमओ डॉ. बीके अग्रवाल, डीपीएम रिपुंजय श्रीवास्तव, पीके सिंह, जितेंद्र कुशवाहा, आनंद मिश्रा, नसीम, जेपी निराला आदि लोग उपस्थित रहे।



## अक्टूबर तक विंध्य कारीडोर का कार्य होगा पूर्ण: जिलाधिकारी

संवाददाता। मीरजापुर। आयुक्त विंध्याचल मण्डल योगेश्वर राम मिश्र एवं जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने अधिकारियों के साथ मां विंध्याचल में विन्ध्य परिपथ कारीडोर का भ्रमण कर निरभ्क्षण किया तथा उपस्थित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाकर शीध्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान विधायक नगर रत्नाकर मिश्र भी उपस्थित रहे। आयुक्त ने कहा कि यह परियोजना मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों में है। उनहोंने नगर मजिस्ट्रेट से कहा कि इसे गम्भीरता से कार्य को पूर्ण कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान आयुक्त व जिलाधिकारी के द्वारा मदिर परिसर, पक्का घाट, जयपुरिया गली, पाठक गली, पक्काघाट गली व पक्का घाट जाकर गंगा घाटों का भी निरीक्षण किया गया। आयुक्त द्वारा ईओ नगर पालिका को घाटों के साफ-सफाई के भी निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि कारीडोर की प्रगति को जानने के लिये निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी प्रार्पटियों को क्रय की जा चुकी है। कारीडो का कार्य 50 से 60 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। उन्होने कहा कि प्रयास है कि अक्टूबर तक कारीडोर को बनाकर पूर्ण करा लिया जाये। उन्होंने कहा कि मंदिर से पक्काघाट जाने वाली सडक के चौड़ीकरण कराये जाने के लिय भी निरीक्षण किया गया।

# हैलो वोटर एफएम रेडियो के जरिए मतदान के लिए किया जा रहा जागरूक

संवाददाता। बस्ती

**राष्ट्रीय** मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता जागरूकता के प्रसार के लिए डीएम आशुतोष निरंजन ने सभी से अपील की है। उन्होने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है। उनके द्वारा चयनित जनप्रतिनिधि लोक कल्याण के कार्य करते है। स्टेडियम में आयोजित समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। कहा कि 25 जनवरी 1950 के दिन भारतीय निर्वाचन आयोग की स्थापना हुई थी। डीएम ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता पहचान पत्र का ई-वर्जन जारी कर दिया गया है। आयोग द्वारा हैलो वोटर एफएम रेडियों जिसके द्वारा मतदान के प्रति जागरूकता फैलायी जा रही है। इस वर्ष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में हमारे जिले का जेंडर रेसियों बड़ा है। इस अवसर पर उन्होने नये मतदाता मनोज कुमार, यमुना प्रसाद, चन्दन, रिंकू चौधरी, गंगा प्रजापति, अर्पित कुमार को मतदाता पहचान पत्र प्रदान किया। साथ ही पुनरीक्षण कार्यक्रम में उल्लेखनीय योगदान के लिए बीएलओ सीता चौधरी, अंजली सिंह, किरन सिंह, कौशिल्या देवी, आरपी शास्त्री, सुशीला सिंह, अनूप सिंह को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। उन्होने वहॉ उपस्थित सभी लोगों को मतदाता जागरूकता का शपथ दिलाया तथा राजकीय बालिका इण्टर कालेज एंव बेगम खैर इण्टर कालेज की छात्राओं को मतदाता जागरूकता के लिए नाटक प्रस्तुति हेतु स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

## जनपदवासियों को जिला जज ने दी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

**संतकबीरनगर**। जनपद न्यायाधीश महफूज अली, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दिया है। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने जनपद के समस्त नागरिकों, पत्रकारों, साहित्यकारों, को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए जनपद के चौमुखी विकास में नये उत्साह के साथ सहभागिता की अपील किया है। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को ठण्ड से बचने, अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखने, कोविड-19 संक्रमण से बचाव हेतु सुरक्षात्मक उपायों का प्रयोग करें।

# नेतृत्व क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण देंगे परिषदीय प्रधानाध्यापक

**बस्ती**। परिषदीय विद्यालयों के नेतृत्व क्षमता संवर्धन प्रषिक्षण के लिए उत्कृष्ट प्रधानाध्यापकों का चयन किया गया है। विद्यालयों को संवारने और बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाने में दक्ष जिले के 15 उत्कृष्ट प्रधानाध्यापकों का चयन कर बीएसए की ओर से महानिदेषक स्कूल शिक्षा को सूची भेजी गई है। सभी विकास खण्डों से 15 परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का नेतृत्व क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए चयन किया गया है। इन चयनित प्रधानाध्यापकों का दायित्व होगा कि वे परिषदीय विद्यालयों के नेतृत्व क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं एक्सपोजर विजिट कर प्रधानाध्यापकों का नेतृत्व संवर्धन क्षमता विकसित करें। महानिदेशक स्कूल शिक्षा को 15 उत्कृष्ट शिक्षकों की सूची भेजा गया है। चयन के लिए भेजे गए नामों पर मुहर लगने का इंतजार है। बीएसए जगदीष प्रसाद मिश्र की ओर से उत्कृष्ट प्रधानाध्यापकों की जो सूची भेजी गई है, उसमें विकास खण्ड बस्ती सदर के प्राथमिक विद्यालय मूड़घाट के प्रधानाध्यापक सर्वेष्ट कुमार, हर्रैया के सकरदहा प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक योगेश कुमार सिंह, साऊंघाट के प्राथमिक विद्यालय नरियांव के प्रधानाध्यापक विकास श्रीवास्तव आदि हैं।

## नपाध्यक्ष किया उत्तरी सबरी वार्ड का निरीक्षण

**मीरजापुर**। नपा अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने उत्तरी सबरी वार्ड का निरीक्षण किया। सोमवार की सुबह आठ बजे घने कोहरे में पालिकाध्यक्ष ने यात्रा की शुरुआत लालडिग्गी के रॉयल गार्डेन से की।

जहां वार्ड के लायंस रोड, कोहरान बस्ती, चिकाने टोला, देवपुरवा, नवीन रोड, लाल डिग्गी, हयातनगर आदि स्थानों पर घूमकर वार्ड की समस्याओं से रूबरू हुये द्य वार्ड में कई स्थानों पर हैंडपंप खराब होने की शिकायत मिली जिसपर नपाध्यक्ष ने जलकल अभियंता को निर्देशित कर जल्द से जल्द खराब हुए हैंडपंपों को ठीक करने का आदेश दिया।

# हमें भारत निर्माण का सपना पूरा करने का संकल्प लेना चाहिए: अनुप्रिया पटेल

संवाददाता। मीरजापुर

**अपना** दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद अनुप्रिया पटेल ने समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। श्रीमती पटेल ने कहा है कि हमें अपने संवैधानिक मूल्यों की रक्षा और अपने संविधान निर्माताओं के भारत निर्माण के सपने को पूरा करने का संकल्प लेना चाहिए। पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य आशीष पटेल ने समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूतों को नमन किया और कहा कि उनकी कुर्बानियों को भुलाया नहीं जा सकता है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. जमुना प्रसाद सरोज ने गणतंत्र दिवस की बधाई दी। पार्टी के जिलाध्यक्ष इंजी. रामलौटन बिंद ने देशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हम सबको अपनी आजादी, एकता एवं अखंडता को अक्षुण रखने का संकल्प लेना है। हम सबको मिल-जुलकर आपसी भाईचारा, सदभाव एवं शांति राज्य में बनाए रखना है। शांति और सदभाव में ही समृद्धि और प्रगति है। आज हम सब स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूतों को कोटि-कोटि नमन करते हैं ।

# स्वास्थ्य कर्मियों ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन दिया

संवाददाता। संतकबीरनगर



**यूपी** मेडिकल एण्ड पब्लिक हेल्थ मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के प्रान्तीय आहवान पर अध्यक्ष मनीष चन्द्र मिश्र एवं मंत्री अनवार अहमद के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने पूर्व एवं वर्तमान में लम्बित 11 सूत्रीय मांग पत्र निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को भेजा है। भेजे गए ज्ञापन में स्वास्थ्य कमी या संगठन के पदाधिकारियों ने कहा है कि वरिष्ठ सहायक से प्रधान सहायक के पद पर पूर्व में की गयी प्रोन्नतियों में अनेकों वरिष्ठतम वरिष्ठ सहायकों की प्रोन्नति लापरवाही जानबूझकर प्रधान सहायक के पद पर नही की गयी ऐसे छोड़े गये वरिष्ठ सहायकों को प्रधान सहायकों के पद पर प्रोन्नति आदेश अविलम्ब निर्गत किये जाये। कनिष्ठ सहायक से वरिष्ठ सहायक के पद पर किये गये प्रोन्नति आदेश में अनेको कनिष्ठ सहायकों को प्रोन्नति से वंचित रखा गया है। वंचित रखे गये कनिष्ठ सहायकों को किस कारण से वंचित किया गया है। उनका कारण स्पष्ट कराया जाय। परिधिगत अधिकारियों द्वारा लिपिक संवर्ग के कर्मियो की प्रोन्नति हेतु सम्बन्धित कर्मियो के महानिदेशालय में वॉछित अभिलेख प्राप्त करा दिये जाने के बाद भी लिपिकों को जानबूझकर प्रोन्नति ना दिये जाने में दोषियों के निर्धारण हेतु एक जॉच समिति गठित करके जॉच कराई जाय तथा दोषियों को दण्डित कराया जाय।

# सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनी

संवाददाता। सोनभद्र



**एनटीपीसी** कर्मचारियों द्वारा संचालित स्वयंसेवी संस्था नवोदय मिशन के तत्वावधान में मीरा लर्निंग सेंटर तेलगवां एवं सिरसोती में सुभाष चन्द्र बोस जयंती मनाया गया। इसी उपलक्ष्य में ग्रामीण बच्चों को कैरियर गाईडेन्स भी दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आज के मुख्य अतिथि अशोक कुमार सहगल महाप्रबन्धक राख प्रबंधन एनटीपीसी विंध्यानगर द्वारा सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर पुष्पांजलि के द्वारा किया गया। उन्होंने इस मौके सुभाष जी के संघर्षपूर्ण एवं देश सेवा के लिए प्रेरणादायी जीवन पर प्रकाश डाला तथा मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरणा भी दिया। बच्चों को रोजगार परक कौशल में निपुणता भी साथ में हासिल करने के लिए सलाह दिया। नवोदय मिशन के अध्यक्ष शांता कुमार ने कहा कि ग्रामीण लोग यदि ग्राम विकास के लिए आगे आएंगे तो सभी लोगों का सहयोग भी मिलेगा यह कहकर उन्होंने सबका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर ऑनलाइन के माध्यम से स्वामी विवेकानंद नवोदय मिशन क्विज 2021 का अंतिम चरण का भी आयोजन किया गया। जिसमें 500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में डीपीएस विंध्यनगर की निश्का को प्रथम छत्रपति साहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर की सुवर्तिका पांडे को द्वितीय जवाहर नवोदय विद्यालय दुर्ग के राजकुमार भारद्वाज को तृतीय एवं सरस्वती शिशु मंदिर विंध्यनगर के शिवम तिवारी डी पॉल विंध्यनगर के विंध्या तिवारी को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। क्विज आयोजन में सत्येंद्र राव एवं उदित नारायण शर्मा की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को भी पुरष्कृत किया गया।

## स्कूल स्वास्थ्य प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

घोरावल (**सोनभद्र**)। आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत जनपद में टीओटी 5 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन सोमवार को हो गया। पांच दिनों तक चले प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 24 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया जिसमें जनपद के प्रत्येक ब्लॉक से दो चिकित्सक और एक शिक्षक ने प्रशिक्षण लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 11 सत्रों में स्वास्थ बढ़ाना भावनात्मक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य पारस्परिक सम्बंधक मुल्य व जिम्मेदार नागरिकता पोषण स्वास्थ्य स्वच्छता मादक पदार्थो के सेवन की रोकथाक और प्रबंधन प्रजनन स्वास्थ्य और एचआईवी रोकथाम सहित 11 विषयो पर प्रशिक्षण दिए गए। उक्त विषयों पर राज्य सन्दर्भदाता समूह से विद्यासागर संजय मिश्रा विनोद कुमार व डॉ योगेश्वर प्रसाद ने प्रशिक्षण कराया।

# आरोग्य मेले में 49 बच्चों का टीकाकरण

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का उल्लेखनीय योगदान रहा

संवाददाता। मीरजापुर

**कोरोना** महामरी का सामना करने बाद अब जिले के सभी केन्द्रों पर मेलों का आयोजन किया जाने लगा। कोरोना की वजह से लोग मेले में लोगों के न पहुंचने से बाल विकास विभाग में तैनात सभी 2668 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्र में मेले के आयोजन के विषय में व उसका लाभ लेने के लिए विस्तारपूर्वक समझाने के बाद अब लोग मेले में समय से पहुंचकर स्वास्थ्य सम्बन्धी लाभ लिया।

बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि कोरोना जैसे वैश्विक महामारी से लड़ने के बाद जिले के लोग भीड़ भाड़ व किसी भी प्रकार के मेले में जाने से घबराने लगे। अब शासन के निर्देश के बाद जिले के नौ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द, 44 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित 216 उपस्वास्थ्य केन्द्रों पर भी स्वास्थ्य सम्बन्धी मेला का पुन: शुरूआत हुआ। जिस पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने केन्द्रों पर आने वाली महिलाओं व गर्भवती महिलाओं को मेले के महत्व के बारे में बताया।

केन्द्र पर तैनात आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा मेले की निगरानी रखते हुए बेहतर स्वास्थ्य के लिए महिलाओं का मार्गदर्शन किया गया। उन्होने ने कहा कि स्वस्थ्य रहने के तरीके से न रहने पर नवजात बच्चे कुपोषण की श्रेणी में आ जाते है। स्वास्थ्य को लेकर सभी महिलाओं को गम्भीर होना चाहिए। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही बरतने से गर्भवती माहिलाओं के शरीर में खून की अत्यन्त कमी होने लगती है। जिससे नवजात शिशु जन्म लेने के बाद वह हमेशा अस्वस्थ्य रहता है। जिसके कारण शिशु को भी हमेशा उपचार की जरूरत पड़ती है। यदि गर्भवती महिलाओं के परिवार के सदस्य सक्रिय रहने पर बच्चा अत्यन्त स्वस्थ्य पैदा हो सकता है। उससे गर्भवाती महिलाओं को बीमार पड़ने की कम उम्मीद होती है।

नगर सीटी ग्रामीण के बाल विकास परियोजना अधिकारी विमलेश कुमार ने बताया कि इस बार सभी केन्द्रों आयोजित मेले में जिले के 640 गर्भवती महिलाओं की जांच, 2116 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, 593 बच्चों के खून की जांच, 2008 बच्चों का वजन, 49 बच्चों का टीकाकरण समेत 1252 लोगों को आयरन की गोलियां विभाग की ओर से दिया गया है। जो बच्चे और महिलायें अत्यन्त गम्भीर पाये गये उनको मंडलीय चिकित्सालय के उपस्थित डाक्टरों ने भेजने का कार्य किया। महिलाओं को बीमारी से बचने के लिए समय-समय पर टीकाकरण लगाने के विषय पर भी विस्तारपूर्वक महिलाओं को उपस्थित डाक्टरों द्वारा समझाया गया है। इस अवसर पर भी गर्भवती महिलाओं को मीठी दलिया खिलाकर उसे महत्व को बताया व उसके गुणों से होने वाले फायदें के विषय में भी महिलाओं को बताया गया है।

उपस्थित केन्द्र पर लाभार्थी सुमन त्रिपाठी व नीलम त्रिपाठी ने बताया कि समय-समय पर ऐसे मेले का आयोजन होने से हम गर्भवती महिलाओं को बहुत कुछ जानकारी मिलने में मदद होती है। बच्चे को कैसे रखना है यह भी इस मेले में सिखाया व बताया जाता है।

# सबसे बड़ा दान मतदान, सब दें योगदान

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता। देवरिया






**जनपद** में 11 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राजकीय इंटर कालेज में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गयेए इसके पूर्व मतदाता जागरुकता रैली एनसीसी व स्काउट गाइडो, छात्र,छात्राओं आदि की राजकीय इंटर कालेज से ही निकाली गयी। जिसको हरी झण्डी दिखाकर जिलाधिकारी अमित किशोर ने रवाना कियाए वही पूरे रुट तक इस रैली का नेतृत्व किया। इस अवसर पर स्कूली छात्र.छात्राओं द्वारा मतदाता जागरुकता से जुडे नृत्यए नाटक व गीत प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी ने नये मतदाताओं को वोटर पहचान पत्र भी दिया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुपरवाइजर एवं बीएलओ को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया। राजकीय इंटर कालेज में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती जी चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। उपस्थित जनो को शपथ भी दिलाया गया। जिलाधिकारी अमित किशोर ने सम्बोधन में कहा कि हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। यह दिवस प्रत्येक नागरिक के लिए अहम है। इस दिन प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है। इस दिन देश में सरकारों और अनेक सामजिक संथाओं द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जिससे कि देश की राजनीतिक प्रक्रियाओं में लोगों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि किसी विकसित और मजबूत राष्ट्र एवं स्वस्थ समाज की आधार शिला मतदाता होते हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जो लोग 01 जनवरी 2021 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली है वे अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करायें। इसके लिये वे तहसील से लेकर सहज सेवा केन्द्रो पर भी अपने नाम जोडने हेतु फार्म-6 फरकर उपलब्ध करा सकते है।

**मतदाताओं के सुविधा के लिये आयोग द्वारा किया गया ई.इपिक एप की शुरुआत**

जिलाधिकारी ने इस दौरान यह भी जानकारी दी कि आधार कार्ड की तर्ज पर अब मतदाता वोटर कार्ड भी मोबाइल अथवा सायबर कैफे पर वोटर आईडी डाउनलोड कर सकेंगे। आयोग की ओर से ईण् इपिक एप शुरू किया गया है। इसके तहत वोटर आई डी भी डिजिटलाइज्ड होगी। मोबाइल अथवा कंप्यूटर पर इसे डाउनलोड किया जा सकता है। मोबाइल में भी इसे मतदाता स्टोर कर सकते हैं। डिजिलाकर पर भी अपलोड कर सकता है। साथ ही प्रिंट करते हुए लेमीनेट भी आधार कार्ड की तर्ज पर कराया जा सकता है। यह नए पंजीकृत हुए मतदाताओं को जारी किए गए पीवीसी इपिक के अतिरिक्त है। एक फरवरी से सभी मतदाताओं की ओर से ई इपिक डाउनलोड किए जा सकेंगे। जिनका मोबाइल नंबर ईण् रोल में पंजीकृत है अन्यथा ईण्केवाईसी के बाद संबंधित मतदाता ई.इपिक डाउनलोड कर सकता है। उन्होंने बताया कि इस नई व्यवस्था से आयोग अब मैनुअल कार्ड के साथ ही डिजिटल कार्ड की सुविधा देगा। वोटर आईडी डाउनलोड करने से पहले वेरीफिक्रेशन की व्यवस्था की गई है। एप पर इसका लिंक होगा। वोटर लिंक पर जाकर अपना नाम और वोटर आईडी डालेंगे। इसके बाद वेरीफिक्रेशन होगा।

**नये मतदाओं को सांकृतिक रुप में दिया मतदाता पहचान पत्र**

संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 18 वर्ष अर्हता आयु पूर्ण करने वाले 10 नये मतदाताओ को मतदाता पहचान पत्र दिया गयाए जिसमें प्रमुख रुप से राजन मद्धेसियाए आयूषए शिवम गुप्ताए किशन कुमारए पूजा प्रसादए अंशु भारतीए अंजनी साहनीए झगरु प्रसादए गुड्डीए अंकित गोयल आदि प्रमुख रुप से सम्मिलित हैं।

**संक्षिप्त पुनरीक्षण में 20 हजार बने नये मतदाता**

उप निर्वाचन अधिकारीध्अपर जिलाधिकारी प्रशासन कुंवर पंकज ने अपने संबोधन में कहा कि संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 20 हजार से अधिक मतदाताओं के नाम जोडे गये है। उन्होंने जनपद के समस्त बालिग युवक एवं युवतियों से मतदाता बनने एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आवाहन किया। मुख्य राजस्व अधिकारी अमृत लाल बिन्द ने भी आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित किया एवं मतदाता दिवस के संबंध में प्रकाश डाला। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालय के छात्र.छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। सरस्वती वन्दना व स्वागत गीत छात्रा श्रुति दुबे, जीआईसी के छात्र अमन विश्वकर्माए सपना द्वारा प्रस्तुत किया गया। सोनी विश्कर्माए जीआईसी की छात्रा प्रियाए आंचलए महाराजा अग्रसेन बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा नृत्यए छात्र रवि प्रकाश की टीम द्वारा नृत्यए दीनानाथ महिला महाविद्यालय के छात्राओं द्वारा नृत्य.नाटक आदि मतदान के प्रति जागरुकता पर आधारित प्रस्तुत किया गया। गायक राम प्रताप चैहान द्वारा भी लोकगीत प्रस्तुत किया गया। संचालन मंजू पाण्डेय द्वारा किया गया। सेवानिवृत्त स्काउट गाईड अध्यापक रमाकान्त मिश्रा ने भी मतदाता जागरुकता के प्रति स्लोगनो को दोहरवाया।

**सीएससी केन्द्रो पर भी आयोजित हुआ मतदाता जागरुकता कार्यक्रम**

सीएससी ई गवर्नेंस द्वारा संचालित सीएससी केन्द्रो पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीएससी केन्द्रो पर वरिष्ठ पदाधिकारियों के उपस्थिति में मतदाताओं द्वारा मतदान करने हेतु शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया इसी क्रम में जिला के सीएससी जिला प्रबन्धक अभिमन्यु शर्मा और जिला समन्यवक गौरव पांडेय ने बताया कि जिले में कुल 20 केन्द्रों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला प्रबन्धक ने बताया कि चुनाव आयोग से सम्बंधित सभी सेवाएं सीएससी केन्द्रो के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है जिसमे ग्रामीण जनता अपने ग्राम पंचायत में मतदाता पहचान पत्र संबंधित सभी समस्या का समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

## जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सभी को दिलाया शपथ

**संवाददाता। मऊ ,** हम देश के नागरिकए लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए शपथ लेते हैं कि हम लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे। हम स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिलाधिकारी अमित सिंह बंसल ने 11वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सोनीधापा इंटर कालेज के मैदान में लोगों को यह शपथ दिलाई। इस दौरान पांच नए मतदाताओं को रंगीन मतदाता पहचान पत्र वितरित किया गया। साथ ही तीन बीएलओ व दो सुपरवाइजरों को अच्छे कार्य के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय के छात्र.छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मतदाता दिवस समारोह का शुभारंभ संयुक्त रूप से जिलाधिकारी अमित सिंह बंसलए मुख्य विकास अधिकारी रामसिंह वर्मा एवं अपर जिलाधिकारी केहरि सिंह ने दीप प्रज्वलन से किया। जिलाधिकारी ने एनसीसीए एनएसएस व स्काउट के बच्चों की जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र में सबसे महत्वपूर्ण है कि हम अपने मत का प्रयोग कर अपनी पसंद की सरकार बनाएं। इसके लिए जरूरी है कि हम अपने सहित अपने परिवार का वोट अवश्य दिलाएं। सभी मतदाता बनेए सशक्तए सतर्कए सुरक्षित एवं जागरूक सशक्त लोकतंत्र सबकी भागीदारी से बनता है। शिक्षक राजेंद्र राव व अरविंद पांडेय ने मतदाता जागरूकता पर गीत प्रस्तुत किया। संचालन राजेश श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट जेएन सचान, जिला विकास अधिकारी विजयशंकर सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी घनश्याम सागर आदि सभी अधिकारी उपस्थित थे।



## मतदाता जागरूकता रैली निकाली




**धानापुर,चन्दौली।** क्षेत्र के जनता जनार्दन इंटर कॉलेजए शहीद हीरा सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय,कस्बा स्थित मदरसा मिस्बाहुल उलूम एवं अमर वीर इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सभी छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों एवं कर्मचारियों को मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। वहीं छात्र छात्राओं ने क्षेत्र में बैनर पोस्टर के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान नारे भी लगाए गए।

## गणतंत्र दिवस पर आयोजित होंगे वविध कार्यक्रम

**देवरिया।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को हर्षोल्लास एवं परम्परागत रुप में मनाया जायेगा। इस दिन विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। जिलाधिकारी अमित किशोर ने कार्यक्रमों की रुप रेखा के विवरण में बताया कि प्रातः 7 बजे धार्मिक स्थलो में सामूहिक प्रार्थना के साथ इस पर्व की शुरुआत होगी। पूर्वान्ह् 8 :15 बजे छात्र,छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली जायेगी। सभी सरकारी भवनो पर ध्वजारोहण 8:30 बजे किया जायेगा एवं राष्ट्रगान व संकल्प को दोहराया जायेगा। 8:45 बजे मलीन बस्तियों में सफाई की जायेगी। 08:50 से 12:30 बजे तक जिला जेल में सांस्कृतिक कार्यक्रमए बालीवाल मैचए निबंध लेखन एवं पेन्टिग प्रतियोगिताए स्वास्थ्य परीक्षण एवं कैदियों में फल व मिठाई का वितरण किया जायेगा। पूर्वान्ह् 9 बजे से जिला चिकित्सालय महिला एवं पुरुष में मरीजो में फल वितरण किया जायेगा। प्रातः 9 बजे से पुलिस लाइन में पुलिस परेड का कार्यक्रम आयोजित होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही होगें। प्रातः 10 बजे शैक्षिक संस्थानो में झण्डारोहण किया जायेगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता अखण्डता देश भक्तो के जीवन के प्रेरक प्रत्संग दोहराये जायेगे। पूर्वान्ह् 11:30 बजे शैक्षिक संस्थाओ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम गोष्ठी एवं बाल विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा एवं राजकीय बाल गृह में फल वितरण भी होगा। अपरान्ह् 3 बजे होमगार्ड, एनसीसी स्काउट गाइड, आदि की राजकीय इंटर कालेज से रेलवे स्टेशनए तहसील, बालाजी रोड,मालवीय रोड होते हुए रुट मार्च निकाली जायेगी जिसका समापन शहीद स्मारक पर होगी।

## विधानसभा सलेमपुर में नागरिक सम्मान समारोह

**देवरिया ।** सोमवार को विधानसभा सलेमपुर के करौता गांव में नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ सुनील यादव स्नेही ने देवी गीत के माध्यम से किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नेता अमित सिंह बबलू ने कहा कि सामाजिक कार्यो का निर्वहन करना ही राष्ट्र की सेवा है।भाजपा का लक्ष्य है कि सरकार की ओर से संचालित सभी सुविधाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचे। पार्टी का मुख्य लक्ष्य अंत्योदय है। इसका मतलब है कि समाज के अंतिम व्यक्ति को मुख्य धारा में लाना। सरकार इसी लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। अशोक पांडेय ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में आज देश विश्व का सिरमौर बना हुआ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष कन्हैया लाल जायसवाल ने एवम संचालन धनञ्जय चतुर्वेदी ने किया। उक्त अवसर पर त्रिपुणायक विश्वकर्मा, रणधीर गुप्ता,सम्पूर्णानंद गुप्ता,अजय दुबे वत्स,अनूप उपाध्याय, अशोक तिवारी,कन्हैया मिश्र,पंकज पासवान,उमाकांत मिश्र,दीपक श्रीवास्तव,छोटेलाल गुप्ता,रामजी चौहान, कृष्णकान्त तिवारी,अवधेश मद्देशिया, राघवेंद्र पासवानएराहुल सिंह,हृदयानंद सिंह,भगवान दयाल सिंह,आनंद सिंहएसुनील सिंह, राधेश्याम सिंह आदि मौजूद रहे।



## 28 को रोजगार मेला

**देवरिया।** जिला सेवायोजन अधिकारी वकील अहमद अंसारी ने बताया है कि निजी क्षेत्र की विविध सेक्टरों की कम्पनियों द्वारा वृहद रोजगार मेला का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर में आगामी 28 जनवरी को पूर्वान्ह् 10 बजे से आयोजित किया गया है। जिसमें वॉन इंडिया सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, कंस्ट्रक्शन स्किल्स ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट अहमदाबाद, गुजरात रन बाय लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड, माइक्रो टर्नर लिमिटेड, अलिजन कम्पोनेन्टस, पीजी इलेक्ट्रोप्लास्ट, अम्बे इंडस्ट्रीज, धूत ट्रांसमिशन, रुद्राक्ष क्रिएशन, वनारस, केमिकल्स एंड अलाइड प्रोडक्ट्स देवरिया द्वारा कैम्पस चयन किया जाएगा। रिक्त पदों हेतु यूनतम शैक्षिक योग्यता साक्षर से बीएससी,कृषि,केमेस्ट्री, परास्नातक, आईटीआई, उत्तीर्ण आदि होना चाहिये तथा आयु सीमा 18-40 वर्ष के मध्य निर्धारित की गयी है।

## डायलिसिस का लोकार्पण आज

**देवरिया।** कल 26 जनवरी को अपरान्ह् 1 बजे बाबू मोहन सिंह जिला चिकित्सालय में डीसीडीसी द्वारा संचालित डायलिसिस का लोकार्पण मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा किया जायेगा। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सदर विधायक डासत्य प्रकाश मणि त्रिपाठी तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता सदर सांसद डा0रमापति राम त्रिपाठी द्वारा किया जायेगा।

## कृषि मंत्री जनपद में दो दिन रहेंगे उपलब्ध

**देवरिया।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही जनपद में 26 जनवरी से 27 जनवरी तक उपलब्ध रहेगें। इस दौरान वे आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेगें। कृषि मंत्री श्री शाही पुलिस लाइन में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम में पूर्वान्ह् 9. 30 बजे मुख्य अतिथि के रुप में सम्मिलित होगें। जिला अस्पताल में डायलिसिस यूनिट के उद्घाटन कार्यक्रम में भी प्रतिभाग करेगें। सायं 5 बजे भुजौली कालोनी में भूपेन्द्र सिंह के आवास पर जायेगें। कार्यक्रम के दूसरे दिन 27 जनवरी को हीरा राल मेमोरियल हास्पिटल एवं आयुष मेडिकल हेतिमपुर के शुभारम्भ कार्यक्रम में पूर्वान्ह् 11 बजे सम्मिलित होगें। सायं 3 बजे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की वार्षिक आम बैठक में वीडियो कान्फ्रेसिंग द्वारा सम्मिलित होगें। अपरान्ह् 3.40 बजे जनपद से लखनऊ के लिये प्रस्थान करेगें।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले 4 रोजगार सेवक सम्मानित

**देवरिया।** 71 वें उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर टाउनहाल आडिटोरियम,परिसर में तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवस के कार्यक्रम के दूसरे दिन आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ मुख्य अतिथि सदर सांसद डा रमापति राम त्रिपाठी एवं जिलाधिकारी अमित किशोर द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागो के योजनाओं के लाभार्थियों में स्वीकृति पत्र आदि वितरित किया गयाए वही मनरेगा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 4 रोजगार सेवको को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सदर सांसद श्री त्रिपाठी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर होगा तभी भारत आत्मनिर्भर होगा और श्रेष्ट भारत बनेगाए इसलिये सभी लोग उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिये आगे आये और बढ=चढ कर अपनी भागीदारी निभाये।

## सांसद ने किया खादी प्रदर्शनी का शुभारंभ

संवाददाता। देवरिया



**शहर** के महाराजा अग्रसेन कालेज आफ कामर्स के प्रांगण में 15 दिवसीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का शुभारंभ सोमवार को देवरिया सांसद रमापति राम त्रिपाठी द्वारा फीता काट कर किया। तत्पश्चात सांसद ने प्रदर्शनी में लगे महात्मा गांधी के प्रतिमा को सूत की माला पहना और दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सांसद डा रमापतिराम त्रिपाठी ने कहा कि इतिहास साक्षी है कि स्वदेशीए स्वराजए सत्याग्रह के साथ चरखे और खादी ने भारत की आज़ादी की लड़ाई में कितनी अहम भूमिका निभायी है। तभी तो खादी सिर्फ वस्त्र नहीं परिश्रम और स्वाभिमान का प्रतीक भी बनी। कवि सोहनलाल द्विवेदी ने लिखा खादी के धागे धागे में अपनेपन का अभिमान भरा है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि खादी प्रधानमंत्री मोदी के लोकल फार वोकल के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा खादी एवं ग्रामोद्योग के उत्पादन ने लोगों को स्वदेशी परिधान के साथ घरेलू वस्तुएं सस्ते दामों में उपलब्ध कराने का काम कर रही है। इसके बाद सांसद ने मेले में स्थापित सभी स्टालों का निरीक्षण किया। प्रदर्शनी के आयोजक पंकज पाण्डेय ने बताया कि पंद्रह दिवसीय इस प्रदर्शनी में देवरिया, कसया, फाजिलनगर, गोरखपुर, बाराबंकी, आजमगढ़ व कश्मीर की खादी संस्थाएं अपने अपने स्टाल लगायी है। ग्रामोद्योग में प्रतापगढ़ का अचार मुरब्बाए कानपुर के जूतेए सहारनपुर के फर्नीचरए कलकत्ता के फूल आदि के स्टाल 10 फरवरी तक उपलब्ध रहेंगे। उद्घाटन अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दुबे, प्रबन्धक लोकेश गोयल,डा,मधुसूदन मिश्र, अजय कुमार दुबे, अम्बिकेश पाण्डेय,डा प्रवीण निखर,राधेश्याम शुक्ला, नित्यानंद पाण्डेय,वीरेन्द्र सिंह,जितेन्द्र पाण्डेय,रविकान्त उपाध्याय,विनोद मिश्रा, कृष्णा साहू आदि उपस्थित रहे।

## बेहतर लोकतंत्र के लिये मतदान जरूरी : एसडीएम

**सकलडीहा,चन्दौली।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सोमवार को तहसील सभागार में सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजस्व कर्मी और शिक्षकों ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर लोगों को मतदान के लिये प्रेरित करने का संकल्प लिया। मतदाता दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार उपजिलाधिकारी सकलडीहा और विशिष्ट अतिथि डा वंदना मिश्रा तहसीलदार ने कहा कि यह लोकतंत्र का पर्व है। बेहतर लोकतंत्र के लिये सबकों मतदान करना जरूरी है। राष्ट्र निर्माण में मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करना चाहिये। वही बीईओ सुरेन्द्र बहादूर सिंह ने कहा कि शिक्षकों के ऊपर राष्ट्रीय मतदाता दिवस की संकल्प को पूरा करने का बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। इसके पूर्व वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेन्द्र कांत मिश्रा, राजस्व निरीक्षक केहर सिंह, अजय बहादूर सिंह, चन्द्रभूषण, सुभाष, रामकेश, चंदन यादव, संजय मौर्य आदि ने मतदाता दिवस पर अपना विचार प्रकट किया। इस मौके पर राजेश पासवान, अवधेश मौर्य, प्रदुम्मन मिश्रा,अनिल वर्मा आदि मौजूद रहे।

## फाइनल चैम्पीयन का खिताब बलुआ टीम ने जीता

**सकलडीहा,चन्दौली।** सकलडीहा इंटर कॉलेज में सोमवार को बलुआ और सिरोहुपुर जनता हॉस्पिटल क्रिकेट टीम के बीच फाइनल मैच हुआ। पहले टॉस जीतकर बलुआ की टीम फिल्डिंग किया। वही जनता हास्पीटल सिरोहुपुर को हराकर बलुआ की टीम फाइनल मैच का खिताब जीता। इस मौके पर विजेता और उपविजेता टीम को मेडल देकर सम्मानित किया गया। पहले बैटिंग करते हुए जनता हॉस्पिटल सिरोहुपुर की टीम 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 104 रन बनाकर आल आउट होगयी। वही बलुआ की टीम ने 7 ओवर में तीन विकेट खोकर 105 रन बनाकर चैम्पीयनशीप का खिताब जीता। वही सोनू ने 48 रन बनाकर मैन ऑफद सीरिज का पुरस्कार प्राप्त किया। बतौर मुख्य अतिथि अजय



कुमार सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि खेल से खिलाड़ियों के बीच प्रतिभा का निखार होता है। विजेता और उपविजेता टीम खेल को देश भावना से खेल। अंत में दोनों टीम को मेडल और आर्थिक स्वरूप पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर शैलेन्द्र पांडेयए अतुल तिवारीए नितिन तिवारीए कृष्णा सोनीए भोला राजभरए संतोष राय सहित अन्य मौजूद रहे।

## जिलास्तरीय वेटरन क्रिकेट प्रतियोगिता में टीडी मिलान व मॉस ने जीते अपने मैच

**जौनपुर।** नगर के शिया डिग्री कालेज के मैदान पर जौनपुर क्रिकेट एशोसिएशन के सचिव दिनेश सिंह की स्मृति में वेटरन टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन टीडी मिलान व आरसीसीआई के बीच खेला गया। टीडी मिलान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 113 रन बनाया जिसमें मो सैफ ने सर्वाधिक 34 रन का योगदान दिया। जवाब में विपक्षी टीम ने 5 विकेट से मैच जीत लिया। दूसरा मैच स्काई मेडिकल व मॉस के बीच हुआ जिसमें मॉस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18 ओवर में 94 रन बनाया। जवाब में विपक्षी 18 ओवर में मात्र 88 रन बना पायी। इस तरह से मॉस ने 8 रन से मैच जीत लिया।

## श्रृंगार महोत्सव: दुल्हन की तरह सजा मां शीतला चौकिया धाम



**चौकियां धाम, जौनपुर।** पूर्वांचल की आस्था का केंद्र शीतला चौकिया धाम में श्रृंगार महोत्सव का आयोजन हुआ। तीन दिवसीय अनुष्ठान के अंतिम दिन सोमवार को सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ी। मन्दिर के कपाट खुलते ही मां के जयकारों के बीच आरतीए हवनए पूजन हुआ। वहीं दुर्गा सप्तशती पाठ का परायण मंत्रोच्चारण से हुआ जिससे सारा वातावरण भक्तिमय रहा। आकर्षक ढंग से पूरे मंदिर परिसर को विभिन्न के फूलों एवं विद्युत झालरों से सजाया गया जहां पूरा धाम रोशनी से जगमगा उठा। अद्भुतए अलौकिक एवं अकल्पनीय सजावट देखकर भक्तजन भाव.विभोर हो गये। इस बार वाराणसी व बंगाल से आए सभी 16 कारीगरों द्वारा मन्दिर परिसर को आकर्षण ढंग से सजाया गया। वहीं मंदिर क्षेत्र के अगल.बगल स्थित काल भैरव नाथ मंदिरए काली मंदिर एवं हनुमान मंदिर को भी भव्य रुप से सजाया गया जहां तमाम भक्तों ने मत्था टेक करके प्रसाद ग्रहण किया।

## सड़क दुर्घटना में सिपाही घायल, अस्पताल में भर्ती

**चौकियां धाम, जौनपुर।** जौनपुर.आजमगढ़ सड़क मार्ग पर प्रसाद इण्टरनेशनल के पास एक पुलिसकर्मी सड़क दुर्घटना में घायल हो गया जिसे उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरक्षी धर्मराज प्रजापति थाना बरदह जिला आजमगढ़ में तैनात हैं। वह सोमवार की सुबह 7 बजे जौनपुर की तरफ से अपने दुपहिया वाहन होंडा स्पलेंडर से आजमगढ़ की ओर जा रहे थे। वहीं विपरीत दिशा से आ रही पिकप चालक ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गये। मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई जहां पहुंचे शीतला चौकियां चौकी इंचार्ज विनोद अंचल घायल सिपाही को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भिजवाये। साथ ही उनके परिजनों को दूरभाष के माध्यम से सूचना दे दिया।

## मोहल्ला पाठशाला को सुचारू रूप से चलाएं

**धानापुर,चन्दौली।** प्राथमिक विद्यालय बड़ौरा खालसा के प्रांगण में संकुल स्तरीय मासिक बैठक सोमवार को किया गया।

बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी कन्हैया लाल ने दीक्षा ऐप्प एवं मोहल्ला क्लास सहित अन्य बिन्दुओं पर अपना मार्गदर्शन और सुझाव दिए। बैठक को एआरपी अमित कुमार, इरफान ,मंसूरी एवं शिक्षक संकुल पूरे ऊर्जा व उत्साह से प्रेरणा लक्ष्य, प्रेरणा सूची,प्रेरणा तालिक, आधार शिलाए ध्यानाकर्षण, शिक्षण संग्रह, आपरेशन कायाकल्प, मोहल्ला पाठशाला, दीक्षा ऐप्पए म.पाठशाला पर विस्तार पूर्वक बारीबारी से अपने मत को रखे।

## टीडी महिला कालेज की छात्राओं को दिलायी गयी शपथ

**जौनपुर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन तिलकधारी महिला महाविद्यालय में किया गया जहां सर्वप्रथम छात्राओं को मतदानए सोच विचार एवं निर्भीक होकर करने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रेषित शपथ कार्यक्रम की मुख्य अतिथिए प्रोण् निर्मला एसण् मौर्य कुलपति पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वारा दिलाई गई। तत्पश्चात कुलपति ने रवि प्रकाश सिंह ने दैनिक मनोविज्ञान परामर्श एवं निर्देशन प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रवि प्रकाश सिंह के प्रथम पुण्यतिथि पर नमन करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति के अच्छे कृत्य को कभी भुलाया नहीं जा सकता। साथ ही उनकी धर्मपत्नी सुमित्रा सिंह को निमंत्रण देने के लिए धन्यवाद भी दिया। महाविद्यालय के प्रबंधक डाण् डीआर सिंह ने रवि प्रकाश को याद करते हुए कहा कि वे अमेरिका में रहते हुए भी अपनी माटी से हमेशा जुड़े रहे। कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय की प्राचार्य डाण् वंदना सिंह ने किया। पुण्य आत्मा रवि प्रकाश को नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर आये लोगों के प्रति आभार महाविद्यालय के प्रबंधक अशोक सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी डाण् शालिनी सिंहए डाण् पूनम सिंहए महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डाण् राजश्री सिंह ने किया।

## डेढ़ लाख के गहने व नगदी के साथ शातिर चोर गैंग की 11 महिलाएं गिरफ्तार



संवाददाता। मऊ

रेल यात्रियों से चोरी की बड़ी घटनाओं को अंजाम देने वाली 11 शातिर चोर महिलाओं को मऊ जीआरपी ने सोमवार को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। जबकि चोरी की घटनाओं में प्रयोग किए जाने वाले बोलेरो वाहन को भी चालक के साथ बरामद किया गया। जीआरपी ने गिरफ्तार शातिर चोर महिलाओं से लगभग डेढ़ लाख रुपए कीमत के चोरी के आभूषण समेत 11 हजार रुपए नगदी भी बरामद किया। जीआरपी द्वारा की गई कार्रवाई से पूरे दिन स्टेशन पर अफरा-तफरी मचा रहा। घटना का पर्दाफाश जीआरपी थानाध्यक्ष गणनाथ प्रसाद ने जीआरपी थाने पर प्रेसवार्ता के दौरान किया। जीआरपी थानाध्यक्ष गणनाथ प्रसाद ने बताया कि आए दिन रेल यात्रियों से चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए गणतंत्र दिवस की पूर्व संख्या पर सोमवार को मऊ जंक्शन पर जीआरपी द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिला कि शातिर चोर गैंग की कुछ महिलाएं किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में मऊ जंक्शन पर आई हुई हैं। मुखबिर से सूचना मिलते ही जीआरपी ने जंक्शन के सभी प्लेटफार्मों पर जांचपड़ताल शुरु कर दिया।

## स्कोर व डीडीएस ने शिक्षा की मजबूती के लिये प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**जौनपुर।** स्कोर जिला यूनिट जौनपुर व डीडीएस वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिका शिक्षा की मजबूती के लिए बालिकाओं का एक प्रतिनिधिमंडल कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को 7 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। लोगों ने मांग किया कि किसी भी सरकारी स्कूलों को बंद करने पर रोक लगे तथा स्कूलों की समीक्षा करके दोबारा खोला जाए। हर 5 किलोमीटर के दायरे में विशेषकर बालिकाओं की 8वीं के बाद की शिक्षा के लिए हाईस्कूल और इंटर तक की सरकारी स्कूल खोले जायं। उत्तर प्रदेश में कक्षा 1 से 12 तक के सभी सरकारी स्कूल तथा कक्षा में महिला शिक्षकों की नियुक्ति को अनिवार्य किया जाए। हर स्तर की निजी स्कूलों को नियंत्रित करने के लिए एक समय रेगुलेटरी फ्रेमवर्क को तैयार करके लागू किया जाय। महिला शिक्षकों का होना अनिवार्य किया जाए।

## दो दिवसीय अभियान में लिये गये 12 नमूने: अनिल राय

**जौनपुर।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ के आदेश के अनुपालन के क्रम में विशेष रूप से खाद्य मसालों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा तन्निर्मित नियमावलियों के अन्तर्गत प्रवर्तन कार्यवाही किये जाने हेतु खाद्य सचल दल का गठन करते हुए मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में 24 व 25 जनवरी तक जनपद में विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की गयी है। उक्त के क्रम में कार्यवाही में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल राय के नेतृत्व में खाद्य सचल दल में सम्मिलित समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर कुल 12 खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण करते हुए विभिन्न ब्राण्डों के हल्दी पाउडर के कुल 4 नमूनाए विभिन्न ब्राण्डों के धनिया पाउडर के कुल 3 नमूनाए विभिन्न ब्राण्डों के मिर्च पाउडर के कुल 3 नमूनाए मीट मसाला का 1 नमूना एवं साबूत सौंफके 1 नमूना के साथ कुल 12 नमूना जनहित में संग्रहित कर जांच हेतु खाद्य विश्लेषक को प्रेषित कर दिया गया है।

# लोकतंत्र को मजबूत करने की आधारशिला है मतदानः डीएम

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को दिलाई शपथ

संवाददाता। प्रतापगढ़



**जिलाधिकारी** डा. नितिन बंसल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी के सभागार में किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित अधिकारियो कर्मचारियों एवं मतदाताओं को मतदाता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े और पुराने लोकतंत्र के रूप में भारत देश विकसित हुआ है। उन्होने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का गठन 70 वर्ष पूर्व किया गया था। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शुरूआत में बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान किया जाता था लेकिन अब इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के माध्यम से मतदान का कार्य किया जाता है। मतदान प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बनी रहे इसके लिये मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र व वोटर लिस्ट में मतदाता की पहचान हेतु फोटोग्राफ की व्यवस्था व मतदान के समय मतदान केन्द्रों पर वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी की व्यवस्था भी की जाती है। उन्होने कहा कि लोकतंत्र की आधारशिला मतदान है, मतदान के समय गुण व अवगुण के आधार पर मतदान करना चाहिये जिससे कुशल जनप्रतिनिधि का चुनाव हो सके और क्षेत्र का चहुमुखी विकास हो सके। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सब लोगों को इस बात की शपथ लेनी चाहिये कि वह मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाये। उन्होने कहा कि मतदाता धर्म, जाति, भय को त्यागकर निष्पक्ष व निर्भीक होकर मतदान करें किसी के बहकावें एवं लोभ में आकर गलत व्यक्ति को मतदान न करें। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि जिन युवा मतदाताओं की उम्र 18 वर्ष से अधिक हो गयी हो वह तहसील में स्थापित वीआरसी केन्द्र पर जाकर अपना नाम अंकित करा सकता है।

# मजबूत राष्ट्र व स्वस्थ समाज की पहली कड़ी है मतदाताः डीएम



संवाददाता। अमेठी

**भारत** में हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। यह दिवस भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए अहम है। इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है। इसलिए हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनता है। उक्त बातें जिलाधिकारी अरुण कुमार ने इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज, गौरीगंज में आयोजित 11वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कही। उन्होने कहा कि किसी विकसित और मजबूत राष्ट्र एवं स्वस्थ समाज की आधार शिला मतदाता होते हैं। गौरवशाली राष्ट्र वही होता है जहां मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग नैतिक कर्तव्य समझते हैं। मतदान सबसे बड़ा दान होता है। यही लोकतंत्र की स्वस्थ परम्परा का द्योतक है। उन्होंने कहा कि जो लोग एक जनवरी 2021 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली है वे अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करायें। उन्होंने समस्त जनमानस से अपील करते हुए कहा कि आप लोग अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को मतदाता सूची में नाम अंकित कराने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों व जन सामान्य को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए शपथ दिलाई इसके साथ ही राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर माध्यमिक विद्यालयों, महाविद्यालयों, कार्यालयों, में मताधिकार के लिए शपथ दिलायी गयी। उप निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मजबूत राष्ट्र एवं सुन्दर समाज के निर्माण के लिए यह अदृभुत स्थित है कि आज गणतंत्र दिवस के पूर्व मतदाता दिवस का आयोजन हो रहा है।

## मतदाता दिवस पर किया गया मतदाताओं को जागरूक

**ललितपुर**। जिलाधिकारी ए. दिनेशकुमार की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश दिवस के तहत राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन राजकीय इण्टर कॉलेज ललितपुर में किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित अधिकारियों मतदाताओं एवं अन्य नागरिकों को मतदाता सम्बंधी शपथ दिलायी। इसके उपरान्त किसान इण्टर कॉलेज की छात्रा द्वारा अंशिका खरे द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान पर आधारित सुंदर गीत की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में बताया गया कि भारत में प्रतिवर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। भारत में मतदाताओं में मतदान को लेकर जागरुकता पैदा करने एवं मतदाताओं को उनके मताधिकार का बोध कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। साथ ही इसके आयोजन का उद्देश्य सभी मतदान केन्द्र वाले क्षेत्रों में ऐसे मतदाताओं की पहचान करना है।

## बेटियों को बेटों से कम ना समझें: डीएम

संवाददाता। प्रतापगढ़

**जिलाधिकारी** डा. नितिन बंसल ने अफीम कोठी में चाइल्ड लाइन-1098 व महिला कल्याण विभाग की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं गाड़ी को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किसा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि आज बेटियाँ बेटों से किसी माने में कम नही है, बस उन्हें अवसर देने की जरूरत है।

इस रैली का उद्देश्य बाल विवाह रोकथाम, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं, बाल श्रम, गिरते लिंग अनुपात व लिंग आधारित भेदभाव के खिलाफ जागरूकता करना है। चाइल्डलाइन जागरूकता गाड़ी भंगवा चुंगी, रेलवे स्टेशन, गाजी चौराहा, घंटा घर चौक होकर सदर मोड़, अजीत नगर आदि स्थानों जाकर लोगों का कन्या भ्रूण हत्या रोकने का संदेश दिया जिससे बेटियों को सुरक्षित एवं संरक्षित किया जा सके और गिरते लिंगानुपात को रोका जा सके, साथ ही साथ महिलाओं एवं बेटियों को जागरूक किया जा सके। रैली के दौरान उन्हें चाइल्डलाइन 1098, वीमेन पावर लाइन 1090, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेन्स सेवा के बारे में बताया गया।

# पैसों के लालच में माता-पिता व भाई ने मिलकर बेटी की थी हत्या

## पुलिस ने किया बहुचर्चित दलित युवती हत्याकांड का खुलासा

संवाददाता। बाराबंकी



**बहुचर्चित** दलित युवती हत्याकांड का सोमवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया। युवती की हत्या पैसों की लालच में उसके अपने ही मां-बाप एवं भाई ने मिलकर की थी, इतना ही नही हत्या को वीभत्स रूप देने के लिए सगे भाई ने उसके प्राइवेट पार्ट से भी अमानवीय हरकत की थी, पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का पटाक्षेप कर दिया है।

सोमवार को जिलाधिकारी डा. आदर्श सिंह एवं पुलिस अधीक्षक यमुना प्रसाद ने संयुक्त पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि गत 16 जनवरी को जैदपुर थाना क्षेत्र में एक 22 वर्षीय युवती का शव सरसों के खेत से बरामद हुआ था। आशंका व्यक्त की जा रही थी कि युवती के साथ बलात्कार के बाद उसकी हत्या कर दी गयी है। इस घटना से जनपद में हड़कंप मच गया था। पुलिस अधीक्षक डा. यमुना प्रसाद सहित आईजी, एडीजी ने भी घटना स्थल का मुयाअना कर घटना के खुलासे के निर्देश दिये थे, जिसके बाद से लगातार पांच टीमें काम कर रही थी लेकिन पुलिस को कोई सुराग हाथ नही लग रहा था। जिससे यह घटना पुलिस के लिये चुनौती बनती जा रही थी साथ ही घटना को लेकर राजनीति भी गर्मा गयी थी।

क्षेत्रीय लोग तरह तरह के सवाल उठा रहे थे लेकिन पुलिस काफी छानबीन के बावजूद असहाय नजर आ रही थी। सोमवार को पुलिस को तब बढ़ी सफलता हाथ लग गयी जब मृत युवती के परिजनों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तब सारा सच सामने आ गया। परिजनों ने घटना कारित करने की बात स्वीकार कर बताया कि पूर्व में सतरिख थाना क्षेत्र में हुई घटना से प्रेरित होकर घटना को अंजाम दिया है। सगे भाई हरिओम ने बताया कि दुराचार का रूप देने के लिये उसके निजी अंग में लकड़ी के सहारे चोट पहुचाई गयी थी ताकि बलात्कार साबित हो जाए। इस पर पुलिस ने पिता मंशाराम व माता मीना कुमारी तथा भाई हरिओम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसी के साथ पुलिस ने राहत की साँस ली है।

वही पुलिस अधीक्षक ने घटना का अनावरण करने वाली सर्विलांस प्रभारी, स्वाट टीम प्रभारी, कोठी, जैदपुर, सफ्दरगंज एवं सतरिख पुलिस को नगद पुरुस्कार देने की घोषणा की है।

# एडीएम राष्ट्र गौरव सम्मान से सम्मानित

संवाददाता। बाराबंकी



**सोमवार** को कोवंश गोपाल राष्ट्रीय पुनर्वास ट्रस्ट कोटवा इनायतपुर द्वारा राष्ट्र गौरव सम्मान 2020 से चयनित अधिकारी कर्मचारी तथा समाजसेवियों को सम्मानित किया गया और जो अन्य प्रांतों से थे, उनके प्रशस्ति पत्रों को डाक के माध्यम से प्रेषित कर दिया गया।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर किया गया सम्मानित किए जाने वालों में राष्ट्र गौरव सम्मान 2020 से एडीएम संदीप कुमार गुप्ता, डॉक्टर मनोज आर्य तथा अमरावती कमिश्नर आरती सिंह को भी हैं। साथ ही 15 फरवरी को जनपद से एआरएम आरएस वर्मा तथा समाजसेवी कृपाशंकर शुक्ला को दिव्यांग राष्ट्रभूषण सम्मान 2020 से नवाजा जाएगा। ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागेश कुमार पटेल के द्वारा एडीएम व डॉक्टर को टीम के साथ में मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया ट्रस्ट की टीम में मंडल अध्यक्ष समर सिंह वर्मा, प्रदीप वर्मा, रंजीता जायसवाल, रेनू, शिवप्रताप सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण करें: डीएम

**अमेठी**। जिलाधिकारी अरुण कुमार ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जन सामान्य की समस्याएं सुनी एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। शासन के निर्देश पर सोमवार को कार्यालय में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना एवं मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आए लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोविड-19 संक्रमण से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करेंए मास्क लगाएं तथा साफ-सफ़ाई व सैनिटाइजेशन पर नियमित रूप से ध्यान दें। डीम ने कलेक्ट्रेट सभागार में सोशल डिस्टेंसिंग का का पालन कराते हुए जन समस्याएं सुनी।

# अदम्य साहस के लिए राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित होंगे कुंवर दिव्यांश सिंह

संवाददाता। बाराबंकी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं के साथ एनआईसी में संवाद किया। जनपद के कुंवर दिव्यांश सिंह को गणतन्त्र दिवस के अवसर पर वीरता श्रेणी में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित होंगे।

एनआईसी में बेटे कुंवर दिव्यांश के साथ पिता डीबी सिंह तथा माता डा. विनीता सिंह भी मौजूद रही। कुंवर दिव्यांश सिंह को यह पुरस्कार अदम्य साहस और वीरता के लिए दिया जा रहा है। दिव्यांश को यह पुरस्कार तीन साल पहले अपनी बहन की सांड़ के हमले से भिड़कर जान बचाने के लिए दिया जा रहा है। इससे पहले भी दिव्यांश को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, पूर्व राज्यपाल रामनाइक और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सम्मानित कर चुके है। कुंवर दिव्यांश बहादुर होने के साथ ही उत्कृष्ट छात्र भी है। इन्होंने छात्र ओलंपिक में स्टेट स्तरीय बास्केट बाल प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व के साथ ही नौ वीं इंस्पायर अवार्ड 2019 में राष्ट्रीय,राज्य,जिला स्तरीय एवं आठवीं इंस्पायर अवार्ड 2018 में राज्य,जिला स्तर पर स्थान प्राप्त किया है।

इन्हें राज्य स्तरीय साइंटेफिक अवार्ड 2019, साउथ एशिया के प्रतिष्ठित यंग चाइल्ड अवार्ड फार सांइटेफिक इनोवेशन 2018 के साथ ही साथ दो दर्जन से अधिक पुरस्कार पुरस्कार प्राप्त हो चुके है। इस दौरान जिलाधिकारी डा. आदर्श सिंह, अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी, अपर जिला सूचना अधिकारी उपस्थित रहे।

## पूरी गरिमा व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

**अमेठी**। अपर जिलाधिकारी (विरा) एसपी सिंह ने बताया कि जनपद में गणतंत्र दिवस पूर्ण गरिमा एवं हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी को प्रात: आठ बजे प्रभात फेरी जीजीआईसी विद्यालय गौरीगंज से प्रारम्भ होकर सैंठा तिराहाए सब्जी मण्डीए जिलाधिकारी आवास होते हुए विद्यालय पर समाप्त होगी। प्रात: 8:30 बजे सभी सरकारी व अर्द्धसरकारी कार्यालयों में झण्डारोहण के साथ ही राष्ट्रगान आयोजित होगा।

प्रात: 10 बजे से समस्त शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, संविधान की प्रस्तावना एवं मौलिक कतव्यों का पाठनए खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, राष्ट्रीय एकता धर्म निरपेक्षता साम्प्रदायिक सौहार्द, साक्षरता कार्यक्रम, पर्यावरण, जनसंख्या वृद्धि नियंत्रण आदि विषयों पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

# मां बीजासेन भवानी सिद्ध योग पीठ का चतुर्थ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

## माता के भजनों पर झूमते रहे भक्त

**ललितपुर**। गांधीनगर नईबस्ती स्थित मां वीरलोचनी बीजासेन भवानी सिद्ध योग पीठ का चतुर्थ स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मां के दरवार में धार्मिक अनुष्ठान श्री सत्यनारायण भगवान की पावन कथाए श्री सुंदरकांड पाठ के बाद भव्य प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया साथ ही सायंकाल भजन संध्या का आयोजन किया गया जो देर रात तक चलता रहा।मातारानी के दरवार में सुबह से ही मां भगवती वीरलोचनी बीजासेन भवानी के दर्शनों के लिए भक्तों का तांता लगा रहा सभी ने मां भगवती के दर्शन कर मनोकामना पूर्ण होने की विनती की, साथ ही मां के भव्य प्रसाद को पाकर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर सिद्ध योग पीठ के संस्थापक व अध्यक्ष महन्त विनीत बाबा बाल्मीकि ने सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया साथ ही सभी भक्तों से अपील की सभी धर्म के प्रति जागरूक रहें जरूरतमंदो की सामर्थ्यानुसार समय-समय पर मदद करते रहें,आस पास विचरण करते हुए गौवंशों की सेवा करते रहें। इस अवसर पर सिद्धयोग पीठ के संरक्षक दिलीप घावरी प्रबन्ध निदेशक जयेश बादल, महासचिव विकास घावरी, मगन विश्वकमा, राज्यमंत्री प्रतिनिधि चंदशेखर पंथ, चंदू भैया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सरिता यादव, पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा, डा. दीपक चौबे, गीता मिश्रा, महेश भैया श्रीवास्तव, महेन्द्र सिंघई, अनुराग शैल, पालिका के पार्षद कर्मचारियों सहित भक्त मौजूद रहे। अन्त में सिद्धयोग पीठ के प्रबंध निदेशक जयेश बादल ने सभी अतिथियों का आयोजन को सफ्ल बनाने के लिए धन्यवाद सहित आभार व्यक्त किया।

## 661 गरीबों को किया गया कंबल वितरण

**बाराबंकी**। ठंडी हवाएं चलने से हो रही। हाड़ कंपाऊ ठंड को देखते हुए टच वुड वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा 661 जरूरतमंद गरीबों को कंबल वितरण किया गया। जानकारी के मुताबिक टचवुड वेलफेयर फाउंडेशन के सौजन्य से कायनात सिद्दीकी ट्रस्टी एवं समाजसेवी सुपुत्री नईम सिद्दीकी मैनेजिंग ट्रस्टी द्वारा तहसील नवाबगंज क्षेत्र के विकासखंड बंकी की बरौली जाटा गांव में कमला देवी रीता रामतीरथ भगवान देई शिवरतन मीना देवी रामनरेश संतराम विक्रम छोटेलाल रामसिंह बिटाना देवी बिंद्रा रामप्रकाश सहित 661 जरूरतमंद गरीबों को कम्बलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर संपूर्णानंद मिश्रा, ताहा सिद्दीकी, अली सिद्दीकी, सतीश कुमार मिश्र व कार्यक्रम के आयोजक आसाराम वर्मा, शिवप्रकाश वर्मा तथा रामसमुझ वर्मा, पूर्व प्रधान संतबक्स यादव, प्रधान सिद्धार्थ, प्रिय श्रीवास्तव, डॉ कुलदीप मौय, प्रभारी सीएचसी जाटा बरौली, डॉ आदित्य वर्मा, स्वदेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने मतदाता दिवस पर वोटरों को दिलाई शपथ

संवाददाता। बाराबंकी

**आजादी** के बाद से ही भारत में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को स्वीकार किया गया और अमेरिका जैसे सबसे पुराने लोकतंत्र से कई गुना स्वस्थ एवं मजबूत हमारा लोकतंत्र है। एक ही दिन में चुनाव परिणाम आ जाता है जिसे सभी राजनैतिक दल सहर्ष स्वीकार करते हैं। उक्त विचार जिलाधिकारी बाराबंकी डॉ आदर्श सिंह ने 11वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जीआईसी आडिटोरियम में व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी को मतदाता शपथ दिलाने के बाद जिलाधिकारी ने कहा कि भारत में हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। यह दिवस प्रत्येक नागरिक के लिए अहम है। इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए। क्योकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है। उन्होने कहा कि हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनता है। अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि मतदाताओं की जागरूकता और मतदान प्रतिशत ही लोकतंत्र की मजबूती कहा कि मतदाताओं की जागरूकता और मतदान प्रतिशत ही लोकतंत्र की मजबूती के मानक हैं। इस मौके पर लोकगायिका पूजा पाण्डेय द्वारा प्रस्तुत मतदाता जागरूकता के समूह नृत्य को सभी ने खूब सराहा। मतदाता सूची के नवीनीकरण में लेखपाल सुनील शुक्ला, मो. इमरान सहित पांच बीएलओ, पांच नए मतदाताओं को सम्मानित किया गया। दिव्यांगों को जिलाधिकारी जी द्वारा कम्बल प्रदान किये गए। अंत में पटेल महिला डिग्री कालेज, सिटी इण्टर कालेज, पायनियर इण्टर कालेज, मोहन लाल पीजी कालेज, राजकीय बालक एवं बालिका इण्टर कालेज के छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता तिरंगा चैन बनाई गई।

# खुशहाल परिवार दिवसः 1429 दंपत्तियों को योजना का लाभ

संवाददाता। बाराबंकी

**जिला** अस्पताल समेंत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर खुशहाल परिवार दिवस कार्यक्रम के रूप में मनाया गया। इसके अंतर्गत आने वाले सभी लक्ष्य दंपत्तियों को परिवार नियोजन के समस्त स्थाई एवं अस्थाई साधनों के बारे में परामर्श देकर उनको उनकी सुविधा एवं इच्छानुसार परिवार नियोजन के साधन उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम के तहत अब तक एचआरपी की 534, नवविवाहित 529, एक या दो बच्चे वाले 264 व तीन से अधिक बच्चे वाले 102 सहित कुल करीब 1429 लक्षित दम्पतियों को परिवार नियोजन के साधन देते हुए जागरूक किया गया। परिवार नियोजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. इमरान का कहना है कि समुदाय स्तर पर परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता और स्वीकार्यता बढ़ाने पर सरकार का पूरा जोर दिया जा रहा है।

जनपद में यह कार्यक्रम जिला अस्पताल सहित 15 सामुदायिक केंद्र और एक प्राथमिक केंद्रों पर खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत जनपद के लक्ष्य दंपत्तियों को परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई साधन में पीपीआइयूसी 27, आईयूसीडी 88, छाया 757, माला एन 737 समेत 2809 पुरुष निरोधक साधन कैंप लागकर वितरित किया गया। कार्यक्रम के तहत जिले के करीब 1429 लक्ष्य दंपत्तियों को परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई साधनों के बारे में जागरूक करते हुए विभिन्न जरूरी सेवा उपलब्ध कराये गये। इसके साथ ही व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर एक अनूठी पहल के तहत अब हर माह की 21 तारीख को खुशहाल परिवार दिवस मनाया जाता है। उन्होने कहा कि खुशहाल परिवार दिवस को लेकर पहले से ही सीएचसी में आने वाले हर मरीज को उक्त दिवस पर परिवार नियोजन के स्थाई व अस्थाई साधनों के बारे जानकारी दी जाती हैं। ताकि समय से जुड़कर विभिन्न सेवाओं के बारे लाभ उठा सके।

उन्होंने कहा कि एएनएमए आशा कार्यकर्ता सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की कोशिश रहती है कि जितने भी मरीज सीएचसी में आते हैंए वह उन्हें इस बात के लिए राजी करें कि वह परिवार नियोजन का कोई न कोई साधन जरूर अपनाएं। उन्होंने बताया कि वह हर व्यक्ति को दो बच्चों के सीमित परिवार के बारे में लगातार जागरूक कर रही हैं।

## प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। मनरेगा मे अवयस्क बाल श्रमिकों से काम कराने तथा फर्जी तरीके से अभिलेख तैयार कर धनराशि के बंदरबांट को लेकर प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी समेत तीन आरोपियो के खिलाफ जालसाजी तथा धोखाधडी व गबन का केस दर्ज किया गया है।

कोतवाली के घरौरा निवासी पदमपाणि पाण्डेय ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि वित्तीय वर्ष 2021 मे उसके ग्राम के प्रधान कमल धुरिया तथा ग्राम पंचायत अधिकारी ज्ञानप्रकाश व रोजगार सेवक ने मिलीभगत कर फर्जी जॉबकार्ड तैयार किया। आरोपियो ने बाल श्रमिको से मजदूरी दर्शा कर सरकारी पैसे की बंदरबांट कर गबन किया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी प्रधान कमल धुरिया समेत तीन के खिलाफ धोखाधडी व जालसाजी समेत कई गंभीर धाराओं मे रविवार की रात केस दर्ज किया है।

# अंहकार और लोभ से से बढ़ती हैं विपत्तियांः गोपाल कृष्ण जी

## वारीकलां गांव में भागवत कथा के अंतिम दिन श्री कृष्ण रूक्मणि विवाह पर हुई पुष्प वर्षा

संवाददाता। प्रतापगढ़

**जिले** के पटटी क्षेत्र के वारीकलां गांव मे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ मे रविवार को कथा समापन में श्रद्धालुओं ने भगवान कृष्ण की महिमा का अंर्तमन से रसास्वादन करते दिखे। श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ में कथाव्यास आचार्य गोपाल कृष्ण जी महराज ने कहा कि मनुष्य जब अनुचित लोभ के मोह में फंस जाया करता है। तभी विपत्तियां उसे चारो तरफ से माया जाल में जकड़ लिया करती है। उन्होने कहा कि महाभारत का युद्व भी दुर्योधन के अनुचित सत्ता लोभ से ही उत्पन्न हुआ। भगवान कृष्ण ने यहां भी दुर्योधन को समय की सीख प्रदान करते हुए उससे विनाश से बचने के लिए सत्ता के अहंकारी लोभ से बाहर आने का अवसर दिया। उन्होने कहा कि दुख तथा विपत्ति के निवारण का साधन मनुष्य को अनुचित लोभ तथा अंहकार से बाहर आने पर ही बोध हुआ करता है।

आचार्य गोपाल कृष्ण जी ने कहा कि नीति और रीति के तहत जीवन को सुचिता और मन की पवित्रता के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प ही कथा श्रवण का समुचित पुण्य लाभ है। उन्होने लोगों से कहा कि कलयुग के कलि काल में जीवन को सुधारने तथा अपने लोक को संवारने के लिए भगवान के प्रति अनुराग ही एक मात्र तीर्थ मार्ग है। कथा व्यास ने कहा कि भगवान कृष्ण की आराधना और उनका महात्म को सुनने और समझने में ही समस्त तीर्थ यात्राओं और मन के कल्पवास को पुण्य फ्ल से अभिसिंचित कर देता है। कथा ज्ञानयज्ञ मे पुष्पा सिंह व इन्द्रा सिह एवं नीरजा सिंह का संगीत संयोजन भी भक्ति भाव को पिरोये दिखा। वही कथा के आखिरी दिन श्रीकृष्ण की भूमिका में ज्योत्स्ना सिंह व रूक्मणि के चरित्र में आकांक्षा सिंह ने भी प्रभावी छाप छोड़ी।

कृष्ण रूकमणि विवाह पर श्रद्धालुओं ने जमकर पुष्प वर्षा भी की। कथा का संयोजन करते हुए समाजसेवी रामअचल सिंह ने आचार्य पीठ का अभिषेक करते हुए गोपाल कृष्ण जी का सारस्वत श्रीतिलक किया। सह संयोजक अरूण कुमार सिंह व हरिकेश बहादुर सिंह तथा राजपति सिंह ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया।

## पूर्व प्रधान की गोलीमार कर हत्या

तिलोई (**अमेठी**)। जिले के थाना क्षेत्र मोहनगंज अंतर्गत अज्ञात हत्यारों ने पूर्व प्रधान की गोली मारकर हत्या कर दी और शव को नहर किनारे फेंककर भाग निकले। मामला मोहनगंज थाना क्षेत्र के मुकंद रमई गांव का है। 64 वर्षीय पूर्व प्रधान जागेश्वर वर्मा देर रात शौच के लिए घर से निकल। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चल सका। सुबह शौच को ग्रामीणों ने नहर किनारे जागेश्वर वर्मा का शव औंधे मुंह पड़ा देखा तो सनसनी मच गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के भेज आगे की जांच शुरू कर दी। घटनास्थल का मुआयना करने पहुंचे एसपी दिनेश सिंह ने कहा कि परिजनों द्वारा तीन नामजद लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई है। मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए टीम बना कर शीघ्र ही गिरफ्तारी के लिए निर्देशित कर दिया गया है।